3 | राजधानी
संक्रमित युवक की केजीएमयू में मौत

6 | अभिमत
भारत-चीन रिश्तों में उतार-चढ़ाव

10 | स्पोर्ट्स
इस समय चुनौतीपूर्ण होगा टेस्ट क्रिकेटः पंड्या

11 | विदेश
दक्षिण कोरिया में कोरोना संक्रमण के 49 नए मामले

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 224
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 4 जून, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

रीस विदरस्पून का भारत आने का विचार...
विविध-12

69 हजार सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पर हाईकोर्ट की रोक

विधि संवाददाता। लखनऊ

डबल बेंच में अपील करेगी राज्य सरकार

लखनऊ। योगी सरकार 69000 सहायक शिक्षक भर्ती मामले में हाईकोर्ट के अंतरिम फैसले के खिलाफ डबल बेंच में अपील करेगी। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सतीश चन्द्र द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में तय किया गया कि बृहस्पतिवार को अपील दायर कर दी जाएगी और इसकी मजबूत पैरवी कर रोक हटवाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में महानिदेशक विजय किरन आनंद व निदेशक सर्वेन्द्र विक्रम बहादुर सिंह मौजूद रहे। विभागीय जानकारों का कहना है कि हाईकोर्ट का अंतरिम फैसला आने के बाद परीक्षा नियामक प्राधिकारी से शिक्षा निदेशालय ने तुंरत अपील करने के लिए प्रस्ताव मांगा था। परीक्षा नियामक प्राधिकारी ने शाम तक प्रस्ताव निदेशालय भेज दिया।

उत्तर कुंजी के इस जवाब पर जताई गई है आपत्ति

1- शैक्षिक प्रशासन उपयुक्त विद्यार्थियों को उपयुक्त शिक्षकों द्वारा समुचित शिक्षा प्राप्त करने योग्य बनाता है। जिससे वो उपलब्ध साधनों का उपयोग करके अपने प्रशिक्षण में सर्वोत्तम को प्राप्त करने में समर्थ हो सकें। यह परिभाषा दी है-
याचिकाकर्ताओं का कहना है कि उत्तर कुंजी के मुताबिक सही उत्तर वेलफेयर ग्राह्य है। जबकि उनके मुताबिक सही उत्तर ग्राहम बेलफोर का विकल्प ही नहीं दिया गया है।
2- पढ़ने लिखने की अक्षमता है-
उत्तर कुंजी में सही उत्तर डिस्लेक्सिया बताया गया है। जबकि याचिकाकर्ताओं के मुताबिक डिस्प्रेक्सिया सही उत्तर है।
3- नाथ सम्प्रदाय के प्रवर्तक इनमें से कौन थे-
उत्तर कुंजी में इसका सही उत्तर 'मत्स्येन्द्रनाथ' बताया गया है। जबकि याचिकाकर्ताओं ने 'गोरखनाथ' सही उत्तर होने का दावा किया है।
4- इनमें से भारतीय संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे-
उत्तर कुजी में इस प्रश्न का सही उत्तर 'डॉ. सचिदानन्द सिन्हा' को बताया गया है। जबकि याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि सभी अधिकृत पुस्तकों व लोक सभा की वेबसाइट तक पर 'डॉ. राजेन्द्र प्रसाद' को सही उत्तर बताया गया है।
5- निम्नलिखित में कौन सा एक सामाजिक प्रेरक है-
उत्तर कुंजी में इस प्रश्न का सही उत्तर 'आत्मगौरव' बताया गया है। जबकि याचिकाकर्ताओं का कहना है कि 'प्रेम' सही उत्तर है।

सूबे में 69 हजार सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अंतरिम रोक लगा दी है। पीठ के इस आदेश से राज्य सरकार को बड़ा झटका लगा है। पीठ के समक्ष उत्तर कुंजी पर पैदा हुए विवाद को लेकर कई याचिकाएं दाखिल की गईं थीं। बीते एक जून को पीठ ने इस मसले पर विस्तृत सुनवाई के बाद अपना आदेश सुरक्षित कर लिया था।

बुधवार को पीठ ने अपना आदेश सुनाते हुए भर्ती प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगा दी। साथ ही उत्तर कुंजी में पैदा हुई आपत्तियों को 10 दिन में यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) को भेजने का आदेश दिया। कहा है कि यूजीसी के सचिव उक्त आपत्तियों के निस्तारण के लिए एक विशेषज्ञ पैनल का गठन करेंगे और दो हफ्ते में परीक्षा नियंत्रक प्राधिकरण को अपनी रिपोर्ट भेजेंगे। फिर परीक्षा नियंत्रक इस रिपोर्ट को जरिए हलफनामा पीठ के समक्ष दाखिल करेंगे। पीठ ने याचिका दाखिल करने वाले अभ्यर्थियों को भी यह आदेश दिया है कि वो अपनी आपत्तियों को एक हफ्ते में राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तुत करें। पीठ ने आठ मई, 2020 को जारी उत्तर कुंजी के नोटिफिकेशन पर भी रोक लगा दी है। अब मामले की अगली सुनवाई 12 जुलाई को होगी। जस्टिस आलोक माथुर की एकल सदस्यीय पीठ ने यह आदेश सैकड़ों अभ्यर्थियों की ओर से दाखिल 31 अलग-अलग याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए दिया है। याचिकाओ में बीते आठ मई, 2020 को जारी उत्तर कुंजी में पांच उत्तरों पर आपत्ति जताई गई है।

एकल पीठ ने अपने अंतरिम आदेश में कहा है कि प्रथम दृष्टया यह पाया जाता है कि उत्तर कुंजी में दिए गए कुछ उत्तर स्पष्ट तौर पर गलत हैं। कुछ ऐसे भी प्रश्न हैं, जिनके उत्तर पूर्व की विभिन्न परीक्षाओं में वर्तमान उत्तर कुंजी से अलग बताए गए हैं। ऐसा लगता है कि प्रश्न पत्र का मूल्यांकन करने में त्रुटि हुई है।

जिसका खामियाजा बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को भुगतना पड़ेगा। एकल पीठ ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि स्वयं राज्य सरकार ने अपने जवाबी हलफनामे में स्वीकार किया है कि कुछ प्रश्न हैं, जो विवादपूर्ण हैं। और इन प्रश्नों के एक से अधिक उत्तर सही हो सकते हैं। लेकिन साथ ही महाधिवक्ता राघवेंद्र सिंह व (शेष पेज 9)

प्रदेश में 141 नए कोरोना संक्रमित मिले, लखनऊ में 14

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश में बीते 24 घंटे के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों में 141 नए मरीज सामने आए हैं। मऊ में बीमारी के चलते एक व्यक्ति की मृत्यु भी हुई है। वहीं लखनऊ में कोरोना के 14 पॉजिटिव रोगी पाए गए। कोरोना मरीजों में 5 महिला और 9 पुरुष हैं। कुल 2 मरीजों के स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया। प्रदेश में अभी तक 8870 लोगों में कोविड 19 की पुष्टि हो चुकी है। इनमें 5257 पूरी तरह से स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज किए जा चुके हैं। प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 3,383 सक्रिय मरीज हैं जिनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि कोरोना के चलते अब तक 230 लोगों की मृत्यु हुई है। उन्होंने बताया कि 60 वर्ष से ऊपर के लोगों में संक्रमण की दर घटकर 5.99 प्रतिशत रह गई है। प्रसाद ने बताया कि स्वास्थ्य महकमे की टीम ने अब तक प्रदेश में चार करोड़ सात लाख लोगों की रिकार्ड स्क्रीनिंग की है। घर घर जाकर स्क्रीनिंग करने के लिए एक लाख से अधिक स्वास्थ्य कर्मी जुटे हुए हैं। 14268 इलाकों में सर्विलांस का काम हो चुका है। इसमें 3989 हॉटस्पॉट वाले इलाके भी हैं। उन्होंने कहा कि हमारी टीमों ने राज्य के 80 लाख 15 हजार 712 घरों में जाकर स्क्रीनिंग का काम किया है। इसमें 4 करोड़ से अधिक लोगों की कोरोना स्क्रीनिंग की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इन (शेष पेज 9)

मुंबई को छूकर निकल गया तूफान, बड़ा नुकसान नहीं

- चक्रवात निसर्ग से महाराष्ट्र के रायगढ़ और पालघर जिले सर्वाधिक प्रभावित

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई, नई दिल्ली

मुंबई में चक्रवात निसर्ग से बारिश और तेज हवाओं के बाद सड़क पर गिरा हुआ वृक्ष

चक्रवात निसर्ग बुधवार को मुंबई के करीब तक पहुंचा, लेकिन कोविड-19 महामारी से जूझ रहे महानगर को इसने प्रभावित नहीं किया और शाम में यह कमजोर भी पड़ गया। हालांकि, इसके पड़ोस के रायगढ़ और पालघर जिले में तूफान के चलते पेड़ उखड़ गए। महाराष्ट्र तट पर आज दोपहर 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पहुंचने के बाद यह चक्रवात शाम में कमजोर पड़ गया।

भारत मौसम विभाग ने नई दिल्ली में यह जानकारी दी। इस बीच, पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के उमात गांव में चक्रवात से बचने की कोशिश में अपने घर भागने के दौरान 58 वर्षीय एक व्यक्ति पर बिजली का एक ट्रांसफॉर्मर गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि चक्रवात से संबंधित दो अलग घटनाओं में पुणे जिले में दो लोगों की मौत हो गई। भारत मौसम विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चक्रवात निसर्ग बुधवार दोपहर महाराष्ट्र तट पर 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं के साथ पहुंचा। यह अरब सागर से आया और दोपहर करीब साढ़े बारह बजे रायगढ़ जिले में स्थित अलीबाग में इसने दस्तक देना शुरू किया। यह प्रक्रिया दोपहर ढाई बजे पूरी हुई।

अधिकारी ने बताया कि चक्रवात के अगले छह घंटों में हवा के कम दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील होने की उम्मीद है और फिलहाल यह महाराष्ट्र के पुणे के ऊपर मौजूद है। गुजरात के तटीय जिलों सहित मुंबईवासियों और पड़ोसी इलाकों के लोगों ने चक्रवात का मुकाबला करने के लिए तैयारियां कर रखी थी, लेकिन प्रभावित इलाकों में नुकसान के रूप में पेड़ उखाड़े जाने तक तूफान के सीमित रहने के चलते लोगों ने राहत की सांस ली। निसर्ग के आने से पहले इसके मार्ग से हजारों लोगों को हटाया गया, उड़ानें रद्द कर दी गईं, मछुआरों को समुद्र से दूर रहने का आदेश दिया गया और बचावकर्मियों को तैयार रखा गया। अमेरिका स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय के वायुमंडलीय विज्ञान के एक प्राध्यापक एडम सोएबेल ने ट्वीट किया कि मुंबई कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए पहले से संघर्ष कर रहा है और ऐसे में 72 वर्षों में पहली बार एक चक्रवात इस महानगर में आएगा।

निसर्ग अरब सागर से आया और यह तटीय शहर अलीबाग पहुंचा। अलीबाग मुंबई से करीब 110 किमी दूर स्थित एक छोटा शहर है, जहां कई किले और मंदिर हैं। वहां बॉलीवुड के कई कलाकार भी रहते हैं। चक्रवात अम्फान के पश्चिम बंगाल में तबाही मचाने के हफ्ते भर बाद निसर्ग तूफान आया है। विभाग ने कहा कि तूफान से कच्चे मकान, पेड़, बिजली के खंभे गिर सकते हैं। हालांकि, तूफान के कमजोर पड़ जाने से यह स्पष्ट है कि अनुमान से काफी कम नुकसान हुआ है।

पीओके हमारा, अवैध कब्जे को खाली करे पाक : भारत

- बौद्ध धरोहर में तोड़फोड़ पर नई दिल्ली ने जताई चिंता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अनुराग श्रीवास्तव

पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में बौद्ध धरोहरों में तोड़फोट की घटना पर चिंता जताते हुए भारत ने बुधवार को पाकिस्तान से 'अवैध तरीके कब्जा किए गए क्षेत्र को तुरंत खाली करने' को कहा।

गिलगित और बाल्स्तिान में अमूल्य भारतीय बौद्ध धरोहरों की तोड़फोड़ और ध्वस्त किए जाने पर विदेश मंत्रालय ने तीखी प्रतिक्रिया जताई है। मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि प्राचीन सभ्यता से जुड़ी और सांस्कृतिक धरोहरों का ऐसा निरादर अत्यंत निंदनीय है। श्रीवास्तव ने कहा, 'हमने पाकिस्तान के अवैध और बलपूर्वक कब्जे वाले भारतीय क्षेत्र में स्थित अमूल्य भारतीय बौद्ध धरोहरों की तोड़फोड़, नष्ट करने की रिपोर्टों पर अपनी गंभीर चिंता से पाकिस्तान सरकार को अवगत कराया है।'

प्रवक्ता ने मीडिया के सवालों पर कहा कि भारत ने अमूल्य पुरातात्विक धरोहरों को बहाल करने एवं संरक्षण करने के लिये उस क्षेत्र में अपने विशेषज्ञों को जाने की तत्काल अनुमति देने की मांग की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'यह गंभीर चिंता का विषय है कि पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले भारतीय क्षेत्र में बौद्ध प्रतीकों को नष्ट किया जा रहा है और सांस्कृतिक अधिकारों एवं (शेष पेज 9)

अमन बन शाकिब ने एकता को फांसा बाद में टुकड़े-टुकड़े कर मार डाला

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

लव जिहाद

- पंजाब के लुधियाना से ले आया था मेरठ, निकाह के वक्त युवती को पता चला उसके मुस्लिम होने का सच
- किया विरोध तो परिवार के साथ मिलकर हाथ, पैर, सिर काट कर गन्ने के खेत में गाड़ दिया : एसएसपी

पंजाब की एक युवती को प्रेम जाल में फंसाकर निकाह करने और, झूठ पकड़े जाने पर शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर उसे मार डालने के सनसनीखेज कांड का एक साल बाद खुलासा हुआ है। लुधियाना की रहने वाली युवती एकता की सिर-हाथ और पैर कटी लाश लोहिया गांव के एक खेत से बरामद की गई थी।

पूरे इलाके में दहशत पैदा करने वाले इस निर्मम हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने का दावा करते एसएसपी अजय साहनी ने बताया कि मुख्य आरोपी शाकिब पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया है। थाने ले जाते समय उसने पुलिस कर्मी की पिस्तौल छीनकर गोली चला दी जिसमें जवान भी जख्मी हो गया। दौराला में एक साल पहले घटे लव जिहाद के इस मामले की तहकीकात में जुटी पुलिस ने बीते सोमवार को ही शाकिब, उसके भाई मुस्सरत, पिता मुस्तकीम, भाभी रेशमा, इस्मत और दोस्त अयान को गिरफ्तार किया था।

संवाददाता सम्मेलन में एसएसपी अजय साहनी ने बताया कि 13 जून 2019 को लोहिया गांव में सबी अहमद के गन्ने के खेत में पड़ोसी ईश्वर पंडित ने एक कुत्ते को इंसान का एक हाथ मुंह में लेकर भागते हुए देखा। इस सूचना पर जब खेत खुदवाया गया तो वहां से एक युवती की लाश बरामद हुई। उसका सिर और एक हाथ गायब था। युवती की पहचान नहीं हो पाई लेकिन पुलिस नेमामले में अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। डिस्ट्रिक क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो और स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो में लापता युवतियों की खोज खबर ली गई लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

इसके बाद पुलिस की एक टीम को यह पता लगाने के काम में लगाया गया कि लोहिया गांव के कौन-कौन लड़के बाहर काम करते हैं। वे जहां काम करते थे, उन जगहों के थानों में मिसिंग केस खंगाले गए। आखिरकार पंजाब में पुलिस के हाथ सफलता लगी। एक साल की मेहनत के बाद पुलिस अंतत: उस युवती तक पहुंच गई जो लापता थी। 23 वर्षीय युवती की पहचान लुधियाना में मोतीनगर थाना क्षेत्र निवासी एकता पुत्री संजीव कुमार के (शेष पेज 9)

गुजरात में फैक्ट्री में विस्फोट, आठ मरे, 40 झुलसे

भरूच(पीएनएस)। गुजरात के भरूच जिले में दहेज स्थित एक रसायन फैक्ट्री की भट्ठी में बुधवार को विस्फोट के बाद भीषण आग लग जाने से आठ कर्मियों की मौत हो गई और 40 अन्य झुलस गए। मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि बचाव कार्य जारी है। भरूच के पुलिस अधीक्षक आर. वी. चूडास्मा ने बताया कि फैक्ट्री से कुछ शव बरामद हुए हैं जबकि अन्य की मौत अस्पताल में हुई। बचाव कार्य जारी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 40 जख्मी कर्मियों को भरूच और वडोदरा के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि विस्तृत ब्यौरे की प्रतीक्षा है। इससे पहले भरूच के जिलाधिकारी एमडी मोडिया ने कहा कि फैक्ट्री के पास स्थित लाखी और लुवारा गांव के लोगों को एहतियात के तौर पर बाहर निकाला जा रहा है। जिस फैक्ट्री में विस्फोट हुआ है, उसके पास जहरीले रसायन वाले संयंत्र स्थित हैं।

अमेरिका में प्लाज्मा थेरेपी कारगर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अमेरिका में कॉन्वलसेंट प्लाज्मा थेरेपी गंभीर कोविड-19 मरीजों के इलाज में कारगर साबित हो रही है। इस थेरेपी के ट्रायल के दौरान यह बात उभर कर सामने आई है। थेरेपी में एक ऐसे व्यक्ति के रक्त से एंटीबॉडी लिया जाता है जो कोरोना से उपर चुका है। फिर इन एंटीबॉडी को एंटीबॉडी को कोरोना वायरस से पीड़ित रोगी में स्थानांतरित किया जाता है, ताकि उसमें संक्रमण से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाई जा सके।

अमेरिका के ह्यूस्टन मेथोडिस्ट अस्पताल के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन में कहा गया है कि ट्रायल के परिणामों से पता चला है कि 25 में से 19 रोगियों (76 प्रतिशत) को प्लाजमा थेरेपी से स्वास्थ्य लाभ हुआ है। इनमें से 11 को तो अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई है। खास यह कि प्लाज्मा ट्रांसफ्यूजन के कारण मरीज पर कोई गंभीर दुष्प्रभाव भी नहीं हुआ। यह शोध द अमेरिकन जर्नल ऑफ पैथोलॉजी में प्रकाशित हुआ है। प्लाजमा थेरेपी के ट्रायल से निकले निष्कर्षों ने कोरोना वायरस के कारण वैश्विक स्तर पर आशा जगा दी है। कोरोना वायरस के कारण दुनिया भर में 63 लाख से अधिक लोग संक्रमित हो चुके हैं और तीन लाख से अधिक लोगों की जान चली गई है।

अमेरिका में यह कोरोना पीड़ितों का प्लाजमा थेरेपी से इलाज के लिए क्लीनिकल ट्रायल बीते 28 मार्च को षुरू हुआ था। ह्यूस्टन मेथोडिस्ट अस्पताल के षोधकर्ता एरिक सलाजार ने कहा कि जिस समय दुनियाभर के चिकित्सक और वैज्ञानिक कोविड-19 का इलाज करने के लिए तमाम नई-नई दवाओं और उपचार के ट्रायल में जुटे हैं, ऐसे में कॉन्वलसेंट सीरम थेरेपी ने चिकित्सा जगत में नई उम्मीद जगा दी है। सबसे पहले अमेरिका के खाद्य और औषधि प्रशासन से आपातकालीन उपयोग के दिशानिर्देशों के तहत मरीजों का इलाज किया गया।

बाजार

सेंसेक्स	34,109	↑ 284
निफ्टी	10,061	↑ 82
सोना		/10g
चांदी		/kg

क्विक न्यूज

किसानों की आय बढ़ाने को अध्यादेश मंजूर किए गए

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने साढ़े छह दशक पुराने आवश्यक वस्तु अधिनियम मे संशोधन को मंजूरी दे दी ताकि अनाज, दलहन और प्याज सहित खाद्य वस्तुओ को नियमन के दायरे से बाहर किया जा सके। इससे इन वस्तुओ का व्यापार मुक्त तरीके से होगा और किसानो की आय बढेगी। मंत्रिमंडल ने कृषि उपज के बाधा मुक्त व्यापार को सुनिश्चित करने के लिए कृषि उत्पाद व्यापार एवं वाणिज्य (संवर्धन एवं सहायता) अध्यादेश, 2020 को भी मंजूरी दी। सरकार ने किसानो की स्थिति को थोक विक्रेताओ, बड़े खुदरा विक्रेताओ और निर्यातको के सामने सशक्त बनाने के लिए मूल्य आश्वासन और कृषि सेवा अध्यादेश को भी मंजूरी दी।

कांग्रेस में पारी खत्म कर आप में ओपनिंग को तैयार हैं सिद्धू

दीपक कुमार झा। नई दिल्ली

- चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने की है बात, सिद्धू ने रखी विस चुनाव में सीएम पद का उम्मीदवार बनाने की शर्त

क्रिकेटर से नेता बने नवजोत सिंह सिद्धू की कांग्रेस में राजनीतिक पारी जल्द ही खत्म हो सकती है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, आम आदमी पार्टी ने सिद्धू से संपर्क किया है और इन दोनों के बीच मध्यस्थ की भूमिका चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर निभा रहे हैं।

कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों से सिद्धू सक्रिय नहीं हैं और उन्होंने खुद को पार्टी कैडर से भी दूर रखा हुआ है। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और सिद्धू का मनमुटाव जगजाहिर है और, मुख्यमंत्री ने सिद्धू के राजनीतिक दिखावे के प्रति अपनी नापसंद को कभी छुपाने की कोशिश भी नहीं की।

आप में बेहतर राजनीतिक भविष्य को लेकर सिद्धू के साथ हुई प्रशांत किशोर की बातचीत की पुष्टि करते सूत्रों ने बताया कि पूर्व क्रिकेटर सशर्त आप (शेष पेज 9)

विशेषज्ञों को गलत साबित किया उत्तर प्रदेश ने: योगी

कोरोना के बारे में मई के अंत तक 70 हजार मामले आने की जताई थी आशंका, जबकि तकनीकी रूप से अभी 3000 ही केस हैं

बिश्वजीत बनर्जी। लखनऊ

- प्रभावी प्रबंधन, जागरूकता और लोगो के सहयोग से अनलॉक में भी संक्रमण पर रखेंगे नियंत्रण
- राज्य में लौटने वाले प्रवासी कामगारों को उनके कौशल और क्षमता के अनुरूप दिया जाएगा काम

विशेषज्ञों को गलत साबित करने का दावा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार द्वारा प्रभावी उपाय किए जाने के कारण उत्तर प्रदेश में 8000 ही कोरोना पाजिटिव केस हैं जबकि विशेषज्ञों ने निराशाजनक तस्वीर खींचते हुए मई के अंत तक राज्य में 70,000 से ज्यादा केस होने की आशंका जताई थी।

बुधवार को चुने हुए पत्रकारों के एक समूह से बातचीत में उन्होंने कहा, 'विशेषज्ञों का दावा था कि मई के अंत तक यूपी में कोरोना पाजिटिव के 70,000 हजार से ज्यादा मामले होंगे, तीन जून को हम कहां हैं? आज हमारे यहां 8000 पाजिटिव केस है जिसमें से तीन हजार लोग ठीक हो चुके हैं और तकनीकी रूप से 23 करोड़ की आबादी वाले राज्य में केवल 3000 पॉजिटिव मामले हैं। इसी तरह राष्ट्रीय स्तर पर कुल मामले दो लाख हैं जबकि विशेषज्ञों का दावा था कि यहां पर इस समय तक 32 लाख केस होंगे। उन्होंने कहा कि हम एक बार फिर विशेषज्ञों को गलत साबित करने जा रहे हैं। कुछ लोग कह रहे हैं कि भारत में कोरोना महामारी अभी चरम (पीक) पर नहीं पहुंची है और इस वक्त अनलॉक करना गलत है। उनका कहना है कि आंकड़े अब आसमान छूने लगेंगे। लेकिन लोगों में जागरूकता बढ़ाकर,

स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत कर तथा धार्मिक गुरुओं समेत समाज के सभी वर्गों से सरकार को मिले समर्थन से हम इन विशेषज्ञों को फिर गलत साबित करेंगे।' अपनी बात को बल देने के लिए उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका में तकरीबन एक साथ वायरस ने हमला किया था। अमेरिका में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं है लेकिन महामारी ने उसे झकझोर दिया जबकि भारत फैलाव (बीमारी के) पर नियंत्रण रखने में सफल रहा। भारत में इस समय पॉजिटिव केस दो लाख से ऊपर है (शेष पेज 9)

'आगे-पीछे सोचकर फैसला ले नेपाल'

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने तिब्बत का उदाहरण देते हुए नेपाल सरकार को चेताते हुए कहा कि उसे अपनी राजनीतिक सीमा के पुनर्गठन के फैसले से पहले आगे और पीछे सोच लेना चाहिए क्योंकि भारत और नेपाल एक आत्मा और दो शरीर हैं। योगी ने कहा 'भारत और नेपाल के सदियों पुराने रिश्ते हैं और सीमाओं में बदलाव कर इन्हें तोड़ा नहीं जा सकता। इन दोनों देशों की एक आत्मा है। अपने संबंधों के कारण दोनों सांस्कृतिक रूप से बेहद मजबूत हैं। नेपाल सरकार को हमारे पिछले इतिहास और संस्कृति को ध्यान में रखते हुए फैसला लेना चाहिए। हम दो शरीर लेकिन एक (शेष पेज 9)

राशन वितरण में घटतौली व अनियमितताएं तुरंत रोकी जाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने कोटेदारों द्वारा वितरित किए जा रहे खाद्यान्न में घटतौली की शिकायत पर कहा है कि एक सप्ताह के अंदर कोई कार्य योजना बनाकर इस प्रकार की सभी अनियमितताओं को तुरंत रोका जाए। नए राशन कार्ड तुरंत बनाए जाएं। खाद्यान्न का सुचारु वितरण किया जाए कोई भूखा न रहने पाए।

टीम इलेवन के अधिकारियों के साथ लोकभवन में समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी दशा में घटतौली अथवा अन्य कोई अनियमितता न हो पाए। इस सम्बन्ध में तकनीक आधारित एक कार्य योजना तैयार करते हुए एक सप्ताह में इसे लागू कर दिया जाए। अभियान चलाकर नए

आवेदकों के राशन कार्ड बनाकर उन्हें भी खाद्यान्न उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग कार्य निरन्तर जारी रखा जाए। हाई-वे, बाजारों तथा पार्कों में सघन पेट्रोलिंग की जाए। सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण पालन कराते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी भीड़ एकत्र न होने पाए। उन्होंने कन्टेनमेन्ट जोन में डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था को सुचारु ढंग से संचालित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जनपदों में तैनात स्वास्थ्य विभाग के अपर निदेशक तथा संयुक्त निदेशक स्तर के नोडल अधिकारी कोविड चिकित्सालयों तथा नॉन कोविड चिकित्सालयों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें। यह अधिकारीगण चिकित्सालयों की इमरजेंसी सेवाओं तथा आवश्यक ऑपरेशन कार्यवाही की नियमित रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल में इमरजेंसी सेवा का तत्काल लाभ मिले। सीएम ने कहा कि कोरोना के प्रसार को रोकने तथा संक्रमित लोगों की संख्या को न्यूनतम रखने में बेहतर समन्वय का विशेष महत्व है। कोरोना से होने वाली मृत्यु की दर को प्रत्येक दशा में कम रखना है। उन्होंने आगरा, मेरठ, कानपुर, अलीगढ़, मुरादाबाद तथा फिरोजाबाद के मेडिकल कॉलेजों की उपचार व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने निगरानी समितियों को सक्रिय रखने तथा मेडिकल स्क्रीनिंग का कार्य सघन रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग की नियमित व्यवस्था की जाएं। मुख्यमंत्री ने सभी 75 जनपदों के लिए ट्रु-नैट मशीनें उपलब्ध हो जाने का संज्ञान लेते हुए इन्हें तत्काल जिलों में भेजने के निर्देश दिए। मशीनें एक सप्ताह के अन्दर कार्य करने लगें। मुख्यमंत्री ने अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त को निर्देशित किया कि प्रदेश में निवेश वृद्धि के लिए वह निवेशकों से लगातार संवाद बनाए रखें।

प्रदेश में बिछाया जा रहा सड़कों व पुलों का जाल

● पिछले तीन साल में 150 बड़े पुलों के निर्माण कार्य पूरे किए गए, जिसमें 98 नदी सेतु, 46 आरओबी तथा 6 फ्लाईओवर हैं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश में जहां एक ओर सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। गांवों से मार्गों की कनेक्टिवीटी का काम बहुत तेजी के साथ चल रहा है, वहीं नदियों, रेलवे लाइनों के ऊपर पुलों का निर्माण करके गंतव्य स्थलों की दूरी न्यूनतम की जा रही है। इससे किसानों, व्यापारियों, उद्यमियों और आम जनता को अपने गंतव्य स्थलों में पहुंचने में बहुत आसानी होगी।

ब्रिज कार्पोरेशन यूपी में बहुतायात संख्या में पुलों का निर्माण कर रहा है, वहीं उत्तराखण्ड के हरिद्वार व महाराष्ट्र के मुम्बई में भी ब्रिज कार्पोरेशन की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। गौरतलब है कि ब्रिज कार्पोरेशन ने देश ही नहीं विदेशों में भी जैसे नेपाल, इराक और यमन तक पुलों के निर्माण कार्य किये हैं।

श्री मौर्य ने बताया कि पिछले तीन सालों में प्रदेश में 4,92,130.08 लाख रुपया धनराशि से 150 बड़े पुलों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया है जिसमें 98 नदी सेतु, 46 आरओबी तथा 6 फ्लाईओवर हैं। 98 नदी सेतुओं का निर्माण 2,54,895.60 लाख रुपए की लागत से 46 आरओबी 1,79,081.99 लाख रुपए की लागत से, 6 फ्लाईओवर का निर्माण 58,152.49 लाख रुपए की लागत से पूर्ण कराया गया है।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 266 दीर्घ नदी सेतु, उपरिगामी सेतु, रेल उपरिगामी सेतु निर्माणाधीन हैं जिनकी कुल लागत 10,16,051.54 लाख रुपए है। उपमुख्यमंत्री ने इन सभी सेतुओं को निर्धारित समय सीमा के अन्दर अनिवार्य रूप से पूरा करने के निर्देश सभी सम्बन्धित अधिकारियों को दिये हैं। इन 266 सेतुओं में 168 दीर्घ नदी सेतु, 6 मार्ग उपरिगामी तथा 92 रेल उपरिगामी सेतु निर्माणाधीन हैं। वर्ष 2020-21 में 102 दीर्घ नदी सेतु, मार्ग उपरिगामी सेतु, रेल उपरिगामी सेतु निर्मित कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रबन्ध निदेशक राज्य सेतु निगम अरविन्द कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि लॉकडाउन के कारण बीच में कार्य रोक दिये गये थे। अब लखनऊ सहित प्रदेश की ज्यादातर परियोजनाओं पर कार्य सामाजिक दूरी बनाये रखते हुये प्रारम्भ कर दिया गया है और अधिक से अधिक कामगारों व श्रमिकों को काम दिया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि लोक निर्माण विभाग, राज्य सेतु निगम व राजकीय निगम लि. में 35,81,104.66 लाख रुपए लागत की 2640 परियोजनाओं पर बहुत तेजी से कार्य चल रहा है और अधिक से अधिक मजदूरो व श्रमिकों को काम देकर उन्हे स्वावलम्बी व आत्मनिर्भर बनाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है।

ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में केंद्र ने उठाया ऐतिहासिक कदमः बीजेपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय कैबिनेट के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्रीय कैबिनेट ने आवश्यक वस्तु अधिनियम में संशोधन कर किसान या यूं कहें ग्रामीण भारत के विकास का नया रास्ता खोल दिया है। यह एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम है इससे स्टॉक सीमा का भय समाप्त होगा और खरीददार, व्यापारी या प्रसंस्करण करने वाली इकाई किसानों से अधिक से अधिक उनके उत्पाद बिना भय के खरीद सकेंगे। इस कदम से स्वतंत्र बाजार की अवधारणा को मजबूती मिलेगी और उत्पादक प्रसंस्करण कर्ता तथा

उपभोक्ता निर्भय और निर्भीक होकर काम कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस संशोधन से किसान अपनी उपज बिना किसी बाधा के एक राज्य से दूसरे राज्य या फिर राज्य के भीतर ही दूसरे जिले या स्थानों पर लाभकारी मूल्य पर बेच सकेंगे। सबसे बड़ी बात यह है कि सरकार ने आपात स्थितियों के लिए अर्थात अकाल या युद्ध आदि के दौरान कोई विषम परिस्थिति न पैदा हो इसके लिए अपने विशेषाधिकार सुरक्षित रखे हैं ताकि किसी भी दशा में उत्पादक से लेकर थोक व खुदरा विक्रेता अथवा प्रोसेसर समूह एवं उपभोक्ता में से किसी को भी नुकसान ना हो।

लंबित परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा किया जाये: कृषि उत्पादन आयुक्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कृषि उत्पादन आयुक्त आयुक्त आलोक सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय स्थित उनके सभाकक्ष में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत अन्तर्विभागीय कार्यकारी दल की बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, समादेश क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन, लघु सिंचाई, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, कृषि विभाग एवं परती भूमि विकास विभाग में संचालित योजनाओं तथा विभिन्न विभागों को वित्तीय वर्ष 2019-20 में आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय की समीक्षा एवं अवशेष धनराशि के उपयोग पर गहनता पूर्वक विचार विमर्श किया गया। आलोक सिन्हा ने ड्रिप एवं स्प्रिंकलर निर्माता फर्मों का पंजीकरण एवं पूर्व पंजीकृत निर्माता फर्मों से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार अतिरिक्त कम्पोनेन्ट सम्मिलित करने तथा प्रदेश में माइक्रोइरीगेशन कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मानव संसाधन की स्वीकृति पर सम्बंधित विभागों से विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कृषि उत्पादन आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्षा से लंबित परियोजनाओं मे तेजी लाए तथा आवश्यकता अनुसार आवश्यक धनराशि के लिए प्रस्ताव बनाकर प्रेषित करें। कृषि उत्पादन आयुक्त ने वित्तीय वर्ष 2015-16 में आई डब्ल्यू एमपी अदर इण्टरवेंशन घटक के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा परती भूमि विकास विभाग को उपलब्ध कराये गये रूपये 15.64 करोड़ केन्दांश की सम्पूर्ण धनराशि की उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने एवं वित्तीय वर्ष 2016-17 में पीडी एमसी अदर इण्टरवेंशन घटक के अर्न्तगत भारत सरकार द्वारा लघु सिंचाई विभाग को उपलब्ध कराये गये रूपये 29.20 करोड़ केन्द्रांश की अवशेष धनराशि रूपये 5.48 लाख की उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के लिए ग्रेटर शारदा सहायक एवं लघु सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में प्रमुख सचिव कृषि देवेश चर्तुवेदी, प्रमुख सचिव पशुधन एवं मत्स्य भुवनेश कुमार, सचिव सिंचाई अर्पणा यू तथा अन्य सभी विभागों के सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

एक आईपीएस व तीन पीपीएस अधिकारियों के तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

शासन में बुधवार को एक आईपीएस व तीन पीपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए।

एएसपी फतेहपुर के पद पर तैनात वर्ष 2015 बैच के आईपीएस चक्रेश मिश्रा को प्रयागराज में एएसपी यमुनापार के पद पर स्थानान्तरित किया गया है। अभी तक इस पद पर पीपीएस अधिकारी दीपेंद्र नाथ चौधरी तैनात थे जिन्हें एएसपी अभिसूचना मुख्यालय के पद पर भेजा गया है। प्रयागराज में एएसपी यातायात के पद पर तैनात रहे कुलदीप सिंह को उपसेनानायक 45वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ तथा मेरठ में एएसपी के पद पर तैनात रहे अखिलेश भदौरिया को प्रयागराज में एएसपी यातायात के पद पर स्थानान्तरित किया गया है।

गुजरात की तर्ज पर यूपी में प्रवासी भारतीयों को जोड़ने का ढांचा तैयार

● सुविधा के लिए शीघ्र शुरू होगी वेबसाइट, एनआरआई के लिए कम्युनिकेशन का हब साबित होगी: सिद्धार्थ नाथ सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में मुख्यमंत्री रहते निवेश बढ़ाने के लिए प्रवासी भारतीयों को जोड़ने का कार्य किया था उसी तर्ज पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रवासी भारतीयों को जोड़ने का ढांचा तैयार हो चुका है। शीघ्र ही उत्तर प्रदेश के प्रवासी भारतीयों की सुविधा हेतु एक सरल उपयोगी वेबसाइट शुरू की जायेगी और इसको भारत सरकार की एनआरआई वेबसाइट से जोड़ा जायेगा। साथ ही यह मोबाइल फेंडली भी होगी।प्रवासी भारतीयों की सुविधा के लिए तैयार की जा रही एनआरआई विभाग की वेबसाइट का प्रजेंनटेशन के माध्यम से अवलोकन करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रवासी भारतीय अपनी मातृभूमि से जुड़ रहे और उनकी जड़ें टूटने न पायें। इसके लिए अयोध्या की दीप-दीपावली तथा वृन्दावन में होने वाली बरसाना की होली का आनंद उन्हें वेबवाइट के माध्यम लाइव स्ट्रीम उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाये। उन्होंने कहा कि वेबसाइट में निवेशकों को निवेश संबंधी समस्त जानकारी मिलेगी। साथ ही मुख्यमंत्री के ट्वीट भी प्राप्त होते रहेंगे। यह वेबसाइट प्रवासी भारतीयों के लिए कम्यूनिकेशन का हब साबित होगी। उन्होंने निर्देश दिए एक सप्ताह के अन्दर वेबसाइट तैयार करने का कार्य पूर्ण कर लिया जाए ताकि इसी माह मुख्यमंत्री से इसका शुभारम्भ कराया जा सके। इस वेबसाइट को हिन्दी और अंग्रेजी दोना भाषाओं में तैयार कराया जा रहा है। प्रदेश के प्रमुख विभागों पर्यटन, हेल्थ टूरिज्म, शिक्षा, एमएसएमई तथा निवेश को सीधे इससे लिंक दिया जायेगा। निवेश मित्र पोर्टल से भी इसको जोड़ा जायेगा। इस पर प्रोसेसिंग और पेमेंट की ऑन-लाइन सुविधा उपलब्ध होगी। यूपी में निवेश को बढ़ाने में यह वेबसाइट बड़ी गेम चेंजर साबित होगी। उन्होंने कहा कि इस वेबसाइट के माध्यम से प्रवासी भारतीयों को रजिस्ट्रेशन, वेरीफि केशन एवं नवीनीकरण की सहूलियत मिलेगी। वेबसाइट पर एनआरआई को पर्यटन स्थलों पर भ्रमण, निवेश आदि की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय एनआरआई दिवस में शामिल होने तथा प्रवासी रत्न पुरस्कार के लिए भी वेबसाइट पर आवेदन कर सकेंगे।

युवाओं के सपनों पर फिर से ग्रहण लग गया: प्रियंका

लखनऊ। 69000 शिक्षक भर्ती मामले में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि एक बार फिर से उत्तर प्रदेश के युवाओं के सपनों पर ग्रहण लग गया। प्रियंका ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि यूपी की सरकार की अव्यवस्था के चलते तमाम भर्तियां कोर्ट में अटकी हैं। पेपर लीक, कटऑफविवाद, फर्जी मूल्यांकन और गलत उत्तर कुंजी, यूपी सरकार की व्यवस्था की इन सारी कमियों के चलते 69000 शिक्षक भर्ती का मामला लटका हुआ है। सरकार की लापरवाही की सबसे ज्यादा मार युवाओं पर पड़ रही है। वहीं प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि गतिमान 69000 सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा में तमाम अनियमितताएं हुई। परीक्षा के दौरान पेपर लीक प्रकरण मीडिया में छाया रहा। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम में तमाम विसंगतियां दिख रही है। एक ही परिवार अथवा एक ही सेंटर के बच्चों के सामान्य अभ्यर्थियों से समान अंक तथा टीईटी परीक्षा को किसी तरह से पास करने वाले अभ्यर्थियों का भर्ती परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करना संदेह के घेरे में हैं।

लल्लू की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता आराधना मिश्रा मोना के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल में बुधवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को जानकारी दी कि व्यक्तिगत एवं राजनैतिक द्वेष के कारण कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू पर बेबुनियाद और पूरी तरह से तथ्यहीन मुकदमा थाना कोतवाली हजरतगंज जनपद लखनऊ में दर्ज कराकर उन्हें अमानवीय एवं असम्मानित ढंग से गिरफ्तार कराकर जिला कारागार लखनऊ में निरुद्ध किया गया है। प्रतिनिधि मण्डल ने राज्यपाल को

लल्लू की गिरफ्तारी एवं उनको पहले आगरा में और फिर बाद में लखनऊ में अधिकारियों द्वारा प्रताड़ित करने एवं जिला कारागार लखनऊ मे निरुद्ध करने की स्थिति से अवगत कराया। मोना मिश्रा ने बताया कि कांग्रेस प्रतिनिधि मण्डल के अनुरोध को स्वीकार करते हुए राज्यपाल ने इस प्रकरण में गम्भीरता पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है । राज्यपाल से मिलने वालों में वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी, पूर्व मंत्री व एमएलसी नसीमुद्दीन सिद्दीकी, एमएलसी दीपक सिंह, विधायक सोहिल अंसारी, पूर्व मंत्री आरके चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेन्द्र चौधरी, प्रभारी प्रशासन अनूप गुप्ता शामिल थे ।

कोरोना संकट में समाजवादियों ने निभाई अग्रणी भूमिका

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को संगठनात्मक गतिविधियों को बल देते हुए पार्टी के प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं से समाजवादी पार्टी के नम्बर पर व्हाट्स ऐप काल पर सम्पर्क किया। उन्होंने कोरोना संकट के समय राहत कार्य, श्रमिकों तथा किसानों की समस्याओं पर भी जानकारी हासिल की। वीडियो कालिंग का यह क्रम बूथस्तर तक आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर पूर्व विधानसभाध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल तथा एसआरएस यादव एमएलसी ने भी सहयोग किया। अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के संवाद सम्पर्क कार्यक्रम के तहत राबर्ट्सगंज में पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा से वार्ता की। श्री कुशवाहा ने क्षेत्र में श्रमिकों के लिए किए गए राहत कार्यों का ब्यौरा दिया। आजमगढ़ में नफीस अहमद, विधायक से भी उनकी वार्ता हुई। कानपुर में डॉ इमरान से वार्ता की और पार्टी के कार्यकलापों की जानकारी ली। श्री यादव ने सुल्तानपुर में राजमणि यादव और महोबा में योगेन्द्र योगी से भी बात की।

मोबाइल क्रय केंद्रों से भी खरीदा जाएगा गेहूं: मनीष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के खाद्य आयुक्त मनीष चौहान ने गेहूं खरीद को बढ़ाने के लिए अब मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से खरीद की जाएगी। मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से अथवा उपकेंद्र खोलते हुए गेहूं क्रय बढ़ाया जाए। मोबाइल क्रय केंद्रों के संपर्क के लिए उनके मोबाइल नंबर व भ्रमण कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार भी कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जिन क्रय केंद्रों पर गेहूं की आवक नहीं हो रही है उनको ग्रामीण अंचल जहां पर गेहूं की आवक अच्छी हो स्थानांतरित किया जाए अथवा उप केंद्र खोला जाए। खाद्य आयुक्त ने निर्देश दिया है कि राजस्व विभाग के कर्मचारी, कृषि विभाग व मंडी परिषद के कर्मचारी इत्यादि का सहयोग लेकर कृषकों को सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं विक्रय के लिए प्रेरित किया जाए। सहकारिता क्षेत्र की कई एजेंसियों के लिए निर्धारित गेहूं क्रय लक्ष्य को एडीओ सहकारिता के मध्य भी विभाजित कर दिया जाए एवं

सहकारिता विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों का गेहूं क्रय में सक्रिय सहयोग लिया जाए।

42 जनपदों में गेहूं खरीद के लिए मानकों में छूट

लखनऊ। जिन किसानों का गेहूं मानकों का नहीं होगा उसे भी सरकार खरीदेगी। खाद्य आयुक्त मनीष चौहान के अनुसार भारत सरकार ने इस मामले में छूट प्रदान की है। रबी विपणन वर्ष 2020-21 में प्रदेश के अधिकांश जनपदों में असमय वर्षा एवं ओलावृष्टि आदि के कारण गेहूं की फ सल को काफी नुकसान हुआ है। इसके कारण कृषकों को अपने उत्पाद को बेचने में आ रही समस्या के दृष्टिगत राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार से गेहूं क्रय के लिए गेहूं के मानकों में छूट प्रदान किए जाने का अनुरोध किया गया था। भारत सरकार द्वारा प्रदेश के 42 जनपदों ललितपुर, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, गोंडा, मुरादाबाद, संभल, बिजनौर, बस्ती, महराजगंज, मथुरा, आगरा, संत कबीर नगर, अमेठी, औरैया, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, मेरठ, मिर्जापुर, अंबेडकरनगर, फ्तेहपुर, बांदा, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, फ्रिोजाबाद, रामपुर, उन्नाव, रायबरेली, अयोध्या, सुल्तानपुर, प्रयागराज, कौशांबी, प्रतापगढ़, लखनऊ, सोनभद्र, बाराबंकी, कन्नौज, कानपुर नगर, कानपुर देहात एवं इटावा में गेहूं खरीद के मानकों में छूट प्रदान की गई है।

लॉकडाउन के दौरान सामने आया यूपी पुलिस का मानवीय चेहरा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों एवं सतत् निगरानी के फलस्वरूप यूपी 112 द्वारा जहां एक ओर लॉकडाउन के दौरान नियमों के अनुपालन की दिशा में सराहनीय प्रयास किये गए वहीं प्रदेश पुलिस का मानवीय चेहरा भी उभर कर सामने आया है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने डायल 112 के माध्यम से लॉकडाउन के दौरान विगत 24 मार्च 2020 से 31 मई 2020 तक की अवधि में की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि लॉकडाउन के दौरान यूपी 112 पर तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा प्रदेश के 2 लाख 80 हजार से अधिक जरूरतमंदों को मदद पहुंचायी गई। जिसमें 2 लाख से अधिक जरूरतमंद व्यक्तियों तक खाद्य सामग्री पहुंचाई गई। उक्त अवधि में यूपी 112 द्वारा बीमार, बुजुर्ग व जरूरतमंद 45 हजार व्यक्तियों तक जीवन रक्षक दवाईयां पहुंचाने व लगभग 26 हजार व्यक्तियों को उनके गंतव्य तक पहुंचानें में सहायता की गई। जिनमें गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग, कैंसर के मरीज आदि शामिल हैं। साथ ही पीआरवी के माध्यम से 8 हजार से अधिक व्यक्तियों तक जरूरी वस्तुएं जैसे घरेलू गैस सिलेण्डर, दूध, पेट्रोल, डीजल आदि पहुंचाने में भी मदद की गई है। वहीं अपर पुलिस महानिदेशक डायल 112 असीम अरूण ने बताया गया है कि लॉकडाउन के दौरान पीआरवी 112 के माध्यम से वहां की मीडिया डेस्क पर बिहार प्रान्त से आदर्श कुमार सिंह से ट्वीट मिला कि उनकी पत्नी नवजात बच्ची के साथ लखनऊ में रहती है। बच्ची का बेबी फीड खत्म हो गया है, सूचना मिलते ही पीआरवी 112 ने आदर्श से संपर्क कर तत्काल बेबी फीड उनके लखनऊ स्थित आवास पर पहुंचाया। बहराइच जिले के मतेहीकला गांव में रहने वाले एक बुजुर्ग के हृदय रोग का इलाज दिल्ली से चल रहा है जिनके पोते द्वारा मदद हेतु ट्वीट किया गया। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पीआरवी 112 ने डीसीपी साउथ दिल्ली परविंदर सिंह से संपर्क किया जिनके द्वारा दवाई को गौतमबुद्धनगर पुलिस को दिया गया और बुजुर्ग तक दवा पहुंचाई गई।

स्थानांतरणाधीन पुलिसकर्मियों को तत्काल कार्यमुक्त करने के निर्देश

लखनऊ। प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन की छूट मिलने के बाद डीजीपी मुख्यालय ने सभी जिलों के पुलिस कप्तानों स्थानांतरणाधीन समस्त पुलिसकर्मियों को तत्काल कार्यमुक्त किए जाने के निर्देश जारी किए। प्रदेश में कोरोना वायरस बीमारी के दृष्टिगत घोषित किए गए लॉकडाउन के कारण पूर्व में स्थानांतरित अराजपत्रित पुलिसकर्मियों ने अभी तक नई तैनाती स्थल पर जॉइनिंग नहीं की है। स्थानांतरणाधीन होने के बावजूद यह पुलिसकर्मी पुरानी तैनाती स्थल पर ही ड्यूटी कर रहे हैं। जिलों के पुलिस कप्तानों की ओर से उस समय आवागमन के साधन उपलब्ध न होने का हवाला देते हुए स्थानांतरणाधीन अराजपत्रित पुलिस कर्मियों कार्यमुक्त न किए जाने का डीजीपी मुख्यालय से अनुरोध किया था। अनुरोध पर बीती 23 मार्च को मुख्यालय की ओर से स्थानांतरणाधीन अराजपत्रित पुलिस कर्मियों को कार्यमुक्त किए जाने पर अग्रिम आदेशों तक के लिए रोक लगा दी गई थी। अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना के कार्यालय की ओर से आदेश जारी करते हुए बीती 23 मार्च के आदेश को निरस्त कर दिया गया है। नए आदेशों में कहा गया है वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा कतिपय शर्तों एवं प्रतिबन्धों के साथ रोडवेज बसों को प्रदेश के अन्दर चलाये जाने की अनुमति प्रदान कर दी गयी है । जिससे अब आवागमन के साधन की कोई समस्या नहीं रह गई। इसे देखते हुए पूर्व में स्थानांतरणाधीन समस्त पुलिसकर्मियों को स्थानांतरित जनपद व इकाई के लिए तत्काल कार्यमुक्त कर मुख्यालय को सूचित किया जाए।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैंने अपने पुत्र मो0 जावेद व पुत्रवधू श्रीमती खातून जहाँ को उनके गलत आचरण एवं व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये कृत्यों का मैं व मेरा परिवार उत्तरदायी नहीं होगी। नसीम अहमद पुत्र स्व0 रहमतउल्ला खां, निवासी-म0नं0 435/35, रज्जबगंज तकिया खन्जर ठाकुरगंज, जिला लखनऊ।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सूरज सिंह S/o प्रभु सिंह पता ग्राम नैचाना पोस्ट नैचाना तहसील बावल जिला रेवाड़ी मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम SAVATRI सावात्री दर्ज है जो कि गलत है मेरी पत्नी का सही नाम SAVITRI (सावित्री) है जो कि सही है।

TENDER NOTICE

Offers are invited for Mobile X-Ray Units on Wet Lease basis (to be installed in the Department of Rheumatology, Neurosurgery (Shatabdi Phase 1 & 2), Thoracic & Vascular Surgery, Liver Transplant ICU of KGMU, Lucknow). Tenders may be procured from the office of the undersigned between 11:00 AM and 4:00 PM working days from 04th June 2020 to 10th June 2020 at the address given below. Last date for submission of tender is 15th June 2020 at 4.00 PM. The tender shall open on 17th June 2020 at 1:00 PM. Cost of each tender is Rs 1,000/- (Rupees One Thousand Only) plus GST @ 18%.

Secretary, CSMMU Welfare Society,
New Emergency & Trauma Centre,
King George's Medical University, Lucknow
Phone No. 0522-2258162

उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड निविदा आमंत्रण सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्न-लिखित कार्यो हेतु अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो से मुहरबंद निविदा दो भागों में दिनांक 01.07.2020 को समय 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिन 14.00 बजे सार्वजनिक रूप से उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग में अधीक्षण अभियन्ता, वि0पा0म0, बरेली के पक्ष (चालू खाता सं0 10897666087, IFSC: SBIN0000615 भारतीय स्टेट बैंक, सिविल लाइन्स, बरेली) में निविदा मूल्य एवं धरोहर धनराशि RTGS / NEFT के माध्यम से स्थानान्तरण का यू.टी.आर. सं. तथा पे-इन स्लिप की प्रति, पैन एवं जी0एस0टी0, में पंजीकरण तथा अनुभव का विवरण होगा। निविदा के द्वितीय भाग में दरें तथा निविदा सम्बन्धी वाणिज्यिक विवरण देना होगा। निविदा की वैधता खुलने की तिथि से 120 दिन होगी। धरोहर धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य, निविदा विवरण के सम्मुख अंकित है। निविदा प्रपत्र मूल्य (अप्रतिदेय) के अनुसार धनराशि का RTGS / NEFT के माध्यम से स्थानान्तरण का यू.टी.आर. सं. तथा पे-इन स्लिप की प्रति उपलब्ध कराने पर निविदा खुलने की तिथि से एक दिन पूर्व 17.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मूल्य एवं धरोहर धनराशि के बिना निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। ब्लैक लिस्टेड फर्मे एवं ऐसी फर्मे / प्रोपराइटर जिनके विरुद्ध विभाग से सम्बन्धित कोई सतर्कता/सी0बी0आई0/पुलिस जाँच अथवा विभाग द्वारा एफ.आई.आर. योजित/पुलिस द्वारा चार्जशीट दाखिल / न्यायालय में वाद लम्बित है, उनकी निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा खुलने की तिथि को अवकाश की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय तक प्राप्त कर खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को किसी या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। अन्य विवरण www.upptcl.org वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन की जानकारी हेतु निविदा खुलने की तिथि तक वेबसाइट देखते रहें। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। (1) निविदा सं0 15/डब्लू/ वि.पा.मं.(ब.)/ 2020-21 : अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, बरेली हेतु चालक सहित 1 नग डीजल चालित वाहन (वर्ष 2018 या तत्पश्चात् मॉडल) दिनांक 0108.2020 से 8 माह की अवधि हेतु उपलब्ध कराने का कार्य (निविदा विशिष्टीकरण के अनुसार)। (नि0प्र0 मूल्य रू0 590/- जी0एस0टी0 सहित) (धरोहर धनराशि रू. 2,000/-) अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, बरेली। पत्रांक-991, दिनांक-03.06.2020 "राष्ट्र हित में बिजली बचायें तथा बल्ब के स्थान पर एलईडी0 प्रयोग करें"

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

केजीएमयू में बलरामपुर के संक्रमित युवक की मौत

मुंबई से लौटने के बाद 27 मई को कराया गया था भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

शहर में एक कोरोना मरीज की मौत हो गई । भीषण संक्रमण से ग्रस्त इलाज के दौरान कोरोना मरीज को बचाया न जा सका। मुम्बई से लौटे सूखी खाँसी, बुखार और सांस लेने में परेशानी के लक्षण के साथ रोगी को भर्ती किया गया था । वहीं रोगी के तीमारदारों को 14 दिन तक घर मे रहने को कहा गया है। राजधानी में बुधवार को बलरामपुर के बोरीहार निवासी 30 वर्षीय युवक थाना उतरौला, जिला बलरामपुर का चिकित्सा विश्वविद्यालय के कोरोना वार्ड में निधन हो गया।रोगी को 27 मई को भर्ती किया गया था। सूखी खाँसी, बुखार और सांस लेने में परेशानी के लक्षण के साथ रोगी द्वारा विश्वविद्यालय में संपर्क किया गया था। इससे एक सप्ताह पूर्व रोगी मुम्बई से लौट कर आये थे। सैंपल जांच हुई जिससे संक्रमण की पुष्टि हुई। रोगी को भर्ती के समय से ही अत्यधिक समस्याएं थीं इस लिये आरंभ से ही इन्हें सघन चिकित्सा में रखा गया। केजीएमयू प्रशासन के अनुसार रोगी के इलाज में सम्पूर्ण प्रयास किये गए किन्तु हालत में सुधार नहीं आया। आखिरकार रोगी का मल्टी आरगन फेलियर में चले गए और बुधवार को उनकी मृत्यु हो गई। रोगी के परिजनों को अंतिम संस्कार की गाइडलाइन के अनुसार बताया गया है । वहीं रोगी के तीमारदारों को 14 दिन तक घर में रहने को कहा गया है। किसी भी प्रकार के लक्षण आने पर उन्हें तुरंत चिकित्सा विश्वविद्यालय में संपर्क करना है।

क्वेरंटाइन सेंटर में सांप निकलने से मचा हड़कम्प

मोहनलालगंज। राधास्वामी सत्संग व्यास में बनाए गए क्वारंटाइन सेण्टर में बुधवार की सुबह तड़के सांप निकलने से हड़कम्प मच गया। सेण्टर में जमीन पर डाले गए गद्दों पर लेट रहे क्वारंटीन प्रवासियों में भगदड़ मच गई। आनन फानन प्रशासन ने एक्सपर्ट बुलाकर सांप को पकड़वाया तब जाकर सभी ने राहत की सांस ली। अब जल्द ही सेण्टर में प्रवासियों के लिए बेड डलवाने की तैयारी है। मोहनलालगंज के राधास्वामी क्वारंटाइन सेण्टर में प्रवासियों को क्वारंटीन कर रखा गया है। बुधवार की सुबह तड़के सेण्टर के केबिल चेम्बर में सांप दिखाई दिया। सूचना मिलते ही एडीओ पंचायत कमल किशोर शुक्ल के निर्देश पर बीट इंचार्ज रामेन्द्र श्रीवास्तव ने एक्सपर्ट को मौके पर ले जाकर सांप पकड़वा दिया। हालांकि इस दौरान का काफी देर तक प्रवासियों में दहशत रही। बीडीओ अजीत कुमार सिंह ने बताया बेड बनवाए जा रहे हैं। जल्द ही राधास्वामी क्वारंटाइन सेण्टर में प्रवासियों के लिए सौ बेड डलवाए जाएंगे।

क्वेरंटाइन से 66 प्रवासियों को किट देकर घर भेजा गया

निगोहां। निगोहां के उतरावां गांव में अलग-अलग मजरों के प्राथमिक विद्यालय एवं पंचायत भवन में क्वॉरेंटाइन रह रहे 66 प्रवासियों की समय अवधि पूर्ण होने पर उन्हें घर भेजने से पहले एसडीएम मोहनलालगंज के निर्देश पर ग्राम प्रधान पति और लेखपाल द्वारा राशन किट दी गई । साथ ही सभी प्रवासियों को सतर्कता से रहने और ज्यादा ना घूमने की हिदायत देते हुए ग्राम प्रधान पति ने किसी भी समस्या आने या कोई जरूरत पड़ने पर अपना नंबर भी दिया। निगोहां के उतरावां गांव के प्राथमिक विद्यालय व मजरा शेखन खेड़ा के पंचायत भवन व नारायण खेड़ा के प्राथमिक विद्यालय में मुम्बई, दिल्ली, चेन्नई आदि जगहों से बाहर से आए प्रवासियों को क्वॉरेंटाइन किया गया था। बुधवार को 66 प्रवासियों की अवधि पूर्ण होने के बाद उन्हें घर भेजा गया। वहीं घर भेजने से पहले एसडीएम पल्लवी मिश्रा ने उन्हें ग्राम प्रधान पति शैलेन्द्र सिंह और लेखपाल अरुण कुमार की उपस्थिति में राशन किट वितरित की गई। साथ ही मजदूरों को सोशल डिस्टेंसिंग में रहने के साथ मास्क के प्रयोग और ज्यादा ना घूमने के दिशा निर्देश दिए।

कम्प्यूटर ऑपरेटर निकला कोरोना पाजिटिव, ग्रामीणों में दहशत

मोहनलालगंज। एसजीपीजीआई प्रशासन की लापरवाही ने मोहनलालगंज में गोपालखेड़ा गांव के दर्जनों लोगों को कोरोना वायरस के संकट में ला दिया है। गांव से आवागमन कर रहे एपेक्स ट्रामा सेण्टर में कम्प्यूटर ऑपरेटर शिवम विश्वकर्मा की कोरोना रिपोर्ट पाजिटिव आने के बाद कोरोना टेस्ट सैम्पल भेजने के बावजूद उसे क्वारंटीन नहीं कराने को लेकर अस्पताल प्रशासन पर ग्रामीण तमाम सवाल खड़े कर रहे हैं। मंगलवार को शिवम के कोरोना पाजिटिव होने की पुष्टि के बाद एसजीपीजीआई प्रशासन ने एम्बुलेंस भेजकर उसे भर्ती किया है। जबकि बुधवार को उसके माता पिता को भी अस्पताल बुलाए जाने की जानकारी मिली है। उधर इसे लेकर गांव में फैली दहशत के बीच स्वास्थ्य कर्मियों की पड़ताल में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। सीएचसी अधीक्षक ज्योति कामले ने बताया पड़ताल में शिवम के गोपालखेड़ा में दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने भण्डारे में प्रसाद वितरित करने और बर्थडे कार्यक्रम में भी भाग लेने की बात सामने आई है। स्वास्थ्य कर्मियों की पड़ताल में उसके परिवार समेत सम्पर्क में आए 29 लोगों की सूची बनाकर एहतियातन सभी को होम क्वारंटाइन होने की सलाह दी गई है।

पहले दिन ऑटो में कम ही दिखीं सवारियां

लखनऊ। बुधवार को लॉकलाडन के 70 दिन बाद चारबाग रेलवे स्टेशन के सामने ऑटो दौड़ते नजर आए। पहले दिन का हाल यह रहा कि छुटपुट सवारी ही ऑटो रिक्शे पर बैठती दिखी। ऑटो में सवारियों की सुरक्षा के लिए पांच शर्तों की गाइड लाइन चस्पा नजर आई। ऑटो संख्या यूपी 32 जीएन 4896 के ड्राइवर अनिल ने बताया कि रेलवे स्टेशन और बस अड्डे के आसपास ही सवारियों हैं। बाकी शहर के अन्य हिस्सों में सवारियों नहीं है। ऐसे में अभी सवारियों का टोटा रहेगा।

चारबाग रेलवे स्टेशन के सामने पीजीआई जाने के लिए ऑटो संख्या यूपी 32 एमएन में दो सवारी पहले से ऑटो में बैठी हुई थीं। ड्राइवर तीसरे सवारी को बैठाने के लिए गुहार लगा रहा था। इस दौरान कई सवारी ऑटो के नजदीक आई और पहले से ऑटो में बैठे दो लोगों को देखकर वापस चली गई। ऑटो ड्राइवर ने बताया कि ऑटो में तीन सवारी संग सोशल डिस्टेंसिंग नहीं होने से फुटकर सवारी ऑटो में बैठने से दूर भाग रही है। वहीं ऑटो संख्या यूपी 32 एफएन 2130 पर बैठी महिला यात्री गौरैया देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री कहते है कि दो गज की दूरी जरूरी है। यहां तो ऑटो में लोग आपस में सटकर बैठ रहे हैं। महिला के इस सवाल पर ऑटो ड्राइवर कुछ भी बोलने से दूर भागते रहे।

मात्र 800 ऑटो का संचालन हुआ:पहले दिन शहर के आधा दर्जन ऑटो स्टैंड से मात्र 800 के करीब ऑटो का संचालन हुआ। अधिकांश सवारियां रेलवे स्टेशन और बस अड्डों से मिली है। ऑटो संघ के अध्यक्ष पंकज दीक्षित बताते है कि अभी राह चलते रास्ते की सवारियां ऑटो में नहीं बैठ रही हैं। जबकि सुरक्षा के सभी मानक पूरे किए जा रहे है। फिलहाल किराये में अभी कोई बदलाव नहीं किया गया है।

आरटीओ ने सौंपी तीन सेनेटाइजर मशीन:ऑटो को रोजाना स्टैंड पर सेनेटाइज करके ही सवारियों को बैठाया जाएगा। इसके लिए एआरटीओ प्रशासन संजय तिवारी की ओर से तीन सेनेटाइजर मशीनें ऑटो यूनियन को सौंपी गई। इस बीच यूनियन ने आरोप लगाया कि बैठक में चार स्टैंड पर चार मशीनें लगाकर ऑटो को सेनेटाइज किया जाएगा। ऐसे में मात्र तीन मशीनें देकर यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है।

आपातकाल में काम करने वाले परिवहन कर्मियों को मिलेगा व्यक्तिगत खर्चा

लखनऊ। कोरोना वायरस के दौरान आपातकाल में ड्यूटी करने वाले बस चालक परिचालकों के लिए अच्छी खबर है। परिवहन निगम प्रशासन ने ऐसे कर्मियों को प्रतिदिन 300-300 रुपये व्यक्तिगत खर्चा देने का निर्णय लिया है। निगम प्रशासन के इस निर्णय से रोडवेज कर्मियों में खुशी की लहर है। इससे रोडवेज के ऊपर करीब 13 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय भार आएगा।परिवहन निगम के एमडी डॉ राजशेखर ने लॉकडाउन अवधि में बसों का संचालन करने वाले चालक परिचालकों को इनाम देने की घोषणा की है। इस संबंध में तय की गई धनराशि को देने के लिए प्रदेश भर के क्षेत्रीय प्रबंधक को दिशा निर्देश भेज दिया गया है। जिसमें 31 मई की मध्यरात्रि से आपातकाल समाप्त माना जाएगा।

बसों से एक लाख से अधिक यात्री पहुंचे घर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में अब सवारिया बढ़ने लगी है बसों के संचालन की शुरुआत 1 जून से की गई थी जहां मंगलवार को रोडवेज की बसों से करीब 68000 यात्रियों ने यात्रा की थी वहीं बुधवार को यह आंकड़ा 100000 के पार चला गया निगम प्रशासन बुधवार को 3420 बसों का संचालन किया इन बसों के जरिए 110000 यात्री अपने विभिन्न गंतव्य स्थानों तक गए रोडवेज अधिकारी ने बताया कि अयोध्या क्षेत्र को छोड़कर के प्रदेश के सभी जिलों के बस स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे को लगा दिया गया है इसकी निगरानी भी की जा रही है वहीं यात्रियों के साथ ही चालकों परिचालकों को भी कोरोना वायरस से बचाव के सुझावों का दिशा निर्देशों का पालन करने का विशेष आदेश दिया गया

एसी बसों में एडवांस व तत्काल में सीटों की बुकिंग शुरू: लखनऊ। परिवहन निगम ने अपने यात्रियों के लिए बसों में ऑनलाइन सीटों की बुकिंग खोल दी है। यात्री रोडवेज की एसी बसों में यूपी के भीतर कहीं भी जाने के लिए सीटों की बुकिंग कर सकते है। बीती रात बारह बजे से ऑनलाइन टिकटों की बिक्री की वेबसाइट शुरू हो गई हैं। इसके पहले बुधवार को वेबसाइट पर टिकटों की बुकिंग का सफल ट्रायल किया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक पल्लव बोस ने बताया कि यूपी के बाहर के राज्यों के लिए बस सेवाओं पर रोक है। इस वजह से वेबसाइट पर गैर राज्यों के बसों में सीट बुकिंग के दौरान नो बस सर्विस में तब्दील किया गया। ऐसे में सिर्फयूपी के अंदर विभिन्न जनपदों के बीच एसी बसों में सफर करने के लिए ऑनलाइन बुकिंग शुरू की गई है। जिसमें बसों के रूट और किराये में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वहीं कैसरबाग बस स्टेशन पर ऑनलाइन टिकट की बिक्री के लिए काउंटर खोल दिया गया है। जहां यात्री एसी बसों में एडवांस व तत्काल में सीटों की बुकिंग करा सकते है। एआरएम श्वेता सिंह ने बताया कि यहां से एसी जनरथ, एसी शताब्दी, पिंक बस, वोल्वो, स्कैनिया ऑनलाइन सीटों की बुकिंग हो रही है। कैसरबाग बस स्टेशन और आलमबाग बस टर्मिनल पर यात्रियों के लिए काउंटर खोल दिए गए हैं।

उलझन में रहे अभ्यर्थी फिर खबर ने दिया जोर का झटका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

69000 सहायक शिक्षक भर्ती के लिए बुधवार से शुरू हुई काउंसिलिंग को लेकर स्थिति स्पष्ट न होने के कारण काउंसिलिंग कराने आये अभ्यर्थी काउंसलिंग केंद्र पर भटकते रहे। यह आलम पूरे प्रदेश में व्याप्त रहा। कई स्थानों पर कोर्ट का आदेश आने से पूर्व ही स्टे की अफवाह से अभ्यर्थियों में बेचैनी का आलम देखने को मिला। इस बीच बीएसए कार्यालय पर अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज होने के बाद काउंसलिंग पर रोक के संबंध में सोशल मीडिया पर भेजे जा रहे संदेश के चलते कई अभ्यर्थी लौट गए। वही सचिव बेसिक शिक्षा परिषद विजय शंकर मिश्र ने कोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए अग्रिम आदेश तक काउंसलिंग पर रोक लगा दी है। सोशल मीडिया पर आए संदेशों को लेकर काउंसलिंग कराने वाले स्टाफमें भी चर्चा का माहौल रहा। लेकिन दोपहर 12 बजे के आसपास काउंसिलिंग के संदर्भ में कोई

बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव ने अग्रिम आदेशों तक स्थगित की 69000 सहायक शिक्षक भर्ती की काउंसिलिंग

सरकारी आदेश न मिलने पर दोपहर करीब एक बजे काउंसलिंग की प्रक्रिया दोबारा शुरू की गई। इस बीच सचिव बेसिक शिक्षा परिषद का आदेश मिलने के बाद दोपहर करीब तीन बजे प्रक्रिया स्थगित कर दी गई। राजधानी लखनऊ में 6 जून तक चलने वाली इस प्रक्रिया में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लखनऊ कार्यालय पर करीब 150 अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग होनी है। बुधवार को पहले दिन करीब 125 अभ्यर्थियों ने यहां पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्नाव से आये एक अभ्यर्थी ने बताया कि सुबह से ही काउंसिलिंग पर रोक के संबंध में चर्चाएं शुरू हो गई थीं। वहीं सूत्रों का कहना है कि स्पष्ट आदेश न मिलने के कारण अधिकारी भी कोई फैसला नहीं ले पाए। असमंजस की इस स्थिति के बीच दोपहर में काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू हुई और दो अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच भी की गई। जबकि काउंसिलिंग पर न्यायालय की रोक की खबर के बाद कई अभ्यर्थी वापस लौट गए। एक अभ्यर्थी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वह सीतापुर के लिए निकल गया था, उसके बाद उसे फोन करके बुलाया गया। वह जब तक काउंसलिंग सेंटर पर वापस लौटा उनके पास स्थगित किए जाने के संबंध में सरकारी आदेश आ गया। वही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि अग्रिम आदेशों तक के लिए काउंसिलिंग स्थगित की गई है।

संदिग्ध हालात में बुजुर्ग महिला की मौत, पोता हिरासत में

लखनऊ। चौक थाना क्षेत्र स्थित यहियागंज राजाबाजार में एक 80 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बुजुर्ग के रिश्तेदार ने हत्या का आरोप लगाया है। आरोप के बाद पुलिस पोते को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल कर रही है। इंस्पेक्टर विश्वजीत सिंह के मुताबिक नारायणदास अग्रवाल गली में बुजुर्ग वीरमती अपने पोते अंकित गुप्ता उर्फ विक्की के साथ रहती थी। बुधवार को बुजुर्ग महिला की संदिग्ध मौत की सूचना पर पुलिस पहुंची। परिजन पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर रहे थे। एडीसीपी पश्चिमी विकास चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि बुजुर्ग महिला के दामाद ने अंकित पर प्रापर्ट्री को लेकर हत्या की आशंका जतायी है। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की तफ्तीश कर रही है। फिलहाल डीसीपी पश्चिम सर्वेश त्रिपाठी का कहना है कि आरोपों के आधार पर पोते को हिरासत में पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

चेकिंग के दौरान गाड़ी के कागज मांगने पर

स्कूटी सवार युवक-युवती का हंगामा

लखनऊ। राजधानी के हजरतगंज चौराहे पर चेकिंग के दौरान स्कूटी सवार युवक युवती को रोकना पुलिस को भारी पड़ गया। स्कूटी चला रहे युवक से गाड़ी के कागज मांगने पर युवक और युवती पुलिस से भिड़ गए और युवती हाई वोल्टेज ड्रामा करने लगी। चौराहे पर युवक और युवती द्वारा हाई वोल्टेज करने के बाद महिला पुलिस को बुलाया गया। महिला थाना इंस्पेक्टर के अनुसार चौक निवासी सत्यांश मिश्रा नामक युवक हजरतगंज में ट्रैफिक नियम को तोड़ते हुए गाड़ी निकाल रहा था। जिस पर पुलिस ने युवक को रोककर स्कूटी का कागज दिखाने को कहा। इस पर युवती पर भड़क गई और ड्रामा

करने लगी। युवक युवती द्वारा स्कूटी का कोई भी कागज न उपलब्ध कराये जाने पर हजरतगंज पुलिस ने स्कूटी को सीज कर थाने भेज दिया। वही इस पूरे मामले में ट्रैफिक डीसीपी ने ट्रैफिक पुलिस से भी स्पष्टिकरण मांगा है।

ड्यूटी से गायब मिले कर्मचारियों के वेतन रोकने के आदेश

लखनऊ। ट्रेनों से आने वाले श्रमिकों को ब्यौरा एकत्र करना। ऐसे श्रमिकों की सूची बनाकर निगम मुख्यालय पर सौंपना। चारबाग में बने कंट्रोल रूम पर जिला प्रशासन की ओर से बसों की मांग के संबंध में आने वाली सूचनाओं को भेजना। इस काम के लिए जिन कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी, उनकी जांच रिपोर्ट में सभी कर्मी ड्यूटी से गायब मिले।इस मामले में बुधवार को तीनों कर्मियों के वेतन रोकने और कार्रवाई के आदेश क्षेत्रीय प्रबंधक ने संबंधित बस डिपो के एआरएम को दिए हैं। इनमें कम्प्यूटर ऑपरेटर अजय कुमार द्विवेदी आलमबाग बस प्रबंधन, बस कंडक्टर पुष्पेंद्र कुमार सिंह अवध डिपो व बुकिंग लिपिक देशराज कैसरबाग बस डिपो के कर्मचारी शामिल हैं।

तीन दिन में कराएं शहर के नालों की सफाई

● महापौर ने विशेष बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

नगर आयुक्त को महापौर द्वारा नालों की सफाई के निर्देश दिया गया है। महापौर ने तीन दिन के अंदर युद्ध स्तर पर नालों की सफाई की सिल्ट उठाने के लिये कहा है । वहीं बाढ़ पम्पिंग स्टेशन में बिजली कनेक्शन नहीं है वहाँ तत्काल कनेक्शन कराएं। नाले एवं सिल्ट के सफाई की जिम्मेदारी जोनल अधिकारी एवं एक्ससीएन की होगी।

बुधवार लालबाग में नाला सफाई को लेकर हुई विशेष बैठक में महापौर संयुक्ता भाटिया ने अधिकारियों को नाला सफाई एवं सिल्ट की सफाई को लेकर निर्देशित किया। महापौर ने सभी जोनल अधिकारियों एवं एक्ससीएन को सख्त निर्देश दिया की मौसम विभाग की भविष्यवाणी को देखते हुए अगले 3 दिन में नालों से निकली सिल्ट की सफाई हो जानी चाहिए जिससे हमारे शहर की जनता को कोई परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि पहली बारिश में ही व्यवस्था की पोल खुल गयी थी। उन्होंने कहा कि शहर की तमाम गलियों एवं शहरों के निरीक्षण के दौरान पाया कि कई घरों में नालियों का पानी घुस गया था। आगे ऐसी समस्या नही नहीं आनी चाहिए। नाला सफाई एवं सिल्ट की सफाई का कार्य हर हाल में 8 जून से पहले हो जाना चाहिए। वहीं बाढ़ पम्पिंग स्टेशन में बिजली कनेक्शन नहीं है वहाँ तत्काल कनेक्शन कराएं। नाले एवं सिल्ट के सफाई की जिम्मेदारी जोनल अधिकारी एवं एक्ससीएन की होगी। महापौर ने नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि नाले की सफाई में किसी भी प्रकार के संसाधनों की कमी नही आनी चाहिएए चाहे वह मशीन हो या कर्मचारी हो। सभी जोनल अधिकारियों ने अपने जोन में नाला सफाई की प्रगति का विवरण दिया जाए।

अवैध गैस रिफलिंग का भंडाफोड़, मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा । लखनऊ

जिला प्रशासन द्वारा छापेमारी के दौरान सिलेण्डर की अवैध रिफलिंग करते पकड़ा गया। रिफलिंग करते पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई । मौके से 11 गैस सिलेंडर पकड़े गए। बुधवार को जिला प्रशासन के पूर्ति निरीक्षक अशोक कुमार चैरसिया, अमरेन्द्र त्रिवेदी क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी के साथ राज किचेन एण्ड प्लास्टिक स्टोर लिबर्टी कालोनी, सद्भावना अस्पताल के पास सर्वोदय नगर पहुंचे। छापेमारी के दौरान नव निर्मित अपार्टमेंट की बर्तन की दुकान के अन्दर ही एक भाग में घरेलू गैस सिलेण्डर से छोटे सिलेण्डर में गैस रिफिल किया जाता पाया गया। मौके पर 4 सिलेण्डर, 4 रिफिलर, 3 एलपीजी घरेलू गैस सिलेण्डर बरामद हुए। जिसके बाद इस प्रकरण में जफर निवासी सर्वोदय नगर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई। वहीं 5 मई को चावल से लदी ट्रक को पकड़ा गया था जिसमें उप जिलाधिकारी सदर के नसीम अख्तर पूर्ति निरीक्षक ने कैलाश के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। दोनों ही मामले में जिलाधिकारी ने सख्त रूख अपनाते हुए जमाखोरी और कालाबाजारी करने वाले दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने के आदेश दिये हैं।

तीन लोगों ने फांसी लगाकर दी जान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राजधानी के विभिन्न थाना क्षेत्रों में तीन युवकों ने फांसी लगा ली। प्रभारी निरीक्षक बाजारखाला ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब 11 ऐशबाग में रामनगर कालोनी के शुलभ शौचालय के पास रहने वाले विजय उर्फछंगा उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ने अपने घर के अन्दर कमरे में लगे पंखे में गमछे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। मृतक काफी समय से कैंसर की बीमारी से पीड़ित था। उसके पास से कोई सुसाइड़ नोट नहीं मिला। मृतक अविवाहित था। वहीं नगराम के अनैया गांव निवासी के सुरेश, ब्रजेश तथा मनीष तीन भाई थे। जिनमे मनीष सबसे छोटा था। जो ठेले पर सब्जी बेचने का काम करता था।

मृतक के बड़े भाई सुरेश ने बताया कि मंगलवार की शाम मनीष घर से कहीं चला गया था, रात को खाना खाने के वक्त तक उसके घर न लौटने पर तलाश शुरू हुई । बुधवार सुबह गांव से कुछ दूर सुनसान स्थान पर बचन खेड़ा गांव के पास उमाशंकर के खेत में लगे यूकेलिप्टस के पेड़ की डाल के सहारे उसका शव लटकता देख ग्रामीणों की भीड़ लग गई। मौके पर पंहुचे परिजनों ने शव को नीचे उतार कर रखा। इस बीच सूचना पाकर मौके पर पंहुची नगराम पुलिस द्वारा शव कब्जे मे लेने के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया। इंस्पेक्टर नगराम वीरेन्द्र कुमार सोनकर ने बताया कि परिजनो ने कोई आरोप नहीं लगाया है। मृतक की शादी 14 जून को होनी थी। जबकि बुधवार के दिन इसकी लगन तय थी। वहींथाना सरोजनी नगर के मौंदा गांव निवासी अल्ला मेहरबान का लड़का शरीफ 28 नगराम के हर्राई गांव स्थित मोहम्मद उमर के घर अपनी ससुराल मे करीब आठ माह पूर्व से अपनी पत्नी शकीला व दो बच्चों के साथ रह रहा था। यहां रहकर वह बोरिंग करने का काम करता था। पत्नी शकीला के अनुसार सुबह नौ दस बजे के बीच खाना खा कर उसका पति बाहर कमरे मे लेटने चला गया था। पिता उमर व भाई भी किसी काम से बाहर चले गये थे। वह अपने बच्चों व मां के साथ घर के अंदर लेटी हुई थी। इस बीच उसके पति ने बाहरी कमरे के दरवाजे की कुंडी अंदर से बंद कर आत्महत्या कर ली। दोपहर के समय उसका भाई सलमान वापस आकर उसी कमरे मे रखी बच्चों की साइकिल निकालने के लिए दरवाजा खोलना चाहा तो दरवाजा अंदर से बंद मिला खिड़की से अंदर झांककर देखा तो बहनोई शरीफ का शव कुंडे से लटकता देख उसके होश उड़ गये।

डीएम ने गेहूं क्रय केंद्र व राशन वितरण की जानी हकीकत

●एक राशन की दुकान पर मशीन में तकनीकी दिक्कत की मिली शिकायत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बीकेटी के गेहूं खरीद केंद्र का जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। केंद्र पर क्षेत्रीय उप जिलाधिकारी को ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभ दिया जाए। साथ ही किसानों को भुगतान में देरी न करने का आदेश दिया है । वहीं मामपुरबाना खरीद केंद्र पर मशीन में गड़बड़ी की शिकायत पाई गई ।

बुधवार को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश द्वारा तहसील बक्शी का तालाब ग्राम साढामऊ स्थित गेंहू क्रय केंद्र व ग्राम मामपुरबाना व ग्राम देवराई कला में राशन वितरण प्रणाली का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में जिलाधिकारी के साथ उप जिलाधिकारी बीकेटी संतोष कुमार, तहसीलदार बीकेटी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी और दूसरे अन्य अधिकारी भी रहे। ग्राम साढामऊ स्थित गेंहू क्रय केंद्र पर जिलाधिकारी द्वारा बाट माप विभाग की टीम के साथ निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा क्रय केंद्र पर अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ज़्यादा से ज़्यादा किसानों से खरीद की जाए और किसानों को क्रय केंद्र पर आने के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही किसानों का भुगतान करने में भी देर नही की जाए। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा ग्राम मामपुरबाना में जांच के दौरान कोटेदार प्रेमावती द्वारा गेहूं, चावल व चने आदि का वितरण कराया जा रहा था, जिसके बाद कोविड.19 के संक्रमण से बचाव के लिए मास्क लगाने और डिस्टेंसिंग करने के लिये निर्देशित किया गया। लोगों से बातचीत की गई राशन वितरण के संबंध में किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं पाएगी।

जिसके बाद ग्राम देवरी कला में जांच के दौरान मौके पर कोटेदार रोहन लाल उपस्थित रहे। उनके द्वारा बताया गया कि थम्ब मशीन कार्य नहीं कर रही है। जिसकी सूचना सप्लाई विभाग को दे दी गई है। कोटेदार द्वारा यह भी बताया गया कि थम्ब मशीन के ठीक से कार्य न करने के कारण वितरण कार्य बाधित होता है। उप जिलाधिकारी बीकेटी को निर्देशित किया गया कि ज़िला आपूर्ति अधिकारी से बात करके समस्या का निस्तारण कराया जाए। इसके साथ ही सप्लाई कार्यालय बीकेटी में 2 कार्मिकों को नियुक्त कर सभी कोटेदारों से बात कर किसी भी प्रकार की समस्या के संज्ञान लेकर जिला पूर्ति अधिकारी से निस्तारण कराया जाए। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा आम लोगों से राशन प्रणाली के सम्बंध में संवाद किया गया।

धूल-गुबार की समस्या को लेकर रेलवे को लिखा पत्र

संवाददाता। मोहनलालगंज

रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी से सीमेन्ट बनाने का कच्चा माल उतारे जाने से उठ रही धूल गुबार ने आसपास के लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। इस धूल को लेकर सीएचसी आवागमन कर रहे रोगी भी बेहद परेशान हैं। लेकिन रेलवे अधिकारी शिकायत को दरकिनार कर रहे हैं।

मोहनलालगंज रेलवे स्टेशन के आसपास काफी रिहायशी इलाका है। लेकिन स्टेशन पर मालगाड़ी से सीमेन्ट बनाने का कच्चा माल उतारे जाने के दौरान उठने वाली धूल की धुन्ध आसपास की बस्तियों में बसर कर रहे लोगों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव डाल रही है। पास में ही सीएचसी और कालेज भी मौजूद हैं। धूल गुबार से वहां आवागमन करने वालों को भी खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। सांस और फेफड़ों की बीमारी का शिकार होने से आशंकित लोगों ने रेल मंत्रालय को ट्वीटर पर शिकायत दर्ज कराई है। सीएचसी प्रशासन ने भी रेलवे अधिकारियों को पत्र भेजा है। वहीं आमजन की समस्या को लेकर विधायक अम्ब्रीश पुष्कर और यूपीसीएलडीएफ चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने भी डीआरएम को पत्र लिखकर आमजन की समस्या का निदान कराते हुए कच्चा माल कनकहा रेलवे स्टेशन पर उतरवाने की मांग की है।

सरकारी जमीन की कब्जेदारी को लेकर खूनी संघर्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● गुडम्बा के बिबियापुर गांव का मामला, भाजपा नेता व गनर समेत कई घायल

गुडम्बा के बिबियापुर गांव में सरकारी जमीन की कब्जेदारी को लेकर बुधवार को दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर से एक दूसरे पर हमला किया गया। घटना में भाजपा नेता व उसके सुरक्षा गनर समेत कई लोग चोटिल हुए हैं। पुलिस ने क्रॉस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गढ़ी चौकी प्रभारी अर्जुन द्विवेदी ने बताया कि बिबियापुर गांव में एक सरकारी जमीन पर स्थानीय निवासी व भाजपा के युवा मोर्चा पिछड़ा वर्ग के जिला उपाध्यक्ष अजय यादव और हनुमान यादव कब्जा करना चाहते हैं। मामला संज्ञान में आने में मंगलवार को एसडीएम बीकेटी ने रोक लगाते हुए जांच के निर्देश जारी किए थे। बुधवार को दोनों पक्ष एक दूसरे के सामने आ गए और जमकर ईंट पत्थर और लाठी डंडे एक दूसरे पर बरसाए। इससे अजय यादव व उनका गनर आनंद कुमार, सीमा यादव, सोनू और रामसिंह तथा हनुमान पक्ष की ओर से बबलू, रामू रामपाल यादव व प्रेमा यादव समेत कई अन्य को चोटें आई हैं। हालांकि ग्रामीणों ने फायरिंग होने की भी बात कही है। इंस्पेक्टर गुडम्बा रीतेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। वहींग्रामीणों ने बताया कि कुल सरकारी जमीन करीब पांच बीघा है। इसमें से करीब 10 हजार वर्ग फुट पर करीब चार साल पहले भाजपा नेता अजय यादव ने बाउंड्रीवॉल बनाकर कब्जा कर लिया था। आरोप है ग्रामीणों की शिकायत पर भी पुलिस व राजस्व टीम चुप्पी साधे रही। इधर कुछ दिनों से उसी जमीन पर अजय की ओर से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसकी शिकायत कई बार एसडीएम बीकेटी से भी की जा चुकी थी। आरोप है कि इसी बीच हनुमान ने भी कुछ जमीन पर कब्जा करना चाहा। जिसके कारण दोनों पक्षों के बीच तनातनी हो गई। मंगलवार रात में भी काम चल रहा था। जिसे डीसीपी उत्तरी के हस्तक्षेप के बाद रुकवा दिया गया था।

पिकअप चालक के खिलाफ दर्ज कराई चोरी और धोखाधड़ी की रिपोर्ट

संवाददाता। सरोजनीनगर

● पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही

सरोजनीनगर के एक ट्रांसपोर्ट के प्रबन्धक ने अपने ही पिकअप चालक के खिलाफ चोरी और धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ट्रांसपोर्ट प्रबन्धक का कहना है कि पिकअप चालक आए दिन ट्रांसपोर्ट से सामान ले जाते समय रास्ते में गाड़ी से कुछ सामान चोरी कर दूसरे के हाथों बेच देता था। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। बाराबंकी जिले के लोनी कटरा निवासी अमरेंद्र कुमार सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित केशव रोड करियर्स नामक ट्रांसपोर्ट के प्रबंधक हैं। अमरेंद्र का कहना है कि उनका पिकअप चालक उन्नाव जिले के मौरावां स्थित दिगपाल गंज निवासी विनोद कुमार यादव ट्रांसपोर्ट से अपनी गाड़ी में प्राय: बोरी के अंदर धान के बीज के पैकेट लेकर अलग-अलग स्थानों पर बीज एजेंसियों में पहुँचाने जाता था। आरोप है कि पिकअप चालक विनोद कुमार अक्सर रास्ते में प्रति बोरी से एक पैकेट निकाल कर रायबरेली के बछरावां स्थित पश्चिम गांव में एक बीज भंडार पर नियाज आलम के हाथों चोरी से बेच देता था। बाद में मियाज आलम के पास ही सिलाई मशीन से बोरी की नकली सिलाई कर देता था। लेकिन सुल्तानपुर स्थित रूद्र इंटरप्राइजेज नामक डीलर के यहां छानबीन के दौरान उसकी यह करतूत सामने आ गई। जिस पर उन्होंने इसकी सूचना प्रबंधक अमरेंद्र को दी। अमरेंद्र ने इस मामले में पिकअप चालक विनोद और रास्ते में पैकेट खरीदने वाले मियाज आलम के खिलाफ तहरीह दी है।

पतंग कटने पर भड़के युवक ने पड़ोसी पर किया हमला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पतंगबाजी के विवाद में युवक ने पड़ोसी युवक पर हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर दौड़े पड़ोसियों ने युवक की जान बचाई। इसी बीच आरोपी मौके से फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने चार घंटों में ही आरोपी को खोज निकाला और हिरासत में ले लिया।

बाज़ार खाला के कटरा खुदा यार खां सआदत गंज निवासी अंशुल सैनी बुधवार की दोपहर 3 बजे अपनी छत से पतंग उड़ा रहा था। पतंग उड़ाने के दौरान पड़ोस के रहने वाले हसनैन का पतंग कटने को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद हसनैन ने अंशुल सैनी पर कीले से जानलेवा हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से अंशुल ने शोर मचाया, मौके पर पहुँचे पड़ोसियों ने किसी तरह अंशुल को हसनैन से छुड़ाया और गंभीर रूप से घायल अवस्था मे उसे थाने ले गए जहाँ से उसे अस्पताल भेजा गया। वहीं आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस ने उसे तलाश कर लिया हिरासत में ले लिया। इंस्पेक्टर बाज़ार खाला विजयेन्द्र सिंह के मुताबिक पूछताछ में आरोपी ने बताया झगड़ा बढ़ने पर पास ही पड़े दीवार में लगाने वाले कीले से हमला करने के बाद भागते समय उसे तलाब में फेंक दिया था। जिसे आरोपी की निशानदेही पर पुलिस बरामद करने का प्रयास कर रही है। वहीं गंभीर रूप से घायल अंशुल को परिजनों ने ठाकुर गंज स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

खुलेआम शराब पीने का विरोध करने पर दबंगों ने पीटा

सरोजनीनगर। सरोजनीनगर में मंगलवार रात रास्ते में खड़े होकर शराब पी रहे दबंगों का विरोध करना एक स्कूल प्रबंधक को महंगा पड़ गया। नतीजा यह हुआ कि शराबी दबंगों ने उसके ऊपर असलहा तानते हुए उसकी पिटाई कर दी। बाद में डरा सहमा पीड़ित तहरीर लेकर संबंधित पुलिस बूथ पर पहुंचाए लेकिन आरोप है कि पुलिस बूथ पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तहरीर से बिना असलहा शब्द हटाए तहरीर लेने से मना कर दिया। बाद में मामला मीडिया तक पहुंचा तो उसकी तहरीर थाने पर ले ली गई। फ्लिहाल देर शाम तक मामले की रिपोर्ट नहीं दर्ज हो सकी थी। सरोजनीनगर के बदाली खेड़ा निवासी एक निजी स्कूल के प्रबंधक नवीन सोनी के मुताबिक मंगलवार रात वह अपनी बाइक से करीब 9 बजे इलाके में ही कानपुर रोड स्थित बाग नंबर .3 से वापस घर जा रहे थे। तभी घर के नजदीक पहुंचते ही रास्ते में तीन दबंग युवकों को शराब पीते देख उन्होंने मना किया। आरोप है कि शराब पीने से मना करने पर यहीं के रहने वाले तीनों युवकों ने प्रबंधक नवीन के ऊपर तमंचा तान दिया। नवीन का कहना है कि जब उन्होंने विरोध किया तो तीनों ने मिलकर उसकी वहीं पर पिटाई कर दी। बाद में डरा सहमा प्रबंधक किसी तरह का घर पहुंचा। पीड़ित नवीन की माने तो बुधवार सुबह वह मामले की तहरीर लेकर अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास कानपुर रोड किनारे मौजूद पुलिस बूथ पर पहुंचे तो वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उससे तहरीर से असलहा शब्द हटाने की सलाह देते हुए बिना असलहा शब्द हटाए तहरीर लेने से मना कर दिया। जिसके बाद पीड़ित प्रबंधक ने मीडिया कर्मियों को मामले से अवगत कराया। मीडियाकर्मियों के संज्ञान में आने के बाद सरोजनीनगर थाने पर उसकी तहरीर ले ली गई। फिलहाल देर शाम तक मामले की रिपोर्ट नहीं दर्ज हो सकी थी।

महिला सिपाही ने खाया जहर, हालत नाजुक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राजधानी के हज़रतगंज में तैनात एक महिला सिपाही ने जहर खा लिया। हड़कम्प मचा तो पुलिस ने आनन फानन में उसे बलरामपुर अस्पताल भर्ती कराया जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मूलरूप से मुरादाबाद निवासिनी प्रियंका यादव 25 हजरतगंज स्तिथ महिला थाने में तैनात है और डेढ़ माह से कोरोना सेल में ड्यूटी लगी थी। बताया जा रहा है कि मंगलवार को सरोजनीनगर थाने में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर तैनात एक परिचित सिपाही से हुई नोक झोंक के बाद बात बढ़ गई जिसके बाद मंगलवार की रात प्रियंका ने जहरीला पदार्थ खा लिया। वहीं सरोजनीनगर में मंगलवार रात मारपीट के आरोप में पकड़े गए एक युवक ने गुस्से में आकर थाने पर ही सैनेटाइजर पी लिया। सैनिटाइजर पीने की भनक पुलिस को लगी तो उसके हाथ पांव फूल गए। पुलिस ने उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जांच के दौरान उसकी हालत में सुधार होने पर चिकित्सकों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

वाराणसी के उपनिदेशक मंडी किए गए निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

वाराणसी में उप निदेशक निर्माण मण्डी राम नरेश को भ्रष्टाचार में लिप्त रहने के चलते तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। यह जानकारी निदेशक मंडी जेपी सिंह ने दी। निदेशक मंडी श्री सिंह ने बताया निलंबन के दौरान राम नरेश मुख्य अभियन्ता ग्रेड .2 कार्यालय ए मण्डी परिषद से सम्बद्ध रहेंगे। श्री सिंह ने बताया कि राम नरेश के द्वारा नवीन मण्डी स्थल करनैलगंज में निर्माण खण्ड गोण्डा की तैनाती के कार्यकाल में कराये गये गुणवत्ता विहीन कार्यों एवं अन्य अनियमितताओं के दृष्टिगत 4 दिसंबर 2019 द्वारा अनुशासनिक कार्यवाही प्रारम्भ की गई एवं अपर निदेशक प्रशासन को जॉच अधिकारी नियुक्त किया गया । राम नरेश के ही सम्बन्ध में जनपद गोण्डा एवं बलरामपुर में गड्ढामुक्तिकरण योजनान्तर्गत वैधानिक अनुमोदन से इतर जाते हुए 1184.92 लाख रुपए की धनराशि का भुगतान करने के गम्भीर आरोपों का मामला भी सामने आया। वहीं एक आडियो भी सामने आया जिसमे वह उच्चाधिकारियों के नाम पर ठेकेदारों से अवैध धनराशि की मांग कर रहे हैं । निदेशक मंडी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि इन्हीं सब मामलों को गंभीरता से लेते रामनरेश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

इंग्लैण्ड के छह विश्वविद्यालयों में सीएमएस छात्र का चयन

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) के मेधावी छात्र सलीम उस्मान ने उच्च शिक्षा हेतु इंग्लैण्ड के छह विश्वविद्यालयों में चयनित होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतिभाशाली छात्र ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता के दम पर यह उपलब्धि अर्जित की है एवं अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों व सीएमएस के वातावरण को दिया है। सलीम को इंग्लैण्ड की क्वीन्स यूनिवर्सिटी बेलफास्ट, यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग, यूनिवर्सिटी ऑफ केन्ट, किंग्स कालेज लंदन, यूनिवर्सिटी ऑफ वूल्वरहैम्पटन एवं लॉफबोरौघ यूनिवर्सिटी द्वारा उच्चशिक्षा का आमन्त्रण दिया गया है। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस वर्ष अभी तक सीएमएस के 85 छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों में चयनित होकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जिनमें से अधिकतर को स्कॉलरशिप प्राप्त हुई है।

इनामी बदमाश सहित कई वांछित गिरफ्तार

लखनऊ। राजधानी में लगातार चोरी, डकैती, लूट और हत्या जैसी घटनाओं में वांछित चल रहे बदमाशों को पुलिस दबोच रही है। शहर में रोजना के आंकड़ों पर गौर करें तो राजधानी पुलिस आए दिन आधा दर्जन से अधिक फरार आरोपियों को पकड़ रही है। लेकिन बदमाश कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। बुधवार को ठाकुरगंज पुलिस ने 25 हजार रूपए के इनामिया बदमाश राज हुसैन को धर दबोचा। जिसके विरुद्ध ठाकुरगंज थाने में कई केस दर्ज हैं। वहीं अलीगंज पुलिस ने फरार चल रहे बदमाश वेद प्रकाश को गिरफ्तार किया। इसी तहर से बंथरा पुलिस ने बुधवार को चोरी समेत विभिन्न मुकदमों में वांछित चल रहे आरोपी संजय यादव व अजय यादव को पकड़ा। जबकि काकोरी पुलिस ने लवकुश तिवारी, नौशाद व तालिब को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इससे पहले भी पुलिस ठाकुरगंज, चौक, चिनहट, गोमतीनगर, चिनहट, इन्दिरानगर, हजरतगंज, बंथरा सहित कई स्थानों से दर्जनों अपराधियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

सिपेट पाठ्यक्रमों में आवेदन की तिथि अब दो जुलाई

लखनऊ। सिपेट लखनऊ में विभिन्न पाठ्यक्रम जिनमें डिप्लोमा (डीपीटी व डीपीएमटी) के लिए 10वीं सम्मलित/ पास एवं पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पाठ्यक्रम जो बीएससी सम्मलित/ पासछात्रों/ छात्राओं के लिए हैं। इन पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि 02 जुलाई 2020 बढ़ायी गई है। आवेदन हेतु फार्म आनलाइन/आफलाइन के माध्यम से भरे जा सकते हैं। परीक्षा केन्द्र उत्तरप्रदेश के सभी बड़ें शहरों में रहेगें। प्रवेश परीक्षा कम्प्यूटर बेस टेस्ट के माध्यम से 12 जुलाई 2020 को करायी जायेंगी।

पीएम रिपोर्ट में खुलासा, मासूम की गला दबाकर की गयी थी हत्या

लखनऊ। राजधानी के हजरतगंज इलाके में मंगलवार को आठ साल की मासूम की संदिगध परिस्थितियों में मौत मामले में आयी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या का मामला सामने आया है। हत्या के विरोध में परिजनों व साथियों ने बुधवार को निशातगंज पुल केनिकट रोडजाम कर प्रदर्शन किया। बुधवार शाम अलका की गला दबाकर हत्या की पुष्टि होने के बाद आक्रोशित परिजनों व परिचितों ने अशोक मार्ग स्थित निशातगंज गोमती पुल पर शव रखकर जाम लगा दिया। शाम 6 बजे के बाद जाम लगने से अशोक मार्ग की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गइ। प्रदर्शन की सूचना पर एसीपी हजरतगंज अभय कुमार मिश्र,इंस्पेक्टर संतोष सिंह समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गया कई घंटे की मशक्कत के बाद आक्रोशित परिजनों को शांत कराके जाम को मुक्त कराया। विदित हो कि हजरतगंज के लक्ष्मण मेला मैदान स्थित सिकंदर नगर इलाके में 8 साल की मासूम बच्ची की रहस्यमय हालात में गला दबाकर हत्या कर दी बच्ची का शव उसके घर में ही तख्त के नीचे मिला घटना के दौरान पिता और मां काम पर गए थे जबकि बड़ा भाई की घर मौजूद नहीं था। चंद कदमों की दूरी पर रहने वाली बुआ घर पहुंची और उसे बेहोशी हालात में पड़ा देख परिजनों को इसकी सूचना दी। बच्ची को सिविल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार को बच्ची की गला दबाकर हत्या की जानकारी मिलते ही परिजनों और परिचितों ने पोस्टमार्टम के बाद शव को आशोक मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया।

मूलरुप से बिहार के रहने वाला राम खेत यादव अपने परिवार के साथ लक्ष्मण मेला मैदान के पास सिकंदर नगर में किराए के मकान में रहता है। वह रिक्शा चालक है और उसकी पत्नी हीरा लोगों के घरो में चौका बर्तन करती है।

स्कूटी से जा रहे बाप-बेटी से पल्सर सवार ले उड़े मोबाइल

● पांच दिनों तक पुलिस ने मामले को दबाये रखा

संवाददाता। निगोहां

पुलिस की खराब छवि के चलते निगोहां क्षेत्र में अपराधों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। जबकि बढ़ते अपराधों व खनन को लेकर कुछ दिन पहले ही तत्कालीन थाना प्रभारी चिरंजीव मोहन को एस पी ग्रामीण ने लाइन हाजिर कर थाने पर ही तैनात इंस्पेक्टर अपराध प्रेम सिंह को निगोहा थाने का चार्ज दिलाया था । लेकिन स्थितियों में बहुत बदलाव नजर नहीं आता दिख रहा।

बीते 28 मई को एक पिता अपने बेटी के साथ स्कूटी से बछरांवा जा रहे थे कि थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास स्थित एक ढाबे के पास दो बाइक सवार चलती स्कूटी से बाप बेटी से महंगा मोबाइल फोन छीन कर भाग निकले। दनदहाड़े हुई इस घटना से थाना क्षेत्र में दहशत का माहौल है। घटनाक्रम के अनुसार कस्बा निवासी रियाज अहमद सिद्दीकी बीते 28 मई को दोपहर लगभग 1 बजे अपनी बेटी शबीहा नाज को लेकर स्कूटी से किसी काम से बछरांवा जा रहे थे जहां टोल प्लाजा के पास पल्सर पर सवार दो अज्ञात लोगों ने ओवर टेक कर उनसे कीमती मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए। इसके बाद दिनदहाड़े हुई इस घटना की सूचना डायल 112 पर भी दी थी लेकिन कोई मदद नहीं मिली। लूट के भुक्तभोगी ने पूरे मामले की लिखित तहरीर निगोहां थाने में दी थी लेकिन सुनवाई नहीं हुई ओर न तो मुकदमा दर्ज किया । थाने के चक्कर काटने के बाद पुलिस ने बुधवार को अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं। निगोहा थाना प्रभारी प्रेम सिंह ने बताया कि लूट की घटनासंज्ञान में आने के बाद अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर टोल प्लाजा के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज निकाली गई है जांच पडताल हो रही मोबाइल नम्बर सर्विलांस पर लगा दिया गया है जल्द ही अपराधी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मॉर्निंग वॉक पर निकले बुजुर्ग से बाइक सवार बदमाशों ने लूटी चेन

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में लॉक डाउन में ढील मिलते ही बदमाश सक्रिय हो गए हैं। ताजा मामला ठाकुरगंज थाना क्षेत्र का है। यहां बेखौफ बदमाशों ने मॉर्निंग वॉक पर निकले बुजुर्ग को जमीन पर पटककर गले में पड़ी चेन लूट ली और फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस टीम पहुंची और आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किये। पुलिस ने घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज ढूंढ निकला। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लुटेरों की तलाश में जुट गई है। थाना प्रभारी पीके मिश्रा ने बताया कि बुजुर्ग की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लुटेरों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार बजरंगी लाल साहू इंटर कॉलेज के संस्थापक 70 वर्षीय बुजुर्ग गंगा प्रसाद साहू अपने परिवार के साथ चौक थाना क्षेत्र के नाई बाड़ा में रहते हैं। गंगा प्रसाद सुबह 4.45 बजे अपने घर से मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। बुजुर्ग की मानें तो उन्हें कालीचरण डिग्री कॉलेज के पीछे स्थित सरस्वती मंदिर के द्वार के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने रोका और उन्हें जमीन पर पटक दिया। इससे पहले कि कुछ समझ पाते बदमाश उनके गले से सोने की चेन लूटकर फरार हो गए।

रामलला छोटे हैं उनका मंदिर भी छोटा बनेगा: वासुदेवानंद

संवाददाता। अयोध्या

रामलला छोटे है इसलिए उनका मंदिर छोटा ही बनना चाहिए। मंदिर का शिखर ऊंचा हो जाने से उसके भव्यता का आकलन नहीं करना चाहिए। लाखों हिंदुओं के भावनाओं से पूजित शिलाओं से मांडल तैयार किया गया है। इसलिए भगवान रामलला का भव्य मंदिर उन्हीं पूजित शिलाओं से बनेगा। श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के 82वें जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व उनको बधाई देने अयोध्या पहुंचे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य जगतगुरु स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने मणिराम दास छावनी में प्रेस से मुखातिब होते हुए कहा। श्री सरस्वती ने कहा की प्रस्तावित मॉडल हिंदू जनमानस के मन में बसा हुआ है और उन्हीं जन भावनाओं के आधार पर भगवान श्रीराम का मंदिर 2 वर्षों में बनकर तैयार हो जाएगा।मंदिर के शिखर की ऊंचाई और भव्यता पर छिड़ी बहस पर उन्होंने कहा कि मंदिर के ऊंचाई से भव्यता का आकलन नहीं करना चाहिए। वहां रामलला मंदिर के साथ संत निवास रामकथा मंडपम रामायण पर अनुसंधान और पुरानी धरोहरों को सजान का कार्य भी किया जाएगा। मंदिर की ऊंचाई बढ़ाने को लेकर छिड़ी बहस के सवाल पर कहा कि रामलला छोटे ही हैं इसलिए उनका मंदिर भी छोटा बनेगा। लेकिन राम मंदिर परिसर को अति भव्यतम रूप प्रदान किया जाएगा। राम मंदिर स्थापत्य कला का बेजोड़ नमूना होगा ।राम मंदिर की ऊंचाई को लेकर प्रश्न खाना खड़ा करने वालों पर कहा कि लोगों को अपनी महत्वाकांक्षा पर नियंत्रण रखना चाहिए। 500 वर्षों का संघर्ष राम मंदिर के लिए किया गया है। वर्तमान पीढ़ी जल्दी राम मंदिर निर्माण चाहती है। बेहतर होगा कि भाजपा की सरकार रहते ही अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो जाए। वासुदेवानंद सरस्वती शाम के सत्र में राम जन्मभूमि में राम लला की आरती और दर्शन पूजन कर। राम मंदिर के निर्माण कार्यों की समीक्षा भी करेंगे। वासुदेवानंद सरस्वती के शिष्य व अखिल भारतीय संत समिति के मंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा की रामलला का मंदिर निर्माण शीघ्र हो जाना चाहिए नहीं तो देश में कुछ लोग इस में अड़चन डालने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि अभी मंदिर का समतलीकरण ही चल रहा था कि देश के विपक्षी नेता यह कह कर मंदिर निर्माण कार्य में अड़चन डालने का प्रयास कर रहे थे कि अभी देश में कोरोना चल रहा है मंदिर निर्माण कार्य को रोक दिया जाए जो भी लोग इसके भव्यता की बात कर रहे हैं वह कहीं ना कहीं मंदिर निर्माण कार्य में अड़चन डालना चाहते है और इन्हीं लोगों के बयानों के कारण पाकिस्तान के विदेश मंत्री भी राम मंदिर निर्माण और भारत में मुस्लिमों की उपेक्षा की बात कर रहे हैं ऐसे में भगवान राम का भव्य मंदिर इसी मॉडल पर शीघ्र अतिशीघ्र बनके तैयार होना चाहिए। इस अवसर पर मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास जी उपस्थित रहे।

बाइक सवारों ने अधेड़ पर किया जानलेवा हमला

हैदरगंजबाजार, अयोध्या पुराने विवाद के चलते घात लगा कर बैठे विरोधियों ने बाइक सवार 55 वर्षीय अधेड़ के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। लाठी.डंडों से हुई पिटाई के दौरान हेलमेट ही जीवनदान का सहारा बना। हाथ पैर टूटने के बावजूद हेलमेट ने सिर पर गंभीर चोट होने से बचा लिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए चिकित्सालय भेजा। और मिली तहरीर के अनुसार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी। थाना क्षेत्र हैदरगंज के खोधू पुर गांव निवासी जैशराज यादव अपनी बाइक से डीजल लेने हैदरगंज बाजार जा रहे थे। गांव से कुछ दूर रास्ते पर गांव के ही पुराने विरोधी राधेश्यामए विपिन रोमेश एशैलेंद्र एसिकंदर ने बाइक रुकवा कर लाठी.डंडों से प्रहार शुरू कर दिया। पिटाई के चलते जहां हाथ पैर फैक्कर हो गए वही हेलमेट के कारण सिर का बचाव हो सका सर फटने से बच गया। बाइक को छतिग्रस्त कर दिया।

सनखरी गांव में चार बुजुर्ग मिले कोरोना पॉजिटिव मरीज

संवाददाता। बीकापुर, अयोध्या

बीकापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सनखरी गांव में मुस्लिम परिवार के 30 मई को चारो लोग बम्बई से आए थे। जिन लोगों का एल एम् डाभासेमर मसौधा 1 मई को कोरोना एमबूलेंस से लेकर जाकर नमूना निकाल जांच के लिए भेजा गया था।और चोरों लोगों होम क्वारंटाइन के लिए घर वापस लाकर छोड़ दिया गया। सीएचसी बीकापुर अधीक्षक एकेअंसारी ने बताया कि तीन मई को मुंबई से आए चार जिनकी उम्र 62, 50, 58 एक महिला है 56 वर्ष, कोरोना से पांजिटिव चारों की रिपोर्ट आने पर स्थानीय प्रशासन को सूचना मिलने पर खलबली मच गई। गांव के आने जाने वाले सही मार्गों को सील करने के लिए अमली जामा की तैयारी शुरू कर दिया गया है। स्वास्थ्य टीम भी चारों कोरोना से संक्रमित मरीजों को झुनझुनवाला विद्यालय में बने कवारंटाइन में रखने की तैयारी बना रहा है।

पूराकलन्दर थाना क्षेत्र में तीन लोग मिले कोरोना संक्रमित, गांव हुआ सील

हनुमतनगर, अयोध्या। पूराकलन्दर थाना क्षेत्र के नरायनपुर में दो तथा मधुपुर गाँव में एक कोरोना संक्रमित मिला यह तीनो लोग कुछ दिन पूर्व मुम्बई से आये थे तीनो मरीजो को आइसोलेट कर परिवार के लोगो को क्वारनटीन करने की तैयारी की जा रही है। पूरा बाजार क्षेत्र के नरायनपुर गाँव में पति.पत्नी लगभग सप्ताह भर पूर्व मुम्बई से आये थे जो मुम्बई में गोदना गोदने का कार्य करते थे जंहा इनके वापस आने पर इनका सैम्पुल जाँच के लिए भेजा गया जिनका बुधवार को रिपोर्ट आयी तो उसमे कोरोना संक्रमित मिला। मधुपुर गाँव में भी एक युवक सप्ताह भर पूर्व मुम्बई से आया जिसकी जाँच रिपोर्ट कोरोना संक्रमित आयी नरायनपुर और मधुपुर दोनों बगल के गांव है जिसमे गोदनहार का आधा मधुपुर और आधा नरायनपुर गाँव में लगता है तीनो एक साथ मुम्बई से आये और साथ में ही जाँच हुई तीनो मरीजों को स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर साथ ले गयी जिसको आइसोलेट करा दिया और अब परिवार के सदस्यों को क्वांटीन करने की तैयारी की जा रही है। पूराकलन्दर थानाध्यक्ष मारकण्डेय सिंह ने पुष्टि करते हुए कहा की उस पुरवे को सील कर दिया गया है जिससे दोनों गाँव में भी लोग आ.जा न सके एक किलोमीटर की दूरी से ही गाँव को सीज कर दिया गया है।

कोरोना चैंपियंस को स्वास्थ्य विभाग ने दी विदाई

गोरखपुर। रेलवे अस्पताल से पहली बार 9 कोरोना मरीज स्वस्थ होकर अपने जनपद के लिए रवाना हो गए। इन मरीजों में पांच देवरिया जनपद के थे जबकि चार महराजगंज के। इनका कोरोना रिपोर्ट निगेटिव आ गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. श्रीकांत तिवारी और रेलवे अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा निदेशक डॉ. नंवल किशोर यादव ने इन सभी कोरोना चैंपियंस को फ्ल, स्वच्छता किट और ड्राई फ्रूट देकर विदाई की। रेलवे अस्पताल की व्यवस्था से संतुष्ट इन मरीजों ने अस्पताल को धन्यवाद देते हुए गोरखपुर के स्वास्थ्य महकमें को भी शुक्रिया अदा किया। चैंपियंस का कहना था कि रेलवे अस्पताल में न केवल उनका इलाज हुआ है, बल्कि उन्हें मनोवैज्ञानिक संबल भी मिला है। चौंपियंस को भावभीनी विदाई दी और साथ में होम क्वारंटीन रहने और फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करने समेत अन्य सभी एहतियात बरतने को कहा।

बाढ़-बचाव कार्य प्राथमिकता के साथ करें पूरा: मंडलायुक्त

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर ने बाढ़ बचाव कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया है। उन्होंने मण्डल के सभी नगर निकायों को निर्देश दिया कि 15 जून तक सभी नाले की सफाई करा ली जाये और निकला हुआ कचरा सही जगह पर तत्काल प्रभाव से निस्तारित कराया जाये। इसके साथ ही रेग्युलेटरों के सर्विसिंग कार्य को अविलम्ब पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उक्त निर्देश मण्डलायुक्त ने आयुक्त सभागार में आयोजित बाढ़ की तैयारी एवं आपदा प्रबंधन विषयक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी उप जिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के तटबंधों का निरीक्षण कर लें और यदि कही कोई कठिनाई दिखे तो अपने जनपद के जिलाधिकारी को अवगत करायें ताकि उसका निराकरण कराया जा सके। उन्होंने ड्रोन की व्यवस्था करने के साथ ही बाढ़ चौकियां, राहत कैम्प, नावों/मोटर बोट, नाविक, प्लास्टिक, पशुओं का चारा, खाद्य सामग्री, दवाओं की समुचित व्यवस्था कर लेने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। मण्डलायुक्त ने कहा कि बंधों की मरम्मत का कार्य प्रमुखता के आधार पर किये जाये और पूर्ण कार्यों का सत्यापन अवश्य कराया जाये। कन्ट्रोलरूम को 24 घंटे क्रियाशील रखने के साथ ही उसके दूरभाष नम्बर का प्रचार प्रसार भी जन जागरूकता के दृष्टिगत कराया जाये ताकि स्थानीय जन को यदि कोई समस्या आती है तो वे तत्काल प्रशासन को अवगत करा सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि किसी भी प्रबंधन में कार्य योजना जब तैयार की जाये तो कोरोना के दृष्टिगत मास्क, साबुन, सिनेटाइजर आदि को भी अवश्य रखा जाये।

कोरोना पॉजीटिव का गांव सील

गोरखपुर। कोविड-19 के दृष्टिगत प्रभावी लॉक-डाउन के दौरान ग्राम नवापार तथा परमेश्वरपुर ब्लाक चरगावा एवं ग्राम उस्का थाना पिपराइच में कोरोना पॉजीटिव पाए जाने के कारण कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने के दृष्टिगत से उक्त ग्राम के 01 किमी. के परिधि क्षेत्र को हॉट-स्पाट घोषित करते हुए उक्त ग्राम से 03 किमी. परिधि सीमा को पूरी तरह से सील करते हुए उक्त परिधि सीमा में आवागमन एवं खाद्य दुकानों/प्रतिष्ठानों को खोलने से प्रतिबंधित किया गया था। वर्तमान समय में उक्त ग्रामों के पॉजीटिव व्यक्ति का इलाज प्रारम्भ होने पर वर्तमान समय में उनकी जांच रिपोर्ट निगेटिव पाए जाने के कारण शासन के निर्देशानुसार उक्त ग्राम में कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने हेतु लगाया गया प्रतिबंधात्मक आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है, किन्तु उक्त क्षेत्र में वर्तमान में प्रभावी लॉक-डाउन के प्रोटोकाल का अनुपालन किया जाना आवश्यक है।

पुलिस ने किया हत्याकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा गोरखपुर

हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के देवराड़तुला गांव में बीते रविवार की रात में हुई हत्या का खुलासा पुलिस ने आज हत्याभियुक्तों को गिरफ्तार कर किया। हत्या करने के बाद आरोपी फरार चल रहे थे। एसपी साउथ विपुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर हत्याभियुक्तों की गिरफ्तारी व घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी। हत्याभियुक्तों की गिरफ्तारी में टीम लगी हुई थी कि मुखबीर की सूचना पर मुखबीर को साथ लेकर पुलिस टीम सहजनवा रेलवे स्टेशन पर पहुंची जहां से अभियुक्त कहीं भागने की फिराक में थे । मुखबिर के इशारे पर पुलिस टीम ने स्टेशन के बने बेंच पर एक ही साथ बैठे तीन अभियुक्तों को घेर कर पकड़ लिया । पकड़े गए अभियुक्तों में अजय प्रताप सिंह, विशाल सिंह उर्फ गोलू पुत्रगण राम अधीन सिंह, विजय प्रताप सिंह उर्फ संतोष सिंह पुत्र फूल देव सिंह निवासी गण देवराड़तुला थाना हरपुर बुदहट शामिल हैं। पुलिस ने अभियुक्तों के गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजनों को दी। पुलिसिया पूछताछ में अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस टीम ने हत्या में प्रयुक्त दो अदद आला कत्ल, एक अदद लाठी का टुकड़ा, एक अदद ईंट, शेर सिंह के बगीची के पास स्थित नाले से बरामद किया। हत्याभियुक्तों ने बताया कि मृतक दयानंद की हत्या करने व उसके परिजनों को मारने पीटने के बाद भागते समय हत्या में प्रयुक्त इन सामानों को उसने फेंक दिए थे। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष देवेंद्र लाल, उपनिरीक्षक फुलिंदर यादव, कांस्टेबल सुनील वर्मा, बृजेश यादव ,जनार्दन यादव, मीना मिश्रा शामिल रहें।

जिले की सीमा पर रात भर होती रही ट्रक चालकों से लूट

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

● बेखबर सोती रही पुलिस,आधा दर्जन ट्रक चालकों से लूट की खबर, एक चालक ने दी तहरीर

थाना क्षेत्र जहाँगीर गंज अंतर्गत तिलकटंडा पुल के समीप जनपद की सीमा पर बदमाशों ने ट्रक चालक तथा उसके सहयोगी से असलहे के बल पर मारपीट कर हजारों की नकदी लूट लिया। इस दौरान कई अन्य ट्रकों को लूटे जाने की चर्चाएं है। सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंची तो बदमाश मौके से फरार हो चुके थे। घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार जहांगीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ोसी आजमगढ़ जनपद की सीमा को जोड़ने वाले नरियांव सिकंदरपुर मार्ग पर स्थित तिलकटंडा गांव के निकट बीती मंगलवार की रात को आजमगढ़ जनपद के तहबरपुर थाना अंतर्गत धानी पुर निवासी ट्रक ड्राइवर मुकेश कुमार पुत्र ज्ञान चंद्र डीसीएम लेकर जहांगीरगंज की तरफ आ रहा था।आरोप है कि उसी दौरान सूनसान रास्ते पर अवरोध खड़ा कर बदमाशों ने ट्रक को रोक लिया और असलहे के बल पर ट्रक चालक मुकेश तथा साथ में मौजूद उसके सहयोगी अमेठी जनपद के थाना पीपरपुर अंतर्गत गुरडी गांव निवासी कृष्ण कुमार पांडे पुत्र राधेश्याम से मारपीट कर 27 हजार से अधिक की नकदी लूट लिया । इसमें से मुकेश के पास से 22 हजार तथा कृष्ण कुमार के पास से 5200 की नकदी लूटी गई । बताया जाता है कि दोनों जनपद की सीमा को जोड़ने वाले पिकिया नदी के सुनसान मार्ग पर आधी रात से बुधवार की तड़के करीब 3:30 बजे तक चले घटनाक्रम में बदमाशों ने करीब आधा दर्जन ट्रकों को लूटपाट का शिकार बनाते हुए करीब डेढ़ लाख की नकदी लूट लिया। हालांकि पुलिस सिर्फ एक ही ट्रक चालक मुकेश से हुई लूटपाट की बात स्वीकार कर रही है क्योंकि मामले में अभी तक मुकेश ने ही तहरीर दी है। घटना की सूचना मिलने के बाद प्रभारी थानाध्यक्ष विजय तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक बदमाश भाग निकले। प्रभारी थानाध्यक्ष विजय तिवारी के मुताबिक ट्रक चालक मुकेश की तहरीर पर बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

जमीन कब्जेदारी को लेकर दो पक्ष भिड़े

अम्बेडकरनगर। जमीन के कब्जेदारी को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गये जिसमें दो लोग घायल हो गये। पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही सुरू कर दी है। घटना जलालपुर मालीपुर रोड स्थित रामजानकी मंदिर के निकट की है। कि बुधवार को विनोद कुमार यादव पुत्र देवेन्द्र नाथ यादव अपनी बैनामा सुदा भूमि पर हुए निर्माण को जे सी बी मशीन से गिराने गये थे । किराये पर रह रहे उमेश विश्वकर्मा पुत्र रामबली विश्वकर्मा आदि लोगो ने विरोध किया। देखते देखते दोनो पक्षो में मारपीट हो गयी जिसमें विनोद कुमार यादव को गंभीर चोट आयी है । सूचना पर पहुची पुलिस ने दोनो पक्षो को थाने ले आयी और विनोद कुमार यादव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया । प्रभारी निरीक्षक प्रदुम्न सिंह ने बताया कि घटना के बाबत कार्यवाही करायी जा रही है।

भाजपा बूथ अध्यक्ष हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

अम्बेडकरनगर। इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के करमपुर बरसावां गांव में रविवार की देर शाम हुई भाजपा बूथ अध्यक्ष की हत्या प्रकरण में पुलिस को बड़ी सफ्लता हासिल हुई है। इब्राहिमपुर पुलिस ने तीन नामजद अभियुक्तों में से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के दूसरे दिन पुलिस ने नामजद आरोपी शिवकुमार उर्फ टेलर और सतीश पुत्र देवी प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया है लेकिन अभियुक्त अभी भी पुलिस के गिरफ्त से बाहर है। पुलिस का दावा है कि दोनों आरोपियों को कड़ी मशक्कत के बाद मंगलवार की देर रात्रि को पकड़ा गया है। स्थिति जो भी रही हो लेकिन संबंधित प्रकरण के तीन नामजद आरोपियों में से दो नामजद आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं जिन को जेल भेजा जाएगा । चर्चा यह भी है की हत्या के नामजद आरोपी सतीश पांडे पुत्र देवी प्रसाद ने घटना की रात ही सेवा गंज चौकी पर स्वयं को सरेंडर कर दिया था। गौरतलब है कि रविवार की देर रात्रि राजकुमार पुत्र रघुनंदन पाण्डेय निवासी करमपुर बरसावां की गाँव के ही सतीश पाण्डेय के ट्यूबवेल पर फावड़े से प्रहार कर निर्मम हत्या कर दी गई थी। ग्रामीणों के अनुसार खेत मे पानी चलाने को लेकर विवाद हुआ और सभी नशे में धुत्त थे जिसके बाद विवाद इतना आगे बढ़ गया सतीश ने अपने साथियों के साथ मिलकर राजकुमार की हत्या कर दी।

1159 यात्रियों के साथ आयी श्रमिक सुपरफास्ट

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

श्रमिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 06041 चेन्नई (तमिलनाडु)से चलकर अकबरपुर रेलवे स्टेशन पर अपरान्ह एक बजे पहुंची । श्रमिक सुपरफास्ट ट्रेन में कुल 1159 यात्री सवार थे। इस दौरान मौके पर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र , पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी,मुख्य विकास अधिकारी अनूप कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी वीरेन्द्र कुमार सिंह एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। ट्रेन के रेलवे स्टेशन पहुंचने के उपरांत सभी यात्रियों को क्रमवार ट्रेन से उतारते हुए पानी की बोतल, बिस्किट एवं बच्चों के लिए दूध उपलब्ध कराया गया। फिर सभी को बसों में बिठाकर सुरक्षित एकलव्य स्टेडियम ले जाया गया । इसके उपरांत सभी यात्रियों को भोजन कराया गया। साथ ही साथ इन सभी यात्रियों का थर्मल स्कैनिंग जांच कराने के उपरांत इन्हें इनके गंतव्य के लिए बसों में बिठाकर रवाना किया गया।

तीन कोरोना संक्रमित मिले

अम्बेडकरनगर। जिले में कोरोना संक्रमण के तीन और मरीजों के मिलने की पुष्टि हुई है जिसको लेकर कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 72 पर पंहुच गई है। कटेहरी विकास खण्ड के पियारेपुर गांव में एक ही परिवार के तीन सदस्य कोरोना से संक्रमित पाये गये हैं। पियारेपुर गांव में कोरोना संक्रमित मरीज पाये जाने के बाद प्रशासन वहां निरोधात्मक कार्य करने की तैयारी में जुट गया है। यह सभी लोग नवोदय विद्यालय में एकांतवास में हैं। इन्हें अब रमाबाई महाविद्यालय में स्थित एकांतवास में रखा जायेगा।

घरेलू विवाद में फांसी पर झूली विवाहिता, मौत

बीकापुर, अयोध्या। पति पत्नी में सुबह किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद 32 वर्षीय पत्नी पुष्पा ने फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। ग्राम प्रधान मोहम्मद मुस्लिम शेख ने घटना की सूचना स्थानीय कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने लटकते शव को नीचे उतरवाया और कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। 2 मई मंगलवार को देर शाम को बीकापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोछा मंगलवार को देर सायं काल राम सुरेश यादव की पत्नी पुष्पा देवी कमरे के अंदर फैन बाकस के सहारे साड़ी का फंदा गले में डालकर झूल गई।जब पति खेत से शाम के वक्त घर आया और पत्नी को आवाज लगाई कोई उत्तर न मिलने पर कमरे के पास गया देखा की लगे लोहे का दरवाजा अंदर से बंद है। खिड़की से जाकर देखा तो फांसी के फंदे से झूला रही थी। बाहर आकर आसपास लोगों से घटना के बारे में जानकारी दी। देखते देखते काफी भीड़ जमा हो गई।ग्राम प्रधान को भी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे एस आई चन्द्रशेखर यादव ने हमराही सिपाही व ग्रामीणों की मदद से लटके शव को नीचे उतरवाया और कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर रात में ही पीएम के लिए जिला चाक घर भेजा गया है। मृतका अपने पीछे दो बच्चे लक्ष्मी यादव तीन वर्षए सानिया पांच साल है, वहीं दूसरी तरफ पति.पत्नी में हुई विवाद की सूचना पर उसके मायके रनापुर थाना इनायत नगर से महिला के पिता माता बहन भी आ गये थे। पुलिस टीम इस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

बेडशीट व शौचालय की गन्दगी की शिकायत पर बिफरे डीएम

संवाददाता। अम्बेडकरनगर।

रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय, अकबरपुर में जनपद के 38 लोग जो संक्रमित हैं उन्हें क्वारंटीन किया गया है। इन सभी का हाल जानने के लिए जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र एवं पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने अचानक पहुंचकर वंहा की गतिविधियों का जायजा लिए । मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार भी उपस्थित थे । जिलाधिकारी ने इस दौरान मरीजों से उनके खान-पान एवं रहन सहन के बारे में पूछा। जिलाधिकारी के पूछे जाने पर क्वॉरेंटाइन किए गए लोगों ने अवगत कराया कि नाश्ता एवं भोजन समय से प्राप्त हो जाता है । आज के मीनू के अनुसार नाश्ते में चना- चाय दिया गया था । भोजन में पूरी, सब्जी ,दाल ,चावल ,सलाद दिया गया था । भोजन एवं नाश्ता ठीक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता जाहिर की । इसके बाद जिलाधिकारी को क्वॉरेंटाइन किए गए लोगों ने अवगत कराया कि बेडशीट 3 दिनों से नहीं बदला गया है, शौचालय भी लगभग एक हफ्ते से साफनहीं किया गया है जिस पर नाराज जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए मौके पर उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी मरीजों का बेडशीट तत्काल बदला जाए। साथ ही साथ शौचालय की सफाई त्वरित सुनिश्चित की जाए

भाजपा नेत्री ने सौंपा अंग वस्त्र व मास्क

अम्बेडकरनगर। तहसील क्षेत्र आलापुर अंतर्गत ग्राम फत्तेहपुर खास निवासी समाजसेवी वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद मोइन को भाजपा नेत्री एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की जिला संयोजिका एवं समाजसेविका डॉक्टर पूनम राय ने अंग वस्त्र सैनिटाइजर व मास्क प्रदान कर सम्मानित किया।मालूम हो कि समाजसेवी अधिवक्ता मोहम्मद मोईन बीते 2 माह से कोरोना वारियर्स को विविध तरीके से सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ा रहे हैं तथा जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री एवं अंग वस्त्र तथा मास्क इत्यादि जरूरी सामान मुहैया करा रहे हैं। समाजसेवी अधिवक्ता ने सैकड़ों जरूरतमंदों गरीब मजलूम विधवा आदि की लॉकडाऊन के अवधि में निजी स्तर से मदद की जिसकी क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है। इसी सराहनीय काम को देखते हुए डॉक्टर पूनम राय अपने निजी आवास पर मो मोईन को सम्मानित किया।

बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षा का अंतिम अवसर

गोरखपुर। माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा इंटरमीडिएट की परीक्षा में सम्मिलित हुए छात्र-छात्राओं जिनकी प्रयोगात्मक परीक्षा किन्ही कारणों से संपादित नहीं हो सकी अथवा ऐसे छात्र-छात्राएं जो उच्च न्यायालय के आदेश से लिखित परीक्षा में सम्मिलित हुए किंतु उनकी प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित नहीं हो सकी, उन्हें 9 और 10 जून को जनपद मुख्यालय स्थित राजकीय जुबली इंटर कॉलेज पर उपस्थित होकर प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित होने का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है । यह जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक गोरखपुर ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह भदौरिया ने दी है।

प्रत्येक ग्रामीण का हो स्वास्थ्य परीक्षणः डीएम

गोरखपुर। जिलाधिकारी के. विजयेन्द्र पाण्डियन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. सुनील गुप्ता ने आज बड़हलगंज के चैनपुर, बेलसड़ी, आनन्दगढ़, महुआपार, सहसो डाड हाटस्पाट का निरीक्षण कर गांव में किये जा रहे सैनटाइजेशन एवं स्वास्थ्य जांच की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उप जिलाधिकारी गोला एवं बासगांव को निर्देशित किया कि गांव के प्रत्येक नागरिक का स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य रूप से कराया जाये तथा गांव में ही लोगों को राशन, सब्जी आदि उपलब्ध कराया जाये। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

एक के विरुद्ध छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

मिल्कीपुर, अयोध्या। खण्ड़ासा थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की के साथ छेड़छाड़ के मामले में रौनाही थाना क्षेत्र के कलाफरपुर मुबारकगंज निवासी एक युवक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। लड़की के पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि रविवार सोमवार की रात उनकी पुत्री घर के बरामदे में सोई थी। रात लगभग 11 बजे एक युवक घर में घुस गया और बेटी का मुंह दबाकर उठाकर ले जाने का प्रयास करने लगा इतने में बेटी ने गुहार लगाई जब तक परिवार के लोग कुछ समझ पाते युवक फरार हो गया। बेटी ने युवक को पहचान लिया एयुवक सोनू का उसी गांव में ननिहाल है और वह गांव में आता जाता रहता था। युवक की पहचान रौनाही थाना क्षेत्र के कलाफरपुर मुबारकगंज निवासी सोनू पुत्र सुरेंद्रनाथ के रूप में हुई। घटना में युवक को शरण देने वाले उसके मामा के संलिप्तता की भी पुलिस जांच कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त युवक द्वारा ही एक वर्ष पूर्व भी उसी गांव में इसी प्रकार की एक घटना को अंजाम दिया गया था लेकिन परिजनों ने लोक लाज के भय से कोई पुलिसिया कार्यवाही नहीं की थी। ग्रामीणों के अनुसार गुहार लगने के बाद गांव के बाहर थोड़ी दूर पर खड़ी एक कार पर सवार होकर युवक व उसके सहयोगी फरार हुए हैं। उक्त कार से ही लड़की का अपहरण करने की तैयारी की गई थी। जो गुहार लगने के कारण ग्रामीणों की दौड़ लेने पर नाकाम हो गई। प्रभारी थानाध्यक्ष खण्ड़ासा प्रेमशंकर पाण्डेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

मामूली विवाद में मारपीट

हनुमतनगर, अयोध्या। पूराकलन्दर थाना क्षेत्र के फिरोजपुर गाँव में मामूली कहासुनी के बाद मारपीट हो गयी जिसमे एक युवक को चोटे आयी चोटहिल थाना पर पंहुचा जंहा पुलिस को तहरीर दी जिसपर पुलिस ने चार लोगो के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर चोटहिल को मेडिकल के लिए भेज दिया। फिरोजपुर गाँव में मामूली जय प्रकाश सिंह और शशांक सिंह के बीच कहासुनी हुई फिर मारपीट हो गयी जिसमे जय प्रकाश सिंह को चोटे आयी चोटहिल थाना पर पंहुचा जंहा पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने जय प्रकाश सिंह पुत्र शिवाकान्त सिंह की तहरीर पर शशांक सिंह पुत्र अर्जुन सिंह सहित चार लोगो विरूद्ध धारा 323, 504, 506 के अन्तर्गत रिपोर्ट दर्जकर चोटहिल को मेडिकल के लिए भेज दिया। पूराकलन्दर थानाध्यक्ष मारकण्डेय सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद धारा परवर्तित कर दिया जायेगा।

भयभीत दिल्ली सरकार

सील कर दीं सीमाएं

क्या दिल्ली सरकार स्वयं को अपने चारों ओर के उन क्षेत्रों से अलग कर सकती है जिनको राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-एनसीआर कहा जाता है? ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि ऐसे कदम के समग्र सामाजिक, सांस्कृतिक व आर्थिक प्रभावों पर विचार होना चाहिए। खासकर वैश्विक महामारी के समय संबंधित तीनों राज्यों-दिल्ली, उत्तर प्रदेश व हरियाणा के मुख्यमंत्रियों के बीच कोविड-19 प्रबंधन के लिए बेहतर क्रियान्वयन रणनीति विकसित होनी चाहिए। ऐसे समय सीमाएं सील करने से लाभ के बजाय हानि अधिक होगी जब क्षेत्रीय विकास इंजन में फैली आर्थिक गतिविधि पर लगाम लगाना अनुचित है। वर्तमान मामले में जहां उत्तर प्रदेश ने कहा है कि उसके यहां मामलों में 42 प्रतिशत संक्रमित दिल्ली के हैं और इसके जवाब में अरविंद केजरीवाल सरकार ने कहा है कि दिल्ली के अस्पताल केवल उसके निवासियों के लिए हैं। तथ्य यह है कि इस क्षेत्र में उपनगरीय इलाकों में कार्यस्थल या घर होने के कारण लोगों का आवागमन बहुत अधिक है, ऐसे में उनके प्रति गलत व्यवहार से सामान्य स्थिति बहाल करने में कठिनाई होगी। वैश्विक महामारी के समय ऐसी स्थिति नहीं बननी चाहिए। यह मामला केवल सेवा क्षेत्र का नहीं, बल्कि लाखों श्रमिकों का भी है जो जिलों व राज्य सीमाओं के आरपार काम करते हैं। ऐसे में सीमाएं सील करने का अर्थ विस्थापन की एक और लहर को जन्म देना हो सकता है। नागरिकों से सलाह लेना अच्छी बात है, पर ऐसे समय राजनीतिक लोकलुभावन के बजाय नेताओं के विवेक पर आधारित होनी चाहिए। मुख्यमंत्री केजरीवाल का यह कहना गलत नहीं है कि राज्य में स्वास्थ्य सेवायें मुफ्त तथा पड़ोसी राज्यों से काफी बेहतर हैं। इसलिए कोरोनावायरस संक्रमण मामले बढ़ने से उनको डर है कि बाहरी मरीजों के इलाज से शहर के स्वास्थ्य ढांचे पर बोझ बढ़ेगा। लेकिन तथ्य यह है कि कोविड-संक्रमित न होने की स्थिति में भी दिल्ली के पूर्व निवासी होने के कारण एनसीआर के बहुत से लोग दिल्ली अस्पतालों में नियमित रूप से जाते हैं। इसके अलावा सभी कोविड मामले दिल्ली अस्पतालों तक नहीं पहुंचेंगे। वास्तव में, सभी पड़ोसी राज्यों को उत्तर भारत के सबसे ज्यादा क्लस्टरों वाले शहरों में संक्रमण प्रबंधन के लिए चिकित्सा संसाधनों का साझा करना चाहिए।

व्यापक यथार्थ यह है कि निजी और सरकारी अस्पतालों में कोविड बिस्तरों व वेंटीलेटरों की व्यवस्था पर दबाव है। दिल्ली सरकार के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अगले 30 दिनों में कोरोना मामलों में वृद्धि की आशंका है, इसलिए गंभीर रोगियों के लिए 10,000 बिस्तर निर्धारित किए गए हैं। वर्तमान समय में राजधानी में कोविड मामले रोज 5.9 प्रतिशत की दर से बढ़ रहे हैं तथा वे हर 12.8 दिनों में दूने हो रहे हैं, जबकि राष्ट्रीय औसत 16.8 दिन है। हालांकि, दिल्ली में परीक्षण दर सबसे अधिक प्रति मिलियन जनसंख्या पर 10,881 है, जबकि राष्ट्रीय औसत प्रति मिलियन 2,675 टेस्ट है। दिल्ली प्रशासन ने कोविड केयर केन्द्रों में बिस्तरों की संख्या बढ़ा कर 10,000 करने का निर्णय किया है जो वर्तमान समय में 6,000 हैं। सात अप्रैल को केजरीवाल ने कहा था कि बिस्तरों की संख्या बढ़ा कर 30,000 की जाएगी जो उस समय 3,000 थी, लेकिन सात सप्ताह बाद सरकारी व निजी अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या केवल 5,100 है। अब आप सरकार को प्रयास तेज करने पड़े हैं। शहरों पर संक्रमण का बोझ देखते हुए मुंबई के बाद दिल्ली का दूसरा स्थान है जहां संक्रमित मामले 35,000 से अधिक हो गए हैं। इसका प्रभाव नोयडा, गुरुग्राम और गाजियाबाद पर पड़ता है। उत्तर प्रदेश में एल-1, एल-2 व एल-3 स्तर के कोविड अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या 78,033 है और इस प्रकार वह देश में रोगियों के लिए एक लाख बिस्तरों की तैयारी तक पहुंचने के लिए प्रयासरत पहला राज्य है। क्षेत्रीय नियोजन के लिए खासकर अंतर-राज्य संस्थान एनसीआर प्लानिंग बोर्ड का गठन किया गया है। इसे संक्रमण रोकने के लिए सशक्त बनाने की जरूरत है।

भारत-चीन रिश्तों में उतार-चढ़ाव

सीमा पर तनाव को देखते हुए भारत को चीन को उसके ही खेल में मात देने के प्रयास करने होंगे। उसे बयानबाजी पर संयम बरतते हुए अपनी शक्ति बढ़ाने के साथ सैनिक-आर्थिक क्षमता मजबूत कर शांति की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

भूपिंदर सिंह
लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी एवं पूर्व उप राज्यपाल हैं

भारत-चीन संबंधों में उतार-चढ़ाव आते रहे हैं, पर वे 2017 में डोकलाम गतिरोध के बाद सबसे निचले स्तर पर हैं। अब दोनों पक्ष एक विमर्श तैयार करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में स्पष्ट तथ्यों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। बयानबाजी में वर्तमान तेजी का मुख्य कारण अत्यधिक 'राजनीतिक संकट' है जो कोविड वैश्विक महामारी के कुप्रबंधन से पैदा हुआ है। इससे बीजिंग व नई दिल्ली दोनों प्रभावित हुए हैं। इस प्रकार समाज को भ्रमित करने की इच्छा साझा रूप से पाई जाती है। दोनों देशों की सरकारें अत्यन्त गंभीर संकट को अपने लिए अवसर में बदलने के प्रयास कर रही हैं।

हालांकि, नई दिल्ली इस प्रकार का भ्रम नहीं पैदा कर रही है, पर स्पष्ट रूप से यह चीन द्वारा परिस्थितिजन्य पसंद का कारण है। शी जिनपिंग की सरकार को वर्चस्ववादी 'चीनी सपने' के कारण वैधता प्राप्त है और अचानक इसे झटका लगने से कोविड-19 के भारी आर्थिक-सामाजिक परिणाम हो सकते हैं। इसके साथ ही अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध व हांगकांग में विस्फोटक स्थिति जैसी समस्यायें भी हैं। चीन के 'एक देश, दो व्यवस्थायें' सिद्धान्त की घोर विरोधी ताइवानी राष्ट्रपति साई इंग-वेन के पुन: निर्वाचन से भी उसे झटका लगा है। ऐसे में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग देश की जनता को भ्रम में डालने के लिए कुछ 'उपलब्धियां' दिखाना चाहते हैं। वे भ्रम 'पैदा करने' के लिए देशभक्ति के परीक्षित फार्मूले पर चलने का प्रयास कर रहे हैं।

ऐसे समय मीडिया भ्रम पैदा करने तथा भावनायें भड़काने का सर्वाधिक महत्वपूर्ण साधन बन जाता है जो जनता का ध्यान असली मुद्दों से हटाता है। ऐसे परिदृश्य में ही शी जिनपिंग का यह विचित्र तथा अनेक सवाल पैदा करने वाला बयान सामने आया जिसमें कहा गया था कि 'वैश्विक महामारी नियंत्रण प्रयास सामान्य होने के बाद युद्ध की तैयारी व व उसके प्रशिक्षण के रास्ते खोजना जरूरी हो गया है।' इसमें किसी 'दुश्मन' का नाम नहीं लिया गया था, लेकिन यह वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए ताइवान, अमेरिका या भारत हो सकते हैं। शायद भारतीय मीडिया का एक हिस्सा युद्धोन्माद पैदा करने की अपनी आदत के चलते इस जाल में फंस गया और उसने अपने भ्रामक दृष्टिकोण के कारण नागरिकों को उकसाया। अति-राष्ट्रवाद टीआरपी बढ़ाने का भी रास्ता है। हालांकि, इसके साथ ही इस दृष्टिकोण से भारतीय क्षमताओं को 'सकारात्मक' तरीके से पेश करने का अवसर मिलता है। मीडिया में मचे शोर शराबे के बावजूद आधिकारिक अवस्थापना ने असाधारण खामोशी बनाए रखी जो पाकिस्तान के मामले में अपनाए जाने वाले सामान्य दृष्टिकोण के उलट थी। हमारे व खासकर पड़ोसी देश के विदेश नीति विचारकों को इस तथ्य से परेशानी हो रही थी कि परंपरागत सहयोगी नेपाल, बांग्लादेश व श्रीलंका चीन के प्रति अप्रसन्नता प्रकट कर रहे थे। भारतीय राजनय अपनी पुरानी प्रवृत्तियों से प्रभावित थी और शायद अमेरिकी दृष्टिकोण में वर्तमान उथलपुथल से बचने का प्रयास कर रही थी।

तथ्य यह है कि चीन का विस्तारवादी एजेंडा है, जबकि भारत का ऐसा कोई विचार नहीं है। यह चीनी राजनीति व उसकी शतरंजी चालों से स्पष्ट होता है। चीजों से इनकार करना और धोखा देना चीनी राजनय के मानक अंग हैं और भारत द्वारा संबंध सुधारने के अनेक प्रयासों का इन पर कोई असर नहीं पड़ता है। जब शी जिनपिंग का अहमदाबाद में स्वागत हो रहा था तब उसी समय पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए सीमा पर घुसपैठ कर रही थी। लेकिन उसी चीन को अंतरराष्ट्रीय आतंकी मसूद अजहर के मामले में भारत के खिलाफ वीटो करने में कोई कष्ट नहीं होता है जो चयनित रूप से 'ड्रैगन-हाथी टैंगो' की बात करता है। चीन की इस 'होमटाउन राजनय' से प्रभावित होना हमें हिंदी चीनी भाई भाई युग की याद दिलाता है। भारत व चीन के बीच सीमा विवाद दशकों पुराना है, पर उसे द्विपक्षीय संबंधों में सुधार से अलग करने पर सहमति बनी है। वर्तमान समय में इस राजनयिक समझदारी में टूट स्पष्ट दिख रही है। दोनों देशों को बयानबाजी को बढ़ावा देने के बजाय इसे कम करना चाहिए। चीन भी इस कठिन समय में एक सीमा से अधिक जाकर एक और 'मोर्चा' खोलने के लिए तैयार नहीं हो सकता है।

शी जिनपिंग की सरकार को वर्चस्ववादी 'चीनी सपने' के कारण वैधता प्राप्त है और अचानक इसे झटका लगने से कोविड-19 के भारी आर्थिक-सामाजिक परिणाम हो सकते हैं। अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध व हांगकांग में विस्फोटक स्थिति जैसी समस्यायें भी हैं। ऐसे में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग देश की जनता को भ्रम में डालने के लिए कुछ उपलब्धियां दिखाना चाहते हैं।

इसलिए वर्तमान प्रकरण की धूल छंट जाने के बाद दोनों पक्ष यही दावा करेंगे कि उन्होंने 'एक दूसरे को नुकसान पहुंचाया' है। इससे दोनों देशों की जनता ऊर्जान्वित होगी तथा नेता इस दौर में 'विजय' पाने के बाद भ्रम पैदा करने के नए तरीके खोजेंगे। लेकिन इसमें 'राजनयिक परिवर्तनशीलता' का जरूरी मुद्दा भुला दिया जाएगा। यथार्थ यह है कि भले ही भारतीय सशस्त्र बल संख्या व संसाधनों में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए के सामने कुछ कम हों, पर यथार्थ यह है कि 2020, 1962 नहीं है। चीन यह भी जानता है कि केवल संख्याबल अधिक होना ही काफी नहीं है। भारत के साथ नाथू ला व चो ला में सीमित युद्धक कार्रवाई या 1979 में वियतनामी सेनाओं के खिलाफ ज्यादा विस्तृत युद्ध इसकी पुष्टि करता है क्योंकि चीन को दोनों ही अवसरों पर चोट खानी पड़ी थी।

चीन के लिए सबसे बुरी बात यह है कि सबसे बड़ी सेना होने के बावजूद पीएलए को कभी युद्ध का समुचित अनुभव नहीं मिला, जबकि भारतीय सैनिकों का युद्ध का अनुभव है और उनकी क्षमता सिद्ध है। चीनी लेनदेन में माहिर हैं और जानते हैं कि कब कितना प्राप्त किया जा सकता है। वे अपनी सक्रियता पहले से निर्धारित स्तर पर बनाए रखते हुए इस महाद्वीप में मामले गरम रखेंगे तथा नए मुहरे तलाशेंगे। उनको भारतीय राजनय को सीमित रूप से भ्रमित करने का एक सुविधाजनक अवसर मिला है और सरकार ने उनको अनचाहे यह मौका दिया है।

भारत के लिए सबसे बड़ा सबक यही है कि वह स्वयं अपनी जादुई आक्रामकता के जाल में न फंसे तथा रक्षा व अर्थव्यवस्था में 'प्रमुख' चीजों को मजबूत करे। वर्तमान समय में राजनयिक गतिविधियां महत्वपूर्ण हैं, जबकि हम बड़बोले बयानों से स्थिति बिगाड़ कर छोटे पड़ोसियों को नाराज करते हैं तथा उनको चीन की गोद में बैठने को मजबूर करते हैं। चीन से बड़े पैमाने पर अमेरिकी कंपनियों के भारत आने की बात केवल सोशल मीडिया की कल्पना है। यह उसी तरह है जैसे कार्यकर्ताओं से चीनी उत्पादों के बहिष्कार की बात कही जा रही है। चीन के साथ व्यापार में विकृति की काफी जिम्मेदारी स्वयं भारत सरकार की है।

नागरिकों को सरकार पर दबाव डालना चाहिए कि वह पुरानी शैली की पेशेवर राजनय के रास्ते पर चले तथा अनावश्यक रूप से मीडिया में छवि बनाने या लगातार स्थाई रूप से एक आंख चुनावी संभावनाओं पर गड़ाए रखने से बचे। चीन भारत के 'नैतिक विचार' से डरता है जिसका अंतर्निहित प्रभाव दुनिया की राजधानियों में दिखता है। हमें चीन जैसा दिखना या उसके जैसा नहीं लगना चाहिए। शी जिनपिंग का 'राजनय के बारे में विचार' उनके वर्चस्ववादी इरादों के कारण माफी के योग्य नहीं है। भारत को गरम बयानबाजी घटा कर इसका 'प्रबंधन' करना होगा तथा अपनी सैनिक-आर्थिक स्थिति मजबूत करते हुए शांति व तर्क की दिशा में आगे बढ़ना होगा। भारतीय हाथी को शांत, बुद्धिमान और शक्तिशाली बने रहना होगा। इसके साथ ही उसे कभी ड्रैगन के आग उगलने वाले इरादों को भुलाना नहीं होगा।

डिजिटल जगत की ओर प्रस्थान करती राजनीति

अधिकतर राजनीतिक दलों ने संप्रेषण की परम्परागत पद्धतियों से दूर हटकर अपनी राजनीतिक लड़ाइयों को सायबर जगत में पहुंचा दिया है।

कल्याणी शंकर
(लेखिका राजनीतिक टिप्पणीकार एवं स्तम्भकार हैं)

कोविड-19 ने राजनीतिक समेत दुनिया में लगभग हर चीज की गत्यात्मकता को बदल दिया है तथा जीवन के सभी क्षेत्रों एवं सभी प्रकार की संस्थाओं के लिए चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। यह बात लोकतंत्र, नागरिक स्वतंत्रताओं एवं राजनीतिक दलों पर भी लागू होती है। अब स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि हमें इस वायरस के साथ जीने की कला सीखनी होगी, ऐसे में भारत में राजनीतिक प्रणाली कैसे सीखेगी और क्या यह बेहतरी के लिए होगा? कोरोनावायरस के फैलने के समय से, अधिकतर राजनीतिक गतिविधियां पीछे हो गई हैं और जनता तथा राजनेताओं के लिए यह महामारी की ध्यान का केंद्र बन गई है। राजनीति के क्षेत्र में मूलभूत बदलाव हो सकते हैं और यह नए परिदृश्य के साथ कैसे समायोजित करेगी यह स्पष्ट है कि सामाजिक दूरी, मास्क पहनना, समय-समय पर हाथ धोना व उन्हें विसंक्रमित करते रहना, भीड़ भरी जगहों पर जाने से परहेज करना आदि उपाय जारी रहने वाले हैं। अब अपने नेताओं को सुनने के लिए लाखों की संख्या में पार्टी समर्थकों की भीड़ जमा होने के दिन बीत चुके हैं।

अत: राजनीतिक दल भविष्य के लिए किस प्रकार रणनीतियां बना रहे हैं? उन्होंने पहले से ही डिजिटल मंचों, वीडियोकान्फ्रेंसिंग आदि संपर्क माध्यम अपनाने प्रारम्भ कर दिए हैं। जबसे इस महामारी की शुरुआत हुई है उन्होंने बड़ी जल्दी पोस्टर लगाने, पर्चे बांटने, घर-घर जाकर जनसंपर्क करने जैसी परम्परागत संप्रेषण पद्धतियों को त्यागना प्रारम्भ कर दिया है और अपनी राजनीतिक लड़ाइयों को साबर स्पेस में स्थानांतरित कर दिया है। अधिकतर राजनीतिक दलों तथा सरकारी कार्यालयों में भी वास्तविक बैठकों के आयोजनों के स्थान पर आभासी दूरसंवेदी मंचों का सहारा लिया जा रहा है।

भाजपा पहले से ही डिजिटल मंचों का इस्तेमाल करने के मामले में निपुण है और इनका इस्तेमाल वह 2014 से कर रही है। 2019 के चुनाव अधिकतर तो डिजिटल जगत में ही लड़े गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावों के दौरान अधिक संख्या में जनता को संबोधित करने के लिए वीडियोकान्फ्रेंसिंग तथा त्रिआयामी होलोग्राफिक प्रोजेक्शनों का इस्तेमाल किया था। पार्टी ने अपने लाभ के लिए नए माध्यमों का इस्तेमाल किया है और मतदाताओं के डिजिटल फाइलें एवं मोबाइल नंबर जुटाए हैं, जिससे उन तक पहुंचना आसान हो जाता है। पार्टी के पास सभी 543 लोकसभा सीटों के आंकड़े उपलब्ध हैं।

बदली हुई परिस्थितियों में, भाजपा छोटी-छोटी सभाओं एवं मतदाताओं के साथ डिजिटल संपर्क स्थापित करने की योजना बना रही है। नवंबर में बिहार विधानसभा के चुनाव होने हैं और अगली गर्मी में, तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल और असम में चुनाव होने हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस स्तम्भकार को बताया कि पार्टी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हो रही है। उनका कहना था कि, ''हम पहले से ही डिजिटल मंचों का इस्तेमाल कर रहे हैं। महामारी को देखते हुए हमें अपने चुनाव प्रचार अभियानों के लिए नए विचारों के बारे में सोचना होगा और हम आभासी रैलियां आयोजित करेंगे।''

जहां तक डिजिटल पहुंच का सवाल है, कांग्रेस पार्टी भी पीछे नहीं है और इस दिशा में आगे बढ़ रही है। कांग्रेस के मीडिया प्रमुख रणदीप सुरजेवाला के अनुसार, लाकडाउन के चलते परेशानी झेल रहे लोगों के लिए जनसहयोग बढ़ाने के उद्देश्य सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नेतृत्व में 28 मई को चलाए गए स्पीक अप इंडिया अभियान के दौरान पार्टी ने लगभग 10 करोड़ लोगों के साथ सबसे विशाल आभासी संपर्क बनाया था। उनका दावा है कि यह निश्चित रूप से विश्व रिकार्ड है। हमने स्वयं को नई परिस्थिति के अनुरूप ढाल लिया है। पार्टी ने अपने नेताओं, पदाधिकारियों, अखिल भारतीय कांग्रेस समिति पदाधिकारियों, जिला एवं बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को इसमें शामिल किया है जिनकी संख्या लगभग 50 लाख है। पार्टी आभासी पत्रकार सम्मेलनों एवं अर्थशास्त्रियों के साथ राहुल की बातचीत के लिए जूम ऐप का इस्तेमाल कर रही है। वो स्वीकार करते हैं कि सोशल मीडिया तथा डिजिटल मंच आगामी चुनावों में बड़ी भूमिका अदा करेंगे।

अन्य पार्टियां भी सहमत हैं कि अब डिजिटल संपर्क राजनीति का भविष्य है। माकपा महासचिव सीताराम येचुरी उल्लेख करते हैं कि लगभग प्रत्येक पार्टी की मजबूत आनलाइन मौजूदगी है। वामपंथ भी अपने कार्यकर्ताओं एवं जन संगठनों के माध्यम से जनता तक पहुंच बना रहा है। तृणमूल कांग्रेस नेता दिनेश त्रिवेदी, का भी मानना है कि भावी प्रचार अभियान अधिकतर सोशल मीडिया मंचों एवं डिजल मंचों पर होंगे। पूर्व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा कहते हैं कि राजनीतिक रूप से अब डिजिटल संचार पर निर्भरता अधिक होगी। अधिकतर राजनीतिक दलों के पास अब राजनीतिक रणनीतिकार एवं सूचना तकनीक इकाइयां मौजूद हैं जिन पर उनकी डिजिटल रणनीति संबंधी जिम्मेदारी है। चुनाव आयोग, जिसने 19 जून को 24 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव कराने की घोषणा की है, नए परिदृश्य के साथ निबटने को तैयार नजर आ रहा है। हालांकि, चुनाव आयोग का असली इम्तेहान बिहार के चुनावों में होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील इरोड़ा यह स्वीकार करते हुए कि बिहार चुनावों के समय को लेकर सोचना अभी बहुत जल्दबाजी होगी, उल्लेख करते हैं कि 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान भी चुनाव आयोग ने 80 वर्ष से अधिक आयु वालों एवं सैन्य बलों के लिए व्यवस्थाएं की थीं व पोस्टल मतपत्रों के द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई थी।

हालांकि, सभी राजनीतिक दलों के लिए तात्कालिक चुनौती लोगों को आश्वस्त करने की हे कि वे उनकके भले के लिए चिंतित हैं। यहीं पर पुरानी ग्राम पंचायतों एवं बूथ स्तरीय समितियों की भूमिका अहम हो जाती है। राजनीतिक दल मूलभूत पहलुओं की ओर वापस लौटकर डिजिटल मंचों के माध्यम से अपनी खंड एवं बूथ समितियों का इस्तेमाल संदेश प्रसारित करने के लिए कर सकते हैं, खासकर इसलिए क्योंकि 2022 तक भारत में मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने वालों की संख्या 859 मिलियन हो जाने की उम्मीद है। संक्षेप में, राजनीति पहले ही आभासी जगत की ओर प्रस्थान कर रही है और महामारी ने इस संक्रमण को और बढ़ावा दिया है।

आप की बात

लगातार बढ़ता संक्रमण

भारत में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। यह स्थिति तब हुई जब कठोर लॉक डाउन किया गया था भारत में संक्रमित मरीजों की संख्या के आधार पर भारत फ्रांस और जर्मनी को बचाते हुए सातवें स्थान पर काबिज पर है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के समूह ने कोरोना से संबंधित एक रिपोर्ट प्रधानमंत्री को पेश की थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि देश की घनी और मध्यम आबादी वाले क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण पूरी तरीके से फैल चुका है। ऐसे में सरकार को टेस्टिंग पर अधिक ध्यान देना चाहिए लेकिन सरकार ने वैज्ञानिकों की बातों को सिरे से खारिज करते हुए उसको निराधार बता दिया। यह सोचने वाली बात है कि देश में अब तक करीब 5000 से अधिक लोगों ने वैश्विक महामारी के चलते अपनी जान गवा दी है। लेकिन भारतीय सरकार यह मानने को तैयार नहीं है कि देश में जो वर्तमान समय हालात हैं वह बहुत ही खराब हैं ।क्योंकि स्वास्थ्यय विशेषज्ञों ने जो रिपोर्ट सरकार को सौंपी है उस रिपोर्ट में साफ-साफ इस बात का प्रमाण है कि वैश्विक महामारी का स्तर देश में बहुत अधिक बढ़ चुका है लेकिन सरकार रिपोर्ट को छुपाकर अपना पल्ला झाड़ने में जुटी हुई है।

– **योगेंद्र गौतम**, उन्नाव

लापरवाही का अंजाम

एक खबर के अनुसार दो केस मिलते ही सारी तरह की बंदी लगाकर कोरोना से जीता नामीबिया। इसे कहते हैं आग लगते ही तत्काल तत्परता से भावी व सख्त कदम उठाना। इसके विपरीत कोरोना ने अमेरिका, इटली, जर्मनी, ब्रिटेन व भारत सहित कई देशों में हड़कंप मचाया है तो तत्परता से कदम न उठाने व उदासीनता व लापरवाही भाव से नजर अंदाज करने का कु परिणाम है कि कोरोना ने दांतो तले उंगली दबवा दी। 10 जनवरी को हमारे देश में केरल राज्य में पहला कोरोना का केस आया था । अगर उसी वक्त तत्काल सख्ती से बंदी लगा देते व विदेशों से आने वाले यात्रियों को लाने की जल्दबाजी ना करते तथा उनको अलग-थलग रखते तो आज देश में कोरोना आग की तरह फैल नहीं पाता। राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने कई मौकों पर लॉक डाउन के नियमों की अनदेखी भी की है। केवल आम आदमी को कोरोना संक्रमण फैलाने का दोषी मानकर पीड़ा झेलनी पड़ी व पुलिस के डंडे खाने पड़े। जबकि उच्च पदों पर बैठे लोगों ने बंदिशों का उल्लंघन किया। नामीबिया की तरह अगर भारत के शासक 10 जनवरी से ही तत्परता व निष्ठा के साथ ध्यान देते तो हमारे देश में कोरोनावायरस इतनी आग नहीं उगलता।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

घर फूंक तमाशा

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा है कि उनकी सरकार अपने कर्मचारियों को वेतन नहीं दे सकती, अत: केंद्र उन्हें तत्काल 5000 करोड़ रुपये प्रदान करे। वाह, क्या बढ़िया बात है। पहले किसी धन-कुबेर के बिगडैल बेटे की तरह पैसा लुटाओ, और फिर बाप से मांगो। 2017-18 में कैग ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि दिल्ली सरकार ने 2 साल में अपना खर्चा 8,000 करोड़ बढ़ा लिया था। 32,000 करोड़ से वह 40,000 करोड़ पहुंच गया था। जब पैसा पास न हो तो किफ़ायत से चलना चाहिए। पर केजरीवाल अपनी मनमर्जी से पैसा खरचते हैं, सरकारी पैसा निजी प्रचार पर बहाते हैं, जिसके लिए वे हाईकोर्ट की लताड़ भी खा चुके हैं, जनता में मुफ्तखोरी को सीमातीत प्रोत्साहन देते हैं, और फिर वेतन देने के लिए रोते हैं। दिल्ली सरकार मस्जिद के इमामों को 18,000 रुपये और मोअज्जिनों को 16,000 रुपये प्रतिमास देती है? क्यों ? क्या ये किसी भी तरह सेक्युलर ठहराया जा सकता है? प्रतिवर्ष 30-35 करोड़ इस मद में बहाया जा रहा है।

– **अजय मित्तल,** मेरठ

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।

फरमाया

चीन ने भारत के साथ लगी नियंत्रण रेखा पर सेनाओं को आगे बढ़ाया है। तानाशाही हुकूमतें ऐसी कार्रवाइयां करती हैं जिनके प्रभाव होते हैं।
– **माइक पोम्पियो**
अमेरिकी विदेश सचिव

आपको दंगाइयों पर वर्चस्व स्थापित करना होगा। यदि आप नहीं करते जो वे आपको कुचल कर आगे बढ़ जाएंगे। आप ठगे से रह जाएंगे।
– **डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति

पुलिस प्रमुखों की ओर से मैं राष्ट्रपति से कहता हूं। यदि आपके पास कहने को रचनात्मक कुछ नहीं है तो अपना मुंह बंद रखें।
– **आर्ट ऐसीवेडो**
हूस्टन पुलिस प्रमुख

शिवकुटी के एक मकान में मिले खून के धब्बे, दंपति की हत्या होने का शक

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

- तीन दिनों से लापता हैं दंपति, भाई ने पुलिस को दी गायब होने की सूचना
- दोनों की खोजबीन में जुटी शिवकुटी पुलिस नहीं मिला दोनों का सुराग

प्रयागराज के शिवकुटी थाना क्षेत्र के मेंहदौरी मोहल्ले में रहने वाला मोहम्मद इरफान और उसकी पत्नी हुस्ना बेगम तीन दिन से लापता हैं। इरफान के घर में कई दिनों से किसी के घर से बाहर न निकलने पर इरफान के भाई रिजवान ने शिवकुटी थाने में इसकी सूचना दर्ज करायी है।

सूचना के बाद इरफान के घर पहुंची शिवकुटी पुलिस घर के अंदर का नजारा देख हतप्रभ रह गई। घर के अंदर फर्श पर पुलिस को कई जगह खून पड़ा मिला है। आशंका जतायी जा रही है कि दंपति के साथ कोई अनहोनी हुई होगी। शिवकुटी पुलिस ने दोनों की तलाश तेज कर दी है। शिवकुटी पुलिस को जानकारी दी गयी कि शिवकुटी थाना क्षेत्र के पुरानी मेंहदौरी निवासी 47 वर्षीय मोहम्मद इरफान घर में पत्नी हुस्ना बेगम के साथ रहते थे। तीन दिन से उनके घर से कोई बाहर नहीं निकला तो लोगों को शक हुआ। इसकी सूचना इरफान के भाई रिजवान ने शिवकुटी थाने पहुंच कर दी। रिजवान ने थाने में भाई इरफान और उसकी पत्नी हुस्ना बेगम के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए घर से गायब होने की तहरीर दी। इस पर पुलिस रिजवान की शिकायत पर इरफान के घर पहुंची तो वहां का नजारा देख दंग रही गयी। पुलिस को इरफान के घर में खून के धब्बे मिले हैं, लेकिन घर में इरफान और उसकी पत्नी हुस्ना नहीं मिले। कमरे से काफी दुर्गंध भी आ रही थी। पुलिस ने पूरे घर को देखा, लेकिन दंपति का कुछ पता नहीं चला। पुलिस दंपति की तलाश में जुटी है। इरफान के भाई रिजवान ने पुलिस को बताया कि इरफान के पास काफी संपत्ति है। कुछ दिन पहले ही इरफान ने कौशांबी जिले के पूरामुफ्ती स्थित जमीन को 28 लाख रुपये में बेचा था। पुलिस को शक है कि दंपति के साथ कोई अनहोनी के पीछे 28 लाख रुपये का मामला ही हो सकता है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।जब तक दंपत्ति मिल नहीं जाते कुछ भी कहा नहीं जा सकता। उधर रिजवान ने बताया कि इरफान पत्नी के साथ घर पर अकेले ही रहते थे, उनके कोई औलाद नहीं थी। इसकी जानकारी पाकर एसएसपी सत्यार्थ अनिरूद्ध पंकज फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। उधर आसपास के लोगों का भी जमावड़ा लग गया।

शूलटंकेश्वर एवं भीखमपुर नए हॉटस्पाट क्षेत्र बनाए गये

- एक्टिव मरीजों की संख्या 68 हो चुकी है

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

संक्रमित मरीज मिलने के कारण मंगलवार को रोहनिया थाना क्षेत्र के शूलटंकेश्वर और कपसेठी थाना क्षेत्र का भीखमपुर तथा आदमपुर थाना क्षेत्र के हनुमान फाटक में नए हॉट स्पॉट बन गए। इन्हें मिलाकर जिले में कुल हॉट स्पॉट अब 98 हो गये हैं।इनमें तीस ग्रीन जोन में आ चुके हैं। एक्टिव हॉटस्पॉट की संख्या 68 हैं। उनमें 31 आरेंज जोन एवं 37 रेड जोन में हैं।अब तक मदनपुरा, बजरडीहा, लोहता, गंगापुर, मड़ौली, अर्जुनपुर, रेवड़ी तालाब, सूर्यविला-महमूरगंज, काजीपुरा खुर्द, सोनिया, संजय नगर कालोनी, जेरगुलर-मुकीमगंज, सप्तसागर, काशीपुरा, हरतीरथ, छोटी पियरी, छित्तुपुर, कमालपुरा, सीर गोवर्धन, गोला, जयप्रकाश नगर, शिवाजी नगर-लंका, बागबरियार सिंह, लल्लापुरा, प्रतापपुर, मिर्जामुराद, पठानी टोला, दसरानगर,चुप्पेपुर एवं लच्छीपुर ग्रीन जोन में आ चुके हैं।

सीओ के गार्ड से चार साथी संक्रमित

वाराणसी। पुलिस उपाधीक्षक के गार्ड के कारण अब तक चार पुलिस कर्मी संक्रमित हो चुके हैं।इसमें दो बैरक नं08 के हैं। बनारस में अभी तक बीस पुलिसकर्मी संक्रमित हो चुके हैं। हालांकि 15 पुलिसकर्मी ठीक हो चुके हैं।

क्विक न्यूज

बहरिया में पिता ने बेटे को पीट-पीटकर मौत के घाट उतारा

प्रयागराज। बहरिया थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव में बुधवार को सनसनीखेज वारदात का मामला प्रकाश में आया है। सोनवर्षा गांव में पिता ने अपने तेरह साल के बेटे की डंडे से पीट पीटकर हत्या कर दी। बेटे की हत्या से से गांव में खलबली मच गई। सूचना पर बहरिया पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस आरोपी पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बहरिया थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव के उबैद ने अपने 13 वर्षीय बेटे फैजान की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि फैजान अक्सर घर से गायब हो जाता था। वह कई दिन बाद घर लौटता था। घरवाले पूछताछ करते तो वह विवाद करता था। बुधवार सुबह फैजान किसी बात पर अपने वालिद उबैद से कहासुनी करने लगा। इस बात से उबैद आग बबूला हो गया और डंडे से फैजान को पीटने लगा। सिर पर डंडे की चोट लगने से फैजान लहुलूहान होकर जमीन पर गिर पड़ा, जहां थोड़ी देर बाद उसकी मौत हो गयी। उधर बेटे को अचेत देखकर उबैद सहम गया। उसकी आंखों से आंसू निकल आए। उधर शोरगुल सुनकर आसपास के लोग भी जमा हो गए। पिता के बेटे की पीट पीटकर हत?या से गांव में खलबली मच गई। सूचना पर बहरिया पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपित पिता उबैद को हिरासत में ले लिया। इंस्पेक्टर बहरिया मनोज पाठक ने बताया कि पिता पुत्र के विवाद में घटना हुई है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि फैजान की गलत आदतों को लेकर घर वाले उसे डांटते थे। इसे लेकर आयदिन विवाद होता था।

भाजपा चौक मंडल कार्यकर्ताओं का हुआ अभिनंदन

प्रयागराज। भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने सर्वाय इंटर कॉलेज बहादुरगंज परिसर में बुधवार को जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन बनाने वाले भाजपा चौक मंडल के कार्यकर्ताओं का अंगवस्त्रम एवं पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चौक मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा लॉकडाउन की अवधि में कोरोना योद्धाओं के रूप में समाज के असहाय वंचित गरीबों के बीच में निरंतर भोजन आदि की व्यवस्था कर सेवा करने का अप्रतिम कार्य किया है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर शशि वार्ष्णेय, वरुण केसरवानी, राजेश केसरवानी, विवेक अग्रवाल, दिनेश विश्वकर्मा, लता उपाध्याय, राजू वर्मा, मोनू गुप्ता, शंभू शरण श्रीवास्तव, आलोक वैश्य, अमित गुप्ता, कृष्ण कौशल, राजीव गुप्ता, पंकज चौरसिया, सुरेश वर्मा, जगदीश पांडेय, मुकेश श्रीवास्तव, सोनू गुप्ता, दीपक केसरवानी, अन्नू गुप्ता, राजू केसरवानी, संतोष सोनकर उपस्थित रहे।

पुरानी परंपराओं पर कार्यक्रम का आयोजन 6 से

प्रयागराज। इतने सालों बाद भी समाज में आज भी बेटों को बेटियों की तुलना में ज्यादा महत्व दिया जाता है। समाज में प्रचलित पुरानी सोच और परंपरा को बदलने का प्रयास बिग मैजिक कर रहा है। हिन्दी भाषी बाजार में प्रमुख फ्री टू एयर जनरल एंटरटेनमेन्ट चैनल बिग मैजिक ने अपने लोगों के लिए 'घर की लक्ष्मी बेटियां' शो लेकर आ रहा है। इसका प्रसारण प्राइम टाइम स्लॉट पर किया जायेगा। इसके साथ ही यह शो पूरे परिवार का मनोरंजन भी करेगा। शो का प्रसारण 06 जून से सोमवार से रविवार रात नौ बजे बिग मैजिक पर होगा। इसका लक्ष्य युवा दर्शकों को लड़का लड़की के बीच समानता के बारे में बताने के साथ साथ समाज में बदलाव लाना है। बच्चों को नैतिकता का सही पाठ पढ़ाने के साथ यह शो अपने इस वादे पर कायम है कि परिवार को टेलीविजन देखने का ऐसा अनुभव मिले, जो कि उनकी जिंदगी को और भी बेहतर बना सके। शो में लोगों को एक प्रेरणादायी कहानी देखने को मिलेगी। क्योंकि इसमें दिखाया गया है कि किस तरह चारो बहनें सुख दुख में एक दूसरे के साथ खड़ी रहती हैं। यह शो निश्चित तौर पर एक रोमांचक तथा मजेदार अनुभव भी देने वाला है।

घाटमपुर में दो और कोरोना पॉजिटिव मिले

घाटमपुर। सजेती थाना क्षेत्र के यमुना तटवर्ती गांव भूरा का डेरा मजरा संभुई और कस्बा भीतरगांव के परौली गांव में बीते दिनों महिला सहित दो प्रवासी की कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद क्षेत्र में दो लोग कोरोना संक्रमिक पाये गये है। इन दोनों प्रवाशियों में एक दिल्ली और दूसरा बंम्बई से लौट है। बिकास खंण्ड पतारा के गांव हिरनी और तरगांव में दो प्रवाशियों के कोरोना संक्रमिक पाये जाने के बाद दोनों गांवों को सील कर संक्रमिक दोनो लोगों के सर्म्पक में आये लोगों की तलास कर उन्हें कवारंआइन किया जा रहा। नायब तहसीलदार हरिशचंद्र ने बताया कि गांव हिरना का संक्रमिक युवक बीते 4 दिन पूर्व बंम्बई से लौटा था तथा इसकी जॉच भी आते समय बंम्बई में ही हुई थी जॉच रिपोर्ट पॉजिटिव आने की सूचना के बाद उसे गांव से पकड़ कर रामा सेंन्टर भेज दिया गया है। जबकि तरगांव का संक्रमिक युवक दिल्ली से भी 5-6 दिन पूर्व आया था। उधर स्वास्थ्य बिभाग की टीम दोनों गांवों में प्रवाशियों के सर्म्पक में आने वाले 23 लोगों के उनके नमूने लेकर जॉच को भेजा है।

पेड़ पर युवक का लटकता मिला शव, सनसनी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

- थानाध्यक्ष ने बताया कि युवक ने ही लगायी फांसी
- बहन-बहनोई के यहां काफी दिनों से रह रहा था

चौबेपुर थाना क्षेत्र के कमौली(नेवादा)गांव में आज की भोर में एक 18 वर्षीय युवक की बड़हर के पेड़ में फांसी से लटकता हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव को बच्चे के देख लेने से वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा और इसकी सूचना गांव वालों दी। गांव वालों मौके पर पहुँचकर युवक की शिनाख्त प्रदुम्न राजभर 18 वर्ष के रूप में की गई। मृतक युवक अपने जीजा संजय राजभर के घर पर करीब एक वर्ष से रह रहा था। गांव वालों की सूचना 112 नंबर पर दी। थानाध्यक्ष चौबेपुर मनोज कुमार एवं चिरईगांव चौकी प्रभारी मौके पर पहुँचे और शव को उतरवाया व पीएम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष चौबेपुर ने बताया कि रोहनिया थाना क्षेत्र के जक्खिनी गांव का निवासी प्रदुम्न राजभर बचपन से ही कमौली नेवादा में अपने बहन के पास रहता था। लॉकडाउन से पहले वो मुम्बई गया था और वहॉ मजदूरी करता था। आज भोर में शौच के लिए गया और एक बगीचे में दुपट्टा के सहारे बड़हर के डाल से गले में फांसी लगा कर झूल गया। जब सुबह हुई तो एक बच्चा खेत में शौच के लिए पहुँचा तो देखा के बड़हर के पेड़ पर एक युवक की लटकती हुई लाश दिखा, देखकर जोर-जोर से चिल्लाने लगा। बच्चे की आवाज पर गांव वाले बगीचे में पहुँचे तो देखा कि प्रदुम्न राजभर नामक पेड़ की डाल पर झूल रहा है। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और पीएम के लिए भेज दिया।सूत्र बताते हैं कि युवक का किसी लड़की से प्रेम-प्रपंच चल रहा था। चिरईगांव चौकी प्रभारी ने मृतक युवक की मोबाइल अपने कब्जे में ले लिया है। सारी डिटेल से सही तथ्य सामने कुछ दिन में आ जायेगें।

बेटा निकला पिता का हत्यारा, आनंद के साथ मिलकर करायी थी हत्या

- सिज्जन यादव गैंग का सरगना है, मिथिलेश जो अभी फरार है, हत्या कराने के एवज में एक अपाचे बाइक व दो बिस्वा जमीन देने का वायदा किया था

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

फूलपुर पुलिस एवं क्राइम ब्रांच की टीम ने हाइवे पर से देर रात रमईपुर ईट भट्टा मालिक रामलाल पटेल उर्फ लाले की हत्या में शामिल आनंद यादव उर्फ पिन्टू को एक देशी पिस्टल, 32 बोर, दो जिंदा कारतूस एवं नगदी 700 रूपये एवं एक मोबाइल जो कि विवो का है के साथ गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने बुधवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकारों को बताया कि गिरफ्तार आनंद यादव का एक गैंग है जिसका सरगना सिज्जन यादव है। आनंद यादव यादव व मिथलेश पटेल नामक व्यक्ति ने सिज्जन यादव को 50 हजार रूपया व एक पिस्टल दिया था और सिज्जन से कहा कि भट्टा मालिक का बेटा लालबहादुर हत्या करवाना चाहता है। लेकिन सारी प्लान के बाद आनंद यादव व उसके साथी मिथलेश पटेल ने 19 मार्च को जब भट्टा संचालक रामलाल मंदिर में पूजा कर रहा था उसी दौरान उसके घर के पास गोली मारकर हत्या कर दी। उसके बाद बाबतपुर की तरफ भाग निकले। गिरफ्तार बदमाश के निशाने पर भट्टा मालिक का बेटा लालबहादुर पटेल को भी गिरफ्तार कर लिया है। लाबहादुर पटेल ने मीडिया को बताया कि भट्टा मालिक अपने बेटा को भट्टा से हटा दिया था, अभी हाल में एक जमीन को तीन लाख 20 हजार रूपये में बेचा था और सारा पैसा बड़े बेटे को दे दिया।इसी खुन्नस बस आनंद व सिज्जन यादव से मिलकर अपने पिता की हत्या का व्यूह रचा।वर्ष 2012 में आनंद यादव उर्फपिंटू ने हत्या करने के जुर्म में जेल जा चुका है।

पेड़ गिरने से होनहार बास्केटबाल खिलाड़ी की मौत

वाराणसी। श्री अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज वाराणसी के प्रबंधक अनिल कुमार जैन ने कहा कि महाविद्यालय के परमानंदपुर परिसर की होनहार छात्रा व बास्केटबॉल खिलाड़ी की मौत से पूरा महाविद्यालय परिवार अत्यंत मर्माहत व शोकमग्न है। ध्यातव्य है कि रात में आयी आंधी ने थाना शिवपुर के ग्राम चुप्पेपुर निवासी अधिवक्ता अजीत सिंह की पुत्री अनुष्का सिंह की जान ले ली। वह आंधी के दौरान बाग में थी, इसी बीच आम के पेड़ की मोटी डाली टूटकर उसके ऊपर गिर गयी, सिर कुचल जाने से मौके पर ही छात्रा ने दम तोड़ दिया। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यक्ष डॉ मृदुला व्यास ने बताया कि अनुष्का श्री अग्रसेन कन्या पीज्जी परमानंदपुर में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी और बास्केट बॉल की महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की टीम में थी और राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी थी। कई प्रतियोगिताएं जीत चुकी अनुष्का अच्छी खिलाड़ी तो थी हीए बहुत व्यवहार कुशल भी थी इनकी दो बड़ी बहिनें प्रियंका पटेल जो साईं भोपाल में पैदलचाल में प्रक्षिक्षणरत है।

बीएचयू ने 5 एम एंटी माइक्रोबियल मल्टीकेयर मास्क का किया निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

- इस मास्क के लगाने से वायरस खुद ही मर जाएंगें

वैश्विक महामारी बन कोरोना वायरस दुनिया के लिए एक चुनौती बन गया है। ऐसे में सामाजिक दूरी और फेस मास्क अब लोगों की जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन गया है। इसी क्रम में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ;काशी हिंदू विश्वविद्यालय में 5एम एंटी माइक्रोबियल मल्टीलेयर फेस मास्क का निर्माण किया गया है।इस फेस मास्क की बाहरी सतह पर एंटीबैक्टिरियल कोटिंग लगी है, जिससे वायरस और अन्य सूक्ष्म जीवाणु खुद व खुद समाप्त हो जाएंगे। मास्क की सतह पर हाइड्रोफोबिक सतह होने की वजह से वायरस युक्त ड्रॉपलेट्स ;पानी की छोटी.छोटी बूंदेंद्ध को टिकने नहीं देगा।संस्थान स्थित स्कूल ऑफ बॉयोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ मार्शल और उनकी टीम ने इस मास्क का निर्माण किया है। डॉ मार्शल ने बताया कि वर्तमान में बाजार में उपलब्ध ज्यादातर मास्क साधारण हैं। जो बेहतर मास्क की श्रेणी में आते भी हैंए उनकी बाहरी सतह पर सूक्ष्म जीवाणु चिपके ही रहेंगे, जिससे संक्रमण होने का खतरा बना ही रहेगा।

सीओ के गार्ड से चार साथी संक्रमित

वाराणसी। पुलिस उपाधीक्षक के गार्ड के कारण अब तक चार पुलिस कर्मी संक्रमित हो चुके हैं।इसमें दो बैरक नं08 के हैं। बनारस में अभी तक बीस पुलिसकर्मी संक्रमित हो चुके हैं। हालांकि 15 पुलिसकर्मी ठीक हो चुके हैं।

दीवार बनाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, मां-बेटियों सहित 5 घायल

- सजेती के बदले सिमनापुर की है घटना

संवाददाता घाटमपुर

बुधवार सवेरे थाना सजेती के गांव बदले सिमनापुर में आवाशीय भूमि में दीवार बनाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी, झगड़े में एक पक्ष की मॉ और उसकी दो बेटियों सहित 5 लोग घायल हो गयी, सभी घायलों की पुलिस सीएचसी इलाज के लिये भेजा है। बताया जाता है कि गांव निवासी रमेश निषाद और उसके पड़ोसी बृजेश व बबलू आदि से आवाशीय जगह को लेकर बिवाद है, आज सबेरे रमेश पक्ष के लोग दीवार बना रहे थे तभी दूसरे पक्ष ने बिरोध किया और बाद में मारपीट हो गयी। जिससे रमेश पक्ष में उसकी पत्नी नन्द कुमारी (45)उसकी पुत्री पूजा व वर्षना के अलावा दो अन्य लोग घायल हो गये। सजेती पुलिस ने बताया की तहरीर अभी किसी पक्ष की नही मिली है पर दोनों पक्ष एक ही बिरादरी के है।

संदिग्ध परिस्थितियों में अंग्रेजी शराब की दुकान में लाखों रुपये का सामान जलकर हुआ राख

कानपुर देहात। बीती रात नगर रसूलाबाद की अंग्रेजी शराब की दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग जाने से लाखों रुपये मूल्य की शराब जलकर नष्ट हो जाने का समाचार प्राप्त हुआ है ।दुकान मालिक रोहित सिंह ने लगभग पंद्रह लाख रुपये मूल्य की शराब जल जाने की सूचना पुलिस को दी लिखित शिकायत में की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर रसूलाबाद में रोहित सिंह के नाम अंग्रेजी शराब का ठेका है ।लॉकडाउन के चलते सात बजे सायं तक ठेका खुलने के आदेश के तहत रोज की भांति सेल्समैन निर्धारित समय पर ठेका बन्द करके अपने घर चले गए ।बीती रात अचानक ठेके से आग की लपटें निकलने पर मोहल्ले के लोगों की सूचना पर मालिक व सेल्स मेन आये ।इधर आग की सूचना पुलिस को मिलने पर फायर बिग्रेड की गाड़ी ने आकर आग पर काबू किया लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था दुकान मालिक रोहित सिंह ने अज्ञात कारणों से आग लगने व लगभग पन्द्रह लाख रुपये मूल्य की शराब नष्ट होने की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस शिकायत पर आगजनी के कारणों की जांच कर रही है।

कांग्रेस नेताओं ने मृतक किशोर के परिजनों को बंधाया ढांढस

- गत दिनों रामनगर में गंगा स्नान के दौरान पांच किशोर डूबकर मर गये थे

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

कांग्रेस के पूर्व विधायक अजय राय, नगर पालिका परिषद की चैयरमैन रेखा शर्मा सहित कई नेता बुधवार को रामनगर स्थित मुस्लिम परिवार के घर गये जहॉ गत दिनों गंगा स्नान के दौरान पांच मुस्लिम किशोर की मौत हो गई थी। पूर्व विधायक ने मृतक किशोर के परिजनों से मिले और उन्हें ढ़ाढ़स बंधाया। श्री राय ने कहा कि कांग्रेस के लोग आपके साथ हैं अगर जब भी कोई दिक्कत हो तो तत्काल फोन करना। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे, शैलेन्द्र किशोर पाण्डेय 'मधुकर',चंचल शर्मा, मनीष चौबे, मयंक चौबे, रोहित दूबे आदि लोग उपस्थित रहे।

डीएम ने ईको पार्क का निरीक्षण कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

कानपुर देहात(सं.)। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने माती मुख्यालय स्थित ईको पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत व उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि बरसात होने से पहने ईको पार्क में साफ सफाई व पेड, पौधे लगाने हेतु भूमि को अच्छे तरीके से गुड़ाई कराकर उसमें खाद, गोबर की पास आदि डालकर सही तरीके से भूमि को बना लिया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि ईको पार्क को पूर्ण रूप से हरा भरा बनाया जाये इसके लिए उद्यान विभाग व नगर पंचायत अकबरपुर एक दूसरे से समन्वय स्थापित करते हुए ईको पार्क में अधिक से अधिक पेड पौधे लगाये जिससे कि इस पार्क को पूर्ण रूप से संचालित किया जा सके। उन्होंने नगर पंचायत अकबरपुर अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अन्दर पार्क में काम दिखना चाहिए तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी। उन्होंने कहा कि पार्क में लाइट/प्रकाश व्यवस्था की समस्या है उसको ठीक कराये तथा सही तरीके से लाइट संचालित हो तथा पार्क में गार्ड की भी तैनाती की जाये जिससे कि पार्क में किसी भी प्रकार के अवांच्छि तत्वों का प्रवेश को रोका जा सके तथा पानी आदि की भी व्यवस्था की जाये। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा, ईओ अकबरपुर देवहूती पाण्डेय, जिला उद्यान अधिकारी आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

ऑनलाइन शैडो किक बाक्सिंग में युवा खिलाड़ियों का रूझान बढ़ा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

- जिला स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

कोरोना संकट काल में लागू लॉकडाउन के चौथे चरण में युवा खिलाड़ी भी नये सिरे से अपने शारीरिक दमखमएचुस्ती को बढ़ाने में जुट गये है। पिछले कई दिनों से लॉकडाउन के चलते शारीरिक अभ्यास से वंचित रहे युवा खिलाड़ी खास कर शैडो किक बाक्सिंग के युवा कोच की देखरेख में आन लाइन तैयारियों के साथ जिला और प्रदेश स्तरीय आन लाइन प्रतियोगिताओं में भी दमखम दिखा रहे है। शैडो किक बाक्सिंग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे राजमंदिर चौक निवासी किशोरवय खिलाड़ी अंश तिवारी ने गुरूवार को बताया कि किक बाक्सिंग के खिलाड़ी इन दिनों पूरे उत्साह के साथ आन लाइन अभ्यास में जुटे हुए है। अंश ने बताया कि लॉकडाउन के पहले हमलोग जिम में और खुले मैदान में किक बाक्सिंग का अभ्यास करते थे। लॉकडाउन शुरू होने के बाद अभ्यास थम सा गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारियों में किसी प्रकार का कोई दिक्कत न हो इसलिए कोच और किक बाक्सिंग एसोसियेशन आफ उत्तर प्रदेश के सचिव गोपाल सेठ ने हमलोगों को आन लाइन अभ्यास का रास्ता सुझाया। अंश तिवारी ने बताया कि पहले आन लाइन तैयारी अटपटा लगा। लेकिन कोच हमें लगातार प्रेरित करते रहे। जिसका नतीजा रहा कि जिला किक बाक्सिंग संघ की ओर से आयोजित जिला स्तरीय आन लाइन शैडो किक बाक्सिंग प्रतियोगिता के 13 से 18 वर्ष के आयु वर्ग में मैने स्वर्ण पदक जीत लिया। इस जीत के बाद उत्साह दुगुना हो गया। अब मैं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारी में दिन रात एक कर रहा हूं।

अंश तिवारी

कैसे होती है ऑनलाइन तैयारी: किक बाक्सिंग के किशोर वय खिलाड़ी अंश तिवारी ने बताया कि कोच गोपाल सेठ हमें वीडियो बनाकर लक्ष्य देते है। उस वीडियों के अनुसार हम लोग घर में फाइट का अभ्यास करते है। इसके बाद हमलोग अभ्यास का वीडियो कोच को भेजते है। फिर वे वीडियो को देख कमियां बताते है जिसे हम अभ्यास में दूर करते है।

लॉकडाउन के उल्लंघन पर चार दबंगों के खिलाफ मुकदमा

रूरा, कानपुर देहात(सं.)। दबंगों ने थाना क्षेत्र के धनीरामपुर गॉव में एक विशेष समुदाय के ऊपर ऐसा कहर बरपाया जिसकी मिसाल देना मुश्किल है। पीडित पक्ष की शिकायत पर बिना किसी हीलाहवाली के रूरा थाने ने तत्काल सुसॅगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। परन्तु शराब के साथ सत्ता का नशा दबंगों के सर से नहीं उतर पा रहा है। धनीरामपुर गॉव में मॅगल पाल पुत्र श्यामबाबू का आतॅक है मॅगल उप्र शासन में अपने सजातीय राज्यमंत्री का नजदीकी होने का दावा कर गॉव में अवैध वसूली कर निर्दोषों का उत्पीडन कर शराब सहित अपनी अन्य अयैशायियॉ पूरी कर रहा है। गॉव में उसके आतॅक का आलम यह है कि लोग उसे शराब पिलाकर रातों रात दूसरे की जमीन पर अवैध कब्जा करवा लेते है। गॉव के ही कुछ लोग जो कि अल्पसॅख्यक समुदाय का प्रतिनिधित्व करते है अपनी दो नम्बर की कमाई से शराब मॅगल को उपलब्ध करवा कर गॉव के साम्प्रदायिक सद्भाव का माहौल अपने निजी स्वार्थों के तहत पूरा कर रहे है। एक व्यक्ति ने तो घूरा डालने के स्थान पर अवैध कब्जा कर महलनुमा मकान ही खडा कर दिया है। दूसरा व्यक्ति अवैध ज्वलनशील पदार्थ बेंचता है तीसरा अवैध कब्जे की नीयत से अपना स्वार्थ पूरा होने की लालसा में तथाकथित राजनैतिक सॅरक्षण प्राप्त व्यक्ति को शराब पिलाकर समर्थन कर रहा है।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 4 जून 2020

ममता अपने खजाने से प्रवासी श्रमिकों को आर्थिक सहायता क्यों नहीं देती: विजयवर्गीय

भाषा। इंदौर (मध्यप्रदेश)

भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने बुधवार को आरोप लगाया कि कोविड-19 से उत्पन्न संकट के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तृणमूल कांग्रेस शासित इस सूबे के प्रवासी श्रमिकों के प्रति गैर जिम्मेदाराना रवैयाै अपना रही हैं। प्रवासी श्रमिकों को केंद्र द्वारा 10-10 हजार रुपए दिए जाने की ममता की अपील पर विजयवर्गीय ने सवाल किया कि खुद बनर्जी सरकार इन कामगारों को राज्य के खजाने से आर्थिक सहायता मुहैया क्यों नहीं करा रही है?

बनर्जी ने केंद्र सरकार से आज ही अपील की है कि वह कोविड-19 संकट के मद्देनजर प्रवासी श्रमिकों को 10-10 हजार रुपए की मदद दे। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विजयवर्गीय ने यहां संवाददाताओं से कहा, पश्चिम बंगाल में बनर्जी बतौर मुख्यमंत्री खुद सत्ता में हैं। वह वहां प्रतिपक्ष में नहीं हैं। उनकी सरकार अपने खजाने से प्रवासी श्रमिकों को आर्थिक सहायता क्यों नहीं देती? विजयवर्गीय, भाजपा संगठन में पश्चिम बंगाल के प्रभारी हैं। देश भर में बनर्जी ऐसी इकलौती मुख्यमंत्री हैं जो अपने ही प्रदेश के प्रवासी श्रमिकों के प्रति गैर जिम्मेदारै हैं और उन्होंने इन कामगारों की कोई चिंता नहीं की है।

भाजपा महासचिव ने कहा, लॉकडाउन के दौरान मध्यप्रदेश में फंसे करीब 20,000 प्रवासी श्रमिक अपने गृह राज्य पश्चिम बंगाल लौटना चाहते थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बनर्जी को बाकायदा पत्र लिखकर अनुरोध किया था कि उनकी सरकार मध्यप्रदेश से प्रवासी श्रमिकों को ट्रेन से पश्चिम बंगाल भिजवाने की अनुमति दे। लेकिन पश्चिम बंगाल सरकार ने इसकी मंजूरी नहीं दी। विजयवर्गीय के मुताबिक पश्चिम बंगाल सरकार के कथित असहयोग के बाद मध्यप्रदेश सरकार ने रेलवे के खजाने में खुद धन जमा कराया और प्रवासी श्रमिकों को उनके गृह राज्य भिजवाने के लिए तीन विशेष ट्रेनें बुक कराईं। भाजपा महासचिव ने दावा किया कि इन प्रवासी श्रमिकों ने विशेष ट्रेन के जरिए मध्यप्रदेश से पश्चिम बंगाल रवाना होते वक्त बनर्जी के खिलाफ नारे लगाए, जबकि चौहान के पक्ष में नारेबाजी की।

शरद पवार ने राकांपा कार्यकर्ताओं से चक्रवात प्रभावित लोगो की मदद करने का आग्रह किया

मुंबई। चक्रवात निसर्ग के बुधवार को महाराष्ट्र तट से टकराने पर राकांपा प्रमुख शरद पवार ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से तूफान प्रभावित लोगों की मदद करने का आग्रह किया। पवार ने एक बयान में कहा कि चक्रवात से सार्वजनिक और निजी संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचा है और राकांपा कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि वे आपदा से प्रभावित लोगों की मदद करें। इस बीच, बारामती से राकांपा सांसद सुप्रिया सुले ने ट्विटर के माध्यम से आग्रह किया कि तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोग घरों के अंदर रहें और राज्य सरकार के निर्देशों का पालन करें। चक्रवात निसर्ग आज 100 से 110 और 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक की हवाओं के साथ पास के रायगढ़ जिले में अलीबाग तट से टकराया जिसका मुंबई, ठाणे, पालघर, रत्नागिरि और सिंधुदुर्ग में भी असर पड़ा है।

अमृतसर में एमबीबीएस फीस बढ़ाए के विरोध में प्रदर्शन करते हुए मेडिकल छात्र

वैष्णो देवी में तीर्थाटन के वास्ते सुरक्षा संबंधी मानक संचालन प्रक्रिया का पूर्वाभ्यास शुरू

भाषा। जम्मू

श्री माता वैष्णोदेवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने जम्मू कश्मीर की त्रिकुटा पहाड़ी पर माता वैष्णोदेवी मंदिर में तीर्थाटन बहाल होने पर पालन की जाने वाली मानक संचालन प्रक्रिया के संदर्भ में पूर्वाभ्यास शुरू किया है। रियासी जिले के इस धमर्थस्थल का तीर्थाटन कोरोना वायरस महामारी के आलोक में 18 मार्च को बंद कर दिया गया था। अब इसे केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश के बाद ही बहाल किया जाएगा। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, गुफा धर्मस्थल और उसके मार्ग में दिशानिर्देश की प्रक्रिया के तौर पर मानक संचालन प्रक्रिया के संदर्भ में पूर्वाभ्यास शुरू हो गया है। गृह मंत्रालय से निर्देश जारी होने के बाद ही तीर्थाटन शुरू होगा। अधिकारियों ने बताया कि लोगों के बीच एक दूसरे से दूरी बनाकर रखने के लिए निशान डाले जा रहे हैं, घोड़ों और उनके मालिकों का मेडिकल चेकअप किया जा रहा है तथा मार्ग एवं गुफा में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं। बोर्ड श्रद्धालुओं के ऑनलाइन पंजीकरण पर विचार कर रहा है तथा श्रद्धालुओं पर समयबद्ध तरीके से नजर रखने के लिए जीपीएस आधारित व्यवस्था पर गौर किया जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे एक दूसरे से दूरी बनाने के नियम का पालन करें। उनके अनुसार विभिन्न स्थानों पर दरवाजों में फिट थर्मल स्कैनर लगाए जा रहे हैं तथा एक दूसरे से दूरी बनाए रखने के लिए मुफ्त वाली डॉर्मेट्री में बिस्तर अस्थाई रूप से घटाए जा रहे हैं एवं सशुल्क ठहराव केंद्रों में बस परिवार वालों को ठहरने दिया जाएगा ताकि संक्रमण नहीं फैले। जम्मू के बहुफोर्ट में माता काली मंदिर में भी ऐसा ही पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने शॉपिंग मॉल, होटल, रेस्तरां, अन्य आतिथ्य सेवा केंद्रों एवं धमर्थस्थलों को आठ जून से खोलने की अनुमति दी है।

रेल मंत्री इस्तीफा दें या पीएम उन्हें हटाएं : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने श्रमिक ट्रेनों को लेकर सरकार और भाजपा पर देश के समक्ष झूठे तथ्य रखने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि रेल मंत्री पीयूष गोयल पद से इस्तीफा दें या फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें हटाएं। पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने यह दावा भी किया कि प्रवासी श्रमिकों के साथ सरकार की तरफ से क्रूरतापूर्ण व्यवहार किया गया। उन्होंने वीडियो लिंक के माध्यम से संवाददाताओं से कहा, सरकार और भाजपा के कई लोगों ने कहा था कि रेलवे या तो मुफ्त सेवा दे रही है या फिर 85 फीसदी किराए का भुगतान कर रही है। खुद गृह मंत्री अमित शाह ने यह बयान दिया है कि 85 फीसदी रेलवे का किराया रेल विभाग ने दिया है और 15 प्रतिशत राज्यों ने वहन किया है। सिंघवी के मुताबिक, अटॉर्नी जनरल ने उच्चतम न्यायालय में कहा कि श्रमिक ट्रेनों का 100 फीसदी किराया संबंधित राज्यों की ओर से दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया सरकार और भाजपा की तरफ से बार-बार गलत प्रचार किया गया और झूठे तथ्य रखे गए। मुजफ्फरपुर स्टेशन पर महिला की मौत के मामले में उसके परिवार ने ही सरकार की तरफ से किए गए इस दावे को खारिज कर दिया कि वह पहले से बीमार चल रही थी। कांग्रेस नेता ने कहा, अगर थोड़ी भी शर्म है तो रेल मंत्री इस्तीफा दें या प्रधानमंत्री उन्हें हटाएं। उन्होंने कहा कि ट्रेन में 81 लोगों की मौत की जानकारी आधिकारिक रूप से दी गई है, हालांकि आरोप है कि यह संख्या इससे कहीं ज्यादा है।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी न्यास के नाम से जाना जाएगा अब कोलकाता बंदरगाह न्यास

भाषा। नई दिल्ली

सरकार ने बुधवार को कोलकाता बंदरगाह न्यास का नाम बदलकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी न्यास करने को मंजूरी दे दी। आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। प्रधानमंत्री ने कोलकाता बंदरगाह की 150वीं जयंती के उद्घाटन समारोह के अवसर पर 12 जनवरी 2020 को कोलकाता बंदरगाह का नाम बदलकर जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर करने की घोषणा की थी। कोलकाता बंदरगाह न्यास के बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने 25 फरवरी 2020 को अपनी बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर विधिवेत्ता, शिक्षक, विचारक और जन साधारण के नेता श्यामा प्रसाद मुखर्जी को बहुआयामी प्रतिभा के धनी के रूप में ध्यान में रखकर कोलकाता बंदरगाह को नया नाम श्यामा प्रसाद मुखर्जी करने की मंजूरी दे दी थी।

कोलकाता बंदरगाह एक प्रमुख बंदरगाह होने के साथ-साथ नदी के किनारे स्थित देश का पहला बंदरगाह है। 1870 के अधिनियम-पांच के अनुसार कलकत्ता बंदरगाह के सुधार के लिए आयुक्तों की नियुक्ति पर 17 अक्टूबर 1870 को इसे एक न्यासट द्वारा संचालित किया गया। कोलकाता बंदरगाह ने अपनी यात्रा के 150 वर्ष तय किए हैं। यह व्यापार, वाणिज्य और आर्थिक विकास के लिए भारत का मुख्य द्वार है। यह आजादी के लिए भारत के संघर्ष, प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध तथा देश में, विशेषकर पूर्वी भारत में हो रहे सामाजिक-आर्थिक बदलाव का गवाह भी रहा है।

आमतौर से भारत में प्रमुख बंदरगाहों के नाम शहर अथवा उस कस्बे के नाम पर हैं जहां वे स्थित हैं। हांलाकि विशेष मामलों में अथवा जाने-माने नेताओं के योगदान को श्रद्धांजलि स्वरूप कुछ बंदरगाहों महान राष्ट्रीय नेताओं के नाम पर नया नाम दिया गया। न्हावा शेवा बंदरगाह को सरकार ने 1988 में जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह न्यासट नाम दिया। तूतीकोरन बंदरगाह न्यासट का नाम बदलकर वर्ष 2011 में वी.ओ. चिदम्बरनार बंदरगाह न्यासट कर किया गया और एन्नौर बंदरगाह लिमिटेड को जाने माने स्वाधीनता सेनानी और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री के.कामराजार के सम्मान में कामराजार बंदरगाह लिमिटेड नाम दे दिया गया।

अब तक 8.5 लाख लोग बंगाल वापस लाए गए : ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को उन आरोपों को खारिज किया, जिसमें कहा गया कि उनकी सरकार प्रवासी मजदूरों को वापस लाने की इच्छुक नहीं थी। ममता ने कहा कि राज्य सरकार अब तक देश के विभिन्न हिस्सों से 8.5 लाख लोगों को वापस लाई है। उन्होंने कहा कि 10 जून तक 10.5 लाख प्रवासियों को वापस राज्य में लाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यहां एक समीक्षा बैठक में कहा, कुछ लोग मेरी सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं कि हम प्रवासी मजूदरों को राज्य में वापस लाने के इच्छुक नहीं हैं। यह झूठ है। अब तक हम 8.5 लाख लोगों को वापस लाए हैं और 10 जून तक करीब 10.5 लाख प्रवासी राज्य में वापस आ जाएंगे। बनर्जी ने कहा, हमने केवल यह कहा था कि प्रवासियों को व्यवस्थित तरीके से वापस लाया जाना चाहिए, अन्यथा राज्य में कोविड-19 मामलों की संख्या में वृद्धि हो सकती है।

श्रीनगर में सात पुलिस कर्मियों को पृथक किया गया

श्रीनगर। श्रीनगर में एक आरोपी के कोविड-19 से संक्रमित होने की पुष्टि के बाद सात पुलिस कर्मियों को पृथक किया गया है। इन्होंने पिछले सप्ताह घरेलू हिंसा मामले में जिस व्यक्ति को गिरफ्तार किया था, उसके कोविड-19 से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिसकर्मियों ने शहर के रैनावारी इलाके में कलई-अंदार से एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया था। उसकी पत्नी ने उसके खिलाफ सोहट्टा पुलिस थाने में घरेलू हिंसा का मामला दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि सोमवार रात उसमें बुखार और खांसी के लक्षण दिखने लगे जिसके बाद उसके नमूनों को जांच के लिए भेजा गया, जिसकी रिपोर्ट में उसके कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। अधिकारियों ने बताया कि उसके सम्पर्क में आए सात पुलिस अधिकारियों को पृथक किया गया है और कई अन्य पुलिस कर्मियों के नमूने भी जांच के लिए लिए गए हैं।

सरकारी इमारतों से पार्टी का रंग हटाने के आदेश के खिलाफ आंध्र प्रदेश सरकार की याचिका खारिज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सरकारी और पंचायत की इमारतों से आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी सहित राजनीतिक दलों के झण्डों के रंग उतारने और इन पर दुबारा पेंट करने के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका बुधवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति एस रवीन्द्र भट की पीठ ने वीडियो कांफ्रेन्सिग के माध्यम से राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई करते हुए उसकी अपील अस्वीकार कर दी। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता जी एन रेड्डी ने कहा कि उच्च न्यायालय का आदेश पंचायत भवन सहित सरकारी इमारतों पर राजनीतिक दलों के झण्डे के रंगों के इस्तेमाल के खिलाफ है। उच्च न्यायालय ने हाल ही में सरकारी इमारतों से उन रंगों को 10 दिन के भीतर हटाने का आदेश दिया था जो राजनीतिक दलों के झण्डों जैसे हैं। अदालत ने इन इमारतों का दुबारा पेंट करने का भी आदेश दिया था।

जम्मू कश्मीर प्रशासन ने शाह फैसल, पीडीपी के दो नेताओं के खिलाफ पीएसए हटाया

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर प्रशासन ने पूर्व आईएएस अधिकारी शाह फैसल और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती के एक करीबी रिश्तेदार सहित पीडीपी के दो सदस्यों के खिलाफ जन सुरक्षा कानून (पीएसए) बुधवार को हटा दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जम्मू कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट के अध्यक्ष फैसल के खिलाफ विवादास्पद पीएसए 14 मई को तीन महीने के लिए बढ़ा दिया गया था, लेकिन केंद्र शासित प्रदेश के गृह विभाग के बुधवार के एक आदेश के जरिए इस आदेश को अब निरस्त कर दिया गया। फैसल जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा रद्द किए जाने के बाद से हिरासत में थे। उनके खिलाफ इस साल फरवरी में पीएसए के तहत मामला दर्ज किया गया था।

चेन्नई में डीएमके अध्यक्ष एम के स्टालिन अपने पिता स्व. एम. करुनानिधि की 97वीं जयंती पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए

बांग्लादेश से घुसे संदिग्ध पशु तस्कर की भीड़ ने पीट-पीट कर जान ली

भाषा। करीमगंज (असम)

बांग्लादेश से भारतीय सीमा में घुसे एक संदिग्ध पशु तस्कर को असम के करीमगंज जिले में भीड़ ने पीट-पीट कर कथित तौर पर मार डाला, जबकि उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया गया। करीमगंज के पुलिस अधीक्षक कुमार संजीत कृष्ण ने बुधवार को बताया कि हमला करने वाली भीड़ में शामिल एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है और अन्य लोगों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि बांग्लादेश से सोमवार को कम से कम सात लोग भारत की सीमा में घुस आए और उन्होंने सीमा के निकट पुटनी टी एस्टेट के एक मकान से एक गाय चुराने की कोशिश की।

कृष्ण ने बताया, जल्द ही लोग उस इलाके में एकत्र हो गए और उन्होंने उन लोगों (बांग्लादेश से आए लोगों) की पिटाई की। पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। एक व्यक्ति को भीड़ से बचाया गया और एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन बाकी लोग फरार हो गए। उन्होंने बताया कि उन दोनों लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जहां एक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान रंजीत मुंडा के रूप में हुई है। वह बांग्लादेश के मौलवीबाजार जिले में सोनारूपा टी एस्टेट का रहने वाला था। गिरफ्तार किया गया व्यक्ति भी इसी स्थान का रहने वाला है।

पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने आगे की आवश्यक प्रक्रिया के लिए बांग्लादेश में संबंधित प्राधिकारियों से संपर्क किया है। हमने संदिग्ध तस्कर की कथित हत्या में शामिल एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। अन्य लोगों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान चलाया गया है।

करूणानिधि का स्मारक उनकी 97वीं जयंती पर विवाह स्थल में तब्दील हुआ

चेन्नई(भाषा)। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में मरीना बीच पर द्रमुक के शीर्ष नेता एम करूणानिधि का स्मारक बुधवार को उनकी 97 जयंती पर एक विवाह स्थल के रूप में तब्दील हो गया और पार्टी अध्यक्ष एम के स्टालिन द्वारा अपने दिवंगत पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद वहां एक जोड़े ने शादी रचाई। यह शादी पार्टी कार्यकर्ता अशोक कुमार की थी। दुरैमुरूगन समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ स्टालिन ने स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। फिर वे शादी में शामिल हुए। द्रमुक प्रमुख ने दुल्हे को मंगलसूत्र और नवदंपति को उपहार भेंट किए। स्टालिन द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित करने और संक्षिप्त विवाह समारोह के दौरान नादस्वरम और थाविल उपकरणों द्वारा पारंपरिक संगीत मंगला इसाइ प्रस्तुत किया गया।

द्रविड़ आंदोलन के मूल्यों के अनुसार यह शादी बिना किसी रस्मो-रिवाज एवं पुरोहित के हुई और इस मौके दुल्हे एवं दुल्हन ने मास्क और ग्लव्ज लगा रखे थे। शादी में सीमित संख्या में द्रमुक के नेता और दंपति के परिवार के सदस्य मौजूद थे। इस मौके पर एक बैनर लगा था जिसपर कलैनार की 97 जयंती के मौके पर दो दिल करीब आए।

पिछले साल अन्नाद्रमुक के एक नेता ने यहीं मरीना तट पर दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता की समाधि पर अपने पुत्र की शादी की थी। करूणानिधि के स्मारक पर पूर्व केंद्रीय मंत्री टी आर बालू, पार्टी की लोकसभा सदस्य कनिमोई, स्टालिन के बेटे एवं द्रमुक की युवा शाखा के नेता उदयनिधि ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। बाद में स्टालिन द्रमुक मुख्यालय अन्ना अरिवलयम और दिवंगत पार्टी नेता के गोपालपुरम निवास पर गए और वहां पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में करूणानिधि की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पांच बार मुख्यमंत्री रहे करूणानिधि का जन्म तीन जून, 1924 को हुआ था और उनका निधन सात अगस्त, 2018 को हुआ था।

धर्मेन्द्र प्रधान ने विदेश में फंसे ओडिशा के लोगों को वापस लाने के लिए उड़ानो का प्रबंधन करने का आग्रह किया

भुवनेश्वर। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लॉकडाउन के कारण खाड़ी देशों, ब्रिटेन और श्रीलंका में फंसे ओडिशा के लोगों को वापस लाने के लिए भुवनेश्वर तक सीधी उड़ानें संचालित करने के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध किया है। केंद्रीय पेट्रोलियम और इस्पात मंत्री ने विदेश मंत्री एस जयशंकर और नागर विमानन मंत्री हरदीप सिंह पुरी को अलग-अलग लिखे पत्र में इन देशों से ओड़िशा के लोगों को वापस लाने के लिए उड़ानों की व्यवस्था करने के वास्ते सरकार के हस्तक्षेप की अनुरोध किया है। प्रधान ने कहा कि वंदे भारत मिशन के तहत भारतीय नागरिकों को वापस लाने के केंद्र सरकार के फैसले ने कई प्रवासी कामगार, छात्र और पेशेवरों को उनके गृह राज्य पहुंचाने में मदद की है। मीडिया को बुधवार को जारी हुए पत्र में प्रधान ने कहा कि विदेश में रह रहे ओडिशा के लोगों ने उनसे अनुरोध किया है कि उन्हें भुवनेश्वर वापस लाया जाए।

कराची की महिला से शादी की चाहत में बांग्लादेश से पाक जा रहा किशोर पकड़ा गया

भाषा। अमृतसर

सोशल मीडिया पर एक पाकिस्तानी महिला से पहले दोस्ती करने और फिर उसे अपना दिल दे बैठने के बाद एक बांग्लादेशी युवक उससे शादी करने की चाहत में अवैध रूप से भारत में घुसा और फिर जब वह सीमापार कर पाकिस्तान जाने के लिए वह पंजाब पहुंचा तब उसे अटारी सीमा पर पकड़ लिया गया एवं उसकी योजना धरी की धरी रह गई।

नैयानमिया अब्दुल्ला (20) ने पुलिस को बताया कि उसने तब यह मुश्किल सफर करने की ठानी जब महिला ने बांग्लादेश आने से असमर्थता प्रकट की और शादी के लिए उसे पाकिस्तान आने को कहा।

पुलिस ने बुधवार को बताया कि अब्दुल्ला पहले किसी तरह कोलकाता पहुंचा और फिर एक पखवाड़े पहले अमृतसर आया। वह बांग्लादेश में शरियतपुर जिले के बेपारी पाड़ा गांव का रहने वाला है।

पुलिस के अनुसार अब्दुल्ला अटारी पर आने से पहले अमृतसर में विभिन्न स्थानों पर ठहरा। रविवार रात को अटारी पर समेकित चेक पोस्ट के निकास द्वार पर सीमा सुरक्षा बल ने उसे धर लिया। पुलिस के मुताबिक उसके पास न तो पासपोर्ट था और न ही पाकिस्तान जाने के लिए जरूरी इजाजत एवं यात्रा दस्तावेज।

पूछताछ के दौरान उसने जांचकर्ताओं को बताया कि वह कराची की एक महिला से मिलने के पाकिस्तान जा रहा था जिससे वह मोहब्बत करता है। पुलिस के अनुसार बांग्लादेश में स्नातक की पढ़ाई कर रहा यह किशोर छह महीने पहले सोशल मीडिया पर इस महिला के संपर्क में आया था। बाद में वह उससे प्यार करने लगा और उसने उससे शादी करने की ठानी। दोनों वीडियो कॉल से एक दूसरे के संपर्क में थे।

पटना में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूर्व रक्षा मंत्री जार्ज फर्नांडीस के जन्मदिवस पर मूर्ति पर माला पहनाते हुए।

मंत्रिमंडल के निर्णय से किसानों के लिए सुगम, मुक्त माहौल बनेगा: प्रधानमंत्री

भाषा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा आज लिए गए फैसले से किसानों की दशकों पुरानी मांग पूरी हुई है और अब अन्नदाता देश में कहीं भी अपनी उपज को बेच सकेंगे और एक देश, एक कृषि बाजार का सपना साकार होगा। मोदी ने अपने ट्वीट में कहा, आज की केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई बड़े और महत्वपूर्ण निर्णय किए गए।

फसलों की खरीद-बिक्री को लेकर सभी बंदिशों को हटा दिया गया है, जिससे किसानों की दशकों पुरानी मांग पूरी हुई है। अब अन्नदाता देश में कहीं भी अपनी उपज को बेचने के लिए स्वतंत्र होगा। उन्होंने कहा कि सरकार के फैसलों से किसानों को उत्पादन से पहले ही मूल्य आश्वासन की भी गारंटी उपलब्ध होगी। कृषि सेवाओं के अनुबंध से न केवल किसानों को अत्याधुनिक जानकारी मिलेगी, बल्कि उन्हें तकनीक और पूंजी की सहायता भी मिलेगी। इसके जरिए अन्नदाताओं का सशक्तिकरण और संरक्षण भी संभव होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार के इन निर्णयों से न केवल अन्नदाताओं की आय बढ़ेगी, बल्कि आवश्यक वस्तु अधिनियम में संशोधन से कृषि क्षेत्र में भी आमूलचूल परिवर्तन आएगा। उन्होंने कहा, कृषि उत्पादों की खरीद-बिक्री की बाधाएं दूर होने से एक देश, एक कृषि बाजार का सपना साकार होगा।

वहीं, प्रधानमंत्री कार्यालय के बयान में कहा गया है कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में 3 जून को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक निर्णय लिए गए जो देश के किसानों की मदद करने के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव लाने में भी काफी मददगार साबित होंगे। इसमें कहा गया है कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज आवश्यक वस्तु अधिनियम में ऐतिहासिक संशोधन को मंजूरी दी। यह कृषि क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव लाने और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है। बयान में कहा गया है कि सरकार ने नियामकीय व्यवस्था को उदार बनाने के साथ ही उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा भी सुनिश्चित की है। संशोधन के तहत यह व्यवस्था की गई है कि अकाल, युद्ध, कीमतों में अभूतपूर्व वृद्धि और प्राकृतिक आपदा जैसी परिस्थितियों में इन कृषि उपजों की कीमतों को नियंत्रित किया जा सकता है। हालांकि, मूल्य श्रृंखला (वैल्यू चेन) के किसी भी प्रतिभागी की स्थापित क्षमता और किसी भी निर्यातक की निर्यात मांग इस तरह की स्टॉक सीमा लगाए जाने से मुक्त रहेगी। इसमें कहा गया है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि उपज वाणिज्य एवं व्यापार (संवर्धन एवं सुविधा) अध्यादेश 2020 को मंजूरी दी। इससे किसानों के लिए एक सुगम और मुक्त माहौल तैयार हो सकेगा जिसमें उन्हें अपनी सुविधा के हिसाब से कृषि उत्पाद खरीदने और बेचने की आजादी होगी।

ठाणे में चक्रवात तूफान से पहले समुद्र से अपनी नावों को निकालते मछुआरे

क्यिूक न्यूज

दतिया में ट्रक ने तीन लड़कों को रौंदा, दो की मौत एक घायल

दतिया, (मप्र)। मध्यप्रदेश के दतिया शहर मे सेवढ़ा चेक्पोस्ट के पास बुधवार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने तीन लड़को को रौद दिया। इससे दो बच्चो की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक लड़का गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस के अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) गीता भारद्वाज ने बताया कि सेवढ़ा चेकपोस्ट के पास तीन लड़के सड़क पार कर रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक उन पर चढ़ गया। हादसे मे अभिषेक अहिरवार (17) और शिवम अहिरवार (14) की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य लड़का गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि हादसे के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगो ने ट्रक मे तोड़फोड़ कर दी और इलाके मे चक्काजाम कर दिया। उन्होने बताया कि ट्रक चालक के खिलाफ संम्बद्ध धाराओ मे मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा से सटे क्षेत्रों को निशाना बनाया

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले मे बुधवार को पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा पर भारी गोलीबारी कर संघर्ष विराम का उल्लंघन जारी रखा। भारतीय सेना ने गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया। एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा, करणी सेक्टर मे नियंत्रण रेखा के पास से बिना किसी उक्सावे की गोलीबारी की गई। यह पौने दो बजे शुरू हुई। प्रवक्ता के अनुसार भारतीय सेना ने पाकिस्तानी गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया। दोनो पक्षो के बीच कुछ देर तक गोलीबारी चली। उनके मुताबिक भारतीय पक्ष मे कोई हताहत नही हुआ।

भारतीय डाक आरडी खाताधारकों से मई की किस्त देरी से जमा करने पर कोई शुल्क वसूल नहीं करेगा

कोलकाता। कोविड-19 के मद्देनजर लागू लॉक्डाउन के कारण भारतीय डाक विभाग आवर्ती जमा (आरडी) धारको से जून महीने के अंत तक भुगतान करने पर देरी से अदायगी का कोई अतिरिक्त शुल्क वसूल नही करेगा। एक अधिकारी ने कहा कि लॉक्डाउन के मद्देनजर आवाजाही प्रभावित रहने के कारण डाक विभाग ने घोषणा की है कि आरडी खाताधारक मई की किस्त 30 जून तक जमा कर सकते है और इसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क वसूल नही किया जाएगा। मुख्य महाडाकपाल (पश्चिम बंगाल) सर्किल की ओर से जारी बयान के मुताबिक, जो आरडी खाताधारक लॉक्डाउन अवधि के दौरान छूट का लाभ प्राप्त करने के लिए अग्रिम किस्तो को जमा नही कर सके, वे 30 जून तक जमा कर सकते है। जमा करने के समय योजना के प्रावधानो के अनुसार प्राप्त छूट का लाभ उठाया जा सकेगा।

इंडिया का नाम भारत करने के लिए याचिका को केंद्र प्रतिवेदन माने: न्यायालय

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केन्द्र से कहा कि संविधान मे संशोधन करके देश का नाम इंडिया से बदलकर भारत या हिन्दुस्तान करने के लिए दायर याचिका को प्रतिवेदन के रूप मे ले। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति ऋषिकेश राय की पीठ ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस मामले की सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि संविधान मे इंडिया को पहले ही भारत बुलाया जाता है। पीठ ने सवाल किया, आप यहां क्यो आए है? इस पर वकील ने कहा कि याचिका मे संविधान के अनुच्छेद एक मे संशोधन का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है जो देश के नाम और गणराज्य की सीमा के बारे मे है। यह याचिका दिल्ली मे रहने वाले एक व्यक्ति ने दायर की थी और उसका दावा था कि औपनिवेशिक अतीत से पूरी तरह नागरिको की मुक्ति सुनिश्चित करने के लिए यह संशोधन जरूरी है। याचिका मे दावा किया गया था कि इंडिया के स्थान पर इसका नाम भारत या हिन्दुस्तान होने से यह देशवासियो के मन मे अपनी राष्ट्रीयता के प्रति गौरव का संचार करेगा। पीठ की अनिच्छा को देखते हुए वकील ने इस संबंध मे संबंधित प्राधिकारी को प्रतिवेदन देने की अनुमति मांगी। इस पर पीठ ने कहा कि याचिका को संबंधित प्राधिकारी को प्रतिवेदन के रूप मे लेना चाहिए।

सरकार ने नई विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष नीति के लिए विचार विमर्श की प्रक्रिया शुरू की

भाषा। नई दिल्ली

सरकार ने नई विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष नीति (एसटीआईपी-2020) के लिए विचार विमर्श की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान में कहा गया है कि भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने नई नीति तैयार करने के लिए संयुक्त रूप से विकेंद्रीकृत, समावेशी प्रक्रिया शुरू की है। भारत सरकार की ओर से पांचवीं विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति एक ऐसे महत्वपूर्ण समय में बनाई जा रही है जब पूरी दुनिया कोविड महामारी के संकट से जूझ रही है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बयान के अनुसार, जिस तरह के नए संकटों का दुनिया को सामना करना पड़ रहा है वैसे हालात में यह नई नीति अपने विकेन्द्रीकृत तरीकों से प्राथमिकताओं वाले क्षेत्र तय करेगी। यह निर्धारित करेगी की किन क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान दिया जाना है। अनुसंधान के तरीके कैसे होने चाहिए तथा सामाजिक और आर्थिक कल्याण के लिए प्रौद्योगिकी का किस पैमाने पर इस्तेमाल किया जा सकता है। मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी बयान में कहा गया है कि नई नीति बनाने की प्रक्रिया में चार महत्वपूर्ण चरण शामिल किए गए हैं। पहले चरण के तहत विज्ञान नीति फोरम के माध्यम से एक व्यापक सार्वजनिक और विशेषज्ञ परामर्श प्रक्रिया निर्धारित की गई है। विज्ञान नीति फोरम नीति प्रारूपण प्रक्रिया के दौरान और बाद में बड़े सार्वजनिक और विशेषज्ञ पूल से इनपुट प्राप्त करने के लिए एक समर्पित मंच है। नीति-निर्माण प्रक्रिया के दूसरे चरण में साक्ष्य-आधारित सिफारिशों को फीड करने के लिए विशेषज्ञों के विषयगत परामर्श शामिल हैं।

पीएम मोदी अपने आस्ट्रेलियाई समकक्ष के साथ आज आभासी शिखर सम्मेलन आयोजित करेंगे

भाषा। नई दिल्ली

- सम्मेलन में द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा तथा कोविड-19 महामारी से निपटने के मुद्दे पर चर्चा करेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार जून को आस्ट्रेलिया के अपने समकक्ष स्कॉट मॉरिसन के साथ भारत-आस्ट्रेलिया आभासी शिखर सम्मेलन आयोजित करेंगे जिसमें दोनों पक्ष अपने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा तथा कोविड-19 महामारी से निपटने के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय के बयान से यह जानकारी मिली। बयान के अनुसार, आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन की इस वर्ष भारत यात्रा की तारीख को अंतिम रूप दिया जा चुका था लेकिन यह यात्रा नहीं हो सकी।

ऐसे में भारत-आस्ट्रेलिया आभासी शिखर सम्मेलन आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की गई। मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार जून 2020 को आस्ट्रेलिया के अपने समकक्ष स्कॉट मॉरिसन के साथ भारत-आस्ट्रेलिया आभासी शिखर सम्मेलन आयोजित करेंगे। यह पहला अवसर है जब प्रधानमंत्री मोदी आभासी माध्यम से द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन आयोजित कर रहे हैं जो आस्ट्रेलिया के साथ भारत के संबंधों की मजबूती और इनमें उत्तरोत्तर विकास को दर्शाता है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, दो लोकतांत्रिक देश होने के नाते भारत और आस्ट्रेलिया ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर एक दूसरे के प्रति समझ विकसित की है। स्वतंत्र, मुक्त, समावेशी और समृद्ध हिंद प्रशांत को लेकर हमारा साझा रूख है। बयान के अनुसार, दोनों प्रधानमंत्रियों ने इससे पहले 6 अप्रैल 2020 को टेलीफोन पर बातचीत की थी और कोविड-19 तथा एक दूसरे के देशों में फंसे नागरिकों की सुविधा के विषय पर चर्चा की थी। तब प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने आस्ट्रेलियाई समाज में भारतीय समुदाय खासकर भारतीय छात्रों के महत्व के बारे में बात की थी। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं के बीच आयोजित होने वाला आभासी शिखर सम्मेलन ऐसा अवसर होगा जब दोनों पक्ष भारत और आस्ट्रेलिया के प्रगाढ़ होते संबंधों तथा उनके विविध आयामों की समीक्षा करेंगे और कोविड-19 महामारी को लेकर अपने अपने देशों की प्रतिक्रिया के बारे में चर्चा करेंगे। इसमें कहा गया है कि आस्ट्रेलिया ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, भारत प्रशांत महासागर पहल (आईपीओआई) जैसी कई वैश्विक गतिविधियों में भारत का समर्थन किया है।

आस्ट्रेलिया विस्तारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता का समर्थन करता है। साथ ही उसने पिछले समय में वासेनार समूह और आस्ट्रेलिया ग्रुप में भारत की सदस्यता का समर्थन किया था। उसने एनएसजी में भी भारत की सदस्यता का पक्ष लिया था। मंत्रालय के अनुसार, भारत और आस्ट्रेलिया के बीच आर्थिक संबंध बढ़ रहे हैं। 2018-19 में दोनों देशों के बीच कारोबार 21 अरब डालर था। दोनों देश कारोबार और निवेश बढ़ाने को लेकर आशन्वित हैं।

केरल में हथिनी हुई मानवीय क्रूरता का शिकार

भाषा। कोच्चि

- किसी ने पटाखे मिलाकर अनानास खाने को दिया था
- जब उसने अनानास खाने की कोशिश की तो पटाखे उसके मुंह में ही फट गए, मौत

केरल में एक गर्भवती हथिनी मानवीय क्रूरता का शिकार हो गई। उसे किसी व्यक्ति ने पटाखे से भरा अनानास खाने को दिया जिसकी वजह से वह बुरी तरह से घायल हो गई और उसकी मौत हो गई। इससे एक महीने पहले भी एक हथिनी की मौत इसी तरह से हुई थी। साइलेंट वैली फॉरेस्ट में एक गर्भवती हथिनी 27 मई को इस क्रूरता का शिकार हो गई। जब हथिनी ने अनानास को खाने की कोशिश की तो पटाखा उसके मुंह में ही फट गए।

एक शीर्ष वन अधिकारी ने बताया कि इससे पहले भी अप्रैल में कोल्लम जिले के पुनालुर क्षेत्र के पथनापुरम में इसी तरह से एक हथिनी की मौत हो गई थी। अधिकारी ने बताया कि यह हथिनी अप्रैल में पथनापुरम के जंगल में वन अधिकारियों को गंभीर हालत में मिली थी। एक वरिष्ठ वन अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, हथिनी अपने झुंड से अलग मिली थी। उसका जबड़ा टूटा हुआ था और वह चलने में असमर्थ थी।

उन्होंने बताया कि वन अधिकारियों ने जब उसे देखा तो वह काफी कमजोर थी लेकिन जब वे उसके समीप गए तो वह जंगल में भाग गई और अपने झुंड के साथ हो गई लेकिन अगले दिन भी वह अपने झुंड से अलग मिली। इसके बाद उसका उचित तरह से इलाज भी किया गया लेकिन उसकी मौत हो गई। वहीं अन्य अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में जांच शुरू की गई है। नाम न जाहिर करने की शर्त पर अधिकारी ने कहा, ऐसा संदेह है कि उसने ऐसे पदार्थ को खाने की कोशिश की जिसमें पटाखे लगे थे और यह उसके मुंह में ही फट गया। हम पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्रतीक्षा कर रहे हैं। वन अधिकारियों का कहना है कि ऐसे मामलों की जांच काफी कठिन हो जाती है। उन्होंने बताया कि हाथियों का झुंड एक दिन में कई किलोमीटर चलता है और इसकी वजह से एकदम सटीक स्थान का पता लगाना मुश्किल है। इसी बीच केरल के वन मंत्री के राजू ने बताया कि उन्होंने शीर्ष वन अधिकारियों से हथिनी की मौत के संबंध में रिपोर्ट मांगी है।

साइलेंट घाटी में हथिनी कुछ खा पाने में असमर्थ थी क्योंकि उसने अनानास में भरे पटाखे चबा लिए थे और पटाखे उसके मुंह में ही फट गया था। वन संरक्षण मुख्य सचिव (वन्य जीव) सुरेंद्र कुमार ने बताया कि यह घटना साइलेंट घाटी के अट्टापडी में हुई और उसकी मौत मल्लापुरम जिले के वेलियार नदी में 27 मई को हो गई। सुरेंद्र कुमार ने बताया कि उन्होंने दोषी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं।

एमएसपी में मामूली बढ़ोतरी से किसानों को कोई फायदा नहीं होगा: किसान कांग्रेस

भाषा। नई दिल्ली

कांग्रेस के किसान प्रकोष्ठ ने खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने के सरकार के फैसले को लेकर बुधवार को दावा किया कि यह मामूली बढ़ोतरी है जिससे कोरोना वायरस महामारी के समय मुश्किल का सामना कर रहे किसानों को कोई फायदा नहीं होगा।

किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोलंकी ने यह भी कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करे कि किसानों की उपज को सीधे एफसीआई खरीदे और इसमें बिचौलियों की कोई भूमिका नहीं हो। उन्होंने एक बयान में कहा, कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने जो पैकेज घोषित किया है उसमे कुछ भी नया नहीं है। एमएसपी हर साल बढ़ाई जाती है। लेकिन इस बार तो मामूली बढ़ोतरी की गई है। इससे आम किसानों को कोई लाभ नहीं होगा। सोलंकी के मुताबिक, सरकार ने यह भी कहा कि किसान अपने कर्ज की अदायगी 31 मई की जगह 31 अगस्त तक कर सकता है। क्या सरकार नहीं जानती कि अगली फसल की कटाई कब होगी ? जब फसल की कटाई होगी तभी किसानों के हाथ में पैसा आएगा और वह ऋण चुका सकेगा।

गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 14 खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने को सोमवार को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल के निर्णयों के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सूचना प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बताया कि एमएसपी बढ़ाने से किसानों को लागत की तुलना में 50 से 83 प्रतिशत तक अधिक कीमत मिलना सुनिश्चित होगा। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि फसल वर्ष 2020-21 के लिए धान का एमएसपी 53 रुपए बढ़ाकर 1,868 रुपए प्रति क्विंटल करने की मंजूरी दी गई।

पेज एक का शेष

69 हजार...

मुख्य स्थाई अधिवक्ता रणविजय सिंह ने यह भी दलील दी है कि इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए क्योंकि ऐसे विवाद में परीक्षा प्राधिकरण के पक्ष में प्रकल्पना की जानी चाहिए। एकल पीठ ने राज्य सरकार की इस दलील को खारिज कर दिया और कहा कि वैकल्पिक प्रश्नों में विवादपूर्ण प्रश्नों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए।

प्रदेश में...

टीमों के अलावा हमारी आशा वर्कर भी लगातार काम कर रही हैं। बाहर से आ रहे प्रवासी श्रमिकों का भी स्क्रीनिंग किया जा रहा है। आशा वर्करों ने अभी तक 12 लाख से अधिक प्रवासियों की ट्रैकिंग की है। इसमें से 1102 लोगों में कोरोना के लक्षण दिखे हैं। इन सभी के नमूने जांच के लिए भेज दिए गए हैं। स्वास्थ्य महकमे के अनुसार बीते 24 घंटे के दौरान आगरा में 8, गौतम बुद्ध नगर में दो, मेरठ में सात, लखनऊ में चार, कानपुर नगर में एक, गाजियाबाद में तीन, फिरोजाबाद में एक, जौनपुर में 10, रामपुर में तीन, अलीगढ़ में आठ, बुलंदशहर में 19, हापुड़ में एक, सिद्धार्थनगर में 9, गाजीपुर में सात, आजमगढ़ में तीन, बिजनौर में दो, गोरखपुर में तीन, प्रयागराज में तीन, बहराइच में दो, हरदोई में 16, रायबरेली में एक, गोंडा में दो, लखीमपुर खीरी में एक, महाराजगंज में दो, फतेहपुर में एक, बागपत में दो, बलरामपुर में एक, मऊ में चार, एटा में चार, चित्रकूट में तीन, फर्रुखाबाद में तीन, उन्नाव में एक, औरैया में दो, हाथरस में एक और मिर्जापुर में एक कोरोना पॉजिटिव मरीज मिला है।

पीओके हमारा...

स्वतंत्रता को कुचला जा रहा है।' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस क्षेत्र में अवैध कब्जे को भी खाली करे जो भारत का है। प्रवक्ता ने कहा, 'हम एक बार फिर से पाकिस्तान को अवैध कब्जे वाले क्षेत्र को तत्काल खाली करने और वहां रहने वाले लोगों के राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृति अधिकारों के उल्लंघन को बंद करने के लिए कहते हैं।'

अमन बनकर...

रूप में हुई। एसएसपी के अनुसार एकता बी.कॉम की छात्रा थी और पढ़ाई के साथ नौकरी भी कर रही थी। बीमार होने पर वह लुधियाना में तांत्रिक क्रिया करने वाले दौराला के लोहिया निवासी शाकिब के पास उपचार कराने गई थी। उस समय शाकिब लुधियाना में दिलशाद के पास काम करता था। शाकिब ने एकता को अपना नाम अमन बताकर उसे अपने प्रेमजाल में फंसाया। उसके झांसे में आकर एकता उससे शादी करने के लिए तैयार हो गई। पिछले साल मई में दोनों लुधियाना से फरार हो गए। एकता अपने घर से लाखों रुपए की नकदी लेकर आई थी। एसएसपी ने बताया कि एकता को लेकर शाकिब अपने गांव आ गया और उससे निकाह कर लिया। निकाह के वक्त एकता को शाकिब के मुस्लिम होने का पता चला जिसका उसने काफी विरोध किया। सुहागरात के बाद अपने परिवार की मदद से शाकिब ने एकता को कोल्ड ड्रिंक में नशीली गोली डालकर पिला दी। उसके बाद अपने भाई मुस्सरत, पिता मुस्तकीम, भाभी रेशमा पत्नी नवेद और मुस्सरत की पत्नी इस्मत एवं गांव के साथी अयान की मदद से एकता को जंगल में ले गया जहां सबने मिलकर उसके हाथ, पैर, सिर काट कर अलग-अलग कर दिए। युवती के धड़ को गन्ने के खेत में गड्ढे में दबाकर नमक डाल दिया जबकि हाथ, पैर और सिर को गांव के तालाब में फेंक दिया। एसएसपी ने बताया कि बाद में आरोपी शाकिब युवती के मोबाइल फोन और उसके व्हाट्सएप में समय- समय पर स्टेटस बदलता रहा ताकि यह संदेश जाए कि वह जिंदा है। वह फेसबुक पर भी उसके नाम से पोस्ट जारी करता रहा लेकिन तमाम चालबाजियों के बावजूद पुलिस के हत्थे चढ़ ही गया।

कांग्रेस में...

में शामिल होना चाहते हैं। उनकी मुख्य शर्त पंजाब विधानसभा के आगामी चुनाव में उन्हें आम आदमी पार्टी की तरफ से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश करना है। किशोर से पहले, आप की पंजाब इकाई के अध्यक्ष भगवंत मान भी सिद्धू को साथ जोड़ना चाहते हैं। उन्हें लुभाने की कोशिश करते मान कई दफा खुलकर कह चुके हैं कि आप में सिद्धू का स्वागत करने वाले वे पहले व्यक्ति होंगे। आम आदमी पार्टी ने 2017 के पंजाब विधानसभा चुनाव में 20 सीटें जीतकर दूसरे सबसे बड़े दल का रुतबा हासिल किया था। 117 सदस्यीय राज्य विधानसभा की 77 सीटें जीतकर कांग्रेस ने अमरिंदर की अगुवाई में सरकार बनाई थी जबकि सत्ताधारी गठबंधन (शिरोमणि अकाली दल और भाजपा) को केवल 18 सीटों से संतोष करना पड़ा था। अकाली दल को 15 और भाजपा को सिर्फ 3 सीटें मिली थीं। दो बार भाजपा के टिकट पर सांसद रहे नवजोत सिंह सिद्धू ने 2017 के विधानसभा चुनाव से ऐन पहले भाजपा से नाता तोड़कर कांग्रेस का हाथ थाम लिया था।

विशेषज्ञों को...

जबकि अमेरिका में 17 लाख पॉजिटिव मामले हैं और भारत अब तक 5000 लोगों की मौत हुई है, वहीं अमेरिकी में एक लाख से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं।' उन्होंने कहा, 'ये सब प्रबंधन का मामला है। सामान्य रूप से भारत में और उत्तर प्रदेश में मामलों पर लगाम लगाने के लिए समय से कदम उठाए गए। उन्होंने यह भी कहा कि सतर्कता और जागरूकता के कारण आंकड़ों को कम रखने में मदद मिली।' उन्होंने माना कि इस बीमारी पर लगाम लगाने की कोशिश में आर्थिक मुश्किलें पेश आई। योगी ने कहा कि अप्रैल में सरकारी खर्चों से निपटने में धन की कमी पेश आई थी। ' लेकिन मई में राजस्व आना शुरू हो गया तथा सरकार को अपने मासिक खर्च के लिए 15,000 करोड़ रुपये की जरूरत होती है, जिसमें से हम 6000 करोड़ रुपये इकट्ठा करने में कामयाब रहे।' उन्होंने कहा कि आर्थिक मुश्किलों के बावजूद यूपी ने अप्रैल और मई में अपने कर्मचारियों को वेतन दिया। जून तक आर्थिक गतिविधियां रफ्तार पकड़ने लगेंगी हम और संसाधन जुटा सकेंगे क्योंकि अर्थव्यवस्था की सभी शाखाएं काम कर रही हैं।' योगी आदित्यनाथ ने साफ किया कि सरकार जनता के लिए कल्याण के लिए प्रतिबद्ध और लॉकडाउन के दौरान राज्य में लौटने वाले प्रवासियों को रोजगार उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा, 'हमने कुशल और अकुशल प्रवासी कामगारों के आंकड़े जुटाए हैं और उन्हें रोजगार देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।' उन्होंने दावा किया कि करीब 32 लाख प्रवासी मजदूर और उनके परिवार के सदस्य राज्य में लौटे हैं। उन्होंने कहा, ' उन्होंने कहा कि हर युवा को राज्य में अवसर मिलेगा और सरकार सुनिश्चित करेगी कि उन्हें उनके कौशल और क्षमता के अनुरूप काम मिले। विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें जमीनी हकीकत नहीं पता है और वे वातानुकूलित ड्राइंग रूम में बैठकर महामारी के बारे में चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा कि यह संकट हमारे लिए एक चुनौती था। 'हमने इस चुनौती का इस्तेमाल अपनी स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए किया। वायरस की जांच सुविधा को एक दिन में 10,000 से बढ़ाकर अभी 15,000 सैंपल कर दिया है और इस माह के अंत तक यह बढ़कर 20,000 सैंपल प्रतिदिन हो जाएगा।' उन्होंने कहा कि कोविड अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या एक लाख से ज्यादा हो गई है। जिले स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हुई हैं और अब हर जिले में कोविड की जांच करने वाली मशीनें होंगी। इसके अलावा गैर कोविड अस्पतालों में ऑपरेशन शुरू हो चुके हैं और इमरजेंसी सुविधाएं भी चालू हो गई हैं। धर्मस्थलों, रेस्टोरेंट और शॉपिंग मॉल को आठ जून से खोलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि केंद्र की गाइडलाइन के बाद धार्मिक और अन्य गतिविधियों को अनुमति देने के मुद्दे पर राज्य अपनी गाइडलाइन जारी करेगा।

'आगे-पीछे...

आत्मा हैं। गोरखपुर स्थित गोरक्षापीठ, जिसके योगी महंत हैं, के नेपाल में बढ़ी संख्या में अनुयायी हैं। योगी शासन में उत्तर प्रदेश सरकार ने अयोध्या-भगवान राम की जन्मभूमि और जनकपुरी-सीता के जन्मस्थान के बीच बस सेवा की शुरुआत की थी। योगी ने कहा कि नेपाल सरकार को लाभ और हानि को ध्यान में रखते हुए फैसला लेना चाहिए। उसके सामने तिब्बत का उदाहरण है और नेपाल को इस गलती को नहीं दोहराना चाहिए।

दुर्लभ जीव-जंतुओं का रिकॉर्ड रखेगी सरकार

अर्चना ज्योति। नई दिल्ली

- मालिकों और उत्पादकों से छह माह के भीतर अपने स्टॉक की जानकारी देने को कहा

कोरोना वायरस संक्रमण के बीच सरकार ने दुर्लभ जीव-जंतुओं जैसे खास तरह की मछली, जानवर और पक्षियों आदि के उत्पादकों और मालिकों को स्वेच्छा से अगले छह महीनों के भीतर अपने स्टॉक की जानकारी देने को कहा है, ताकि उनके स्वास्थ्य कार्ड बनाए जा सके। सरकार की योजना इन्हें सूचीबद्ध करना है ताकि देश में इन प्रजातियों के जीव-जंतुओं या मछलियों के आयात को सुव्यवस्थित किया जा सके, जिसे अब जूनोटिक (पशु से मानव में) संचरण के जोखिम से भरा माना जा रहा है। ये जीव-जंतु जानवरों या पौधों की ऐसी प्रजातियां हैं, जो अपने मूल स्थान से लोगों द्वारा दूसरी जगह ले जायी जाती हैं। सरकार ने पहली बार इन प्रजातियों की गिनती करने और रिकॉर्ड तैयार करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि कोरोना वायरस जैसी किसी भी तरह की महामारी को फैलने से रोकने के लिए ऐसे एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि बचाव इलाज से बेहतर है। वर्तमान में, दुनिया की तरह भारत में भी विदेशी प्रजातियों में से अधिकांश का कारोबार कानूनी है। बॉल अजगर, पॉकेट मंकी, मगरमच्छ, कोतरी, हिसिंग कॉकरोच और पक्षियों की विस्तृत प्रजातियों की बड़ी मांग और बाजार मौजूद है। हालांकि, अभी तक इन प्रजातियों की आबादी की स्थिति, शिकार की संख्या, अवैध व्यापार हब और गतिशीलता के बारे में कोई विवरण उपलब्ध नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि इस कारण इन जानवरों की आबादी की स्थिति पर अवैध व्यापार के प्रभावों को जानना मुश्किल हो जाता है। इसी के मद्देनजर केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी की है ताकि इन जानवरों के व्यापार को सुव्यवस्थित किया जा सके। दिशानिर्देशों के अनुसार मालिकों/पशु प्रजनकों को आयातित विदेशी प्रजातियों के जानवरों का पंजीकरण कराना और प्रजनन की जानकारी सरकार को देनी होगी। एडवाइजरी के तहत रजिस्ट्रेशन और वंष बढ़ने की जानकारी ऑनलाइन दी जा सकेगी। इस प्रक्रिया को मंत्रालय के परिवेश पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन निपटाया जाएगा।

ट्रेविस का ससेक्स के साथ अनुबंध टला

लंदन। आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रेविस हेड का ससेक्स क्रिकेट के साथ अनुबंध कोविड-19 महामारी के कारण अगले साल के लिए टाल दिया गया है। इस महामारी के कारण इग्लैंड की घरेलू प्रतियोगिताएं कम से कम एक अगस्त तक स्थगित की गई हैं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दो अप्रैल से 25 सितंबर तक चलने वाले सत्र को लेकर अनिश्चितता के बीच हेड और ससेक्स आपसी सहमति से अनुबंध को टालने पर राजी हो गए हैं। बिग बैश में एडीलेड स्ट्राइकर्स की ओर से ससेक्स के मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी के मार्गदर्शन में खेलने वाले हेड अगले साल टीम की ओर से तीनों प्रारूपों में खेलने के लिए उपलब्ध होंगे।

आस्ट्रेलियाई तैराकी कोच ने दिया इस्तीफा

ब्रिसबेन। टोक्यो ओलंपिक एक साल के लिए स्थगित होने के बाद आस्ट्रेलियाई तैराकी टीम के मुख्य कोच जाको वेरहारेन ने पद छोड़ दिया जिससे अब रोहन टेलर पर टीम की जिम्मेदारी होगी। जाको का करार 2020 तोक्यो ओलंपिक तक था लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण खेल स्थगित होने के बाद उन्होंने अपने परिवार के पास नीदरलैंड लौटने का फैसला किया। वह 2013 में आस्ट्रेलियाई टीम के साथ जुड़े थे।

इसी महीने होगा राइडर कप पर फैसला

वाशिंगटन। यूरोपीय टूर के मुख्य कार्यकारी कीथी पेले ने कहा कि इस साल होने वाले राइडर कप गोल्फ टूर्नामेंट के भाग्य का फैसला इस महीने के आखिर तक कर लिया जाएगा। कीथी पेले ने मैककेलर जर्नल पोडकॉस्ट में कहा कि यूरोपियन टूर और पीजीए टूर के बीच राइडर कप को लेकर अभी बातचीत होनी है क्योंकि अभी दोनों टूर के संशोधित कार्यक्रम घोषित किए जाने बाकी है। पूर्व कार्यक्रम के अनुसार इसका आयोजन 25 से 27 सितंबर के बीच अमेरिका के विसकोनसिन में होना है।

अब रद्द नहीं होगी एफ वन रेस

लंदन। फॉर्मूला वन के सीईओ चेस कैरी ने कहा है कि अगर ड्राइवर पॉजिटिव पाया जाता है या टीम हटने का फैसला करती है तो भी एफवन रेस रद्द नहीं होंगी। एफवन मार्च में आस्ट्रेलिया के सत्र की पहली रेस की घटना के दोहराव से बचना चाहता है जब एक कर्मचारी के पॉजिटिव पाए जाने के बारद मैकलारेन टीम हट गई थी और रेस रद्द करनी पड़ी थी। सत्र की शुरुआत अब आस्ट्रिया में पांच और 12 जुलाई को दो रेस के साथ होगी।

यूक्रेन सॉकर टीम में कोरोना के 25 मामले

वाशिंगटन। यूक्रेन की एक फुटबॉल टीम में खिलाड़ियों और स्टाफ में से कोरोना वायरस के 25 पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। यूक्रेन फुटबॉल संघ ने कहा कि कारपाटी एलविव टीम में 65 लोगों की जांच कराई गई थी लेकिन किसी भी खिलाड़ी या स्टाफ का नाम नहीं बताया गया है। यूक्रेन लीग पिछले हफ्ते बहाल हुई थी। इस टीम का पहला मैच संदिग्ध मामलों के कारण रद्द हो गया था। करपाटी के खिलाड़ी इगोर नाजारिना ने बताया कि उन्हें नहीं लगता कि क्लब में किसी में भी कोविड-19 के लक्षण थे।

अपनी सुविधाओं में आयोजित करें शिविर

वाशिंगटन। एनएफएल की सभी 32 टीमों को आयुक्त रोजर गुडेल ने कोविड-19 महामारी के कारण इन गर्मियों में अभ्यास शिविर उनकी घरेलू सुविधाओं में आयोजित करने को कहा है। ज्यादातर एनएफएल (राष्ट्रीय फुटबॉल लीग) टीमें पूरे साल अपने अभ्यास परिसर में रहेंगी लेकिन डलास, पिट्सबर्ग, कनसास सिटी, बफेलो, इंडियाना पोलिस, कैरोलिना, वाशिंगटन और लास एंजिलिस रैम्स ऐसी टीमें हैं जो अपने कुछ अभ्यास शिविर कहीं और लगाती हैं।

कीवी क्रिकेट के उप सीईओ का इस्तीफा

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड क्रिकेट के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंथोनी क्रमी ने अपने पद से हटने का फैसला किया और इसी समय हालांकि बोर्ड ने कोविड-19 महामारी के प्रभावों से निपटने के लिए खर्चे में कटौती के तहत अपने 15 प्रतिशत स्टाफ को कम कर दिया है। पिछले हफ्ते न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी डेविड वाइट ने कहा था कि वे अपने स्टाफ में 10 से 15 प्रतिशत की कटौती करना चाहते हैं ताकि न्यूजीलैंड क्रिकेट की 60 लाख डॉलर के परिचालन खर्चे को बचाया जा सके।

अतुल बेडाडे कोच पद से बर्खास्त

वडोदरा। बड़ौदा क्रिकेट संघ (बीसीए) ने पूर्व भारतीय खिलाड़ी अतुल बेडाडे को महिला टीम के कोच पद से बर्खास्त कर दिया है लेकिन उनके निलंबन को वापस ले लिया है। कुछ खिलाड़ियों द्वारा लगाए यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद बेडाडे को निलंबित किया गया था। बीसीए के सचिव अजित लेले ने बुधवार को इसकी पुष्टि की।

इस समय चुनौतीपूर्ण होगा टेस्ट क्रिकेट: हार्दिक पंड्या

सीमित ओवरों के प्रारूप में जानता हूं अपनी उपयोगिता

भाषा। नई दिल्ली

भारत के स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या कमर की चोट के कारण फिलहाल टेस्ट क्रिकेट का जोखिम नहीं लेना चाहते और ऐसा इसलिए भी है क्योंकि उन्हें सीमित ओवरों के प्रारूप में अपनी उपयोगिता पता है। पंड्या ने सितंबर 2018 से टेस्ट नहीं खेला है। वह अब तक सिर्फ 11 टेस्ट खेले हैं लेकिन सीमित ओवरों में आक्रामक हरफनमौला के रूप में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। वह पिछले साल कमर के आपरेशन के बाद रिकवरी की ओर हैं। उन्होंने क्रिकबज से कहा कि मैं खुद को बैकअप तेज गेंदबाज के रूप में देखता हूं। कमर की सर्जरी के बाद फिलहाल टेस्ट क्रिकेट खेलना चुनौतीपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि यदि मैं सिर्फ टेस्ट क्रिकेटर होता तो खेल लेता लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सकता क्योंकि सीमित ओवरों के प्रारूप में मुझे अपनी उपयोगिता पता है। पंड्या को 2018 में चोट लगी थी जब उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मैच के दौरान मैदान से स्ट्रेचर से ले जाया गया। उन्होंने कहा कि मुझे लगा कि मेरा कैरियर खत्म हो गया क्योंकि मैने कभी किसी को यूं स्ट्रेचर पर जाते हुए नहीं देखा। मेरा दर्द कम ही नहीं हो रहा था लेकिन मेरा शरीर तुरंत रिकवरी मोड में चला गया। एशिया कप वैसे भी आराम मिलने से पहले मेरा आखिरी टूर्नामेंट था जिसमें यह चोट लग गई। पिछले साल एक टीवी शो पर महिला विरोधी बयानबाजी के कारण विवादों से घिरे पंड्या ने कहा कि उन्होंने अपना सबक सीख लिया है। उन्होंने कहा कि मैं उस घटना के बाद समझदार हो गया हूं। मैने जिंदगी में गलतियां की लेकिन उन्हें स्वीकार भी किया। यदि ऐसा नहीं होता तो मैं एक और टीवी शो कर रहा होता।

पंड्या ने कहा कि अब मैं उसे सोचकर परेशान नहीं होता क्योंकि हमने एक परिवार के रूप में उसे स्वीकार कर लिया। मुझे सबसे ज्यादा दुख इस बात का है कि मेरी गलती की सजा मेरे परिवार ने भुगती। यह स्वीकार्य नहीं है।

सब्जी बेचने वाली राष्ट्रीय तीरंदाज को झारखंड सरकार ने दिए 20,000 रुपये

रांची। आर्थिक तंगी के कारण सब्जी बेचने को मजबूर राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाज सोनू खातून को झारखंड सरकार ने बुधवार को 20,000 रुपये का चेक सौंपा। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने धनबाद के उपायुक्त को सोनू खातून को जरूरी सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पीड़ादायक है कि सोनू अपने परिवार के भरण पोषण के लिए सब्जी बेचने को विवश है। प्रवक्ता ने बताया कि कि यह तीरंदाज धनुष टूट जाने के कारण खेल में सक्रिय रूप से भाग नहीं पाई और उन्हें सब्जी बेचकर जीविकोपार्जन करना पड़ा। उन्होंने कहा कि इस तीरंदाज को सहायता स्वरूप 20 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। भविष्य में भी इन्हें जिला प्रशासन द्वारा हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। धनबाद जिला तीरंदाजी संघ के जुबेर आलम ने बताया कि 18 वर्षीय सोनू ने 2011 में राष्ट्रीय स्कूल गेम्स में कांस्य पदक जीता था। तीन बहनों में सबसे बड़ी सोनू के घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है।

अक्टूबर में शुरू होनी चाहिए राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं: बत्रा

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा ने बुधवार को कहा कि देश में खेलों की शीर्ष संस्था को उम्मीद है कि अक्टूबर से राष्ट्रीय चैंपियनशिप और टूर्नामेंट शुरू हो सकते हैं, बशर्ते कोविड-19 के कारण स्थिति खराब नहीं हो। बत्रा ने साथ ही कहा कि मुक्केबाजी और कुश्ती जैसे संपर्क वाले खेलों में पाबंदियों में छूट देने की संभावना तब तक नहीं दिखती जब तक कि उपचार या टीका नहीं आ जाता।

लगातार दूसरे साल अर्जुन पुरस्कार के लिए अनदेखी किए जाने से नाराज प्रणय

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय लगातार दूसरे साल अर्जुन पुरस्कार के लिए नामांकित नहीं किए जाने से गुस्से में हैं और उन्होंने कहा कि भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने उनसे कम उपलब्धि वाले खिलाड़ियों के नाम की सिफारिश की है। बीएआई ने गत मंगलवार को सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष युगल जोड़ी तथा पुरूष एकल खिलाड़ी समीर वर्मा ने नाम की सिफारिश इस पुरस्कार के लिए की थी। प्रणय ने अपनी नाराजगी ट्विटर पर व्यक्त की। उन्होंने लिखा कि अर्जुन पुरस्कार के लिए वही पुरानी चीज। राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ी के नाम की सिफारिश संघ द्वारा नहीं की गई जबकि जो खिलाड़ी इन दोनों प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में नहीं था, उसकी नाम की अनुशंसा की गई है। वाह। इन तीन नामांकन में से सात्विक-चिराग की जोड़ी ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था लेकिन समीर कभी भी इसमें नहीं खेले हैं। प्रणय का पिछले साल का प्रदर्शन हालांकि इतना शानदार नहीं रहा, लेकिन वह 2018 में शानदार फार्म में थे। 25 साल के इस खिलाड़ी ने 2018 में तीन खिताब अपने नाम किए थे और अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग (11) हासिल की थी। इस शानदार प्रदर्शन के बूते वह बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स 2018 में भी जगह बनाने में सफल रहे और सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। बीएआई ने कहा कि उसने, खेल मंत्रालय को नामों की सिफारिश करने से पहले पिछले चार वर्षों में खिलाड़ियों और कोचों के प्रदर्शन का अच्छी तरह आकलन किया था।

डेरेन ब्रावो, हेटमायर और कीमो ने किया इंग्लैंड दौरे से इनकार

भाषा। सेंट जोन्स (एंटीगा)

वेस्टइंडीज के तीन खिलाड़ियों डेरेन ब्रावो, शिमरोन हेटमायर और कीमो पॉल ने बुधवार को अगले महीने प्रस्तावित इंग्लैंड के तीन टेस्ट के दौरे पर जाने से इनकार कर दिया। कोविड-19 महामारी के खतरे के बीच इन मैचों का आयोजन जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में किया जाएगा। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने श्रृंखला के लिए 14 सदस्यीय टीम घोषित की है और अगर इस श्रृंखला के आयोजन को ब्रिटेन की सरकार की अंतिम स्वीकृति मिलती है तो इसके साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट एक बार फिर शुरू होगा। सीडब्ल्यूआई ने बयान में कहा कि डेरेन ब्रावो, शिमरोन हेटमायर और कीमो पॉल ने दौरे के लिए इंग्लैंड जाने का आमंत्रण ठुकरा दिया है और सीडब्ल्यूआई उनके फैसले का पूरा सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि जैसा कि पहले गया था कि भविष्य में टीम का चयन करते हुए सीडब्ल्यूआई खिलाड़ियों के इस फैसले का उनके खिलाफ इस्तेमाल नहीं करेगा। बोर्ड ने हालांकि इन खिलाड़ियों के हटने का कोई विशिष्ट कारण नहीं बताया। दौरे पर जाने वाले सभी लोगों का इस हफ्ते कोरोना वायरस परीक्षण होगा और उनके चार्टर्ड विमान से आठ जून को इंग्लैंड रवाना होने का कार्यक्रम है। श्रृंखला का पहला टेस्ट आठ जुलाई से हैंपशर के एजियास बाउल में खेला जाएगा और बाकी दो टेस्ट लंकाशर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर होंगे जहां स्टेडियम में ही होटल मौजूद हैं। ओल्ड ट्रैफर्ड 16 से 20 जून और फिर 24 से 28 जून तक दो टेस्ट की मेजबानी करेगा। टीम में मध्य क्रम के बल्लेबाज एनक्रुमाह बोनर और तेज गेंदबाज केमार होल्डर के रूप में दो नए चेहरों को शामिल किया गया है। **टीम:** जैसन होल्डर, क्रेग ब्रेथवेट, शाई होप, शेन डाउरिच, रोस्टन चेज, शेमार ब्रूक्स, राहकीम कोर्नवेल, एनक्रुमाह बोनर, अल्जारी जोसेफ, केमार होल्डर, जॉन कैंपबेल, रेमन रीफर, केमार रोच और जर्मेन ब्लैकवुड। रिजर्व खिलाड़ी: सुनील अंबरीश, जोशुआ डा सिल्वा, शेनन गैब्रियल, कियोन हार्डिंग, काइल मेयर्स, प्रेस्टन मैकस्वीन, मारक्विनो मिंडले, शेन मोसली, एंडरसन फिलिप, ओशेन थॉमस और जोमेल वारिकन।

प्लंकेट को लेकर इंग्लैंड टीम प्रबंधन की आलोचना की माइकल वॉन ने

लंदन। इग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने इंग्लिश टीम प्रबंधन की आलोचना करते हुए कहा कि यह काफी अपमानजनक है कि तेज गेंदबाज लियाम प्लंकेट को बाहर होने की जानकारी सोशल मीडिया से मिली। प्लंकेट (35 वर्ष) पिछले साल विश्व कप में इंग्लैंड की खिताबी जीत के बाद से टीम के लिए नहीं खेले हैं। कोरोना वायरस का प्रभाव कम होने के बाद पिछले हफ्ते 55 खिलाड़ियों की ट्रेनिंग शुरू करने के लिए सूची जारी की गई जिसमें उनका नाम नदारद था। वॉन ने पोडकास्ट पर पूर्व स्पिनर फिल टफनेल से कहा, फिल, क्या तुम जानते हो? उस इंटरव्यू में सबसे निराशाजनक चीज जो मैंने सुनी थी कि इंग्लैंड के विश्व कप फाइनल में खिताब के बाद उसे एक भी व्यक्ति ने फोन नहीं किया था। उन्होंने कहा कि उसे अपने बाहर होने की खबर ट्विटर के जरिए पता चली। ऐसा पहले होता था, लेकिन क्रिकेट के इस युग में ऐसा नहीं होता। यह अपमान है।

पहले टेस्ट में रूट के खेलने की संभावना कम

नई दिल्ली, तीन जून (भाषा) इंग्लैंड के कप्तान जो रूट जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरूआती टेस्ट में खेलने की संभावना कम है क्योंकि उनके दूसरे बच्चे का जन्म इन्हीं तारीख में हो सकता है। इस दौरान उप कप्तान बेन स्टोक्स अंतरिम कप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे। रूट का मानना है कि वह शानदार कप्तान साबित होंगे। वेस्टइंडीज की टीम कार्यक्रम के बदलाव के बाद जुलाई में इंग्लैंड का दौरा करेगी जो दर्शकों के बिना खाली स्टेडियम में होगा। पहला टेस्ट आठ जुलाई से साउथम्पटन में शुरू होगा।

हॉकी टीमों ने आउटडोर ट्रेनिंग दोबारा शुरू की

बेंगलुरू। भारतीय पुरुष और हाकी टीमों ने कोरोना वायरस के कारण राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के कारण दो महीने के बाद यहां आउटडोर ट्रेनिंग दोबारा शुरू की। हॉकी इंडिया ने बताया कि राष्ट्रीय टीमों ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के मानक संचालन प्रक्रिया जारी करने के बाद राष्ट्रीय टीमों ने सोमवार को आउटडोर ट्रेनिंग दोबारा शुरू की। हॉकी इंडिया ने बयान में कहा, सीनियर पुरुष और सीनियर महिला टीम के कोर संभावित खिलाड़ियों के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण के बेंगलुरू परिसर में सोमवार एक जून 2020 को खेल के मैदान पर व्यवस्थित और चरणबद्ध तरीके से खेल गतिविधि शुरू हुई जिसमें दोनों टीमों ने मानक संचालन प्रक्रिया के तहत सभी नियमों का पालन किया। मार्च के अंत में लॉकडाउन के कारण खिलाड़ी साइ केंद्र में अपने कमरों में सीमित रह गए था।

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार : मंत्रालय ने समयसीमा 22 तक बढ़ाई

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन जमा करने की तारीख 22 जून तक बढ़ा दी है। इसके साथ ही कोरोना वायरस महामारी के कारण लागू लॉकडाउन में प्रस्तावक मिलने में होने वाली कठिनाइयों के मद्देनजर खिलाड़ियों को स्वयं के नामांकन की अनुमति भी दे दी है। नामांकन प्रक्रिया पूरी करने का बुधवार को आखिरी दिन था लेकिन समय सीमा बढ़ा दी गई। इसके साथ ही प्रक्रिया में भी रियायत दी गई है। मंत्रालय के एक सर्कुलर में कहा गया , हमने पुरस्कार योजना में अधिकारियों या व्यक्तियों की अनुशंसा पर भेजे गए आवेदन ही जमा करने का नियम खत्म कर दिया है। फार्म में इस हिस्से को खाली छोड़ा जा सकता है। मंत्रालय ने महामारी के कारण इस साल सिर्फ ईमेल से आवेदन मंगवाए थे। खेल पुरस्कार आवेदन के नियमों के तहत वे ही आवेदन मान्य होते हैं जिनके लिए राष्ट्रीय महासंघ, खेल बोर्ड या पूर्व पुरस्कार विजेताओं ने अनुशंसा की हो। खेल मंत्री कीरेन रीजीजू ने बुधवार को बयान जारी करके कहा कि यह कदम खिलाड़ियों के लिए नामांकन प्रक्रिया सरल करने के लिए उठाया गया।

खेल रत्न के लिए नीरज के नाम की पुष्टि

नई दिल्ली। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने बुधवार को स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा के नाम की अनुशंसा खेल पुरस्कार राजीव गांधी खेल रत्न के लिए करने की पुष्टि की। एएफआई ने लगातार तीसरे साल खेल रत्न के लिए चोपड़ा व अर्जुन पुरस्कार के लिए दुती चंद का नाम चुना है।

सरकारी बैंकों ने एमएसएमई को 3,893 करोड़ का दिया कर्ज

पीएसबी ने 100 प्रतिशत ईसीएलजीएस के तहत 10,361.75 करोड़ रुपये के कर्ज को मंजूरी दी

भाषा। नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) ने कोरोना वायरस महामारी के चलते लागू लॉकडाउन से बुरी तरह प्रभावित एमएसएमई क्षेत्र को इस महीने के पहले दो दिन में तीन लाख करोड़ रुपये की आपातकालीन ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत 3,893 करोड़ रुपये का कर्ज दिया। इस बीच पीएसबी ने एक जून से 100 प्रतिशत ईसीएलजीएस के तहत 10,361.75 करोड़ रुपए के कर्ज को मंजूरी दी। यह योजना पिछले महीने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा घोषित 20 लाख करोड़ रुपये के आत्मनिर्भर भारत अभियान राहत पैकेज का सबसे बड़ा राजकोषीय घटक है। वित्त मंत्री निर्मला सीताराम ने एक ट्वीट में कहा, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने 100 फीसदी आपातकालीन ऋण गारंटी योजना के तहत 10,361.75 करोड़ रुपए के ऋण को मंजूरी दे दी है। इसमें से 3,892.78 करोड़ रुपए पहले ही जारी किए जा चुके हैं। वित्तीय सेवा विभाग ने एक ट्वीट में कहा, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत सरकार उनके विकास के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 21 मई को एमएसएमई क्षेत्र के लिए ईसीएलजीएस के माध्यम से 9.25 प्रतिशत की रियायती दर पर तीन लाख करोड़ रुपये तक के अतिरिक्त वित्त पोषण को मंजूरी दी थी।

पीएनजीआरबी ने कहा एलएनजी पंप लगाने के नियमन के अधिकार नहीं

भाषा। नई दिल्ली

तेल क्षेत्र के नियामक पीएनजीआरबी ने कहा है कि उसके पास एलएनजी पंप स्टेशन स्थापित करने के नियमन का अधिकार नहीं है और कोई भी कंपनी इस तरह के पंप देश में कहीं भी लगा सकती है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) से तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) स्टेशन लगाने के बारे में आग्रह किया गया था। इस पर पीएनजीआरबी ने कहा कि वह जिस कानून के तहत कार्य करता है उसमें उसे केवल सीएनजी ईंधन केन्द्र लगाने और उनके लिए लाइसेंस जारी करने का अधिकार है।

अनाज, दाल व प्याज आवश्यक वस्तु अधिनियम के दायरे से बाहर होंगे

सरकार ने दो अध्यादेश को मंजूरी दी

भाषा। नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को साढ़े छह दशक पुराने आवश्यक वस्तु अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दे दी ताकि अनाज, दलहन और प्याज सहित खाद्य वस्तुओं को नियमन के दायरे से बाहर किया जा सके। उम्मीद है कि इससे इन वस्तुओं का व्यापार मुक्त तरीके से किया जा सकेगा और इससे किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। मंत्रिमंडल ने कृषि उपज के बाधा मुक्त व्यापार को सुनिश्चित करने के लिए कृषि उत्पाद व्यापार एवं वाणिज्य (संवर्धन एवं सहायता) अध्यादेश, 2020 को भी मंजूरी दी। सरकार ने किसानों की स्थिति को, प्रोसेसर, एग्रीगेटर्स, थोक विक्रेताओं, बड़े खुदरा विक्रेताओं और निर्यातकों के सामने सशक्त बनाने के लिए मूल्य आश्वासन और कृषि सेवा अध्यादेश, 2020 पर किसान (सशक्तिकरण और संरक्षण) समझौते को भी मंजूरी दी। कैबिनेट के फैसलों की घोषणा करते हुए, कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि इससे कृषि क्षेत्र की सूरत बदलेगी और इसके साथ-साथ भारत के किसानों की मदद करने की दिशा में इसका दूरगामी प्रभाव होगा। उन्होंने कहा कि आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रस्तावित संशोधन से अत्यधिक विनियामकीय हस्तक्षेप के संबंध में निजी निवेशकों को आशंकाएं खत्म होंगी। तोमर ने कहा कि कृषि उत्पाद व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा) अध्यादेश, 2020 राज्य कृषि उपज विपणन कानून के तहत अधिसूचित बाजारों के अहाते के बाहर अवरोध मुक्त अंतर-राज्य और अन्य राज्यों के साथ व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देगा।

33.1 अरब डॉलर तक घट सकता है चीन को जिंसों का निर्यात

संयुक्त राष्ट्र। कोरोना वायरस महामारी के चलते चीन को दुनिया भर से जिंसों के निर्यात में 2020 के दौरान 46 प्रतिशत या 33.1 अरब डॉलर तक की कमी हो सकती है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (अंकटाड) की एक शोध रिपोर्ट के मुताबिक ऐसे में ऊर्जा उत्पाद, अयस्क और खाद्यान्न जैसी प्राथमिक वस्तुओं के निर्यात पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं के सामने गंभीर संकट पैदा हो सकता है।

अंकटाड के शोध में पाया गया कि चीन को जिंसों के वैश्विक निर्यात में 2020 के दौरान 15.5 अरब डॉलर से 33.1 अरब डॉलर तक कमी आ सकती है।

पीएमजीकेपी के तहत 42 करोड़ गरीबों को मिली वित्तीय सहायता

भाषा। नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज (पीएमजीकेपी) के तहत करीब 42 करोड़ गरीबों को 53,248 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई है। सरकार ने कमजोर तबकों को कोविड-19 संकट से राहत देने के लिए 26 मार्च को 1.70 लाख करोड़ रुपए के राहत पैकेज की घोषणा की। पैकेज में गरीबों को मुफ्त अनाज, और महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों तथा अन्य को नकद सहायता उपलब्ध कराना शामिल है। मंत्रालय ने कहा कि पैकेज के क्रियान्वयन पर केंद्र और राज्य सरकारें लगातार नजर रख रही हैं। बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज के तहत करीब 42 करोड़ गरीब लोगों को 53,248 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दी गई है। इस मामले में मंगलवार तक हुई प्रगति की जानकारी देते हुए कहा गया है कि पीएम-किसान योजना के तहत पहली अग्रिम किस्त के रूप में 8.9 लाभार्थियों को 16,394 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। वहीं दो किस्तों में जनधन खाताधारकों को 20,344 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इसके अलावा 2,814.5 करोड़ रुपए 2.81 करोड़ बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों को वितरित किए गए।

अमारा राजा समूह करेगा कर्मचारियों के वेतन में कटौती

हैदराबाद। अमारा राजा समूह कोरोना वायरस संकट के चलते आने वाले महीनों में अपने कर्मचारियों के वेतन में कटौती करेगा। इसमें कनिष्क और वरिष्ठ प्रबंधन स्तर के कर्मचारी शामिल होंगे। समूह ने कहा कि उसके विभिन्न कारोबारों में प्रबंध निदेशक की जिम्मेदारी देख रहे समूह के प्रवर्तकों ने खुद से अपने चालू वित्त वर्ष के वेतन में 50 प्रतिशत तक की कटौती की पेशकश की है। समूह की प्रमुख कंपनी अमारा राजा बैटरीज लिमिटेड की पिछले वित्त वर्ष की वार्षिक रपट के मुताबिक की 31 मार्च 2019 को के कुल कर्मचारियों की संख्या 7,541 थी। इसमें अस्थाई कर्मचारी भी हैं। कंपनी ने मार्च 2019 में समाप्त वित्त वर्ष में कर्मचारियों के वेतन पर 345.23 करोड़ व्यय किया।

भारत सहित कई देशों के डिजिटल सेवा कर की जांच करेगा अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिका ने भारत सहित कई देशों के उन डिजिटल सेवा करों की जांच शुरू करने का फैसला किया है, जिन्हें अमेरिकी टेक कंपनियों को निशाना बनाने के लिए गलत तरीके से लागू किया गया है या उस पर विचार किया जा रहा है। एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने यह जानकारी दी। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) रॉबर्ट लाइटहाइजर ने मंगलवार को कहा, राष्ट्रपति ट्रंप चिंतित हैं कि हमारे कई व्यापारिक भागीदार हमारी कंपनियों को गलत तरीके से निशाना बनाने के लिए तैयार की गई कर योजनाओं को लागू कर रहे हैं। जिन अन्य देशों के खिलाफ जांच शुरू की जा सकती है, उनमें ऑस्ट्रिया, ब्राजील, चेक गणराज्य, यूरोपीय संघ, इंडोनेशिया, इटली, स्पेन, तुर्की और ब्रिटेन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हम इस तरह के किसी भी भेदभाव के खिलाफ अपने व्यवसायों और श्रमिकों की रक्षा के लिए समुचित कार्वाई के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि इन करों को डिजिटल सेवा कर या डीएसटी कहा जाता है। उपलब्ध साक्ष्य बताते हैं कि डीएसटी से अमेरिका की बड़ी तकनीकी कंपनियों को निशाना बनाने की कोशिश की जा सकती है। यूएसटीआर ने कहा कि भारत ने मार्च 2020 में दो प्रतिशत के डीएसटी को अपनाया।

सेवा क्षेत्र गतिविधियों में गिरावट, कंपनियां घटा रही हैं नौकरियां

नई दिल्ली। कोरोना वायरस महामारी और उसकी रोकथाम के लिए जारी लॉकडाउन के कारण पूरे देश में मई महीने में सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी से गिरावट आई और दुकानों पर उपभोक्ताओं का जाना लगभग बंद रहा। इन सबके कारण कंपनियों ने नौकरियां घटानी शुरू कर दी हैं। एक मासिक सर्वे में बुधवार को यह कहा गया। आईएचएस मार्किट भारत सेवा कारोबार गतिविधि सूचकांक मई में 12.6 पर रहा। यह उत्पादन में फिर से बड़ी गिरावट को प्रतिबिंबित करता है। सर्वे में कहा गया है कि हालांकि मई का सूचकांक अप्रैल के 5.4 के रिकार्ड निचले स्तर से बेहतर है लेकिन इसके बावजूद यह स्तर 14 साल से जारी आंकड़ा संग्रह के दौरान नहीं देखा गया।

बाजार में तेजी जारी, निफ्टी 10 हजार अंक के पार

मुंबई। वैश्विक बाजारों के सकारात्मक संकेत और निवेशकों की लिवाली जारी रहने से देश के शेयर बाजारों में लगातार छठे दिन तेजी का रुख रहा। बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स 284 अंक लाभ में रहा और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 10 हजार अंक से ऊपर बंद हुआ। बैंकिंग और दूसरी वित्तीय कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली का जोर रहा। कारोबार के दौरान बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 34,488.69 अंक की ऊंचाई छूने के बाद कारोबार की समाप्ति पर पिछले दिन के बंद स्तर के मुकाबले 284.01 अंक यानी 0.84 प्रतिशत बढ़कर 34,109.54 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का व्यापक आधार वाला निफ्टी भी 82.45 अंक यानी 0.83 प्रतिशत सुधर कर 10,061.55 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी 11 मार्च 2020 के बाद पहली बार 10 हजार अंक के ऊपर पहुंचा है। सूचकांक में शामिल शेयरों में महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा में सर्वाधिक 4.82 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इसके बाद कोटक महिन्द्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, नेस्ले इंडिया, स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और ओएनजीसी के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। इसके विपरीत एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, भारती एयरटेल, मारुति और हीरो मोटोकार्प गिरावट दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल रहे। इनमें 2.12 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों का मानना है कि तेजड़ियों ने बाजार पर अपनी पकड़ बनाए रखी है। विदेशी कोषों का प्रवाह जारी रहने और वैश्विक बाजारों के सकारात्मक संकेतों से बाजार में तेजी जारी रही।

अमेरिका के कई बड़े शहरों में लोगों ने किए विरोध-प्रदर्शन

भाषा। वॉशिंगटन

न्यूयॉर्क, फिलाडेल्फिया, शिकागो और वाशिंगटन डीसी समेत अमेरिका के कई शहरों में देशवासियों ने मिनियापोलिस में अफ्रीकी-अमेरिकी जॉर्ज फ्लॉयड की हिरासत में मौत के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए।

इनमें से कुछ स्थानों पर हिंसक प्रदर्शन भी हुए। ह्यूस्टन निवासी फ्लॉयड की मिनियापोलिस में 25 मई को उस समय मौत हो गई थी, जब एक श्वेत पुलिस अधिकारी ने उसके गले को अपने घुटने से तब तक दबाए रखा, जब तक कि उसकी सांसें नहीं रुक गई। इस घटना के विरोध में देशभर में प्रदर्शन हो रहे हैं। कुछ स्थानों पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गए और बड़े पैमाने पर लूटपाट की गई, सम्पत्ति एवं स्मारकों को नुकसान पहुंचाया गया और वाहनों को आग लगा दी गई। ऐसा बताया जा रहा है कि अमेरिका में हालिया दशकों में इतने बड़े पैमाने पर असैन्य अशांति नहीं फैली है। रात में कई प्रदर्शनों के हिंसक हो जाने के कारण न्यूयॉर्क और वाशिंगटन डीसी समेत कई शहरों में कर्फ्यू लगाया गया। प्रदर्शनकारियों ने इन शहरों में कई स्थानों पर कर्फ्यू का कथित रूप से उल्लंघन किया। वाशिंगटन डीसी में सैन्य वाहनों को व्हाइट हाउस के निकट सड़कों पर देखा गया और लफाएते पार्क में बड़ी संख्या में सशस्त्र कर्मी देखे गए। फ्लॉयड की हिरासत में मौत के विरोध में इस पार्क में हजारों प्रदर्शनकारी एकत्र हुए थे।पुलिस की बर्बरता के खिलाफ हजारों लोगों ने न्यूयॉर्क की सड़कों पर मार्च निकाला। मैनहट्टन के एक लोकप्रिय डिपार्टमेंटल स्टोर समेत न्यूयॉर्क में कई स्थानों पर सोमवार रात लूटपाट की घटनाएं हुईं। न्यूयॉर्क के गवर्नर एंड्रियू कुओमो ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे लगता है कि न्यूयॉर्क पुलिस विभाग और मेयर ने कल रात अपना काम संजीदगी से नहीं किया। सेंट लुइस में चार पुलिसकर्मी प्रदर्शनकारियों को काबू करने के दौरान घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लास वेगास में भी प्रदर्शनकारियों की भीड़ को काबू करने की कोशिश में एक पुलिस अधिकारी को गोली लग गई। वह अस्पताल में भर्ती है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। अमेरिका के कई स्थानों से सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच संघर्ष की खबरें आई हैं।मिनियापोलिस के गवर्नर ने मिनियापोलिस पुलिस विभाग की नीतियों और कार्यप्रणाली को लेकर जांच का मंगलवार को आदेश दिया। न्यूजर्सी के अटॉर्नी जनरल गुरबीर ग्रेवाल ने घोषणा की कि राज्य पुलिस द्वारा बल प्रयोग संबंधी अपने दिशा-निर्देशों का अद्यतन करेगा और ऐसा पिछले दो दशकों में पहली बार किया जाएगा।उन्होंने सभी अधिकारियों के लिए अनिवार्य लाइसेंस कार्यक्रम की भी घोषणा की। एक स्थानीय समाचार पत्र ने बताया कि बोस्टन में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए। बोस्टन ग्लोब ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने अश्वेतों का जीवन महत्व रखता है और न्याय नहीं, शांति नहीं के नारे लगाए। लॉस एंजिलिस टाइम्स ने बताया कि शहर में सैकड़ों प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। सीनेटर कमला हैरिस ने मंगलवार को ट्वीट किया, हमें यह याद रखना चाहिए कि लोग प्रदर्शन क्यों कर रहे हैं। वे अश्वेत लोगों के जीवन के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं, जो मायने रखता है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने बताया कि शांति स्थापित करने के लिए 28 राज्यों और वाशिंगटन डीसी में 20,400 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं।

वांशिगटन में व्हाइट हाउस के बाहर प्रदर्शन करते लोग

व्हाइट हाउस राज्यों में सेना भेजने पर पड़ा नरम

एपी। वाशिंगटन

तीन जून अमेरिका के अलग अलग राज्यों में प्रदर्शनों को कुचलने के लिए सेना भेजने की धमकी देने के एक दिन बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप निजी तौर पर इसे वापस लेते प्रतीत हो रहे हैं, जबकि व्हाइट हाउस के अधिकारियों का कहना है कि देश भर में इस हफ्ते के प्रदर्शनों को लेकर दी गई प्रतिक्रिया संकेत करती है कि स्थानीय सरकारों को खुद ही व्यवस्था बहाल करने में सक्षम होना चाहिए।

यह बदलाव ऐसे में समय में आया है जब अल्पसंख्यकों के खिलाफ पुलिस की बर्बरता को लेकर वाशिंगटन समेत अन्य शहरों में हो रहे प्रदर्शन मंगलवार को अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण रहे। यह सोमवार को व्हाइट हाउस के बाहर कठोर कार्वाई के विपरीत है। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति देश की राजधानी में इतनी आक्रामक कार्वाई चाहते थे कि यह देश के बाकि हिस्सों के लिए एक मिसाल बनें। रक्षा मंत्रालय ने जरूरत पड़ने पर सेना को तैनात करने की योजना बना ली थी। रक्षा मुख्यालय पेंटागन के दस्तावेज एसोसिएटिड प्रेस ने देखे हैं जो बताते हैं कि राजधानी में हालात बिगड़ने और नेशनल गार्ड के व्हाइट हाउस और अन्य संघीय इमारतों की सुरक्षा करने में नाकाम रहने की स्थिति में इन इमारतों की हिफाजत के लिए सेना की एक डिविजन के सैनिकों की तैनाती की योजना थी। वाशिंगटन में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्वाई की ट्रंप के कुछ समर्थकों ने मंगलवार को सराहना की। वहीं रिपब्लिक पार्टी के चंद लोगों ने इस बात पर चिंता जाहिर की कि कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों के अधिकारों का उल्लंघन किया है। रक्षा मंत्री ने भी प्रदर्शनकारियों को हटाने के बाद एक चर्च में फोटो खिंचवाने के लिए लाफएट्ट पार्क के पार पैदल जाने के ट्रंप के फैसले से दूरी बना ली है।सोमवार शाम को ट्रंप के साथ सेंट जॉन्स चर्च जाने वाले पेंटागन के प्रमुख मार्क इस्पर ने कहा है कि उन्हें यह नहीं पता था कि राष्ट्रपति कहां जा रहे हैं।इस्पर ने एनबीसी न्यूज को कहा, मुझे नहीं पता था कि मैं कहां जा रहा हूं। गौरतलब है कि एक काले व्यक्ति की मौत के बाद देश भर में प्रदर्शन हो रहे हैं। जॉर्ज फ्लॉयड नाम के काले व्यक्ति को मिनियापोलिस के श्वेत पुलिस अधिकारी ने गिरा कर उसकी गर्दन को घुटने से दबा दिया था जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी। हिंसक प्रदर्शनों ने अमेरिका के कई शहरों को अपनी चपेट में ले लिया है और जिस तरह की हिंसा हुई, वैसी दशकों में नहीं देखी गई। ट्रंप ने मंगलवार को ट्वीट किया कि वाशिंगटन में कल रात कोई समस्या नहीं हुई। कई लोगों की गिरफ्तारियां की गई हैं। बड़ी संख्या में बल तैनात है। ट्रंप इस बात की मीडिया कवरेज को लेकर भी नाराज हैं कि शुक्रवार को हुए प्रदर्शनों की वजह से उन्हें व्हाइट हाउस के एक बंकर में जाना पड़ा था। ट्रंप ने सोमवार को आक्रामक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने रोज गार्डन में शाम के संबोधन में राज्यों के गवर्नरों से कहा कि वे प्रदर्शनों पर काबू करने के लिए नेशनल गार्ड की तैनाती करें। राष्ट्रपति ने कहा कि अगर वे उन आदेशों का पालन नहीं करते हैं तो वह उनके राज्यों में सेना भेज देंगे। व्हाइट हाउस के अधिकारी ने कहा कि संघीय सरकार ने प्रभावित राज्यों को उनके पास मौजूद नेशनल गार्ड की एक सूची दी थी। अधिकारी ने कहा कि गवर्नरों को ट्रंप का संदेश था कि अगर वे सभी उपायों का इस्तेमाल नहीं करते हैं तो वे इसकी उम्मीद न करें कि उनके किसी भी आग्रह पर सहानुभूतिपूर्ण प्रतिक्रिया दी जाएगी।

अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प ने शांति की अपील की

वाशिंगटन। अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प ने अफ्रीकी-अमेरिकी जॉर्ज फ्लॉयड की पुलिस हिरासत में मौत के बाद देशभर में भड़के हिंसक प्रदर्शनों के मद्देनजर लोगों से कर्फ्यू का पालन करने, रास्तों से हटने और अपने प्रियजनों के साथ समय बिताने की अपील की। मेलानिया ने मंगलवार को कहा, रात होने के साथ ही मैं सभी नागरिकों से कर्फ्यू का पालन करने, रास्तों से हटने और अपने प्रियजनों के साथ वक्त बिताने के लिए घरों के भीतर रहने का अनुरोध करती हूं। प्रथम महिला ने ट्वीट किया, सभी शहर, समुदाय और नागरिक सुरक्षित रहने के हकदार हैं और यह तभी हो सकता है जब हम शांति के लिए मिलकर काम करें। इससे एक दिन पहले उन्होंने कहा था कि वह अपने देश और समुदायों को नुकसान पहुंचते हुए देखकर दुखी हैं।मेलानिया ट्रम्प ने एक ट्वीट कर हर किसी से शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने और एक-दूसरे की देखभाल करने तथा इस महान देश में शांति कायम करने पर ध्यान केंद्रित करने का लोगों से आग्रह किया।एक ट्वीट में उन्होंने अमेरिकियों से अपने प्रदर्शन के दौरान उग्र रूप न लेने की भी अपील की। उन्होंने कहा, हमारे देश में शांतिपूर्ण प्रदर्शनों की इजाजत है लेकिन हिंसा की कोई जगह नहीं है। मैंने कोविड-19 के दौरान अपने नागरिकों को एकजुट और एक-दूसरे की देखभाल करते देखा है और अब हम रुक नहीं सकते। मेलानिया ने कहा, जॉर्ज फ्लॉयड के परिवार के प्रति मेरी गहरी संवदेनाएं हैं। एक देश के तौर पर चलिए शांति और प्रार्थना पर ध्यान केंद्रित करें।

करीब 70 प्रदर्शनकारियो को एक भारतीय-अमेरिकी ने अपने घर मे दी पनाह

भाषा। वाशिंगटन

अफ्रीकी-अमेरिकी व्यक्ति जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या पर देश में चल रहे हिंसक प्रदर्शनों के बीच एक भारतीय-अमेरिकी ने 70 से अधिक प्रदर्शनकारियों को पनाह देकर लोगों का दिल जीत लिया है।

गौरतलब है कि मिनियापोलिस में 25 मई को एक श्वेत पुलिस अधिकारी ने अपने घुटने से कुछ देर तक जॉर्ज फ्लॉयड (46) की गर्दन दबाई थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी। उसके लिए इंसाफ की मांग करने के लिए हजारों की संख्या में लोग सड़क पर उतर आए हैं।वाशिंगटन डीसी के रहने वाले राहुल दुबे ऐसे ही कई प्रदर्शनकारियों को अपने घर में पनाह दी।एस्क्वायर पत्रिका को दिए एक साक्षात्कार में 44 वर्षीय राहुल ने कहा, करीब 75 लोग मेरे घर में थे। उन्हें एक सोफे जितनी ही जगह मिल रही थी। एक मां और बेटी के परिवार को मैंने अपने बेटे का कमरा दिया ताकि वह आराम कर सकें। यहां तक कि बाथटब में भी लोग थे लेकिन कोई भी किसी बात की शिकायत नहीं कर रहा था। वे खुश थे... नहीं वे खुश नहीं थे। वे सुरक्षित थे। वे एक-दूसरे को सहारा दे रहे थे। राहुल सोमवार को हुए प्रदर्शन के बाद ही चर्चा में आ गए और उनके इस कदम के लिए सोशल मीडिया पर भी उनकी काफी सराहना की गई। एक कार्यकर्ता ने ट्वीट किया, राहुल ने कल रात हमारी जान बचाई। एक अन्य प्रदर्शनकारी एलिसन लेन ने लिखा, पेपर स्प्रे से पुलिस ने मुझे घायल कर दिया था उसके बाद मैं अब डीसी में एक घर में हूं। घर को पुलिस ने घेर रखा है और अंदर हम करीब 100 लोग हैं। सभी लोगों ने अपने घर के दरवाजे खोल दिए हैं और प्रदर्शनकारियों की देखभाल कर रहे हैं।

भारत के स्वच्छता अभियान कोविड-19 से निपटने में अहम भूमिका निभा सकते हैं

भाषा। मेलबर्न

भारत के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रमुख अभियान कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए तैयार किए जा सकते हैं क्योंकि इसने देश के लोगों में व्यक्तिगत स्वच्छता और साफ-सफाई को लेकर जागरूकता फैलाने का काम किया है। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के एक प्रमुख वैज्ञानिक ने यह बात कही।

राष्ट्रमंडल वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान संगठन (सीएसआईआरओ) में कोविड-19 के टीका विकसित करने वाले दल का नेतृत्व करने वाले एस एस वासन ने सलाह दी कि स्वच्छ भारत अभियान और आयुष्मान भारत योजना के साथ ही हाथ धोने और व्यक्तिगत स्वच्छता की आदत विकसित करके कोविड-19 के प्रकोप से निपट सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब भारत में हाथ धोने और व्यक्तिगत स्वच्छता एवं साफ-सफाई जैसी आदतों को लेकर बड़े स्तर पर जागरूकता फैली है। वासन ने कहा कि इन अभियानों का अनुसरण करके संक्रामक बीमारियों के बोझ को कम किया जा सकता है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत गली-मोहल्लों को साफ सुथरा रखने के साथ ही ग्रामीण इलाकों में खुले में शौच को हतोत्साहित करके घर में ही शौचालय की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। इसी तरह, आयुष्मान भारत योजना भारत सरकार की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य गरीब और समाज के कमजोर तबके को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

भारत को दान दिए 100 वेंटीलेटर्स की पहली खेप अगले हफ्ते भेजेगा अमेरिका : व्हाइट हाउस

वाशिंगटन(भाषा)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई बातचीत के दौरान बताया कि उनका देश कोरोना वायरस के मरीजों के उपचार के लिए भारत को दान में दिए 100 वेंटीलेटर्स की पहली खेप अगले हफ्ते भेजेगा। व्हाइट हाउस ने बताया कि ट्रम्प ने मंगलवार को मोदी से बात की और दोनों नेताओं ने जी7 सम्मेलन, कोविड-19 से निपटने और क्षेत्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर चर्चा की। व्हाइट हाउस ने टेलीफोन पर हुई बातचीत के बारे में बयान जारी कर बताया, राष्ट्रपति को घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका अगले हफ्ते भारत को दान में दिए 100 वेंटीलेटर्स की पहली खेप भेजने के लिए तैयार है।

अमेरिका, ब्राजील, रूस, ब्रिटेन, स्पेन और इटली के बाद भारत कोविड-19 वैश्विक महामारी से सबसे अधिक प्रभावित सातवां देश है।स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि भारत में कोरोना वायरस के दो लाख से अधिक मामले सामने आए हैं और 5,815 लोगों की मौत हुई है। कोरोना वायरस से गंभीर रूप से संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए वेंटीलेटर्स महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरण साबित हुए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कोविड-19 का हर पांच में से करीब एक मरीज गंभीर रूप से बीमार होता है और उसे सांस लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा था कि उनकी उनके मित्र ट्रम्प से गर्मजोशी के साथ और सार्थक बातचीत हुई। उन्होंने कहा, हमने जी-7 की अमेरिका की अध्यक्षता के लिए उनकी योजनाओं, कोविड-19 वैश्विक महामारी और कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-अमेरिका चर्चाओं की मजबूती और गहराई कोविड-19 के बाद की वैश्विक संरचना में एक महत्वपूर्ण स्तंभ होगी।

पाक के दो विधायकों की कोरोना वायरस संक्रमण से मौत

भाषा। इस्लामाबाद

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में कोविड-19 के संक्रमण से एक प्रांतीय मंत्री की मौत हो जाने के एक दिन बाद, बुधवार को इस घातक वायरस ने दो पाकिस्तानी विधायकों की जान ले ली। खैबर पख्तूनख्वा प्रांतीय विधानसभा के सदस्य एवं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के नेता मियां जमशेद काकाखेल (65) 10 दिन पहले कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे। उनका इस्लामाबाद में उपचार चल रहा था। एक अधिकारी ने कहा, मियां जमशेद पिछले तीन दिन से वेंटिलेटर पर थे और उनकी आज सुबह मौत हो गई। उन्होंने बताया, उनके बेटे मियां उमर कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद स्वस्थ हो गए हैं और उनके परिवार के अन्य लोग संक्रमित नहीं पाए गए हैं।

काकाखेल साल 2018 में खैबर पख्तूनख्वा स्थित पीके-63 नौशेरा निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए थे। इस बीच जियो न्यूज ने बताया कि गुजरांवाला से विधायक एवं पाकिस्तान मुस्लिम लीग- (नवाज) (पीएमएल-एन) के नेता शौकत मंजूर चीमा की भी संक्रमण के कारण मौत हो गई। वह ईद से वेंटिलेंटर पर थे।

उत्तरी स्पेन में एक ट्रेन कार से टकरा गई जिससे दो लोगों के मारे जाने की खबर है, घटनास्थल पर मौजूद बचाव दल के सदस्य

चीन में कोरोना वायरस के पांच नए मामले सामने आए

भाषा। बीजिंग/वुहान

चीन में कोरोना वायरस के पांच नए मामले सामने आए हैं जिनमें से चार मरीजों में बीमारी के लक्षण नहीं दिखाई दिए जबकि कोविड-19 का केंद्र रहे वुहान से संक्रमण का कोई मामला सामने नहीं आया। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) के अनुसार मंगलवार को कोरोना वायरस का विदेश से आया एक मामला और चार बिना लक्षण वाले मामले सामने आए। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि बिना लक्षण वाले मरीज कहां से सामने आए हैं। एनएचसी ने बुधवार को बताया कि बिना लक्षण वाले 357 मरीज अब भी चिकित्सा निगरानी में है। इनमें से 276 मरीज वुहान में हैं।उसने बताया कि हालिया समीक्षा के बाद आंकड़ों से पता चलता है कि चीन भूभाग पर संक्रमितों की कुल संख्या 83,021 पर पहुंच गई है। इनमें 73 मरीजों का अब भी इलाज चल रहा है और 78,314 लोगों को स्वस्थ होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। देश में इस संक्रामक रोग से 4,634 लोगों की मौत हुई है।इस बीच वुहान में मंगलवार को कोरोना वायरस के किसी भी मामले की पुष्टि नहीं हुई। वहां 19 दिन के अभियान में करीब एक करोड़ निवासियों की कोरोना वायरस की जांच की गई।शहर के अधिकारियों ने मंगलवार को मीडिया को बताया कि वुहान में 14 मई से एक जून के बीच 9,899,828 लोगों की जांच की गई।चीन की एक महामारी विज्ञानी ली लानजुआन ने कहा, वुहान अब सुरक्षित है और वुहान के लोग सुरक्षित हैं।

चिली के सेनटियागो में अपनी मांगो को लेकर घरों से बाहर बैठे लोग

ब्रिटेन हांगकांग के नागरिकों की मदद को तैयार : जॉनसन

- ब्रिटिश पीएम ने हांगकांग के 30 लाख नागरिकों के लिए वीजा योजना की पुष्टि की

भाषा। हांगकांग

ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने बुधवार को कहा कि ब्रिटेन हांगकांग के लगभग 30 लाख नागरिकों की मदद के लिए अपना दरवाजा खोलने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि अगर चीन ने विवादास्पद राष्ट्रीय सुरक्षा कानून को वापस नहीं लिया तो हांगकांग के 30 लाख लोगों को ब्रिटेन की नागरिकता देने के लिए देश की वीजा प्रणाली में सबसे बड़ा बदलाव करने की योजना है। द टाइम्स में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने लिखा कि यह पेशकश तभी की जाएगी जब चीन नए कानून को पारित करता है जिसमें ब्रिटेन के इस पूर्व उपनिवेश में पारंपरिक स्वतंत्रता खत्म होने का खतरा है।

हांगकांग के करीब साढ़े तीन लाख लोगों के पास ब्रिटिश राष्ट्रीय (समुद्रपारीय) पासपोर्ट है और 25 लाख लोग उसके लिए आवेदन करने योग्य हैं। वर्तमान में बीएनओ पासपोर्ट धारक छह महीने तक बिना वीजा के ब्रिटेन की यात्रा कर सकते हैं।

जॉनसन ने लिखा, अगर चीन ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू किया तो ब्रिटेन की सरकार आव्रजन नियमों को बदल देगी और ऐसे पासपोर्ट धारकों को हांगकांग से 12 महीने के लिए ब्रिटेन आने की अनुमति देगी और आव्रजन अधिकार देगी जिसमें काम करने का अधिकार शामिल होगा। इससे उन्हें नागरिकता हासिल करने का रास्ता मिल जाएगा। उन्होंने कहा, इससे हमारे इतिहास में वीजा प्रणाली में सबसे बड़ा बदलाव होगा। अगर यह आवश्यक हुआ तो ब्रिटेन की सरकार यह कदम उठाएगी और इसे जानबूझकर करेगी। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डोमोनिक राब ने मंगलवार को यह पेशकश हाउस ऑफ कॉमंस में रखी थी। इस बीच, शहर की नेता कैरी लैम राष्ट्रीय सुरक्षा कानून को लेकर होने वाली बैठकों में भाग लेने के लिए बीजिंग पहुंच गई हैं।

हांगकांग के एक समाचार पत्र में ऑनलाइन प्रकाशित एक कॉलम में जॉनसन ने कहा है कि सुरक्षा कानून हांगकांग में स्वतंत्रता को बाधित करेगा और 1997 में पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश हांगकांग को वापस लेने के लिए चीन का ब्रिटेन के साथ हुए समझौते में रखे गए शर्तों का उल्लंघन होगा। गौरतलब है कि हांगकांग को सौंपने के लिए ब्रिटेन और चीन के बीच समझौता हुआ था। जिसके तहत यह शर्त रखी गई थी कि हांगकांग एक विशेष प्रशासनिक क्षेत्र होगा और उसकी स्वायत्तता पहले की तरह ही बरकरार रहेगी।

द. कोरिया में कोरोना वायरस संक्रमण के 49 नए मामले

सियोल। दक्षिण कोरिया में कोविड-19 के 49 नए मामले सामने आए हैं जिससे देश में चिंता बढ गई है क्योंकि लाखों बच्चों ने स्कूल जाना शुरू कर दिया है।कोरिया बीमारी नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार देश में संक्रमण के 11,590 मामले हैं और 273 लोगों की मौत हो चुकी है।नए मामले में से कुछ सियोल मेट्रोपोलिटन क्षेत्र से हैं। यहां पहले से ही सैकड़ों लोग संक्रमित हैं जिनका संबंध मनोरंजन स्थलों, प्रार्थना सभाओं और एक ई-कॉमर्स गोदाम से जुड़ा है।सियोल के मेयर और गवर्नर ने हजारों नाइटक्लब, होस्टेस बार, चर्च, शादी घरों को फिर से बंद कर दिया है ताकि वायरस के संक्रमण को रोका जा सके।हालांकि संक्रमण के मामले बढ़ने के बाद भी सरकार स्कूलों को चरणबद्ध तरीके से खोलने की दिशा में आगे बढ़ रही है। यहां हाई स्कूलों को 20 मई से खोल दिया गया है।

'युवा कुछ करने की ठान लें, फिर पीछे न हटें'

पिछली 29 मई को संपन्न अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस के अवसर पर **पायनियर संवाददाता मुस्बा हाशमी** ने बात की **मेजर हरिपाल सिंह अहलूवालिया** से जो देश के पहले एवरेस्ट विजेता दल के सदस्य थे, उन्होंने इस बातचीत में उस चढ़ाई के अपने अनुभवों को कुछ इस तरह से साझा किया

आजकल कोरोना वायरस और इससे होने वाली मृत्यु की संख्या ही दुनिया भर के समाचार पत्रों की हेडलाइन बन रही है। लोग कोई अच्छा समाचार सुनने के लिए भी तरस गए हैं। लेकिन ऐसे समाचार हैं ही नहीं। लेकिन हम यहां आपको इस सबसे दूर अपने नायकों को नमन करने का एक अवसर देने जा रहे हैं जिन्होंने हेड लाइन चाहे न बना पाई हो लेकिन अपने पूरे जीवन देस की सेवा की है। हम आपको लेकर चल रहे हैं एक सकारात्मक और साहसिक व्यक्ति के साहसिक संस्मरणों की यात्रा पर –

आपको मिलवाते हैं 83 वर्षीय मेजर हरिपाल सिंह अहलूवालिया से जिन्होंने 1965 के युद्ध में भाग लिया था और अर्जुन और पदम पुरस्कार जीते थे। वो एवरेस्ट पर 29 मई 1965 पर विजय प्राप्त करने वाले भारत के प्रथम दल के सदस्य भी थे। इसे अब अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट डे के नाम से मनाया जाता है।

आप में से जिन्हें नहीं पता उन्हें जान लेना चाहिये कि 29 मई 1953 को सर एडमंड हिलेरी और तेनजिंग नॉरगे जो नेपाल के शेरपा थे, ने एवरेस्ट पर चढ़ने में विजय प्राप्त की थी। नेपाल ने इस दिवस को अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट डे के रूप में 2008 में हिलेरी की मृत्यु के बाद से ही मनाना प्रारंभ कर दिया है।

अहलूवालिया की पृष्ठभूमि सेना की थी। उनके पिता और दादाजी दोनों ने सेना की सेवा की थी और ये तय था कि हरिसिंह भी सेना में ही जाना था। इससे पहले वो मर्चेंट नेवी में जाना चाहते थे लेकिन नियति को कुछ और स्वीकार था और अंतत: उन्हें भारतीय सेना की इलेक्ट्रिकल-मेकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में 1958 मे चुन लिया गया।

आर्मी कैंप में होने वाले प्रशिक्षण के कारण ही उन्हें पर्वतारोहण में रुचि जागी। इसके बाद हिमालयन पर्वतारोहण संस्थान, दार्जिलिंग, से एक एडवांस्ड ट्रेनिंग प्राप्त करने के बाद वो भारत के एवरेस्ट विजय के लक्ष्य वाले प्रथम पर्वतारोहण दल के 26 वर्षीय सदस्य बने।

अहलूवालिया ने बताया, 'वे दिन और थे। पर्वत पर ऊपर पहुंचने के बाद लोगों की भावनाएं आज तक मुझे याद हैं। वहां से नीचे का परिदृश्य अलौकिक था। मैं स्तब्ध था, उसी समय मुझे

प्रकृति की सुंदरता का वास्तविक अनुभव हुआ। इसके अलावा ऐसा करने वाले प्रथम भारतीय दल का सदस्य होना भी मेरे लिए गौरव की बात थी।'

उस समय आज जैसे विकसित उपकरण भी नहीं थे लेकिन ऐसे में एवरेस्ट पर पहुंचना एक असंभव सा कार्य था। लेकिन अहलूवालिया का कहना है कि उस समय उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ उपकरण उनके पास थे। हमें कभी लगा ही नहीं कि हमें कुछ और चाहिये। ये तो मुख्य रूप से संकल्प की ही बात थी। अत: हम इसे पाने के लिए संकल्पबद्ध थे और यही कारण था कि हमें रास्ते में किसी अवरोध का पता ही नहीं चला। उन्होंने ये भी बताया कि इस पूरे अभियान का पूरा व्यय सरकार ने उठाया था।

उन्होंने उत्साह से बताना प्रारंभ किया, 'लेकिन विश्व की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ना कोई सरल लक्ष्य न था। इसके रास्ते में चुनौतियों का अंबार था। हमने 24 मई को चढ़ाई प्रारंभ की थी। हमारी यात्रा के बीच में ही एक बर्फीला तूफान भी आया था। हमारे नेतृत्व ने हमें आधार

शिविर में जाने का निर्देश दिया क्योंकि आगे जाने में जोखिम अधिक था। टीम के सदस्यों ने लौटना प्रारंभ भी कर दिया था। लेकिन मैंने प्रयास जारी करने का आग्रह किया। मैंने उन्हें बताया कि यदि हम प्रयास ही नहीं करेंगे तो हम लोगों को क्या उत्तर देंगे जो दिल्ली में बड़ी आस लिये हमारी प्रतीक्षा कर रहे हैं। हम आशा का साथ नहीं छोड़ सकते। सकारात्मक विचारविमर्श के बाद सभी लोग सहमत हुए और हमारी यात्रा आगे बढ़ चली।'

अहलूवालिया, एक शेरपा और एक अन्य सदस्य भी इस उपलब्धि के साक्षी बने, उन्होंने मुस्कुरा कर बताया, 'लोग वैसे इसे एक के पीछे एक करते हैं। जब एक चोटी पर पहुंचता है तो वो लौटता है और तब दूसरा ऊपर जाता है लेकिन हम तीनों ने ही इसे एक साथ किया था।'

चोटी पर चढ़ाई के दौरान अहलूवालिया को एक बार भी वापस जाने का विचार नहीं आया। उनके अनुसार, 'मेरे मन में केवल एक बात थी, कि मुझे आगे बढ़ना है और हमें इस कार्य में कोई रोक नहीं सकता। मुझे विश्वास था कि मैं ये कर सकता हूं।'

वापस आने की राह में अहलूवालिा के ऑक्सीजन सिलेंडर में लीक के कारण वो समाप्त हो गया। इसके कारण उन्हें चक्कर आने लगे। लेकिन उनके दल के सदस्यों ने किसी प्रकार मदद करते हुए उन्हें आधार शिविर में पहुंचाया जहां वो सामान्य हो सके।

मैंने पर्वतों से साहस, धैर्य, प्रकृति का महत्व और प्रेम सीखा है। पहाड़ों पर जाकर आप जीवन के बारे में बहुत कुछ सीख सकते हैं। उनके प्रति मेरे प्रेम और श्रद्धा में कभी कमी नहीं आ सकती। उन्होंने 15 पुस्तकें लिखी हैं जिसमें उनकी आत्मकथा 'हायर दैन एवरेस्ट' शामिल है इसके अलावा दूसरी पुस्तकों में पर्वतारोहण और हिमालय श्रेणी की वनस्पतियों के बारे में बताया गया है। इसके अलावा उन्होंने अपंगता पुनर्स्थापन पर भी दो पुस्तकें लिखी हैं।

अहलूवालिया के जीवन में तब एक मोड़ आया जब उन्हें 65 के भारत-पाक युद्ध के दौरान एक गोली लगी थी जिसके बाद वो व्हीलचेयर तक सीमित होकर रह गये। वो बताने लगते हैं, 'मुझे रीढ़ की हड्डी में चोट लगी थी और इसके उपचार के लिए मुझे लंदन जाने के लिए कहा गया। तभी मुझे लगा कि देश को एक पुनर्स्थापन संस्था की सख्त जरूरत है। और तभी हमनें दिल्ली में 'द इंडियन स्पाइनल इंजरीरज़ सेंटर खोला।'

लेकिन इसका ये अर्थ नहीं कि उन्होंने पहाड़ों के प्रति अपने प्रेम को विदा कह दिया हो। उन्होंने बताया, 'मैं पहाड़ों से सदा प्रेरणा ग्रहण किया करता हूं। जीवन में सदैव आपको चोटी पर विजय प्राप्त करनी होती है। ये मस्तिष्क की चोटी भी हो सकती है। लंदन से लौटने के बाद अहलूवालिया ने साहसिक खेलों संबंधी आयोजनों को करना जारी रखा।

अहलूवालिया की 36 साल की पुत्री सुगंध और उनकी पत्नी उनपर गर्व करती हैं, 'वो एक लड़ाका हैं। हार मानना उनके चरित्र में नहीं हैं। आज भी पहाड़ों की बात चलते ही उनकी आंखों में एक प्रकार की चमक आ जाती है। मैं उनके मुख से पहाड़ों के बारे में सुनते हुए ही बड़ी हुई हूं।

उन्होंने बताया कि अहलूवालिया का सफ्लता-सूत्र गुरुग्रंथ साहेब का एक उद्धरण है- मन नीवा, मत उच्ची, जिसका अर्थ है आप विनम्र रहते हुए ऊंचा सोचें।

अहलूवालिया ने कहा, 'युवा पीढ़ी को मेरा एक ही परामर्श है कि उन्हें प्रकृति का सम्मान करना चाहिये और जीवन में यदि कुछ करने की सोच लें तो फ्रि उससे पीछे न हटें।'

ट्रेंड बाजार

मलाइका ने फैन्स को दी धूप लेने की सलाह

बॉलिवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने अपने प्रशंसकों के साथ अपने स्वास्थ्य रहस्यों को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो के माध्यम से साझा किया है। उन्होंने बताया कि वो प्रात:कालीन धूप में खड़े होना नहीं भूल सकतीं।

वीडियो में उन्होंने बताया कि वो प्रात:कालीन धूप में खड़े होकर अपने हिस्से की विटामिन डी लेना नहीं भूलतीं क्योंकि स्वस्थ रहने के लिए ये अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा है कि आप इसे लेना कभी नहीं भूलना और ये आपके लिए अत्यंत लाभप्रद है।

इस वीडियो क्लिप में वो अपनी सुंदर त्वचा का भी प्रदर्शन कर रही हैं, जबकि अपने बालों को वो जूड़ा स्टाइल में बांधे हैं। उन्होंने नीले रंग की एक गोल गले की टीशर्ट पहनी है और सूर्य की पृष्ठभूमि में बालकनी में खड़ी हैं।

परिस्थितियां कुछ हटके करने कीं: पलाश सेन

जाने माने गायक और संगीतकार पलाश सेन का कहना है कि 'हम सभी इस महामारी और लॉकडाउन के कारण एक कठिन समय व्यतीत कर रहे हैं। यही कारण है कि हमें भी ऐसी परिस्थितियों में कुछ अलग हट कर सोचना होगा और संगीत प्रेमियों तक पहुंचने के लिए नए उपाय करने होंगे। मैंने ऐसी ही परिस्थितियों के लिए 'आई लाइक इट' बनाया है जो संभवत: श्रोताओं को भी अच्छा लगेगा।'

भाई संग श्रद्धा निकलीं आवश्यक वस्तुएं लेने

कोरोना महामारी के चलते लगे लॉकडाउन के समय अपने भाई सिद्धांत के साथ आवश्यक वस्तुओं को लेने के लिए निकली थीं, उन्होंने इसे एक साहसिक अनुभव बताया।

इंस्टाग्राम पर अपने भाई के साथ सुपरमार्केट में अपनी एक फ्रेटो साझा करते हुए उन्होंने लिखा, 'भाई सिद्धांत के साथ आवश्यक वस्तुओं को लेने का क्षण'

इसी बीच श्रद्धा ने अपने प्रशंसकों से आग्रह किया कि वे अपने पालतू पशुओं को लॉकडाउन के दौरान ऐसे ही छुट्टा न छोड़ दें। हाल ही में उन्होंने पिंजरे में बंद पालतू पशुओं के परिप्रेक्ष्य से एक कविता भी लिखी थी जिसमें उन्होंने प्राणी उद्यान के बाहर के जीवन और स्वतंत्रता की बात की थी।

रीस विदरस्पून का भारत आने का विचार...

हालिवुड अभिनेत्री रीज़ विदरस्पून और उनके पुत्र टेनेसी भारतभ्रमण की योजना बना रहे हैं। अपने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने इस बात की पुष्टि की। उस पोस्ट में मां और बेटे को भारत से संबंधित एक एक्टिविटी बुक में खोए हुए देखा जा सकता है।

इस चित्र में टेनेसी को एक पेन लिये दिखाया जाता है जबकि विदरस्पून इंडिया लिखे एक पेज की ओर संकेत करते दिखाया गया है। उनके पास ही भारत के एक ब्रोशर को पास की ही मेज पर पड़ा दिखाया गया है जिसके साथ ही खेल वाला एक नकली पासपोर्ट भी पड़ा दिख रहा है।

इस फोटो के साथ ही उन्होंने लिखा, 'हम उन स्थानों का स्वप्न देख रहे हैं जहां हम जाने की सोच रहे हैं। आगे उन्होंने लिखा, 'आप कहां जाने का सपना देख रहे हैं।'

ऋतिक रोशन ने खोला राज़

कोई मिल गया में जादू को क्यों दिया गया था अतिरिक्त अंगूठा?

नई दिल्ली। ऋतिक रोशन की फ़िल्म कोई मिल गया उनके करियर की सबसे अहम फ़िल्मों में शामिल है। इस फ़िल्म में एलियन जादू के किरदार को काफ़ी पसंद किया गया था, जो फ़िल्म की कहानी का अहम हिस्सा था। अब ऋतिक ने सालों बाद इससे जुड़ा एक राज़ खोला है। दरअसल, एक फैन ने हाल ही में कोई मिल गया देखी और उसके बाद ट्विटर ऋतिक से सवाल किया- टीवी पर कोई मिल गया देख रहा हूं और एक अजीब बात पर नज़र गयी। जादू को क्या जानबूझकर एक अतिरिक्त अंगूठा दिया गया था जैसे कि रोहित मेहरा का था। दोनों किरदारों के बीच इस संबंध के पीछे बड़ा कारण क्या था।

राकेश कृष-4 में एलियन जादू को वापस लाने पर विचार कर रहे हैं। इस आइडिया को लगभग लॉक कर दिया गया है कि 17 साल बाद फ़िल्म की कहानी में जादू की वापसी होगी।

ऋतिक ने फैन की उत्सुकता का जवाब देते हुए लिखा- हां। यह इसलिए किया गया था ताकि रोहित उसके साथ जुड़ाव महसूस कर सके। लेकिन हमें यह कुछ ढककर रखना पड़ा, क्योंकि अंगूठा वैसा नहीं दिख रहा था, जैसा मुझे चाहिए था। मेरे दोस्त आपकी नज़र पैनी है। सुरक्षित रहिए। कोई मिल गया में ऋतिक के किरदार रोहित मेहरा को पहले मंदबुद्धि दिखाया गया था, जिसे एक एलियन मिल जाता है। ऋतिक और उनका बच्चा गैंग इस एलियन को जादू नाम देते हैं। नीले रंग के जादू के पास सुपर पॉवर्स होती हैं। संयोगवश धरती से संपर्क होने के बाद एलियन यहां आता है। भोला-भाला रोहित उसे छिपाकर रखता है और धीरे-धीरे एलियन रोहित को शक्तियां देता है, जिससे रोहित स्मार्ट और पॉवरफुल बन जाता है। कोई मिल गया में जादू का किरदार इंद्रवर्द्धन पुरोहित ने निभाया था, जो बौने कद के कलाकार थे। 2014 में उनकी डेथ हो चुकी है।

जादू के कॉस्ट्यूम ऑस्ट्रेलियन आर्टिस्ट जेम्स कॉलनर ने बनाये थे। वैसे जादू पर बच्चों के चैनल निकलोडियन पर 2004 में एक एनिमेशन कम लाइव सीरीज़ आ चुकी है, जिसका नाम था जे बोले तो जादू। मुंबई मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, राकेश कृष-4 में एलियन जादू को वापस लाने पर विचार कर रहे हैं। इस आइडिया को लगभग लॉक कर दिया गया है कि 17 साल बाद फ़िल्म की कहानी में जादू की वापसी होगी।

चक्रवात निसर्ग :

बॉलीवुड हस्तियों ने लोगों से घरों में रहने, ना घबराने की अपील की

मुंबई। महाराष्ट्र के तटीय हिस्से में बुधवार को चक्रवात निसर्ग की दस्तक को देखते हुए बॉलीवुड की तमाम हस्तियों ने लोगों से घरों में ही रहने और ना घबराने की अपील की। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने लोगों के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिसमें एक आपात किट तैयार रखना, खिड़कियों से दूर रहना आदि शामिल हैं। अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो जारी करते हुए बीएमसी के दिशा-निर्देशों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, चक्रवात निसर्ग एहतियात। मुम्बई की बहुचर्चित बारिश आ गई है लेकिन इस बार बिन बुलाय मेहमान के साथ। अभिनेता ने कहा, अगर यह हमें प्रभावित करें तो बीएमसी द्वारा बताए गए एहतियाती कदमों की मदद से हम इससे भी पार पा लेंगे। सभी की सलामती के लिए प्रार्थना। चक्रवात के संबंध में किसी भी प्रश्न और चिंता के लिए 1916 नंबर पर फोन करें और चार (नंबर) दबाएं।

प्रियंका चोपड़ा जोनस ने भी इंस्टाग्राम पर कहा कि वह शहर में मौजूद अपने भाई और मां सहित सभी की सलामती को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने लिखा, मां और भाई सहित दो करोड़ की आबादी वाले मुम्बई की ओर चक्रवात निसर्ग बढ़ रहा है। मुम्बई में ऐसा विकराल चक्रवात 1891 से नहीं आया है और ऐसे समय में जब पूरी दुनिया बेहद निराश है, यह भयावह होगा। उन्होंने कहा, यह वर्ष काफी निष्ठुर रहा है। कृपया एहतियात बरतें और दिशा-निर्देशों का पालन करें। कृपया आप सभी सुरक्षित रहें।

माधुरी दीक्षित ने अपने घर की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, शायद तूफान से पहले की शांति है। वैश्विक महामारी क्या काफी नहीं थी ... जो चक्रवात भी मुम्बई की ओर बढ़ रहा है। मुम्बईवासी मजबूत हैं और इससे भी पार पा लेंगे।

दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट ने भी इंस्टाग्राम पर लोगों से बीएमसी के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। शिल्पा शेट्टी, विक्की कौशल और निमरत कौर ने भी लोगों से घर में रहने ओर नियमों का पालन करने की अपील की।

कोर्ट ने गूगल को यूट्यूब से फिल्म साहेब बीवी और गैंगस्टर को हटाने के लिए कहा

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने गूगल एलएलसी को यूट्यूब से हिंदी फिल्म साहेब बीवी और गैंगस्टर को हटाने के लिए कहा है, जिसे फिल्म के सह-निर्माता के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अवैध रूप से अपलोड किया गया है। न्यायमूर्ति राजीव शकधर ने मंगलवार को एक अंतरिम आदेश में यूट्यूब को 48 घंटों के भीतर फिल्म को हटाने का निर्देश दिया, लेकिन उसके वकील ने कहा कि इस प्लेटफॉर्म पर नियंत्रण अमेरिकी कंपनी गूगल एलएलसी का है जो निर्देश का पालन करेगी। उच्च न्यायालय ने यूट्यूब की तरफ से पेश वकील द्वारा दिए गए बयान को दर्ज किया और मामले को आगे की सुनवाई के लिए नौ जुलाई को सूचीबद्ध किया। यह आदेश फिल्म के सह-निर्माता राहुल मित्रा द्वारा दायर एक मुकदमे पर आया, जिन्होंने दावा किया है कि फिल्म के अन्य निर्माता तिग्मांशु धूलिया ने उन्हें फिल्म के सभी अधिकार सौंपे हैं। मित्रा ने अपनी दलील में कहा कि यूट्यूब पर उनकी फिल्म अपलोड किए जाने से उनके अधिकारों का हनन हुआ है।

उन्होंने दावा किया कि इससे उनको बहुत बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है क्योंकि वह अमेजन प्राइम वीडियो और नेटफ्लिक्स जैसे वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर फिल्म के अधिकार बेचने की स्थिति में नहीं हैं। उच्च न्यायालय ने यूट्यूब और गूगल एलएलसी को नोटिस जारी किया और मामले में अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित अदालत की कार्यवाही के दौरान, यूट्यूब के वकील ने अदालत को बताया कि यह मंच केवल एक माध्यम है और इसलिए फिल्म को उसके मंच पर अपलोड किए जाने के लिए उसे उत्तरदाई नहीं ठहराया जा सकता है।

यूट्यूब ने कहा कि अभियोजक को उस व्यक्ति या संस्था पर मुकदमा करना चाहिए जिसने अवैध ढंग से फिल्म को अपलोड किया है। इसके बाद, उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को फिल्म अपलोड करने वाले को पांच दिनों के भीतर मुकदमे में अभियुक्त बनाने का निर्देश दिया।

548 अभ्यर्थियों ने शाम चार बजे तक कराई काउंसिलिंग

एक 'मैसेज' पढ़ते ही 'पेन छोड़ माथे' पर पहुंच गया 'हाथ'

यह तस्वीर खैराबाद स्थित डायट पर 69 हजार शिक्षक भर्ती के अन्तर्गत चल रही काउंसिलिंग की है, हाईकोर्ट द्वारा भर्ती पर स्टे लगाए जाने की सूचना जैसे ही अभ्यर्थी को मोबाइल पर मिली तो उनके चेहरे की खुशी मायूसी में बदल गई और वह सिर पकड़कर बैठ गई

काउंसिलिंग के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का उड़ा मखौल

अमरदीप

अनुराग

प्रणव त्रिवेदी

संवाददाता। सीतापुर

डायट कार्यालय परिसर में बुधवार को 69 हजार भर्ती काउंसिलिंग के लिए कुछ अभ्यर्थी लाइन में लगे हैं तो कुछ फाइल तैयार करने के लिए प्रपत्र भर रहे थे। इस दरम्यान सोशल मीडिया पर काउंसिलिंग पर हाईकोर्ट की ओर से रोक लगाए जाने के आदेश की खबर चल गई। खबर देख अभ्यर्थी निराश हो गए। प्रपत्रों पर सूचनाएं भर रहे अभ्यर्थियों के हाथ से पेन छूट गया। निराशा में हाथ माथे पर पहुंच गया। हालांकि विभागीय आदेश न मिलने का हवाला देते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने शाम चार बजे तक काउंसिलिंग जारी रखी। इसके बाद काउण्टर बंद कर दिए गए। 548 अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग हो चुकी थी। पिछले डेढ़ वर्ष से सरकारी शिक्षक बनने का इंतजार कर रहे विभिन्न जनपदों के अभ्यर्थी सुबह से काउंसिलिंग के लिए डायट परिसर में एकत्र होने लगे। डायट की अलग-अलग बिल्डिंगों में बनाए गए 12 काउण्टरों पर अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग शुरू हुई। काउंसिलिंग शुरू होने के कुछ देर बाद ही वाट्सएप व फेसबुक पर काउंसिलिंग पर हाईकोर्ट की ओर से रोक लगए जाने का मैसेज चलने लगा। मैसेज देख अभ्यर्थी निराश हो गए। उनके हाथ से पेन छूट गया। हाथ माथे पर पहुंच गया। इटौंजा के अमरदीप अवस्थी ने पायनियर से कहा कि क्या कहें कुछ समझ में नहीं आ रहा है। सोचा था कि भविष्य संवर जाएगा, लेकिन बाधा लग गई। अब देखो कब हटे रोंक। तम्बौर के हरिओम गिरि ने कहा कि बिना लफ्ड़ा के अब कोई नौकरी नहीं मिलती। बिसवां के अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार की ढिलाई के चलते कोर्ट ने स्टे का निर्णय किया है। सरकार कायदे से अपना पक्ष नहीं रख पाई। महोली के प्रवीण त्रिवेदी ने कहा कि काउंसिलिंग की तरीखें जारी होने पर बहुत उम्मीद बंधी थी। काउंसिलिंग पूरी होने के पहले ही लफ्ड़ा हो गया। अब देखो कब स्टे हटे और प्रक्रिया आगे बढ़े। उधर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने काउंसिलिंग को गतिमान रखा। उन्होंने आधिकारिक आदेश मिलने के बाद शाम चार बजे काउंसिलिंग स्थगित कराई।

व्यवस्था के बावजूद सोशल डिस्टेंसिंग की उड़ीं धज्जियां

डायट परिसर में डिस्टेंसिंग के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। गोले बनवाए गए थे। 12 काउण्टर बने थे। सेनेटाइजर का प्रबंध किया गया था। इसके बावजूद अभ्यर्थियों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग नहीं दिखी। फाइल जमा की जल्दबाजी में अभ्यर्थियों डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ा दी। दो गज की दूरी तो दूर अभ्यर्थियों के बीच एक फिट का फासला नहीं था। डिस्टेंसिंग को बनाए रखने के लिए बार-बार माइक्रोफोन से एनाउन्समेंट हो रहा था। हालांकि अल्यर्थियों पर इसका असर कम ही दिख रहा था।

72,825 भर्ती के शिक्षकों को याद आया पुराना संघर्ष

69 हजार भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगते ही 72,825 भर्ती के शिक्षकों को पुराना संघर्ष याद आ गया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ पलिया के अध्यक्ष कौशल प्रजापति ने कहा कि 72,825 भर्ती में अभ्यर्थियों को कई बार लाफ्ड़ों का सामना करना पड़ा था। 25 दिसम्बर 2011 को ज्वाइनिंग लेटर जारी होने के ठीक पहले कोर्ट ने रोक लगा थी। इसके बाद भर्ती प्रक्रिया ऐसी फंस गई थी कि उसे पूरे होने में चार वर्ष लग गए थे। इसी भर्ती की शिक्षिका रीता ने कहा कि 72,825 भर्ती प्रक्रिया में लोहे चने चबाने पड़े थे। पूवर्ती सरकार ने पग-पग पर रोड़ा अटकाया था।

क्विक न्यूज

आशिकी में चले असलहे, मचा हड़कंप

- शहर कोतवाली इलाके के पंचमपुरवा क्षेत्र की घटना आरोपी फरार

सीतापुर। शहर कोतवाली इलाके में एक युवक ने फायरिंग कर हड़कम्प मचा दिया। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा होना बताया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक टिंकू मिश्रा (शिवांशु) नि. हुसैनगंज का पंचमपुरवा में रहने वाली एक युवती से प्रेम प्रसंग था। किसी बात को लेकर युवक पंचमपुरवा पहुंचा और उसने असलहे से कई राउण्ड हवा में फायरिंग की, वहीं पंचमपुरवा निवासी पप्पू राजवंशी ने तहरीर देते हुए बताया कि उसका बेटा बादल परचून की दुकान पर सामान लेने गया था। इसी दौरान टिंकू ने फायर की जिसमें बादल बाल-बाल बचा। बादल ने बताया कि एक फायर के बाद रिंकू ने बादल के पड़ोसी मुकेश पुत्र रामबक्श पर भी फायरिंग की और मौके से फरार हो गया। सीओ सिटी योगेन्द्र सिंह, शहर कोतवाल अम्बर सिंह ने बताया कि उक्त युवक द्वारा प्रेम प्रसंग में ही फायरिंग की गयी जिसकी तलाश के साथ केस दर्ज करने की कार्रवाई जारी है।

इन्दू सिंह चौहान हुईं सम्मानित

सीतापुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महा सभा सीतापुर ई. की बैठक वरिष्ठ महामंत्री कुवँर वरुण सिंह तोमर एड. द्वारा अधिवक्ता चैम्बर नं. 16 में की गई। बैठक में आहुत की । बैठक की अध्यक्षता वरिश्ठ सदस्य संरक्षक मण्डल अवनेन्द्र विक्रम सिंह ने की। बैठक में इन्दू सिंह चौहान को सभासद नियुक्त होने के बाद बधाई दी गई। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह गौर एड, प्रहलाद सिंह गौर, ज्ञान प्रकाश, एवं रिपुदमन सिंह ने अंगवस्त्र साल भेट की। हरीश त्रिपाठी, भगौती गुप्ता प्रतीक जिन्दल ,ने स्वामी विवेकानन्द जी का चित्र स्प्रेम भेट प्रदान किया इस अवसर पर आशीश सिंह गौर पुनीत सिंह, रविराज सिंह, विजय वीर विक्रम सिंह, एंव अजीत सिंह गौर, आदि लोगो ने लड्डू खिलाकर नव नियुक्त सभासद इन्दू सिंह चौहान एवं उपस्थिति सभी लोगों का मुँह मीठा कराया एवं सभी ने मुबारक बाद दी।

शादी का झांसा देकर सात साल तक किया दुष्कर्म केस दर्ज

तालगाँव। कोतवाली तालगांव इलाके के गांव निवासी 27 वर्षीय युवती ने आरोप लगाते हुए तहरीर दी है कि पंकज पुत्र श्रीपाल निवासी गांव के ही ने युवती को शादी का झांसा देकर पिछले 7 वर्षों से शारीरिक सम्बंध बनाता रहा वही युवती द्वारा शादी का दबाव बनाने पर परिजनों ने युवक की शादी थाना क्षेत्र मछरेहटा के एक गांव से तय कर दी युवती द्वारा परिजनों को बताए जाने पर परिजनों ने शादी के लिए युवक व उसके पिता श्रीपाल पुत्र अज्ञात मनोज सरोज पुत्रगण श्रीपाल, श्रीपाल पत्नी अज्ञात, मनोज पत्नी किरन आदि लोग शादी में अल्टो कार वा लाखो नगदी की मांग करने लगे गरीबी के चलते दहेज की मांग पूरी ना कर पाने पर युवती ने शादी करने का फिर दबाव बनाया तो परिजनों ने जान से मारने की धमकी दी जिसपर द्वारा कोतवाली पहुँचकर उपरोक्त लोगों को नामजद करते हुयें लिखित तहरीर दी जिसपर पुलिस द्वारा संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी रनवीर सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

नामित सभासदों को दिलाई गई शपथ

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

सभासदों को एसडीएम ने दिलाई शपथ

सीतापुर लहरपुर। तहसील सभागार में एसडीएम आरडी राम ने शासन द्वारा नामित सभासदों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लहरपुर विधायक सुनील वर्मा व विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष जासमीर अंसारी भी मौजूद रहे। लहरपुर नगर पालिका में शासन द्वारा नामित सभासद राजू तिवारी,रमेश द्विवेदी,विमला मौर्या,सियाराम शर्मा व रामप्रसाद गौतम को तहसील सभागार में आयोजित एक सादे समारोह में एसडीएम आरडी राम ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। पालिकाध्यक्ष जासमीर अंसारी ने भी नामित सभासदों बधाई देते हुए पालिका क्षेत्र को विकास के पथ पर आगे ले जाने में सहयोग की अपील की। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश्वर रस्तोगी, भगवानदीन त्रिवेदी, रामानन्द अवस्थी, प्रमोद बाजपेयी, नगरअध्यक्ष रामे बाजपेयी व मुकंदलाल त्रिवेदी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

यूपी में भाजपा सरकार के 3 वर्ष से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद, तीन माह पूर्व शासन द्वारा नामित सभासदों को आज नगर पालिका परिषद मिश्रिख में शपथ दिलाई गई। भारतीय जनता पार्टी के 5 सभासदों, कमलाकांत मिश्रा विवेक सिंह राजकिशोर विश्वकर्मा शिवसागर लाल अमित त्रिपाठी को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के कक्ष में आज उप जिलाधिकारी मिश्रिख राजीव पांडे द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई। सरकार द्वारा नामित इन पांच लोगों में सभी पार्टी के पुराने व वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं। शपथ ग्रहण के अवसर पर मौजूद भाजपा लोकसभा सांसद अशोक कुमार रावत ,विधायक रामकृष्ण भार्गव नगरपालिका अध्यक्षा सरला देवी ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। नगर पालिका अध्यक्ष सरला देवी व अधिशासी अधिकारी आरपी सिंह ने भी इस अवसर पर नामित सभासदों को बधाई देते हुए सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बीजेपी मंडल अध्यक्ष सतीश शास्त्री भास्कर मिश्र सभासद प्रदीप सिंह मनोहरलालहंस इंद्रपाल गौतम सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी देवेन्द्र नन्द प्रदीप दिक्सित रंजीत मोल्हेराम अजय भार्गव, बड़े बाबू, वेद कांत मिश्र दिनेश कुमार यादव सोनू वीरेंदर बाजपेई राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

जिम्मेदारी के साथ पालिका ने पूरे किए लॉकडाउन के चरणः शैलेन्द्र दुबे

- कोरोना को हराने में हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण

महमूदाबाद सीतापुर। कोरोना के खिलाफ चल रही जंग में नगर पालिका परिषद भी पूरी तरह से सतर्क दिख रहा है। वार्डों में साफ-सफाई की जा रही है। बाजार खुल जाने से पालिका प्रशासन भी सतर्क है। सार्वजनिक स्थलों पर दवा का छिड़काव भी किया जा रहा है। यह बात नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी शैलेन्द्र दुबे ने एक वार्ता में कही। अपने कार्यालय पर ईओ शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि लॉकडाउन की जब घोषणा सरकार की ओर से की गई थी तभी से नगर पालिका ने संसाधनों को जुटाकर सैनिटाइजेशन का काम शुरू कर दिया था। नगर के सभी 25 वार्डों में टीमें भेजी गई थी। लॉकडाउन की पहली सुबह ही टीमों ने सार्वजनिक स्थलों को सैनिटाइज करना शुरू कर दिया था। वार्डों की नालियों की सफाई कराई थी इसके साथ ही कूड़ा उठान सुनिश्चित किया गया था। शासन द्वारा जो मानक तय किये गये है उनका पालन करके ही कोरोना की जंग को जीता जा सकता है। शहर साफ और स्वच्छ रहे यह हम सबकी जिम्मेदारी इसके लिये जरूरी है कूड़े के लिये कूड़ेदान का प्रयोग किया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि महमूदाबाद क्षेत्रवासियों की सजगता से ही अभी तक हम जंग जीतते आये है आगे भी जीतते रहेंगें।

मानकों को दरकिनार कर चल रही आरामशीन से कटकर मजदूर की मौत

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर

- प्रशासन पर खड़े हुए सवाल, जवाब देने से बचते दिखे जिम्मेदार

लॉकडाउन के बीच एक ओर सख्ती का दावा जिला प्रशासन कर रहा है जबकि स्थानीय स्तर पर सब हवा में दिख रहा है। बुधवार की सुबह मानकों को दरकिनार कर चलाये जा रही आरामशीन से कटकर एक अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिये भेज दिया। वन विभाग परमीशन और मानकों की जिम्मेदारी प्रशासन पर डाल रहा है जबकि प्रशासन कुछ भी कहने से साफ बच रहा है। मामला महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र का है। रेलवे क्रासिंग के समीप लगी आरामशीन में कटकर एक अधेड़ मिस्त्री की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिये भेज दिया है। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र में कुर्सी मार्ग पर रेलवे क्रासिंग के दक्षिण मोहम्मद मिर्जा पुत्र नसीम बेग निवासी अमीरगंज की आरा मशीन लगी है। इस आरा मशीन पर इचौली वार्ड नि. रामचंद्र (55) पुत्र स्व. श्रीकेशन मिस्त्री के रूप में करीब तीन वर्षों से काम करता था। बुधवार आरा मशीन पर लकड़ी के टुकड़े बनाने का काम हो रहा था। इसीबीच लापरवाही में उसका पैर फिसल गया और वह इंजन से चल रहे पट्टेनुमा आरे पर जाकर गिर गया। आरे से रामचंद्र का एक हांथ कट गया और सिर फट गया। दुर्घटना में अधेड़ की मोके पर ही मौत हो गई। कोतवाल अरूण द्विवेदी दलबल के साथ मौके पर पहुँचे और शव को पीएम के लिये भेज दिया। कोतवाल ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। लॉकडाउन के बीच उद्योग धंधों को संचालित करने से पहले प्रशासनिक अधिकारियों से अनुमति आवश्यक है। सैनिटाइजर, फेस मास्क जैसे सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग आवश्यक है लेकिन आरामशीन पर ऐसा कुछ भी मौजूद नहीं था। तय मानकों को दरकिनार कर संचालित किये जा रहे आरा मशीनों के मामले में अब प्रशासन पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

हमारा विभाग नहीं देता परमीशन- वन रेंजर बसंत कुमार ने बताया कि लॉकडाउन के दौरान आरा मशीनों की परमीशन हमारा विभाग नहीं देता है। यह काम प्रशासनिक अधिकारियों का है। कौन परमीशन से चला रहा था या नहीं इसकी जानकारी हमें नहीं है।

नहीं हो सकी एसडीएम से बात- एसडीएम गिरीश झा से दो बार बात करने का प्रयास किया। 2.54 बजे एसडीएम को दूरभाष पर फोन किया तो उधर से जवाब मिला कि एसडीएम नोडल अधिकारी के साथ निरीक्षण में है। 4.50 पर एसडीएम से पुन: सम्पर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु बात नहीं हो सकी।

आयुक्त खाद्य व रसद संभागीय विपणन अधिकारी ने किया मंडी का निरीक्षण

केंद्रों पर बढ़ाएं जाएं अतिरिक्त कांटे

संवाददाता। सीतापुर

बुधवार को आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन लखनऊ मनीष चौहान तथा सम्भागीय खाद्य विपणन अधिकारी लखनऊ प्रभाकान्त द्विवेदी ने मंडी गेहूं क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गेहूँ क्रय हेतु निर्देश दिये कि मण्डी स्थित समस्त क्रय केन्द्रों पर ई-उपार्जन मॉडल पर एक अतिरिक्त कांटा बढ़ाते हुये प्रतिदिन 600 कुन्तल की गेहूं खरीद सुनिश्चित करायी जाये। मण्डी परिसर में मण्डी सचिव के माध्यम से प्रतिदिन दो बार नीलामी कराते हुये जिसमें समस्त क्रय संस्थाओं के केन्द्र प्रभारियों द्वारा प्रतिभाग किया जाये। शासन द्वारा जनपद को निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति दिनांक 15.06.2020 तक पूर्ण कर लिया जाये। आवश्यकतानुसार मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम अथवा उपकेन्द्र खोलते हुये गेहूँ क्रय बढाया जाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि मण्डी में आवक के दृष्टिगत मण्डी सचिव यह सुनिश्चित करायें कि कृषक अपना गेहूँ क्रय केन्द्र पर ही विक्रय करें। जनपद में पी.सी.एफ के 89 केन्द्रों पर अपेक्षाकृत खरीद न होने एवं जिला प्रबन्धक पी.सी.एफ द्वारा खरीद में रूचि न लेने के कारण उनके विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

खाद्य आयुक्त ने उचित दर दुकान का किया मुआयना

खाद्य आयुक्त मनीष चौहान ने बुधवार को जनपद सीतापुर के सिधौली तहसील के ग्राम पंचायत महोली के उचित दर विक्रेता योगेन्द्र दत्त दीक्षित की दुकान का निरीक्षण किया तथा उपस्थित। लाभार्थियों प्रवासियों से वितरण की जानकारी प्राप्त की। साथ ही गेहूं, चावल, चना की गुणवत्ता व तौल, मूल्य तथा सोशल डिस्टेंसिंग, सैनिटेशन, मास्क व टोकन सिस्टम का गहन निरीक्षण किया।

दरोगा-प्रधान प्रतिनिधि में झड़प, मारपीट का आरोप

सीतापुर। शहर कोतवाली में स्थित जिला अस्पताल चौकी प्रभारी पर एक ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने गालियां देकर मारने-पीटने का आरोप लगाया है। गुड्डू भारती पुत्र जगदेव प्रसाद नि. ग्राम पचकोहरा पोस्ट थाना कमलापुर वर्तमान में पताराकलां प्रधान निशा भारती के प्रतिनिधि हैं जिन्होंने तहरीर में बताया कि 2 जून को उनकी ग्राम पंचायत का एक युवक घायल हो गया था, जिसकी जिला अस्पताल में मौत हो गयी। 3 जून को गुड्डू भारती मृतक के पीएम के सम्बन्ध में जिला अस्पताल आया था। आरोप है कि चौकी प्रभारी मानिक चन्द्र वर्मा ने जरा से सवाल पर गुड्डू भारती के गालियां दीं, पीटने लगे और मोबाइल छीन लिया। वहीं चौकी प्रभारी का कहना है मैंने पहले ही इस शव की पीएम कार्रवाई कर दी थी, परिजनों ने भी मुझ पर कोई आरोप नहीं लगाया है, हो सकता है कि प्रधान जी को श्रेय न मिला हो इसलिए ऐसी बात कही। शहर कोतवाल अम्बर सिंह ने बताया कि फिलहाल मामले में प्रधान द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने की बात कही गयी है फिर भी कोई तहरीर देते है तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वहीं गुड्डू ने बताया फिलहाल तो शव की अन्त्येष्टि हो रही है, इसके बाद ही आगे की कार्रवाई के लिए विचार करेंगे।

जनरेटर लदी ठेलिया पलटी, दबकर किशोर की मौत- कोतवाली मिश्रिख इलाके में ठेलिया पर लदा जनरेटर पलट गया जिससे किशोर की मौत हो गयी। बुधवार को उत्तरधौना नि. मुन्ना का 14 वर्षीय बेटा मनीष ठेलिया पर जरनेटर लादकर कल्ली चौराह जा रहा था। बतातें है मनीष ठेलिया लेकर गांव के कुछ ही दूर पर पहुंचा था सिधौली मिश्रिख रोड स्थिति भटपुर उत्तर धौना के मध्य में अचानक उसकी ठेलिया अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे मनीष ठेलिया और जरनेटर के नीचे दब गया जिससे उसकी मौत हो गयी। कोतवाल इन्द्रजीत सिंह ने बताया जानकारी मिली नहीं है यदि परिजन तहरीर देते है तो उन्होंने उचित कार्यवाई की जाएगी।

विषेष सचिव सारिका मोहन ने किया बाढ़ क्षेत्र का दौरा

कार्यस्थल पर कोरोना के नियमों का किया जाए पालन

संवाददाता। सीतापुर

बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण करतीं विषेष सचिव डा. सारिका मोहन, विधायक ज्ञान तिवारी

सिंचाई व जल संसाधन विभाग की विशेष सचिव व सीतापुर की पूर्व जिलाधिकारी डॉ. सारिका मोहन ने बुधवार को सेवता विधानसभा के रामपुर मथुरा ब्लॉक के घाघरा नदी तट पर बाढ़ राहत कार्यों को लेकर बन रहे 45 करोड़ के तट बंध के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यस्थल पर कोरोना आपदा प्रबंधन के नियमों का पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने को कहा। इस दौरान विधायक ज्ञान तिवारी व जिलाधिकारी अखिलेश तिवारी भी विशेष सचिव के साथ मौजूद रहे मालूम हो सेवता विधानसभा बाढ़ प्रभावित इलाका है यहां हर वर्ष बाढ़ से जन व धन हानि होती है योगी सरकार आते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने प्रथम वर्ष के कार्यकाल में ही रेउसा में बाढ़ को लेकर निरीक्षण किया था इस दौरान उन्होंने सेवता विधानसभा को बाढ़ से मुक्त करने का वादा किया था उसी क्रम में विधायक ज्ञान तिवारी के प्रयासों से रेउसा, रामपुर मथुरा इलाकों में तटबंध निर्माण के कार्य किए जा रहे हैं बुधवार को विशेष सचिव सारिका मोहन ने ग्राम बगस्ती में चल रहे कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने बाढ़ खंड के अधिकारियों को पारदर्शी व बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए विशेष सचिव ने कहा कार्य पारदर्शी व गुणवत्ता परक हो इसके लिए मुख्यमंत्री की स्पष्ट निर्देश हैं कोरोना के सभी नियम कार्यस्थल पर फॉलो किए जाएं स्थानीय श्रमिकों को तवज्जो दी जाए व अभियान चलाकर दिन-रात कार्य किया जाएं जिससे कि बाढ आने से पहले इन कार्यों को पूरा किया जा सके इस दौरान विधायक ज्ञान तिवारी ने कहा यह कार्य बहुत ही अपेक्षा व जनभावनाओं के अनुरूप है, अपनी सरकार से बड़ी जनता को बड़ी आशाएं हैं कार्य युद्ध स्थर पर स्थानीय लोगों को विश्वास में लेकर किया जाए जिससे कि लोगों को इस कार्य का लाभ मिल सके इस दौरान जिलाधिकारी अखिलेश तिवारी ने कहा कि बाढ़ कार्यो की समय समय पर मानिटरिंग उनके द्वारा की जाती है तथा आगे भी कार्यस्थल पर सभी एहतियाती संसाधन मुहैया हो इसका ध्यान रखा जाएगा इस अवसर पर बाढ़ क्षेत्र के अभियंता उप जिलाधिकारी सहित विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह लक्ष्मी मौर्य सहित तहसील व ब्लाक स्तर के अफ्सर मौजूद रहे।

केस दर्ज कराना सही नहीं, हर बिन्दु पर हो न्यायः ऋचा सिंह

- विकास भवन पर धरना देने की सूचना से मचा हड़कंप, सीडीओ कार्यालय जाकर की मुलाकात कहा-व्यक्तिगत मिलने गई थी

सीतापुर। मंगलवार को पुलिस-प्रशासन में उस वक्त हड़कम्प मचा, जब सूचना मिली कि संगतिन किसान मजदूर संगठन नेत्री ऋचा सिंह विकास भवन में स्थित धरनास्थल पर धरना देने जा रहीं है, आनन-फानन शहर कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी करना शुरू कर दिया। कई मार्ग बंद किए गए लेकिन बाद में पता चला कि ऋचा सिंह सीडीओ कार्यालय आईं थीं जोकि चली गयी। इसके बाद पुलिस-प्रशासन ने राहत की सांस ली। 2 दिन पूर्व 11वीं वाहिनी पीएसी में सुदामापुरी रास्ते पर गेट लगाने का विवाद हुआ था जिसमें एक ओर सुदामापुरी निवासी और ऋचा सिंह थे और दूसरी तरफ 11वीं वाहिनी पीएसी के लोग मामले में ऋचा सिंह पर मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया था। बुधवार को ऋचा सिंह ने 'पायनियर' को बताया कि मुकदमा दर्ज कराना सही निर्णय नहीं है, अगर हम पर केस होता है तो उनपर भी होना चाहिए, जिन्होंने मानवाधिकार का उल्लंघन कर महिलाओं को डण्डे के सहारे खदेड़ा। प्रशासन-पुलिस आखिर पीएसी को ही प्राथमिकता क्यों दे रही है, यदि कागजातो को दिखाने के लिए समय दिया गया था तो रात साढ़े 12 बजे चोरी से गेट क्यों लगाया गया? उन्होंने बताया कि 2015 के उनके पास दस्तावेज हैं, जिसके मुताबिक नगरपालिका अधिकारी ने उक्त रास्ते को अपने आधिपत्य में दिखाया है। क्या प्रशासन अब उस अधिकारी पर भी कार्रवाई करेगा, जिसने इन कागजों पर हस्ताक्षर कर दिए? पीएसी के आरामदेह कार्यालयों में बैठकर पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने ऐसा क्या गठजोड़ बना लिया कि आम जनमानस को न्याय नहीं मिला। जब हर बिन्दु पर न्याय होगा तभी जनता का विश्वास प्रशासनिक मशीनरी पर होगा वरना जब जनता धरना देगी तो संभालना मुश्किल होगा।

क्विक न्यूज

धार्मिक स्थल को खोलने की शर्तों के साथ इजाजत होगी

शाहजहांपुर। डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा जिले में 8 जून से सभी धार्मिक स्थल, पूजा स्थल, खोले जायेगे लेकिन सोशल डिस्टेंसिंग, फेस कवर को प्रभावी तरीके से लागू कराने का काम किया जाएगा । इसके साथ ही होटल, रेस्टोरेन्ट, शापिंग माल एवं अन्य अतिथि सेवायें शुरू हो जायेगी। उन्होंने कहा व्यापारियों को परिसर को सेनेटाइजेशन कराना तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य होगा इसके साथ ही ग्राहकों को आरोग्य सेतु व आयुष कवच एप डाउनलोड करना होगा। 65 वर्ष से अधिक बुजुर्ग , बीमार व्यक्ति, गर्भवती स्त्रियां व 10 वर्ष की आयु के नीचे के बच्चे घरों में ही रहेगे। सभी प्रकार के औद्योगिक गतिविधियां कन्टेन्मेन्ट जोन के बाहर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित शर्तो व प्रतिबन्धों के तहत प्रभावी रहेगी। जो भी दुकाने ,खुलेगी उसमें दुकानदारों को दुकान में सेनेटाइजर की व्यवस्था करनी होगी। बारातघर के स्वामी किसी भी शादी प्रोग्राम के लिए प्रशासन को जानकारी के बाद इजाजत लेना अनिवार्य होगी।

कोरोना वायरसः मदरसों में शैक्षणिक कार्य 30 तक स्थगित

शाहजहांपुर। कोरोना वायरस (कोविड-19) के दृष्टिगत मदरसों में शैक्षणिक कार्य आगामी 30 जून तक स्थगित रहेगा। इस आशय का पत्र उ.प्र. मदरसा शिक्षा परिषद के रजिस्ट्रार आरपी सिंह ने प्रदेश के उप निदेशक मण्डलीय अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों तथा जिला अल्पसंख्यक अधिकारियों को भेजा है। रजिस्ट्रार श्री सिंह ने इस पत्र में कहा है कि देश-प्रदेश में फैल रहे कोरोना वायरस की रोकथाम के दृष्टिगत गृह मंत्रालय भारत सरकार के आदेश और प्रदेश सरकार के शासनादेश के अनुसार प्रदेश में लाक डाउन 30 जून 2020 तक लागू रखा गया है। तथा प्रदेश के समस्त स्कूल, कालेज, शैक्षणिक, प्रशिक्षण, कोचिंग संस्थानों को बंद रखने के निर्देश हैं। इन आदेशों के अनुपालन में उ.प्र. मदरसा शिक्षा परिषद के सभी मान्यता प्राप्त मदरसे 30 जून तक बंद रहेंगे। इस अवधि में आनलाइन शिक्षा के लिए जारी शासनादेश के अनुसार कार्यवाही जारी रहेगी। यानि शिक्षकों द्वारा घरों से ही छात्रों को आनलाइन शिक्षा दी जाएगी।

पुरानी एफडीआर का डाटा गायब, जांच शुरू

बरेली। रामनगर क्षेत्र की एक नेशनल बैंक में ग्रामीण की 20 साल पुरानी एफडीआर का डाटा ही गायब हो गया। ग्रामीण ग्राहक पिछले एक साल से बैंक के चक्कर काट रहा है। बैंक कर्मी समझौते की बात कह रहे है जबकि, ग्रामीण कोर्ट जाने की तैयारी कर रहा है। गांव आनंदपुर उर्फउदयभानपुर के मूलचंद ने बताया कि उसने वर्ष 1999 में 20 हजार रुपये की क्षेत्र की एक नेशनल बैंक में एफडीआर बनवाई थी, जिसका नंबर 1318 है। 20 साल पूरे होने के बाद वह एफडीआर की रकम निकालने के लिए गया लेकिन उसको रिकॉर्ड न मिलने की बात कहकर टरका दिया। मूलचंद ने बताया कि वह पिछले एक साल से बैंक के चक्कर काट रहा है। उसका कहना है कि बैंक अधिकारी बता रहे है कि जब एफडीआर बनी थी तो उस समय मैनुअल काम होता था। इस संबंध में बैंक सहायक प्रबंधक ने बताया कि बैंक में अभी कोई मैनेजर नही है।

सिपाही की पत्नी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बरेली। एक सिपाही की पत्नी ने पति से हुए विवाद के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।लखीमपुर खीरी के चंदन चौकी थाना क्षेत्र के गांव धसकईया निवासी हरण कुमार की पत्नी कमला देवी ने मंगलवार को बरेली के जिला जेल परिसर के पास बने अपने सरकारी आवास में मकान के ऊपरी कमरे में छत के कुंडे से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के परिजनों ने बताया कि हरण कुमार बरेली में जिला जेल में सिपाही के पद पर तैनात है और पत्नी व बच्चों के साथ वह जेल के पास सरकारी आवास में रहता है। आज सुबह पत्नी ने उससे ट्रूकॉलर एप के बारे में बातचीत करने की कोशिश की। लेकिन हरण कुमार ने उसकी डांट लगा दी। जिससे नाराज पत्नी कुछ देर बाद मकान के ऊपरी कमरे में गई और वहां कमरे में छत के कुंडे से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली।

ससुराल में युवक की मौत, हत्या का लगाया आरोप

बरेली। साली के विवाह समारोह में शामिल होने आए एक युवक की अपनी ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंचे मृतक के घरवालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया और पुलिस से शिकायत कर दी। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।बदायूं के बिनावर थाने के गांव औरंगाबाद माफी निवासी 32 वर्षीय सेवाराम पुत्र गंगाराम की कल शाम बरेली के सिरौली थाना क्षेत्र के गांव शिव नगर स्थित अपनी ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

शाहजहांपुर में थम नहीं रहा संक्रमण

● तीन और कोरोना मरीज मिले, कुल 17 एक्टिव केस

संवाददाता। शाहजहांपुर

जिले में बुधवार को अलग -अलग ब्लॉकों में तीन कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया जिले में अब कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या 34 हो गई जिनमे 17 एक्टिव मरीज है जबकि 17 का दूसरा टेस्ट निगेटिव आने के बाद इनको छुट्टी देकर घर भेजने की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीयों ने दी । बुधवार को कोरोना संक्रमित हुए तीनो मरीजों को ददरौल के कोविड 19 हॉस्पिटल में आइसोलेट किया गया है ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गौतम ने जानकारी देते हुए बताया बुधवार को आई जाँच रिपोर्ट में जनपद में अलग अलग ब्लॉकों में तीन नए कोरोना पॉजिटिव मरीज पाए गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तीनो कोरोना मरीजों को कोविड अस्पताल ददरौल में आइसोलेट किया गया है । उन्होंने कहा बुधवार को ब्लाक काँट,ब्लाक मदनापुर व निगोही ब्लॉक में मरीज पाए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि निगोही ब्लॉक में पाए गए कोरोना पॉजिटिव मरीज मुंबई से 16 मई को आया था। यह वहां पर बाल कटिंग का काम करता था। इसके साथ 15 अन्य लोग भी आये थे जिन्हें चिन्हित कर लिया गया है। मरीजों के परिजनों सहित उनके संपर्क में आये सभी लोगों को होम क्वॉर्टनीन कराया गया है। तथा सभी का सैंपल लेकर टेस्ट के लिए भेजा जाएगा।

इसके अतिरिक्त ब्लाक कांट में एक मरीज तथा ब्लाक मदनापुर में कोरोना सवंमित मरीजों को कोविड अस्पताल ददरौल में आइसोलेट किया गया । उन्होंने बताया कि जनपद में कोरोना के टोटल केस 34 हो गए है। जिनमें 17 केस एक्टिव है तथा बाकी 17 मरीजों की उपचार के बाद छुट्टी कर घर भेजा गया। जिला अधिकारी के आदेश पर एक किलोमीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्र को सील कर सेनेटाइज किया गया । वही हॉट स्पॉट एरिया को सील कर दिया गया है। तथा सभी को घरों से निकलने से मना किया गया है इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने लोगो का स्वास्थ्य चेकअप कर डाटा तैयार किया

जिले में 15 ब्लाकों में से 12 में कोरोना संक्रमित मरीज: जिले में 15 ब्लाकों में 12 ब्लाक में कोरोना संक्रमित मरीजों मिलने से स्वास्थ्य विभाग की मुश्किलों में इजाफा हुआ है। अब केवल खुटार, सिधौली, जैतीपुर ब्लाक में कोरोना संक्रमित न पाए जाने से इन ब्लाकों में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व पुलिस तथा बाशिंदे कोरोना के संक्रमण न पाए जाने से कुछ रहत महसूस कर रहे है स्वास्थ्य विभाग की टीम इन ब्लाकों में आ रहे प्रवासी मजदूरों की जानकारी लेकर उनके सिम्टम पर पैनी नजर बनाए है।

उपमुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से ऑनलाइन किया संवाद

संवाददाता। शाहजहांपुर

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज अपने लखनऊ आवास से शाहजहांपुर के जनप्रतिनिधियों से वेबिनार के जरिए संवाद किया तथा मोदी सरकार 2.0 के एक साल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा केंद्र सरकार के दूसरे कार्यकाल का 1 साल बड़े और कड़े फैसलों के लिए हमेशा याद किया जाएगा । आत्मनिर्भर देश के लिए प्रधानमंत्री का विजन पर लोगों का आह्वान करते हुए अपील करते हुए कहा सभी श्रमिको व मजदूरों को काम दिलाने में उनकी मदद करें तथा सरकार की योजनाओं पर नजर रखें, लोगों को योजनाओं लाभ दिलाने में भी मदद करे। उन्होंने कहा सरकार किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए काम कर रही है ।सभी वर्गों का ध्यान रखा जा रहा है ।और सबका साथ- सबका विकास- सबका विश्वास की मूल भावना के साथ सरकार सभी वर्गों के लिए कार्य कर रही है।

कोरोना के साथ रहने की आदत डालनी होगीः गर्ग

संवाददाता। बरेली

महीनों के कोरोना विरोधी अभियान,उसके उन्मूलन के दावों और तमाम कोशिशों के बाद, देश के कर्णधारों और विद्वानों ने ये निष्कर्ष निकाला कि हमें कोरोना के साथ रहने की आदत डालनी होगी ।बिल्कुल वैसे ही जैसे दुष्ट पड़ोसी को भगाने की सारी जुगत करने के बाद उसकी तरफदोस्ती का हाथ बढ़ाना। पुरानी कहावत है कि अगर शत्रु से पार न पा सको तो उसे मित्र बना लो। जो लोग घर घर थाली पीट पीट कर कोरोना को भगा रहे थे,वही अब थाली में कुमकुम,हल्दी ,अक्षत और पुष्प रख कर ,कोरोना रूपी बिना पूर्व सूचना के आये अतिथि के स्वागत को तैयार हैं। हमारे देश की संस्कृति के अनुसार 'अतिथि देवो भव;'। किन्तु तभी तक जब उसका जाना सुनिश्चित हो । अतिथि ज्यादा दिन टिक जाए तो 'अतिथि तुम कब जाओगे' की भावना प्रबल होने में समय नहीं लगता ।उधर बेचारे कोरोना की समस्या कुछ अलग ही है ।फिल्म दबंग के डायलॉग को थोड़ा और पारिवारिक बनाते हुए कहा जा सकता है कि वो इतना कंफ्यूज है कि समझ नही पा रहा कि सांस कहाँ से ले और छींके कहाँ से ।सरकारी आदेश ने,उसके मुंह पर सरकारी मास्क लगा कर,उसका छींकना भी दूभर कर दिया है। कोरोना ने सोचा था कि भारत में अपना काम निबटा के वो फ्टाफ्ट निकल लेगा,पर लॉक डाउन ने उसकी हालत भी प्रवासी मजदूरों जैसी कर दी है। बेचारा अपनी अटैची पर बैठा वापसी की फ्लाइट की बाट जोह रहा है। संसद में पक्ष विपक्ष के खेमों की तरह टी.वी के न्यूज चौनल भी दो गुटों में बंट गए हैं । सरकार के पक्षधर आँकड़ेबाज,आम जन को कभी न समझ में आने वाले आंकड़े , सोने की तश्तरी में चांदी का वर्क लगा कर ऐसे परोस रहे हैं जैसे कोरोना से बड़ा वरदान देश को आज तक नहीं मिला। वहीं विपक्षी आंकड़े बाज उन्ही आंकड़ों का किसी और तरीके से विश्लेषण और विवेचन कर ,कोरोना और सरकार के खिलाफ विष वमन कर रहे हैं। दोनों खेमों की व्याख्यायों से 'कोरोना – अभिशाप या वरदान' निबंध के लिये आज की पीढ़ी को काफी मसाला उपलब्ध है जैसे बचपन में हम लोग 'विज्ञान – अभिशाप या वरदान' निबन्ध की विषय वस्तु को रट कर ,परीक्षा में उगल आते थे ।पिछले दो महीने से न्यूज चेनल्स आंकड़ामय हो गए हैं।कोरोना संक्रमित लोगों से संबंधित, देश, प्रदेश, जिला, गांव में ठीक हुए लोग, मरने वाले लोग,अधमरे लोग आदि के आंकड़े। प्रवासियों की विशेष ट्रेनों, बसों आदि के देश,प्रदेश और जिला स्तर के वास्तविक और राजनैतिक आंकड़े ।सरकारी सहायता के आंकड़े।मास्क और पीपीई के आंकड़े।डॉक्टरों और अस्पतालों के आंकड़े । विदेशी प्रवासियों के वापसी के आंकड़े। प्राकृतिक बाढ़ के साथ साथ देश, इस समय आंकड़ों की बाढ़ से भी ग्रस्त है ।पक्ष और विपक्ष के विद्वानों द्वारा, टी.वी चौनल और वातानुकूलित कक्षों में, सरकारी और गैर सरकारी दृष्टि से आंकलन और विश्लेषण सुनते हुए लोग भिन्न भिन्न भावों के साथ आंकड़ों का जश्न मना रहे हैं। उधर कोरोना स्वयं से कह रहा है .. हे वत्स! तू जितना जल्दी हो सके इस देश से निकल ले,नही तो तू भी आंकड़ों के ढेर में दब कर अपना रहा सहा वजूद, भय और आतंक सब गंवा बैठेगा। मत भूल कि तू यहां मात्र अतिथि है। आखिरी बार कोरोना को बस की लाइन में खड़ा देखा गया ।उम्मीद है कि बस, ट्रेन और हवाई यात्रा करते हुए साल छः महीने में, वो अपने देश जीवित और सकुशल वापस पहुंच जाएगा। सत्य है कि अतिथि ज्यादा दिन ठहर जाए तो वो देवतुल्य नही रह जाता । आप,आपका परिवार और हमारा देश कोरोना को परास्त करे।आम जन का जीवन पुनः पटरी पर लौटे,इसी कामना के साथ।

कोरोना के प्रकोप से रहें और सतर्क

शाहजहांपुर। गाँधी फैज- ए-आम महाविद्यालय में कोविद-19 जी एफ कॉलेज स्टूडेंट हेल्प सेल के तत्वाधान में आज सर्वाइवल ड्यूरिंग कोरोना पैंडेमिक विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे देश से तमाम शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता और स्टूडेंट उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता डॉ 0 सुजीत राय , असोसिएट प्रोफेसर डॉ 0 राम मनोहर लोहिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज लखनऊ ने कहा कि अब कोरोना के केस बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं ऐसे में पूर्ण एहतियात बरतने की जरूरत है अपनी सेहत हमारे अपने हाथ में है। प्रोफेसर डॉ0 पूनम सिंह, तीर्थाकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर मुरादाबाद् ने कहा कि सैनेटाइजर का प्रयोग जारी रखें और मास्क का प्रयोग करते रहें, भीड़ से दूर रहें। डॉ 0 राजेश कुमार सिंह सी डब्ल्यू सी मेंबर ऑफ आई एम् ए और इंड ट्यूबरक्लोसिस प्रोग्राम उत्तर प्रदेश के कोऑर्डिनेटर ने कहा कि सरकार ने लॉकडाउन खोल जरूर दिया है लेकिन खतरा अभी कम नहीं हुआ है डॉक्टर के संपर्क में रहें जरा सा खतरा दिखने पर तुरंत राय लें। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जमील अहमद ने कहा कि कोरोना महामारी की इस घड़ी में जबकि पूरी दुनिया थम सी गयी, हम नहीं रुके, हमारे महाविद्यालय परिवार के हर सदस्य ने चाहें वह हमारी मैनेजिंग कमेटी हो, प्रवक्ता हों, कार्यालय हो या स्टूडेंट सभी जरूरतमंदों की हर संभव मदद करने को तत्पर रहे। वेबिनार का संचालन डॉ. स्वपनिल यादव एवं आभार कोविद-19 जी एफ कॉलेज स्टूडेंट हेल्प सेल के कोऑर्डिनेटर डॉ. फैयाज अहमद ने व्यक्त किया।

नामित सभासदों को दिलाई शपथ

मैलानी-खीरी। राज्यपाल के आदेश पर नगर पंचायत मैलानी में तीन नामित सभासदों को तहसीलदार आशुतोष द्विवेदी, नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी बृजेश कुमार सबिता, नगर पंचायत अध्यक्षा सत्यवती द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई। नामित सदस्यों सुरेन्द्र मिश्र व आनन्द कुमार मौर्य व आशीष अग्रवाल ने शपथ ग्रहण करने के उपरान्त सभागार में उपस्थित लोगों से कर्तव्य निष्ठा व ईमानदारी से निर्वाहन करने की बात कही। शपथ ग्रहण के उपरान्त नामित सदस्यों का अधिशाषी अधिकारी बृजेश कुमार सविता ने माल्यार्पण करके बधाई दी। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष पति देवेन्द्र प्रताप, पूर्व चेयरमैनपति नीरज बाजपेयी, अचला शर्मा, भूपेन्द्र गुप्ता, हसीन अंसारी, सुंदर लाल, अभिषेक कुमार, दिलशाद हुसैन व राहुल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

पंखे से लटककर लेखपाल ने की खुदकुशी

● आत्महत्या के कारणों का नहीं चल सका पता

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

जनपद की मितौली तहसील में तैनात एक युवा लेखपाल ने जिला मुख्यालय स्थिति अपने मकान के कमरे में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। जैसे ही यह खबर जिले के लेखपालों को लगी लेखपालों में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही जिले का आलाधिकारी मृतक के घर पहुंच गए। वहीं पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामाभर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शहर के मोहल्ला गोटैय्याबाग वाल्मीकि बस्ती निवासी पंकज कुमार (33) पुत्र सुरजन लाल का लेखपाल पद पर करीब पांच वर्ष पूर्व चयन हुआ था। वर्तमान समय में पंकज मितौली तहसील में कार्यरत थे। बीते दिवस पंकज ने घर के पंखे में फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह व एसडीएम मितौली दिग्विजय सिंह समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि मृतक लेखपाल का परिवार अभी सदमें में है। मामले के हर पहलू की सघनता से जांच कराई जाएगी। परिवार को सरकार की तरफ से मिलने वाले लाभ तत्काल आश्रितों को दिलवाये जाएंगे। साथ ही मृतक की काल डिटेल की भी जांच कराई जाएगी।

घर पहुंचे डीएम-एसपी

लखीमपुर खीरी। तहसील मितौली में तैनात लेखपाल पंकज कुमार की फांसी लगाने से मृत्यु हो गयी। जिसकी सूचना मिलते ही पूरे जिले का माहौल गमगीन हो गया। यह सूचना पाते ही जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक पूनम मृतक लेखपाल के मोहल्ला गोटैयाबाग स्थित आवास पहुंचे और शोकसंतृप्त परिवार को सांत्वना दी। डीएम ने कहा कि राजस्व विभाग एवं प्रशासन की ओर से सभी अपेक्षित सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

एसडीएम ने दिलाई शपथ

मोहम्मदी-खीरी। नगर पंचायत बरवर में उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला की मौजूदगी में नामित सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इसमें हरनाम सिंह कुशवाहा, राधा देवी पत्नी राकेश कुमार को नामित सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर ईओ सपना भारद्वाज, चेयरमैन, नसरीन बानो, ओमप्रकाश भारतीय, सभासद हिमतुल्ला खां, राकेश गुप्ता व राहुल शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहे। पुलिस ने बरामद की पत्रकार की चोरी गई बाइक

अभियुक्त को भेजा जेल

मैलानी-खीरी। थाना पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के दौरान उप निरीक्षक अजय कुमार मिश्र, आरक्षी रमाकांत, आरक्षी भीमसेन व आरक्षी जितेंद्र कुमार चौरसिया मार्च 2020 को कस्बे के पत्रकार की बुलेट मोटर साइकिल नंबर डीएल01एसवाई-0761 को बरामद किया। बाइक चोर निरवैर सिंह पुत्र हरदयाल सिंह निवासी मलूकापुर थाना भीरा जिला खीरी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। उसका साथी बल्देव सिंह पुत्र कुलविंदर सिंह निवासी मलूकापुर थाना भीरा जिला खीरी अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज कर पुलिस ने फरार अभियुक्त की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक कई थानों में दर्ज हैं।

डीएम ने लखीमपुर रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाएं देखीं

हरिद्वार से प्रवासियों को लेकर आ रही ट्रेन की मिली थी सूचना, लिया तैयारियां का जायजा

दिये सभी मुक्कमल तैयारियों के निर्देश

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

बुधवार को जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक पूनम के साथ रेलवे स्टेशन लखीमपुर पहुंचे। जहां उन्होंने टेऊन हरिद्वार से खीरी आ रहे प्रवासी कामगारों के लिए सभी तैयारियों का जायजा लिया। डीएम ने मौजूद स्टेशन अधीक्षक से ट्रेन के संबंध में आवश्यक जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने टेऊन से आ रहे प्रवासी कामगारों की मेडिकल स्क्रीनिंग कराने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज अग्रवाल से जानकारी ली और स्टेशन पर पर्याप्त मात्रा में चिकित्सीय टीमें लगाने हेतु निर्देश दिये। प्रवासी कामगारों को स्टेशन पहुंचने पर लंच पैकेट, पेयजल एवं बिस्कुट आदि वितरित किये जाने के संबंध में तहसीलदार सदर को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बताया कि टेऊन से आने वालो में जो प्रवासी कामगार अन्य जिलों से होगे उन्हें लंच पैकेट देकर बसों के माध्यम से उनके जिलों भेजने के साथ ही नेपाल राष्ट्र के नागरिकों को भी लंच पैकेट देकर नेपाल बार्डर पर भिजवाने की व्यवस्था के सम्बन्ध में सारी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है। वहीं जिले के सभी प्रवासी कामगारों को जिला मुख्यालय पर बनाये गये स्क्रीनिंग होम्स में भेजा जायेगा जहां उनकी विधिवत मेडिकल स्क्रीनिंग होगी और उन्हें खाद्यान्न किट देकर उन्हें होम क्वारेंटाइन में भेजा जायेगा। एसपी पूनम ने मौके पर पर मौजूद सीओ सदर विजय आनंद को स्टेशन पर पर्याप्त पुलिस फोर्स लगाने हेतु निर्देश दिये और जीआरपी चैकी प्रभारी को भी इस दौरान पूरी सर्तकता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आरपी दीक्षित, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर विजय आनंद, कोतवाल सदर अजय प्रकाश मिश्र, स्टेशन अधीक्षक, जीआरपी चौकी इंचार्ज एवं आरपीएफ के अधिकारी मौजूद रहे।

लॉकडाउन का सख्ती से पालन कराना प्राथमिकताः अनिल

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। कोतवाली गोला के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार यादव ने पद ग्रहण के बाद कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने व लाकडाउन का पालन करने तथा बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों को मुख्य मार्गों से हटाने और परिवहन सेवा ठीक ढंग से संचालित होने की व्यवस्था कराना ही प्राथमिकता होगी। अनिल कुमार यादव प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गोला के अनुसार उनकी प्राथमिकता उप्र शासन और प्रशासन की नीतियों को सही ढंग से लागू कराने की है।स्थानीय स्तर पर व्यापारियों व पत्रकारों व गणमान्य नागरिकों के साथ तालमेल बिठाने व उनकी बैठक कर सुझावों पर अमल करने के साथ ही अपराध और अपराधियों पर कडी नजर रखी जाएगी। उन्होंने अपनी प्राथमिकता जताते हुए जनता से सहयोग करने की उम्मीद पर अपना फोक्स रखने का संकल्प लिया है। पुलिस की छवि उज्जवल रहेगी अगर किसी पुलिस कर्मी ने छवि को प्रभावित करने का प्रयास किया तो वह दंडित भी होगा।पुलिस मित्रता कायम रखकर प्रदेश सरकार व प्रशासन की प्राथमिकताओं का पालन करेगी जिसमें न्यायिक व्यवस्था का पालन कराना शामिल है। जिलाधिकारी खीरी व पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देश का पालन कराने का प्रयास होगा और व्यापारियों से बात कर उनसे देश व प्रदेश के हालातों पर चर्चा के बाद लाकडाउन का पालन करने और सामाजिक दूरी को बनाए रखने के साथ ही अपने प्रतिष्ठान में व्यापारियों से मास्क और गलब्स पहनने के साथ ही बगैर मास्क के किसी को सामान ना देने की अपील भी की जाएगी। एक सवाल के जवाब में कहा कि मिट्टी खनन नहीं होगा। अगर किसी ने खनन किया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाही होगी। इसके अलावा खनन निरीक्षकको पुलिस का पूरा सहयोग मिलेगा। हालांकि उन्होंने फावड़ा व जेसीबी की परिभाषा समझाने का प्रयास किया। इसके जवाब में पहले के प्रभारी निरीक्षक डीपी तिवारी के सीज वाहनों के चलते खनन बंद होने की बात पर सहमति दर्शायी है। कोतवाल की बेबाकी से यह बात साफ हो गई है कि समाज विरोधी कृत्यों की जगह जेल में होगी।

कंटेनमेंट जोन सिगनिया का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम-एसपी

लखीमपुर-खीरी। बुधवार को जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक पूनम और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज अग्रवाल के साथ तहसील, विकास खण्ड एवं थाना लखीमपुर सदर क्षेत्रान्तर्गत बनाये गये कंटेनमेंट जोन सिगनिया का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल स्क्रीनिंग कर रही टीमों को नेतृत्व कर रहे अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संतोष चक से कंटेनमेंट जोन में अबतक हुई कार्यवाहियों के संबंध में विस्तार से जानकारी हासिल की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं उन्होंने ग्राम में गठित ग्राम निगरानी समिति को और अधिक सक्रियता के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु निर्देशित किया। एसपी पूनम ने कंटेनमेंट जोन में ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों को पूरी सतर्कता से साथ ड्यूटी करने के लिए निर्देशित किया।

चोरों ने पार की व्यापारी की बाइक

मैगलगंज-खीरी। कस्बा मैगलगंज में लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार रात्रि में पांडे साइकिल स्टोर के सामने खड़ी मोटर साइकिल किसी समय चोरों ने चोरी कर ली चोरी की जानकारी सुबह जागने पर हुई। जिसके बाद पीड़ित ने मैगलगंज थाने में सूचना दी है। कस्बा मैगलगंज में स्टेट बैंक के बगल में पांडे साइकिल स्टोर की दुकान है। दुकान बंद करने के बाद ग्रह स्वामी मोटरसाकिल बाहर खड़ी कर चले गए थे।

खनन माफिया ने किया पुलिस टीम पर हमला

संवाददाता। फर्रूखाबाद

● दरोगा सहित तीन सिपाहियों से की मारपीट

बीती रात अवैध खनन होने की सूचना पर थाना मेरापुर क्षेत्र की चैकी अचरा में तैनात दरोगा अपने तीन सिपाहियो के साथ मौके पर जा धमके जहां खनन माफ्रियाओं ने पुलिस पर हमला कर दिया और मारपीट कर दी। इतना ही नहीं खनन माफ्रियाओं ने फायरिंग भी की। कई ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर लोग फरार हो गए। पुलिस ने मौके से दो टैऊक्टर ट्रॉली पकडी है। घायल सिपाहियो व दरोगा का डाक्टरी परीक्षण कराया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए दबिशें दे रही है।

थाना मेरापुर क्षेत्र में बनी चैकी अचरा के प्रभारी अक्षय लाल पाल को सूचना मिली कि देर रात जेसीबी मशीन द्वारा अवैध खनन कराया जा रहा है। जिस पर दरोगा अक्षय लाल, सिपाही अंकित कुमार, कृष्ण कुमार व अजय के साथ मौके पर जा धमके पुलिस को देख अवैध खनन कर रहे बदन सिंह, सुमित, विजय सिंह उर्फ वीपी उसकी पत्नी लक्ष्मीए देवेश उर्फ झब्बू, विक्रम सिंह उसकी पत्नी गीता, नन्हे, दुर्वेश, नीलेश, जोगराज निवासीगण ग्राम रसूलपुर व 15.20 अज्ञात लोगों ने पुलिस पर हमला कर दिया। जिसमें दरोगा सहित तीनों सिपाही घायल हो गए। दहशत का माहौल बनाने के लिए फायरिंग भी हुई। जिसमें पुलिस कर्मी बाल बाल बच गए।

मामले की जानकारी होने पर कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने घेराबंदी कर मौकाय बारदात पर बदन सिंह व सुमित को गिरफ्तार कर लिया गया। बताया गया कि आरोपी फायरिंग करते हुए कई टैऊक्टर लेकर फरार हो गए। आरोप यह भी है आरोपियों ने दरोगा की पिस्टल छीनने का भी प्रयास किया। मामले की सूचना पर सीओ राजवीर गौर सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची जहां हिरासत में लिए गए दोनो लोगो से पूछताछ की गई। पुलिस ने कब्जे में लिए गए ट्रैक्टर को सीज कर दिया।

कोरोना के 18 एक्टिव मरीज, 21 स्वस्थ हुए

संवाददाता। फर्रुखाबाद

● फर्रुखाबाद में संक्रमितों की कुल संख्या 39

देश में चल रहे नेशनल लॉकडाउन 5.0 में वैश्विक महामारी के बीच जिले में तीन और कोरोना मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसमें दो कोरोना पॉजिटिव मरीज अन्य प्रातों से आये हुए मरीज है जबकि एक मरीज अपने यूपी प्रांत के गाजियाबाद से आया है। वहीं तीन मरीज स्वस्थ होकर अपने घर लौट आये हैं।बताते चलें कि जिले में बीते मंगलवार को तीन मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। जिससे जिले में संक्रमितों की संख्या अब 39 हो गयी है। वहीं एक्टिव कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या 17 से बढ़कर 18 हो गई है। इन कोरोना पॉजिटिव मरीजों का एक जून को सैंपल लिया गया था। इन कोरोना पॉजिटिव मरीजों की मंगलवार देर रात आई रिपोर्ट के मुताबिक सुमित पुत्र राधेश्याम 18 वर्ष ग्राम गढ़िया दरौरा ब्लाक कमालगंज एंव सुधा पत्नी जगरुप सिंह 42 वर्ष निवासी नगला नादी ब्लाक मोहम्मदाबाद के रहने वाले हैं। यह दोनों कोरोना पॉजिटिव मरीज अहमदाबाद प्रात से आये हैं। तीसरा मरीज नवरतन 40 वर्ष निवासी कमालुद्दीनपुर ब्लाक राजेपुर फर्रूखाबाद का रहने वाला है। जो यूपी के गाजियाबाद से आया है। इस बीच राहत की बात यह है कि तीन मरीज स्वस्थ होकर अपने घर लौट गये है। जिलाधिकारी ने बताया कि अहमदाबाद एंव गाजियाबाद जिले से आये इन कोरोना पॉजिटिव मरीज को कोविड.19 एल.1 अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरौन भेजा जा रहा है। तीन स्वस्थ मरीजों कों घर भेज दिया गया है।

डीसीएम ने भाई और बहन को कुचला दोनों गंभीर घायल

फर्रूखाबाद। साइकिल से सवार होकर दवा लेने जा रहे भाई बहन को डीसीएम चालक ने कुचल दिया जिससे बहन के धड से उसका पैर अलग हो गया। वहीं भाई भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायलों को आसपास के लोगो की मदद से लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सक ने महिला की हालत गंभीर होने पर उसे रेफर कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में ले लिया है।

कोतवाली फतेहगढ क्षेत्र के अन्तर्गत नवदिया के रहने वाले आशाराम पुत्र मंगली प्रसाद ने बताया कि वह अपनी बहन लक्ष्मी के साथ साइकिल पर सवार होकर मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम खिनमिनी अपनी दवा लेने जा रहा था। उसी दौरान आईटीआई चैराहे के निकट डीसीएम चालक ने लापरवाही से चलाते हुए पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे लक्ष्मी का पैर कट गया और आशाराम घायल हो गए।

बाइक भिड़ंत में पति की मौत,पत्नी व बेटी घायल

संवाददाता। कायमगंज फर्रूखाबाद

● मेरापुर के निकट हुआ हादसा

बाइकों की आमने.सामने भिड़ंत हो गयी। बाइक सवार चालक की मौत पत्नी पुत्री सहित दो घायल हो गये। दुर्घटना में हुई दर्दनाक मौत खबर मिलते ही घर परिवार में कोहराममच गया।

कस्बा शमशाबाद नगर के मोहल्ला तराई निवासी मुख्त्यार खा उम्र 52 बर्ष पत्नी मनारा बेगम तथा पुत्री ना जरा के साथ मेरापुर गए हुए थे मेरापुर के निकट गुजरते समय सामने आ रहे एक अन्य अज्ञात बाइक सवार से आमनी सामनी भिड़ंत हो गई इस दुर्घटना में बाइक सवार मुख्तियार खा गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि पीछे बैठी पत्नी तथा पुत्री भी घायल हो गयी उधर दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची मेरापुर पुलिस ने गंभीर हुए बाइक सबार घायलो को उपचार के लिए एंबुलेंस द्वारा सीएससी कायमगंज भेजा जहां गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल फर्रूखाबाद रेफर किया गया उपचार के दौरान वृ; की मौत हो गई मेहरापुर थाना पुलिस द्वारा मृतक के बड़े पुत्र की तहरीर पर पंचनामा भरकर सब को पोस्टमार्टम के लिए फतेहगढ़ भेजा गया मृतक का सब घर लाया गया जहां सब आते ही घर परिवार में कोहराम मच गया मृतक के 6 बच्चे हैं जिसमें मुस्ताक शबाना निशा हाजरा शाहिद और ना जरा दुर्घटना में घायल हुई पुत्री ना जरा तथा पत्नी मनारा बेगम को उपचार के बाद घर भेज दिया गया मृतक भाइयों में बड़ा था और मेहनत मजदूरी के जरिये घर परिवार का भरण पोषण करता था। इस घटना के बाद मृतक के घर परिबार के सामने एक बार फिर रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया।

पारिवारिक कलह से क्षुब्ध युवक ने लगाई फांसी

चकलवंशी,उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र के इसुनिया के मजरा बाबाखेडा निवासी वीरेन्द्र (40)पुत्र स्व. प्यारेलाल किसानी के साथ मजदूरी करता था। लाकडाउन के चलते काम बंद हो गया। जिससे घर में आर्थिक तंगी से परिवार जूझ रहा था। पारिवारिक कलह से छुब्ध होकर गांव के बाहर करीब एक किमी दूर जंगलीखेड़ा गांव निवासी छविनाथ के खेत में खड़े नीम के पेड़ पर गमछे से फांसी लगाकर बुधवार को आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे पावा चौकी प्रभारी राम औतार को पत्नी सोनी ने तहरीर दी है कहा कि पति करीब दस बजे घर से निकले थे दोपहर बाद ग्रामीणों ने पति के फांसी पर लटकाने की सूचना दी। दिवंगत की मां भगाना और एक बेटी राधिका (12),करन (9) अर्जुन (7) और सनीर का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी सन्तोष कुमार ने बताया कि किसी ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

चंपापुरवा का युवक निकला कोरोना पॉजिटिव

संवाददाता। उन्नाव

गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा मोहल्ले में मंगलवार की देरशाम एक युवक को कोरोना की पुष्टि हुई। जिसके बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर देर रात स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जहां पॉजीटिव आए युवक के परिवार समेत तेरह लोगों को कोविड 19 वार्ड में आइसोलेट किया गया। देर रात सीओ सिटी व स्वास्थ्य विभाग ने मौका मुआयाना भी किया। बुधवार सुबह पालिका की ओर से पूरे क्षेत्र में चूने का छिड़काव कराया और मोहल्ले को सेनेटाइज कराया। जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने चंपापुरवा मुख्य मार्ग को पूरी तरह से सील कर दिया। चंपापुरवा निवासी एक युवक किराए के मकान में रहकतर कानपुर में नौकरी करता था। साथ में काम करने वाले युवक को हाल ही में कोरोना की पुष्टि हुई। जिसके बाद युवक ने कानपुर हैलट में अपनी जांच कराई। जहां युवक को कोरोना की पुष्टि हुई। जांच के बाद कानपुर स्वास्थ्य विभाग ने समय रहते जानकारी नहीं दी। उधर, पॉजीटिव युवक अपने घर आ गया। जब उसे पता चला कि उसे कोरोना है। वह घर पर दुबक गया। इसके बावजूद कानपुर व उन्नाव स्वास्थ्य विभाग अंजान बना रहा। इधर लोगों में हड़कंप मचने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और पॉजीटिव युवक को कानपुर स्वास्थ्य विभाग अपने साथ ले गया। जिसके बाद उन्नाव कोविड 19 नोडल प्रभारी डा. आरएस मिश्रा, सीओसिटी यादवेन्द्र यादव मौके पर पहुंचे। वहीं देर रात उसके परिवार से पत्नी, बच्चे, मकान मालिक, मेडिकल स्टोर संचालक समेत तेरह लोगों को उन्नाव में आइसोलेट किया गया है। पॉजीटिव मिलने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। बुधवार सुबह ईओ सुनील कुमार मिश्रा ने चंपापुरवा मुख्य मार्ग पर चूना, ब्लीचिंग का छिड़काव कराने के साथ ही क्षेत्र सेनेटाइज कराया। इसके अलावा चंपापुरवा मुख्य मार्ग पर बल्लियां लगा दी गई। जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया। लोग घरों में दुबक गये। डब्ल्यूएचओ की गाइड लाइन के अनुसार वार्ड 19 चंपापुरवा को ही दस दिनों तक सील किया गया है। दोपहर सीएमओ कैप्टन डा. आशुतोष कुमार ने मौका मुआयाना किया। प्रशासन ने 1270 घरों में रहने वाले लगभग 1800 लोगों को हॉटस्पॉट में शामिल किया है।

बुखार, खांसी जैसे लक्षण पाए जाने वालों को किया चिन्हित

बुधवार सुबह डब्ल्यूएचओ के ब्लॉक मॉनीटर प्रशांत शुक्ला, भरत, आशीष, अजय, आलोक सहित पांच सदस्यीय टीम चंपापुरवा पहुंची। जहां उन्होंने चंपापुरवा के 1270 घरों में 1800 सौ लोगों का सर्वे कराने के लिये एएनएम और आशबहुओं को लगाया। टीम हॉट स्पॉट एरिया में लोगों के घर-घर जाकर सर्दी, जुकाम, बुखार, खांसी जैसे लक्षण पाये जाने वालों को चिन्हित किया गया है

भूमि विवाद को लेकर मारी गोली, चाचा-भतीजा घायल

संवाददाता। औरास,उन्नाव

थाना क्षेत्र औरास के चकलवंशी-संडीला सड़क मार्ग पर आदमपुर गांव के पास औरास से घर लौट रहे चाचा भतीजे पर दो बाइकों पर सवार लोगों ने फायर झोंक दिया। जिससे दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को पीएचसी में भर्ती कराया। जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां एक की हालत गंभीर बनी हुई है। क्षेत्र के उदितखेड़ा मजरा गलरापुर निवासी अरविंद उर्फ अर्जुन पंडित पुत्र गंगाचरण अपने भतीजे शुभम के साथ बुधवार को बाइक से किसी काम से औरास आया था। जहां से दोनों घर लौट रहे थे। तभी चकलवंशी मार्ग पर आदमपुर गांव के घटना दो अन्य बाइकों पर सवार लोगों ने फायर झोंक दिया। जिससे दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को पीएचसी में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों के अनुसार शुभम के दाहिने हांथ के पंजे में व अरविंद उर्फअर्जुन पंडित के भी दाहिने हाथ में बीच में तथा सीने में भी कुछ छर्रे लगे हैं। वही अरविंद की हालत गंभीर होने पर उसे व उसके भतीजे शुभम को भी जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार मई महीने में गलरापुर निवासी कुछ लोगों से जमीनी विवाद व घटना में घायल युवक की जमीन पर लगे यूकेलिप्टस के दो पेंड काटने को लेकर मारपीट हुई थी। जिसमें अरविंद उर्फअर्जुन व भतीजे शुभम के पिता के खिलाफ गलरापुर निवासी कुछ लोगों के खिलाफ मारपीट हुई थी। दोनों पक्षों से एनसीआर दर्ज थी। पुलिस ने उसी मामले को लेकर घटना की मान रही है। थाना प्रभारी ओमप्रकाश रजक ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। घायलों द्वारा घटना को अंजाम देने वाले लोगों में एक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

करंट लगने से युवक की मौत

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के जगजीवनपुर गांव निवासी साहब लाल का बत्तीस वर्षीय बेटा नीरज बुधवार की सुबह कमरे में लगे लाइट बोर्ड में पंखे का प्लग लगा रहा था। तभी अचानक करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

लकड़ी से लोड मिनी ट्रक किया जब्त

नवाबगंज,उन्नाव। आरक्षित वन क्षेत्र कांथा गांव के करीब जंगल से बबूल की लकड़ियों से लोड होते ट्रक को वन विभाग की टीम ने मौके से बरामद किया।जिसके साथ ही तीन अभियुक्तों को भी टीम ने गिरफ्तार किया।पर्यवेक्षण डा. अनिरुद्ध पांडेय प्रभागीय निदेशक की दिशानिर्देशन में चलाये जा रहे वन विभाग के इस विशेष अभियान के तहत वन विभाग टीम ने यह सफलता अर्जित की।गोपनीय सूचना के आधार पर आरक्षित वन क्षेत्र के बबूल की लकड़ियों को लदान करते मौके से बरामद किया गया। जिसमें नुरुल हुदा पुत्र अब्दुल समद, निवासी मियन टोला पुरवा,मो. मंगा पुत्र मखौली निवासी हरिखेड़ा असोहा, नोखेलाल पुत्र बचोले निवासी असेहरू थाना पुरवा के विरुद्ध नवाबगंज वन रेंज के तहत वाहन सीज कर विधिक कार्रवाई की गई। टीम में प्रमुख रूप से वन क्षेत्राधिकारी मयंक सिंह, नवाबगंज, प्रदीप कुमार, जितेंद्र पांडेय, वनरक्षक अशोक यादव महेश कुमार बीट प्रभारी मौजूद रहे।

एएसपी ने की बैठक

उन्नाव/बांगरमऊ। आगामी दिनों में लाकडाउन खुलने के दौरान लोगो में जागरूकता लाने के लिए बुधवार को शहर कोतवाली परिसर में एएसपी उत्तरी विनोद कुमार पांडेय व सीओ सिटी यादुवेन्द्र यादव ने मुस्लिम धर्मगुरूओ के साथ बैठक की। एएसपी ने कहा कि एक दूसरे से एहतियात दूरी बनाए रखे।

डीएम-एसपी ने हॉटस्पॉट क्षेत्रों का किया निरीक्षण

संवाददाता। कन्नौज

जिले में लगातार बढ़ रहे कोरोना मामलों को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन सतर्क है। कंटेनमेंट जोन में संक्रमण को रोकने के लिए आवागमन पूर्णत: प्रतिबंधित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए है।

जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद ने बुधवार को हॉटस्पॉट क्षेत्र बहादुपुर मझिगवॉ का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने हॉटस्पॉट क्षेत्र में उपलब्ध कराई जा रही आवश्यक सेवाओं एवं बाहर से आए हुए कोरोना संक्रमित मरीज विजय सिंह के संबंध में जानकारी की जिसमें बताया गया की विजय सिंह को 100 सैया अस्पताल में बुखार की शिकायत पर संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए जांच हेतु लाया गया था जिसमें सैंपल लेने के उपरांत संबंधित व्यक्ति वसई अस्पताल से भागकर अपने घर आया था एवं रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर संबंधित व्यक्ति को कोविड अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसके उपरांत मेडिकल टीम द्वारा कांटेक्टट्रेसिंग किए जाने पर संबंधित व्यक्ति का पुत्र 17 वर्षीय प्रहलाद सिंह एवं पड़ोसी श्लोक पुत्र पूरन सिंह की भी रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर तीनों व्यक्तियों को कोविड-19 अस्पताल तिर्वा में भर्ती कराया गया था।जिलाधिकारी ने बताया की सभी कोरोनावायरस से संक्रमित व्यक्तियों से दिया जा रहा है भोजन चिकित्सा सुविधा स्वच्छता आदि के संबंध में कैंप कार्यालय से निजी तौर पर जानकारी की जाती है ।जिसमें संबंधित व्यक्ति विजय सिंह द्वारा गांव में संबंधित के परिवार को भोजन आदि आवश्यक सुविधाओं के न प्राप्त होने की शिकायत की गई थी।

दिल्ली में आदेश गुप्ता की ताजपोशी से गुरसहायगंज गदगद

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने उत्तरी दिल्ली के महापौर रह चुके आदेश गुप्ता पार्टी को दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। जिससे नगर के गौरव ने एक बार फिर देश की राजधानी में नगर व जनपद का गौरव बढाकर परिजनों का नाम रोशन किया है। दूसरे दिन भी उनके परिजनों सहित नगर में जश्न का माहौल है। लोगों ने जगह-जगह ढोल नगाडें बजाकर मिष्ठान वितरित किया। नगर के मोहल्ला शास्त्रीनगर निवासी भाजपा जिला पूर्व महामंत्री देवेन्द्र देव के बड़े भाई आदेश गुप्ता को दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किये जाने की खबर मिली स्थानीय लोगों में हर्ष की लहर दौड गई। समर्थकों व शुभचितंकों ने देवेन्द्र देव सहित एक दूसरे को मिठाई खिलाकर व आतिशबाजी छुडाकर हर्ष व्यक्त किया। बेटे की इस उपलब्धि से पिता शंभू दयाल गुप्ता व माता श्रीमती उर्मिला देवी सहित भाई धर्मेन्द्र कौशल, भाजपा पूर्व महामंत्री देवेन्द्र देव भी खुश है। देवेन्द्र देव ने माता पिता व अन्य लोगों को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान अनिल गुप्ता, शिवा गुप्ता, अनित शुक्ला, अजीत वर्मा, सचिन गुप्ता, अमन वर्मा आदि मौजूद रहे। उधर नगर के चकोर रोड स्थित प्रतिष्ठान पर समाजसेवी देवेन्द्र गुप्ता व व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने अपने परिजनों के साथ दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के पिता शंभू दयाल गुप्ता, माता उर्मिला देवी गुप्ता व भाई धर्मेन्द्र कौशल, भाई पूर्व जिला महामंत्री देवेन्द्र देव का फूल मालायें व पगडी पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होनें कहा कि बडे भाई आदेश गुप्ता नें दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष बनकर देश की राजधानी में नगर व जनपद का गौरव बढाया है। इससे पूर्व मौजूद लोगों ने ढोल नगाडों की धुन पर जमकर नृत्य कर मिष्ठान वितरित किया। इस अवसर पर संजय बजाज, अनित गुप्ता, सोनल गुप्ता, मयंक गुप्ता, आछेलाल वाथम आदि मौजूद रहे।

संघर्ष भरा रहा राजनीतिक सफर

गुरसहायगंज (कन्नौज)। नगर के मोहल्ला शास्त्रीनगर निवासी आदेश गुप्ता पुत्र शम्भूदयाल गुप्ता ने 1989 में छात्र जीवन के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर प्रमुख पद पर कार्य करते हुये 1991 में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्व विद्यालय से बीएससी की डिग्री हासिल की। संघ से जुडाव होने के कारण अयोध्या विवाद में जेल भी गये। 1996 में विवाह के उपरान्त दिल्ली पहुंच गये और शरूआती दिनों मे बच्चों को ट्यूशन पढाकर अपना गुजारा किया साथ ही कारोबार भी शुरू कर दिया। इस दौरान राजनीति में दिलचस्पी लेते हुये भाजपा युवा मोर्चा में सक्रिय होने के साथ साथ कांट्रेक्टर के रुप में कार्य शुरू कर दिया। वर्ष 2017 में पश्चिमी पटेल नगर से पार्षद बने। पार्षद बनने के बाद पार्टी ने उन्हे बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुये 2018 में उत्तरी नगर निगम दिल्ली का महापौर बना दिया। अब आदेश गुप्ता की संगठन के प्रति निष्ठाभाव को देखते हुये भाजपा हाईकमान द्वारा उन्हें सम्पूर्ण दिल्ली प्रदेश में भाजपा संगठन को मजबूत करनें की जिम्मेदारी दी गई है।

कांउसलिंग के लिए पहुंचे शिक्षकों की भर्ती पर हाईकोर्ट का स्टे

कन्नौज। प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 69000 शिक्षकों के पदों पर भर्ती के लिए बुधवार को शुरू हुई कांउसलिंग हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के स्टे आदेश के बाद थम गई। जिससे जिले में कांउसलिंग कराने पहुंचे अभ्यर्थी निराश हो गए। देर शाम जिले में भी कांउसलिंग अग्रिम आदेश तक रोक दी गई। बुधवार को जिले में 1200 सहायक अध्यापक पद के लिए कई जनपदों से अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने आए थे। उनके मन में बड़े ही ख्वाब थे, कि प्रक्रिया चलने लगी है और जल्द ही ज्वाइनिंग लेटर भी मिल जाएगा, लेकिन फिलहाल न्यायालय ने रोक लगा दी है। इसकी जानकारी होने पर कई लोगों के चेहरे लटक गए। कांउसलिंग में आई अंजली वर्मा ने बताया कि वह कानपुर से आई आई हैं और उन्हे पूरी उम्मीद थी कि आज कांउसलिंग प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश से निराशा है। प्रियंका यादव ने कहा कि जब भर्ती पर स्टे ही लगना था तो कांउसलिंग शुरू ही क्यों की गई, उन्होने हाईकोर्ट के फैसले पर निराशा जताई। हालांकि यह उम्मीद भी जताई कि जीत सच्चाई की होगी और उन्हे नौकरी मिलेगी।

सक्षम व सवर्ण समाज सेवा संस्थान ने कोरोना वारियर्स का किया अभिनंदन

संवाददाता। औरेया

मंगलवार की देर शाम दिबियापुर में संगठन द्वारा क्राइम इंस्पेक्टर सुनील वर्मा, एन टी पी सी चौकी इंचार्ज मो शाकिर, महिला एसआई निशा शर्मा, हल्का इंचार्ज महादेव सिंह सहित अन्य कॉन्स्टेबल का माल्यार्पण कर व मिठाई खिलाकर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर सक्षम संस्था से जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, महासचिव राघवेंद्र सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष अनिल तिवारी, मीडिया प्रभारी अमित चतुर्वेदी व अस्थि वाधित प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष डॉ आशीष त्रिपाठी उपस्थित रहे। सवर्ण समाज सेवा संस्थान से संरक्षक डॉ एस डी सिंह, जिलाध्यक्ष नितिन सिंह गौर, जिला महामंत्री युवा मोर्चा अमित तिवारी, जिला उपाध्यक्ष रोहित दुबे, कोर कमेटी सदस्य मनू पांडेय, त्रिलोकी अवस्थी के साथ संगठन के सहयोगी कन्हैया पांडेय, अवनीत तिवारी, राजेश तिवारी, संजू तिवारी आदि उपस्थित रहे। उधर सहार में सवर्ण समाज सेवा संस्थान के सरक्षक ब भाजपा नेता डा विनोद त्रिपाठी, जितेंद्र त्रिपाठी व संगठन के युवा प्रदेश प्रभारी एवम हिन्दू युवा वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष अंकित तिवारी ने सहार स्थित अपने आवास पर बेला थाने के नवांगुंतक इंस्पेक्टर पप्पू सिंह का मालार्पण व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया वही बेला थाने में सवर्ण समाज सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष विकास त्रिपाठी, पूर्व प्रधान जीवा सिरसानी योगेश तिवारी, सक्षम के प्रांत सचिव पंकज तिवारी, सक्षम मीडिया प्रभारी अमित चतुर्वेदी, गोपाल मिश्रा, सुमित सैनी, प्रवीण अगिनहोत्री आदि ने बेला इंस्पेक्टर पप्पू सिंह से मुलाकात कर उनका सहयोग करने का आश्वासन दिया वहीं सभी पदाधिकारियों ने मालार्पण कर स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उधर सक्षम संस्था तथा सवर्ण समाज सेवा संस्थान द्वारा सहार स्टेट बैंक मैनेजर विनीत चौधरी को मास्क देकर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर कोर कमेटी सदस्य अतुल त्रिपाठी व राजीव तिवारी उपस्थित रहे।

सिलेंडर लीक होने से लगी आग, सामान जलकर राख, तीन झुलसे

फर्रूखाबाद। सिलेण्डर लीक होने की वजह से अचानक आग लग गई। जिससे गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से महिला व उसकी दो पुत्रियां झुलस गई। जिन्हे उपचार के लिये लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम चैंसपुर के रहने वाले अमर सिंह के घर में सिलेण्डर लीक हो जाने से आग लग गई। धीमे धीमे आग ने बिकराल रूप धारण कर लिया। जिससे गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। जैसे तैसे आसपास के लोगो के सहयोग सेआग पर काबू पाया गया। वहीं आग की चपेट में आने से अमर सिंह की पत्नी पप्पी देवीए उनकी पुत्री उपासना व शिल्पी झुलस गईं। तीनों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। फायर ब्रिगेड मौके पर न पहुंचने से अमर सिंह का काफी नुकसान हो गया है।

मोदी सरकार दो की गिनाई उपलब्धियां

उन्नाव। कोरोना महामारी के चलते नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा वर्चुअल रैली करके मोदी सरकार दो के पहले साल की बुधवार को उपलब्धियां गिनाई। जिले के लगभग 200 प्रबुद्धजनों ने वर्चुअल रैली में हिस्सा लिया।भाजपा प्रदेश संगठन के महामंत्री व एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने वर्चुअल रैली को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया। उन्होंने कहा मोदी सरकार टू के प्रथम वर्ष का कार्यकाल भारत के इतिहास में स्वर्णिम कार्यकाल के रूप में गिना जाएगा।उन्होंने बताया तीन तलाक कानून बनाना, धारा 370 को हटाना, लद्दाख क्षेत्र को केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाना,अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त कराए जाना, नागरिकता संशोधन कानून को पारित करवाना मोदी कार्यकाल की ऐतिहासिक उपलब्धियां हैं। कोरोना त्रासदी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पीएम के समय रहते लॉकडाउन की घोषणा व गरीब कल्याण के लिए आर्थिक पैकेज भारत को इस संकट से उबारने में मील का पत्थर साबित हुआ। रैली की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजकिशोर रावत ने की।

ई-रिक्शा चालको पर खाकी का टूटा कहर

उन्नाव। कोरोना वॉयरस के संक्रमण को देखते हुए देश में लॉकडाउन चल रहा है। लॉकडाउन पांच में सभी क्षेत्रों में छूट दी गई हैं। जिस पर बुधवार को शुक्लागंज के रिक्शा चालकों ने अपने-अपने रिक्शे चलाने के लिये घरों से निकले। चालकों पर खाकी का कहर टूट पड़ा। खाकी ने उनकी पिटाई कर दी और उनके रिक्शे थाने में खड़े करा लिए। जिस पर ई-रिक्शा चालक फफक कर रो पड़े। लॉकडाउन चलने के कारण ढ़ाई माह बाद ई-रिक्शा चालक बेरोजगार थे। वह किसी तरह से अपने घर का खर्च चला रहे थे। लॉकडाउन पांच में हर क्षेत्र में सरकार द्वारा छूट दी गई। जिस कारण कई रिक्शा चालक बुधवार को अपने रिक्शे निकाल कर चलाने निकले। वह रिक्शे चला रहे थे। तभी सभी रिक्शा चालकों पर खाकी कहर बनकर टूट पड़ी और साहब को खुश करने के लिये करीब चालीस ई-रिक्शे पकड़ कर थाने में खड़े करवा दिए। उनसे पांच सौ रूपये शमन शुल्क जमा कर चालान कटवाने को कहा।

एसपी ने किया औचक निरीक्षण, बगैर मास्क घूमने वालों पर कार्रवाई के निर्देश

कमालगंज फर्रूखाबाद। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने आज सोशल डिस्टेंसिंग का जायजा लेने को लेकर थाना कमालगंज से खुदागंज बार्डर तक गहन निरीक्षण किया। बार्डर पर तैनात पुलिस कर्मियों से कहा कि बगैर मास्क किसी को जनपद में प्रवेश न करने दिया जाये। सोशल डिस्टेंसिंग प्रोटोकाल का पूरी तरह पालन कराया जाये। उन्होंने थाने पर हवालात, शस्त्रागार, कर्मचारी बैरक, मैस, सीसी टीएनएस कार्यालय का सघन निरीक्षण किया व चेकिंग अभियान और कानून व्यवस्था का जायजा लिया।थाने पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने यहां थाना प्रभारी निरीक्षक अजय नारायण सिंह को सख्त निर्देश दिये कि बिना मास्क कोई भी थाने में प्रवेश न कर पाये। भीड़ इकट्ठी न होए एक बार में एक व्यक्ति ही थाने में आये। आने.जाने वालों की थर्मल स्क्रीनिंग भी कराई जाये।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 4 जून 2020

चित्रकूट में चार और कोरोना पॉजिटिव मिले, कुल 42 मरीज

भंभई गांव में निरीक्षण करते डीएम-एसपी।

चित्रकूट। जिले में जैसे-जैसे प्रवासी मजदूरों का तेजी से आगमन हो रहा है, वैसे ही कोरोना संक्रमितों की तादाद बढ़ती जा रही है। जिले में बुधवार को कोरोना के चार मामले सामने आये हैं। सीएमओ ने बताया कि जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है। जिले में एक्टिव केस 21 हैं। 19 मरीज स्वस्थ्य होकर अपने घर जा चुके हैं। दो की मौत हो चुकी है।

बुधवार को जिले में चार कोरोना के नये मरीजों ने दस्तक दी है। विभिन्न प्रांतों से घर वापस आये मजदूरों में कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। ये कोरोना के मरीज मानिकपुर के कैलहा व मानिकपुर कस्बे की एक महिला तथा शिवरामपुर कस्बे के भंभई गांव और रामनगर ब्लाक के रामकोला गांव के हैं। इससे कोरोना मरीजों की तादाद बढ़कर 42 हो गई है। सीएमओ डॉ विनोद कुमार यादव ने बताया कि 19 मरीज स्वस्थ्य होकर अपने घर पहुंच चुके हैं। जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने कर्वी ब्लाक के भंभई गांव में कोरोना पॉजिटिव मिलने पर गांव का औचक मुआयना किया। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिये कि पूरे गांव को सैनेटाइज कराकर साफ-सफाई की व्यवस्था करायें। पूरे परिवार के लोगों व जो लोग कोरोना मरीज के सम्पर्क में आये हैं। उनका शत-प्रतिशत स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाये। जिलाधिकारी ने बीडीओ कर्वी सुनील सिंह को निर्देश दिये कि निगरानी समिति को सक्रिय कर संक्रमिक लोगों के बारे में तत्काल सूचना दें। लापरवाही न करें, लापरवाही करने पर निगरानी समिति के सदस्यों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने प्रधान से कहा कि प्रत्येक दिन गांव की साफ-सफाई और लोगों से बीमारी के बारे में जानकारी लेते रहें।

एक दिन में रोपे जायेंगे 51 लाख 27 हजार पौधे

समीक्षा बैठक में भाग लेते डीएम व अन्य अधिकारी

हमीरपुर। जिला वृक्षारोपण समिति की समीक्षा बैठक डीएम डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने कहा कि जुलाई के प्रथम सप्ताह में एक ही दिन में जनपद को 51,27120 (इक्यावन लाख सत्ताईस हजार एक सौ बीस) पौधे लगाने का जो लक्ष्य प्राप्त हुआ है उस लक्ष्य को पूरा करने हेतु सभी तैयारियां समयबध्द ढंग से कर ली जाए। इसके लिए तीन दिवसों में स्थल चिन्हित करके उसकी रिपोर्ट वन विभाग को भेज दी जाए । 15 जून से पूर्व वृक्षारोपण हेतु गड्ढे खोद लिए जाएं। वृक्षारोपण हेतु शासन द्वारा जो दिन निर्धारित किया जाए उससे 02 दिन पहले ही सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। ज्ञात हो कि जनपद में 51ए27120 पौधे लगाने के लक्ष्य के क्रम में शासन द्वारा 27 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य वन विभाग को तथा 24 लाख पौधों का अन्य विभागों को लक्ष्य मिला है।

डीएम ने कहा कि गौशालाओं के किनारे-किनारे अनिवार्य रूप से वृक्षारोपण किया जाए इसके लिए समय से तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों को कृषि विभाग द्वारा 05.05 पौधे दिया जाए। वृक्षारोपण के प्रति जन जागरूकता व जन सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद में 100 वर्ष से अधिक पुराने वृक्षों को चिन्हित करके जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाय। पंचायत राज विभाग द्वारा गांवो में अधिक से अधिक सहजन के वृक्ष लगवाए जाएं यह एक औषधीय व पोषक तत्वों से भरपूर पौधा है । जिलाधिकारी ने कहा कि वृक्षारोपण के पश्चात 03 वर्ष तक इसकी नियमित रूप से देखभाल की जाए। वृक्षों के रोपण में फलदारए औषधीय गुणों से युक्त तथा छायादार वृक्षों को प्राथमिकता दिया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को आरोग्य सेतु व आयुष कवच ऐप डाउनलोड कराया जाए तथा शासन द्वारा इस हेतु दिए गए लक्ष्य को प्राप्त किया जाए। जनपद की आबादी का न्यूनतम 20: इस एप से आच्छादित किया जाए। ज्ञात हो कि आरोग्य सेतु एप हमारे आसपास के संक्रमित व्यक्ति के बारे में अलर्ट जारी करता तथा आयुष कवच ऐप शरीर की इम्युनिटी बढ़ाने के बारे में जरूरी नुस्खे बताता है।

क्विक न्यूज

युवक ने जहर खाकर जान दी

सरीला (हमीरपुर)। जलालपुर थाना क्षेत्र के बरहरा गांव में पारिवारिक विवाद के चलते पच्चीस वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इलाज को ले जाते समय उसकी मौत हो गयी। बरहरा गांव निवासी देवकरन यादव का मझंला बेटा अभिषेक (25) ट्रैक्टर का ड्राइवर था वह भाड़े पर ट्रैक्टर चलाया करता था। तथा पिता के साथ मेहनत मजदूरी करता था। अविवाहित था। मंगलवार की देर रात उसने जहरीला पदार्थ खा लिया हालत बिगड़ने पर उसे सीएससी से जिला अस्पताल रेफर किया गया था। रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। लगभग तीन साल पहले उसके बड़े भाई बिपन ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। ग्रामीणों ने बताया कि आत्महत्या का कारण पारिवारिक कलह हैं। थानाध्यक्ष जलालपुर ने बताया कि युवक की मौत जिला अस्पताल ले जाते समय हुई थी। जिला मुख्यालय पर उसका पोस्टमार्टम कराया है। आत्महत्या कारण साफनहीं है।

नपा के आउटसोर्सिंग कर्मी का शव रेलवे ट्रैक पर मिला

ललितपुर। नगर पालिका परिषद के टैक्स विभाग में आउट सोर्सिंग पर तैनात कर्मचारी का शव रेलवे लाइनों पर पड़ा मिलने से हड़कम्प मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर नेहरू नगर चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार को सुबह ललितपुर-जीरौंन रेलवे राजमार्ग पर एक युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया। शव का पंचनामा करते वक्त उसके पास से मिले आधार कार्ड के जरिए युवक की शिनाख्त शहर के मोहल्ला डोंडाघाट शिव मंदिर के पास निवासी 21 वर्षीय उमाशंकर साहू के रूप में की गयी। घटना को लेकर बताया गया है कि उमाशंकर साहू पिछले एक वर्ष से नगर पालिका परिषद के टैक्स विभाग में आउट सोर्सिंग कर्मचारी के पद पर तैनात था। वहीं परिजनों का कहना है कि बीती देर रात तक उमाशंकर घर में ही था। वह रेलवे ट्रेक पर कैसे पहुंचा यह उन्हें पता नहीं। अब पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

खनिज अधिकारी से अभद्रता

उरई (जालौन)। बुधवार को जब खनिज अधिकारी रंजीत निर्मल नेशनल हाइवे पर ओवरलोड मौरम लदे वाहनों की चेकिंग कर रहे थे उसी दौरान दो गाड़ियों में सवार मौके पर जा धमके जिन्होंने खनिज अधिकारी से जमकर अभद्रता कर धमकी भरे अंदाज में बातचीत करने लगे। जब दोनों ओर मामला गर्माने लगा तो अभद्रता करने वाले लोग आनन-फानन में मौके से अपने वाहनों में सवार होकर भाग जाने में सफल हो गये। तहरीर खनिज अधिकारी रंजीत निर्मल द्वारा जैसे ही सदर कोतवाली पुलिस को दी गयी तो पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। खनिज अधिकारी से अभद्रता करने वाले लोग कौन थे इस बात की तो जानकारी नहीं मिल पायी। लेकिन सूत्रों की मानें तो वह ओवरलोड मौरम भरे वाहनों की चेकिंग से परेशान नजर आ रहे थे।

शांतिभंग में सात लोगों पर हुई कार्रवाई

मौदहा (हमीरपुर)। कोतवाली पुलिस ने कस्बे सहित क्षेत्र के 7 लोगों के खिलाफशांति भंग की कार्यवाही कर जेल भेजा है। कस्बे के फत्तेपुर निवासी रमेश कुमार तिवारी ने कोतवाली में शिकायत कर बताया कि बीती रात 9 बजे वह गल्ला मंडी समिति से वापस अपने घर आ रहा था तभी मोहल्ले के ही राजेन्द्र पुत्र राजू सोनी व राजू पुत्र मुल्लू ने रोककर उसे डंडों व बेल्ट से मारपीट शुरू कर दी पुलिस तत्काल घटना की सूचना पर पहुंचकर राजेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया और राजू की तलाश में जुट गई। तो वहीं क्षेत्र के ग्राम पढ़ोरी में जसवंत व पुष्पेन्द्र बउआ पुत्र राम कृपाल को एक चबूतरे के विवाद में गिरफ्तार किया है। कस्बे में विजयए बीरूए मुल्ला पुत्र गण राम सजीवन निवासी मोहल्ला फत्तू बाबा को आपसी विवाद में शान्ति भंग की कार्यवाही की है।

सफाई कर्मचारी निकला कोरोना पॉजिटिव

राठ। थाना जरिया क्षेत्र के कस्बा गोहाण्ड के नगर पंचायत में तैनात सफाई कर्मचारी में कोरोना पाजीटिव पाया गया। कर्मचारी के पाजीटिव पाये जाने से नगर पंचायत सहित पूरे गोहाण्ड कस्बे में हड़कम्प मच गया है। सफाई कर्मचारी को इलाज के लिये बांदा भेजा जा रहा है। नगर पंचायत गोहाण्ड में तैनात सफाई कर्मचारी सुरेश (40) पुत्र दीनदयाल को कई दिनों से थकावट मेहसूस हो रही थी और कोरोना के कई लक्षण समझ में आ रहे थे। बीते 29 मई को सुरेश का सेम्पुल लेकर जांच के लिये भेजा गया जिसकी रिपोर्ट आज बुधवार को आई है जो पाजीटिव है। कर्मचारी सुरेश की पाजीटिव रिपोर्ट देखकर नगर पंचायत गोहाण्ड एवं गोहाण्ड कस्बे में हड़कम्प मच गया है।

डीएम-एसपी निकले निरीक्षण पर

चित्रकूट। डीएम शेषमणि पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने शहर के ट्राफिक चौराहा में बिना मास्क तथा दोपहिया वाहनों में बिना हेलमेट मिलने पर लोगों का चालान कराकर जुर्माना कराया। कर्वी ब्लाक के भंभई व अकबरपुर गांव के कोटेदारों की दुकानों का निरीक्षण किया। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे का औचक निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये कि शासन से लगाकर समीक्षा की जाती है। प्रतिदिन की रिपोर्ट उपलब्ध करायें। डीएम-एसपी ने बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे का निरीक्षण किया। उन्हें कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने बताया कि एक्सप्रेस वे का निर्माण छह लेन पर हो रहा है। चौड़ाई 110 मीटर है। मिट्टी का कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य 36 माह में पूरा करने के निर्देश हैं। छह पैकेज पर कार्य हो रहा है। डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं व अधिकारियों को निर्देश दिये कि मिट्टी खनन कार्य की अनुमति ले लें। अन्यथा वे कार्यवाही को बाध्य होंगे। भंभई गांव के कोटेदार ने बताया कि उसकी दुकान में 475 कार्डधारकों में 53 कार्डधारक अंत्योदय हैं। 61 लोगों को खाद्यान्न बांट चुका है। अकबरपुर के कोटेदार ने बताया कि 925 पात्र गृहस्थी व 68 अंत्योदय कार्डधारक हैं। जिनके यहां विद्युत कनेक्शन व गैस कनेक्शन है, उन्हें मिट्टी तेल नहीं दिया जाता है। अभी तक 70 लोगों को खाद्यान्न बांटा है।

महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

राठ। थाना राठ क्षेत्र के ग्राम पड़रा निवासी बसंती (15) पुत्री जगमोहन ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया है। हालत बिगड़ने पर परिवारजनों ने उसे तत्काल इलाज के लिये सी एच सी राठ में भर्ती करा दिया है।

दुर्घटना में दो घायल

राठ। थाना जरिया क्षेत्र के ग्राम पबई निवासी पूनम (28) पत्नी रामपाल एवं राठ थाना क्षेत्र के ग्राम कैंथी निवासी रामरतन (50) पुत्र सन्तू सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गये है। दोनो घायलों को इलाज के लिये सी एच सी राठ में भर्ती करा दिया गया है।

शांतिभंग में 33 का चालान

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र में आतंक व अशांति फैलाने वाले दो दर्जन से अधिक लोगों के विरूद्ध शांति भंग के तहत कार्रवाई की है। सदर कोतवाली प्रभारी ने एक, मलवां थानाध्यक्ष ने तीन, हुसैनगंज थानाध्यक्ष ने तीन, किशनपुर थानाध्यक्ष ने तीन, धाता थानाध्यक्ष ने दो, सुल्तानपुर घोष थानाध्यक्ष ने सात, बिन्दकी कोतवाली प्रभारी ने आठ, कल्यानपुर थानाध्यक्ष ने एक, गाजीपुर थानाध्यक्ष ने एक तथा थरियांव थानाध्यक्ष ने चार लोगों के विरूद्ध शांति भंग के तहत कार्रवाई की है।

दलित लड़की के साथ गैंगरेप कर बनाया अश्लील वीडियो

राठ। नगर के एक मुहल्ला निवासी अनुसूचित जाति की लड़की ने जिलाधिकारी हमीरपुर को प्रार्थना पत्र दिया है कि बीते 22 मई को दिन में अपने सिर व पेट का इलाज कराने जा रही थी तभी रास्ते में उसके मकान मालिक सहित पांच लोग उसे मिले और कहा कि उसका इलाज बिहूंनी के एक बाबा से करा देगें। पांचो लोगो ने बिहूंनी ले जाकर उसे नशीला पदार्थ खिलाया और उसके साथ गैंगरेप किया और अश्लील वीडियो बना ली और धमकी दी अगर इस घटना की जानकारी किसी को दी तो तेरे पूरे परिवार को जान से मार डालेगें। नगर के एक मुहल्ला निवासी अनुसूचित जाति की लड़की ने जिलाधिकारी हमीरपुर को प्रार्थना पत्र दिया है कि बीते 22 मई 2020 को समय लगभग एक बजे दिन में उसके सिर व पेट में दर्द हो रहा था जिसका इलाज कराने के लिये जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में मकान मालिक सहित पांच लोग उसे रास्ते में मिले और कहने लगे कि तुम्हारा इलाज बिहूंनी के एक बाबा से करा देगें। लड़की विश्वास करके उनके साथ बिहूंनी गांव चली गयी। बिहूंनी में बाबा तथा उक्त पांचो लोगो ने उसे नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ गैंगरेप किया तथा उसक अश्लील वीडियों भी बना लिया। उक्त दबंगो ने लड़की से कहा कि अगर हम लोगो का हर रोज बिस्तर गर्म नही करोगी तो हम लोग वीडियों वायरल कर देगें। बीते 31 मई 2020 को रात समय लगभग 10 बजे उक्त लोगो ने उसे बुलाया और मकान मालिक अपने घर के पीछे खेत में ले जाकर जबरिया गैंगरेप किया और उसे बुरी तरह मारा पीटा और धमकी दी कि अगर किसी से बताओगी तो तुम्हे व तुम्हारे पूरे परिवार को जान से मार डालेगें और वीडियों वायरल कर देगे। पीड़ित लड़की ने डीएम से न्याय की गुहार की है। उक्त घटना के सम्बंध में थाना राठ के प्रभारी निरीक्षक एम के शुक्ला से बात की गयी तो उन्होने कहा कि इस तरह की कोई घटना की उन्हे कोई जानकारी नही है और न ही कोई थाने शिकायत करने आया है।

आग की चपेट में मां सहित दो बहनें झुलसीं छोटी बहन की मौत

मौदहा, हमीरपुर। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गांव परछछ में बीती शाम चूल्हे मे खाना बनी रही युवती अचानक आग की चपेट में आ गई इसे बचाने दौड़ी उसकी मां और छोटी बहन भी गंभीर रूप से झुलस गईं इलाज के दौरान छोटी बहन ने दम तोड़ दिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव परछछ निवासी रामनरेश की पुत्री आरती बीती शाम घर के चूल्हे में खाना बना रही थी तभी कड़ाही के गरम तेल में मशाला डालते समय अचानक आग का गोला उठा और आरती इस आग की चपेट में आ गई।कपड़ों में आग पकड़ लेने के कारण वह चिल्लाते हुए भागी ।आवाज सुनकर उसकी छोटी बहन ज्योति 17 तथा मां रानी दौड़ी उन्हें देखते ही आरती उन पर लिपट गई जिससे कि मां रानी और छोटी बहन ज्योति के कपड़ों ने भी आग पकड़ ली और मां सहित दोनों पुत्रियाँ गंभीर रूप से झुलस गईं।

पुलिस ने बंद करा दीं नियमों के विपरीत खुली दुकानें, हड़कंप

बिन्दकी, फतेहपुर। नियम तोड़कर दुकान खोले जाने को लेकर सूचना मिलने पर एसडीएम के नेतृत्व में भारी पुलिस बल पहुंचा। पुलिस प्रशासन के पहुंचते ही दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दी। इस दौरान हड़कंप मचा रहा। कई दुकानदारों के खिलाफकानूनी कार्रवाई भी की गई। पुलिस और प्रशासन ने लोगों से मास्क लगाने तथा सामाजिक दूरी का पालन करने को कहा कपड़ा व्यापारियों के बीच आपस में ही कहासुनी हुई। वहीं बाद में एक बैठक आयोजित कर उप जिलाधिकारी ने व्यापारियों से कहा कि नियम के अनुसार ही दुकानें खोलें, नियम तोड़ने वालों के खिलाफकानूनी कार्रवाई होगी।

बुधवार को उप जिलाधिकारी प्रहलाद सिंह, नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी निरुपमा प्रताप तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नंदलाल सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल नगर के नजाही बाजार होते हुए फाटक बाजार पहुंचा। पुलिस और प्रशासन लोगों से मास्क लगाने तथा सामाजिक दूरी का पालन करने की हिदायत दे रहा था। साथ ही कुछ लोग नियम को तोड़ कर दुकानें खोली हुए थे। उन लोगों को भी नियम के अनुसार दुकान खोले जाने की हिदायत दी गई। इस बीच भारी पुलिस प्रशासन देख दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कपड़ा दुकानदारों तथा किराना दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद कर दी और इधर उधर भाग निकले। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए स्थानीय प्रशासन की नई गाइडलाइन के अनुसार सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को बर्तन, गैस चूल्हा, हार्डवेयर, बालू, सीमेंट, सरिया, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर, आर्ट की दुकान खोलना था तथा मंगलवार गुरुवार रविवार को ज्वेलरी रेडीमेड तथा कपड़ा आदि की दुकानों को खोलना था, लेकिन तमाम दुकानदारों ने नियम के विरुद्ध कपड़ा तथा ज्वेलरी की दुकान खोल रखे हुए थे जिस पर पुलिस और प्रशासन ने नाराजगी जाहिर की।

धान खरीद में 21 किसानों का साढ़े 22 लाख बकाया

बांदा। शासन के सख्त निर्देशों के बावजूद तहसील क्षेत्र के लगभग 21 किसानों का खरीद केंद्रों में धान बिक्री का समर्थन मूल्य अभी तक नहीं मिल सका है। किसान अपनी गाढ़ी कमाई की रकम पाने के लिए खरीद केंद्र व बैंकों के चक्कर लगा रहे हैं। बकाया करने वालों में ज्यादा कोआपरेटिव व पीसीएफके केंद्र हैं।

सरकार का किसानों को 72 घंटे के अंदर धान व गेहूं का पैसा उनके खातों में भेजे जाने का निर्देश है। लेकिन इस आदेश की यहां अधिकारी धज्जियां उड़ा रहे हैं। किसान उत्पीड़न का पर्याय बनता जा रहा है। खाद बीज व बुआई से लेकर उपज बेचने तक उसे इतनी परेशानी उठानी पड़ती है कि वह मन मसोस कर रह जाता है। अतर्रा तहसील क्षेत्र में धान बिक्री के लिए शासन के निर्देश पर लगभग एक दर्जन केंद्र खोले गए थे। जहां समर्थन मूल्य पाने के लिए किसानों ने केंद्रों में अपनी खून.पसीने से तैयार उपज बेची थी। बीते फरवरी माह में धान खरीद बंद हो गई थी।

मृतक के रिपोर्ट पॉजिटिव, गांव हुआ सील

गांव का निरीक्षण करते डीएम-एसपी।

माधौगढ़ (जालौन)। बीमार मृतक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का प्रमुख कारण कोरोना वायरस ही निकला! केरोना वायरस के संक्रमित होने से ही मौत हुई है। मृतक प्रदीप उर्फ छुन्नू मिश्रा पुत्र रामकुमार मिश्रा की कोरोना पांजटिव रिपोर्ट आने के बाद। डीएम डॉ. मन्नान अख्तर एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर सतीश कुमार ने मृतक के गांव गढ़िया का दौरा किया। और ग्राम गढ़िया को सीज कर पूरे क्षेत्र को रेड जोन घोषित कर दिया गया है। अपितु तहसील स्तरीय अधिकारियों व पुलिस प्रशासन के द्वारा ग्राम गढ़िया व ईटो चौकी क्षेत्र के ग्राम धर्मपुरा उवारी को कल कोरोनटाइन व सैनेटाइज कर दिया गया था! दोपहर में डीएम ने ग्राम गढ़िया पहुंचकर मौका मुआयना किया। जहां पर मृतक व्यक्ति के परिवरीजनों और संपर्क में आए 33 लोगों को एंबुलेंस के द्वारा सैंपल हेतु जिला मुख्यालय भेजा गया है। जिनकी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही शासन प्रशासन अगला कदम उठाएगा! मृतक का पूर्व से ईलाज कर रहे ईंटों नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मे कार्यरत डाक्टर ओमनारायण राजपूत को भी सैम्पल हेतु भेजा गया है। मृतक के संपर्क में आए ससुरालीजनों सहित ग्राम धरमपुरा उबारी के 8 लोगों को सैपल हेतु भेजा गया! इस प्रकार परिवार और ससुराल के लोगों को मिलाकर कुल 41 लोगों को सैम्पल हेतु भेजा गया है! जिनमें कुछ महिलाएं भी है।जानकारी तो यही भी है कि उस व्यक्ति के संपर्क में ईंटों और आसपास के कई ग्रामों के लोग आए है। जिनमे ग्राम सोनापुर व प्रथ्वीपुरा के भी लोग सम्मिलित हैं! मृतक व्यक्ति की कोरोना पांजटिव रिपोर्ट आने के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। फिर भी कुछ लोगों के द्वारा लांक डाउन और सोशल डिस्टेंस का पालन नही किया जा रहा है यह चिन्तनीय है। जरूरत महसूस होने पर शासन प्रशासन के द्वारा कुछ और लोगों के सैम्पल लिये जा सकते हैं! दोनो ग्रामो मे गोहन थाना और ईंटों चौकी पुलिस मुस्तैद है। इस मौके उपजिलाधिकारी शालिगराम, सीओ संजय शर्मा थानाध्यक्ष गोहन राजीव बैस ईंटों चौकी इंचार्ज अतुल राजपूत एस आई कृष्ण नारायण, जयवीर सिह, अनिल यादव सहित पुलिस फोर्स व स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

ट्रक ने वृद्धा को कुचला, गंभीर

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह कस्बे में बुधवार की सुबह पानी भरकर घर वापस आ रही लगभग 60 वर्षीय एक वृद्धा को मौरंग लदे ट्रक ने कुचल दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां उसकी हालत गम्भीर देख कानपुर के लिए रिफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार शाह कस्बा निवासी हुसैन अहमद की पत्नी रसूल बानो आज सुबह लगभग दस बजे रोड किनारे लगे हैण्डपम्प से पानी भरकर पैदल अपने घर आ रही थी। तभी बांदा से फतेहपुर की ओर मौरंग लादकर आ रहे ट्रक ने वृद्धा को टक्कर मार दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी। वहीं सूचना पर पुलिस ने चालक को ट्रक सहित हिरासत में ले लिया। वृद्धा को आनन-फानन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लायाग गया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत चिन्ताजनक देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया।

पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में संघर्ष

हुसैनगंज, फतेहपुर। थाना क्षेत्र के मातिनपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में संघर्ष हो गया। देखते ही दे,खते लाठी डंडा चलने लगे। इस संघर्ष में 09 लोग घायल हुए है। ग्रामीणों ने मारपीट की सूचना डायल 112 को दी जिस पर मौके पर पहुँची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल एक महिला सहित 5 लोगों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बताते है कि बीते मंगलवार की देर शाम बकरी को ईट मारने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गयी थी। दोनों पक्षों की ओर से हुसैनगंज थाने में तहरीर दी गयी है। पुलिस ने 07 लोगों के विरुद्ध दर्ज किया मारपीट का मामला।

व्यापारी की संदिग्ध मौत

जालौन (उरई)। कानपुर से सामान खरीदकर लौट रहे व्यक्ति की संदिग्ध मौत के मामले में नगरवासियों को उनकी कोरोना जांच रिपोर्ट का इंतजार है। वहीं, कोरोना की आशंका के चलते व्यापारी के मोहल्ले में लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। दहशत के चलते गली में दिन भर सन्नाटा पसरा नजर आया। नगर के मुख्य मोहल्ला चिमनदुबे निवासी वीरेंद्र गुप्ता की पुरानी नझाई में किराने की दुकान है। सोमवार को वह बस से कानपुर दुकान का सामान लेने के लिए गए थे। रात में वापस लौटते समय रास्ते में अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई। घर आने के बाद रात में उनकी मौत हो गई। सुबह अंतिम संस्कार के पूर्व किसी न इसकी जानकारी पुलिस को दे दी। जिसके बाद पुलिस ने डॉक्टरों की टीम बुलाकर उनका सेंपल लेकर उसे कोरोना जांच के लिए भेज दिया। साथ ही शव को भी सील कर मेडिकल कॉलेज उरई भेजा गया। इसकी जानकारी जैसे ही मोहल्ले व नगरवासियों को हुई तो तो लोगों में दहशत फैल गई।

किसानों के सब्र का बांध टूटा

मण्डी के पिछले गेट पर प्रदर्शन करते किसान

ललितपुर। लॉकडाउन घोषित होने के बाद किसानों को राहत पहुंचाये जाने के उद्देश्य से जिले में खोले गये क्रय केन्द्रों में खरीद ठप होने से किसानों को खासी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि एक माह के अंदर आधे से अधिक सरकारी गेंहू क्रय केन्द्र बंद होने से ग्रामीण अंचलों के किसान मुख्यालय स्थित मण्डी में आने को विवश है।

इतना ही नहीं जब खरीद ठप है तो किसानों को मजबूरन अपनी फसल निजी कम्पनियों को बेचनी पड़ रही है। इसी बीच आज किसानों के सब्र का बांध टूट गया। किसानों ने नेशनल हाई-वे स्थित गल्ला मण्डी के पिछले गेट को पार करके घुसने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस मौके पर स्थिति को संभालने का प्रयास कर रही थी।

बताया गया है कि लॉकडाउन 4.0 के बाद अब अनलॉक 1 होने के साथ ही किसान भी अपनी फसल सही दामों पर बेचने को उत्सुक हैं। लेकिन सरकारी क्रय केन्द्रों के बंद होने के चलते किसान मुख्यालय आ पहुंचे। बुधवार को नेशनल हाईवे पर ट्रेक्टरों की लम्बी लाइनें लगने और किसानों की फसल खरीद न होने के चलते किसान आक्रोशित हो गये और उन्होंने गल्ला मण्डी के पीछे स्थित गेट को तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास किया। इसी बीच चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर किसानों को समझाने का प्रयास किया।

आत्मनिर्भर भारत के तहत सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योगों को बढावा दे सरकार : डा.पराग

ललितपुर। कोरोना वायरस (कोविड-19) ने लोगों को परेशानी को काफी हद तक बढ़ा दिया है। प्रवासी मजूदरों के पलायन से उनके सामने रोजगार की समस्या बढ़ गयी है। रोजगार छिनने से उनको आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा है। प्रदेश सरकार उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए पैकेज उपलब्ध करा रही है। इस पैकेज के माध्यम से लोगों को आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी व उनका आर्थिक संकट दूर होगा। जानकारी देते हुए नेहरू महाविद्यालय के असि. प्रो. वाणिज्य डा.पराग अग्रवाल ने कहा कि प्राचीन काल में भारत को सोने की चिडिया के नाम से जाना जाता था। क्योकि भारत में उत्पादित होने वाली वस्तुओं व उत्पादों की विदेशों में बहुत मांग थी। तथा भारत से बहुत बड़े स्तर पर वस्तुओं का निर्यात विदेशों में होता था तथा बदले में बहुत बडी मात्रा में स्वर्ण मुद्राए भारत को प्राप्त होती थी। क्योंकि भारतीय उत्पादों को विदेशों में बहुत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। साथ ही इन उत्पादो पर बहुत भरोसा व विश्वास था।

पाह गांव में अवैध खनन जारी

मिट्टी का अवैध खनन करते माफिया

● ग्राम प्रधान ने डीएम को लिखा पत्र

संवाददाता। ललितपुर

थाना बानपुर क्षेत्र के ग्राम पाह में दबंगों द्वारा जबरन खेत पर जाकर मिटटी का उत्खनन किये जाने का आरोप लगाते हुये ग्राम प्रधान ने एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी को भेजा है। पत्र में प्रधान ने बताया कि ग्राम पाह में वर्षो से मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। जिससे अवैध खनन द्वारा सरकार को करोड़ों रुपयों का राजस्व की हानि उठानी पड़ रही है। खनन माफियाओं द्वारा रात के अंधेरे में यह खनन किया जा रहा है। आरोप लगाया कि दबंगों पर कार्यवाही न होने के चलते इनके हौंसले इतने बुलंद हैं कि कोई भी ग्रामीण इनके खिलाफ आवाज नहीं उठा पाता है।

प्रधान ने बताया कि दबंगों द्वारा गांव के गऊ तालाब, झिन्ना नाला, खजुरियाऊ नाला से पांच किमी दूर तक उटारी नदी, दरयाव तालाब, बगीचा आदि स्थानों से मोरंग खोदकर पानी से साफ करके बजरी बनाकर बेची जा रही है। इसके अलावा उन्होंने ग्राम सभा की जमीन से बोल्डर व मोरम का अवैध खनन होने का भी आरोप लगाया। ग्राम प्रधान ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कराते हुये दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

लॉकडाउन में डिजिटल योद्धा बना सीएससी

ललितपुर। लॉकडाउन के चलते सरकार ने जो भी आर्थिक मदद जनता तक पहुँचाया उसमे सबसे आगे सीएससी योद्धा ही रहे, जो उनके पास जाकर उनका नकद निकसी में मदद किया। आपको बता दे जब बुजुर्गों व असहाय लोगों को पैसे की जरूरत पड़ती लेकिन वो बैंक जाने में असमर्थता जाहिर किया। तब कॉमन सर्विस सेंटर संचालको ने डिजी-पे के माध्यम से घर घर जा कर उनका पैसा निकाला। जब ग्रामीणों को उज्जवला स्किम के रसोई गैस की रिफील कराने हेतु धन आवंटन किया तब भी यही योद्धा सामने आये। जब घर की आवश्यकता अनुसार घर चलाने के लिए जरूरत की समान की आवश्यकता पड़ी तब सीएससी ग्रामीण ई- स्टोर के माध्यम से सामान घर पहुंचाया। इन्ही डिजिटल योद्धाओं ने और जब लॉकडाउन के चलते लोगो को घर से निकलना मुश्किल था तब घर बैठे टेली मैडिसिन के माध्यम से उनका इलाज कराया, यही नही जब प्रवासी मजदूर रोड पर सैकड़ों किलोमीटर पैदल अपनी यात्रा किया। उस वक्त भी कॉमन सर्विस सेंट्रो के संचालको ने खाना, पानी, मास्क अन्य सुविधाओं को मुहैया करवाया। यही नही सरकार द्वारा लांच किया गया कोरोना बीमारी से बचने के लिए आरोग्य सेतू जिसको पूरे देश सहित जनपद के नागरिकों के मोबाइल फोन में डाउनलोड करवाने में सबसे अग्रणी रहे। कोरोना से बचाव के उपाय करने में लोगों को जागरूक करने में सबसे अहम भूमिका निभाई सीएससी ने, पूरे देश में घर-घर जाकर लोगों को मास्क बांटे और लोगो को जागरूक भी किया।

जरूरत मंदो को पहुँचाया सीएससी ने खाद्यान्न किट

वर्तमान समय में देशव्यापी वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण के चलते जनपद के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की रोजी रोटी चलाने के लिए पूर्ण रूप से सभी कार्यों पर विराम लगा हुआ है। जिसके चलते जनपद के सभी गाँवो में विभिन्न प्रकार की गंभीर समस्याएं उत्पन्न है। जिस के क्रम में कैलाश नारायण, आशीष चौरसिया, प्रदीप शुहानी आदि सीएससी संचालको ने जरूरतमंदो को खाद्यान्न किट पहुँचाया, जिससे देश की जनता कोरोना जैसी बीमारी से घर मे रह कर लॉकडाउन का पालन कर सके। इसमे कॉमन सर्विस की टीम ने ध्यान दिया कि कोई भी भूखा ना रहे के क्रम में अनवरत चलाए जा रहे। खाद्यान्त्र किट का वितरण किया जा रहा है, यही नही जब प्रवासी मजदूर रोड पर सैकड़ों किलोमीटर पैदल अपनी यात्रा किया उस वक्त भी कॉमन सर्विस सेंट्रो के संचालको ने खाना, पानी अन्य सुविधाओं को मुहैया करवाया। प्रदेश के ललितपुर जिले में पाली के असहाय गरीब तबके के लोगों मैं खाद्यान्त्र किट का वितरण किया गया। असहाय गरीब लोगों में भोजन आदि की समस्या से निजात दिलाने के लिये खाद्यान्त्र किट वितरण के दौरान सभी लोगों से लॉक डाउन के नियमों का पालन करते हुए कोरोना जैसी महामारी से बचने के लिए विभिन्न प्रकार के उपाय बताए गए। सीएससी संचालको ने इस प्रकार के उपायों का पालन करके हम सब स्वयं के साथ अपने परिवार गांव क्षेत्र के साथ ही अपने प्रदेश और देश को सुरक्षित रख सकते हैं।

पेड़ से में लटकता मिला युवक का शव

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

लोन नदी के किनारे स्थित बाग में एक नवयुवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव लटकता पाया गया। सुबह शौच के लिये निकले युवको ने शव देखा तो हडकम्प मच गया। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पडताल में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के लालगंज-भोजपुर मार्ग में शाहपुर गांव के पास एक नवयुवक का शव पेड़ की डाल में बेल्ट के सहारे लटकता देखा गया। देखते ही देखते मौके पर लोगो की भारी भीड एकत्र हो गई। काफी देर तक युवक की शिनाख्त नही हो सकी। इसी बीच मामले की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाया। इसी बीच युवक की शिनाख्त शैलेश सिंह(25) निवासी नरसिंहपुर के रूप में हुई। जिसके बाद गांव समेंत आसपास के गांवो के लोगो की मौके पर भारी भीड एकत्र हो गई। परिजनो के अनुसार युवक की घर में मामूली कहासुनी हो गई थी जिसके बाद वह नाराज होकर चला गया था। सुबह उसकी मौत की सूचना मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। क्षेत्राधिकारी इंद्रपाल सिंह, कोतवाली प्रभारी राजकुमार पाण्डेय मौके पर पहुंचे और परिजनो के साथ ग्रामीणो से जानकारी हासिल की। पुलिस ने वीडियोग्रामी कराने के साथ शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा कराने के साथ पीएम के लिये भेज दिया। कोतवाली प्रभारी राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणो का सही खुलासा हो सकेगा।

युवक का शव मिला

लालगंज। नदी किनारे जिन परिस्थितियों में युवक का शव पाया गया उसके शरीर का आधा हिस्सा जमीन को छू रहा था जिससे उसकी हत्या किये जाने के बाद शव लटकाने की आशंका है। वही ग्रामीणो के अनुसार युवक की हत्या प्रेम प्रसंग के चलते भी हो सकती है।

बाइक सवार रेलकर्मी को वाहन ने रौंदा, मौत

ऊंचाहार। कोतवाली के अन्तर्गत सांवापुरनेवादा मोड़ के निकट स्थिति देना बैंक के सामने लखनऊ से प्रयागराज एनएच मार्ग पर बाइक सवार रेलवे कर्मचारी को सीआईएसएफके प्राइवेट वाहन के रौंदने से रेलवे कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई।पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।बताते चले कि कोतवाली के अन्तर्गत देनाबैंक के सामने रेलवे कर्मचारी जसवंत 25वर्ष पुत्र रामआसरे गांव पूरे केसरी मजरे झकरासी थाना भदोखर को एनटीपीसी ऊंचाहार मे तैनात सीआईएसएफके प्राइवेट स्कार्पियो जेएच 05 टी 7700 ने रौंद दिया।जिसमे रेलकर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई है।मृतक के चाचार रज्जनलाल पुत्र चतुरी निवासी मुन्शीगंज थाना भदोखर की तहरीर पर स्कार्पियो चालक नाम पता अज्ञात के खिलाफमुकदमा धारा 279 304 427 के तहत दर्ज कर लिया गया है।कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि मृतक का शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।मृतक को लेकर रेलवे कर्मचारी संघ के नेता केवी यादव ने बताया कि रेलवे विभाग मे मृतक विद्युत विभाग मे टैक्शन रेलवे डिपार्टमेंट मे तैनात था।मृतक परिवार को रेलवे विभाग के द्वारा दाह संस्कार हेतु 10 हजार रूपए दे दिया गया है।

कोरोना को हरा कर 27 मरीज पहुंचे घर: एडीएम

सुल्तानपुर। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमाकांत त्रिपाठी ने बताया है कि जिले में लाभ डाउन-4 का अनुपालन शासन की मंशा के अनुरूप सख्ती से कराया जा रहा है। हिलाहवाली करने वाले व्यक्तियों पर कार्रवाई भी की जा रही है। एडीएमएफआर ने बताया है कि जिले में कोरोना पाजिटिव क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन बनाया गया है। कोई हॉटस्पॉट के रूप में चिन्हित नहीं है। अब तक लाक डाउन का पालन न करने वाले 609 व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। 165 वाहन सीज किए गए हैं, अब तक 1475 व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई है। इसके अतिरिक्त महामारी अधिनियम के तहत अब तक कुल 346 व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज हुई है और करीब 846 लोगों की अब तक गिरफ्तारी की गई है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया है कि कोरोना वायरस की जांच के लिए जिले में अब तक 2040 नमूना लिया गया था। जिसमें से 1773 नमूनों की जांच प्राप्त हो चुकी है। 267 नमूनों की जांच आना शेष है। जिले में कोरोना पाजिटिव मरीजों की संख्या कुल 88 है। जिसमें से 27 ठीक हो गए हैं, 61 मरीजों का इलाज चल रहा है।

क्विक न्यूज

जेवर समेत कीमतों सामानों पर चोरों ने किया हाथ साफ

सुल्तानपुर। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्रौली में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। घर में घुसे चोरों ने बेशकीमती जेवर समेत अन्य सामानों पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी परिवारी जनों को सुबह हुई। गांव निवासी सुशील मिश्र के घर में चोरों ने मंगलवार रात को लाखों रूपए के जेवर उड़ा दिए। घटना का पता बुधवार की सुबह चला जब सुशील मिश्र के भाई सुरेन्द्र की पत्नी सुबह उठी तो देखा कमरे का ताला खुला हुआ था और आलमारी बाक्स में रखे कपड़े सब इधर उधर बिखरे थे। आलमारी में रखे जेवर गायब थे। चोरी की सूचना सुशील मिश्र ने 112 नम्बर पर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और चोरी के बावत परिजनों से पूछताछ की।

मंडल के 163 कोरोना पॉजिटिव हुए स्वस्थ: आयुक्त

गोंडा। आयुक्त, देवीपाटन मण्डल महेन्द्र कुमार ने बताया है कि मण्डल में आज तक 163 कोरोना पॉजिटिव मरीज ठीक होकर अपने घर जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी से बचाव के दृष्टिगत मण्डल के जनपदो में लक्षणों के आधार पर सैम्पलिंग का कार्य लगातार किया जा रहा है। मण्डल के जनपदों से 03 जून को कोविड-19 टेस्टिंग के लिए संबद्ध प्रयोगशाला को कुल 557 सैंपल भेजे गए, जिसमें जनपद गोंडा से 126, जनपद बलरामपुर से 91, बहराइच से 204 तथा श्रावस्ती से 136 सैंपल भेजे गए हैं।आयुक्त ने बताया कि मण्डल में कुल 236 कोरोना पॉजिटिव मरीज हैं जिसमें जनपद गोंडा में 69, बलरामपुर में 44, बहराइच में 89 तथा श्रावस्ती में 34 कोरोना पॉजिटिव मरीज हैं। जनपद श्रावस्ती के 01 कोरोना पॉजिटिव मरीज की मृत्यु हो चुकी है जबकि शेष 235 कोरोना पॉजिटिव मरीज में से 163 मरीजों को ठीक होने बाद उनके घरों को भेजा जा चुका है। ठीक होने वाले मरीजों में जनपद गोंडा के 44, बलरामपुर के 30, बहराइच के 62 तथा श्रावस्ती के 27 मरीज शामिल हैं। आयुक्त ने बताया कि वर्तमान में देवीपाटन मण्डल में 72 मरीज अभी ठीक होने शेष हैं। जिसमें गोंडा के 25, बलरामपुर के 14, बहराइच के 27 तथा श्रावस्ती के 06 कोरोना पॉजिटिव मरीज ठीक होने शेष हैं।

योद्धाओं के प्रति आभार समर्पित किया

रायबरेली। हरचंदपुर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की हरचंदपुर नगर इकाई में हनुमानजी मंदिर के सामने पेंटिंग बनाकर कोरोना योद्धाओं के प्रति आभार समर्पित किया गया।इसी क्रम में प्रदेश मंत्री अंकित शुक्ला की विशेष उपस्थिति में पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया व लॉकडाउन में सेवा कार्यो में लगे कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र दिया गया।प्रदेश मंत्री अंकित शुक्ल ने कहा कि कोविड 19 वैश्विक महामारी में देश के पुलिसकर्मियों, स्वच्छताकर्मियों,सेना के जवानों,चिकित्सकों व नर्सेज स्टॉप तथा पत्रकारों सहित स्वयंसेवी संस्थाओं ने परिस्थिति के नियंत्रण व सेवा कार्यो में अभूतपूर्व योगदान दिया है।

बाइक सवार बदमाशों ने लूटे युवकों के मोबाइल

लालगंज रायबरेली। अपाचे बाईक सवार लुटेरो ने क्षेत्र में कई लोगो के मोबाईल लूटकर तहलका मचा दिया। अधिकांश पीडितो ने पुलिस के पास जाना मुनासिब नही समझा। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के बेंहटा कलां गांव निवासी अमित पुत्र बाबूलाल लालगंज से मजदूरी कर साईकिल से अपने घर जा रहा था तभी पूरे ओरी गांव के निकट सफेद रंग की बाईक सवार चार युवको ने मारपीट कर मोबाईल छीन लिया। वही घटनास्थल के नजदीक मौजूद डायल 112 ने काफी दूर तक उनका पीछा किया लेकिन वे पुलिस को चकमा देने में कामयाब रहे। रात्रि लगभग 9 बजे कस्बे में घरो के बाहर मौजूद कई लोगो के भी मोबाईल छीने जाने के मामले प्रकाश में आये है। जिनकी सूचना दिये जाने के बाद भी पुलिस ने कोई दिलचस्पी नही दिखाई जिसके आहत पीडितो ने तहरीर भी नही दी। पीड़ितो के अनुसार बाईक चला रहा युवक तो बालिग दिख रहा था जबकि उसके बैठे पीछे तीनो युवक नाबालिग लग रहे थे।

नामित सभासदों का शपथग्रहण आज

लालगंज रायबरेली। नगर पंचायत लालगंज के नामित सभासद राधेश्याम गुप्ता, ब्रम्हेंद्र सिह व कैलाश बाजपेई का शपथ ग्रहण 4 जून को नगर पंचायत के सभागार में सम्पन्न होगा। यह जानकारी अधिशाषी अधिकारी अनुराग शुक्ला ने दी है। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, उपजिलाधिकारी जीतलाल सैनी व चेयरमैन रामबाबू गुप्ता प्रतिभाग करेगे।

अधिशासी अभियंता को धमकी पर मचा हड़कंप

पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे सीडीओ और सीओ

सुल्तानपुर। पीडब्ल्यूडी महकमे में उस समय हड़कंप मच गया जब पता चला कि अधिशासी अभियंता को धमकाने कुछ असलहाधारी पहुंचे हैं। सूचना पर सीडीओ और सीओ सिटी मय दलबल के साथ पहुंचे और पुलिस का पहरा बैठा दिया। बुधवार को अधिशासी अभियंता (प्रांतीय खंड) को एक टेंडर के मामले में कुछ असलहाधारी धमकाने पहुंच गए। विभाग की सूचना पर डीएम सी इंदुमती ने मुख्य विकास अधिकारी को घटनास्थल पर भेजा। सीडीओ के साथ सीओ सिटी व नगर कोतवाल मय पुलिस बल के पहुंचे और कई ठिकानों पर छापा मारा लेकिन पुलिस के आने की भनक लगते ही असलहाधारी फुर्र हो गए। सूत्र बताते हैं कि कुछ लोग पुलिस के हत्थे चढ़े हैं जिनसे पूछताछ की जा रही है। मालूम हो कि बीते 20 तारीख को जयसिंहपुर व कादीपुर क्षेत्र का टेंडर पड़ा था। जिसमें वर्चस्व दिखाते हुए कई असलहाधारी अधिशाषी अभियंता के परिसर में दाखिल हो गए। बताया जा रहा है कि इस मामले में पुलिस अन्य ठिकानों पर दबिश दे रही है।

पीएम केयर फंड में छात्रा ने दान किए पैसे

सुलतानपुर। कोरोना महामारी में लोगों की मदद के लिए एक छात्रा ने अनूठी मिसाल पेश की है। शहर के गमड़िया मोहल्ला निवासी राजेश प्रजापति की पुत्री खुशी प्रजापति ने अपने गुल्लक में जमा किए पांच सौ रुपये जिलाधिकारी के माध्यम से पीएम केयर फण्ड में दान किया है।

नर्सरियों के पौधों का हो सत्यापन: महेंद्र कुमार

संवाददाता। गोंडा

आयुक्त महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में उनके शिविर कार्यालय पर वृक्षारोपण लक्ष्य-2020 से संबंधित बैठक संपन्न हुई। जिसमें मंडल में जनपदवार पौध रोपण का लक्ष्य, नर्सरियों में पौधों के उगान तथा रोपड़ स्थलों एवं उसमें किए गए अग्रिम मृदा कार्यों के संबंध में गहन समीक्षा की गई।

बैठक में आयुक्त ने निर्देशित किया कि मंडल की सभी नर्सरियों के पौधों का सत्यापन कराया जाए तथा पौध रोपण के पश्चात् पौधों की देखभाल अपने बच्चों की देखभाल की तरह किया जाए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के इस कार्य में उनके स्तर से हर स्तर पर मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान किया जाएगा।आयुक्त ने वर्ष -2020- 21 में मंडल के 729 रोपण स्थलों में कराए गए अग्रिम मृदा कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया है कि वन विभाग इन स्थलों पर लोहे के बोर्ड लगवा कर प्रजाति वार पौधों का विवरण, व्यय धन राशि का विवरण, पौधरोपण की तिथि, संबंधित अधिकारी का नाम तथा मोबाइल नम्बर अंकित कराना सुनिश्चित करें। ताकि रोपित पौधों की स्थिति के संबंध में सूचनाएं प्राप्त होती रहे। मंडल में वृक्षारोपण का कुल लक्ष्य 16868470 आवंटित किया गया है। जिसमें वन विभाग का आवंटित लक्ष्य 8030100 तथा अन्य विभागों का आवंटित लक्ष्य 8838 370 पौधों का आवंटित किया गया है। मंडल के कुल आवंटित लक्ष्य में जनपद गोंडा को 4088680, बहराइच को 5156610, श्रावस्ती को 4716910 तथा बलरामपुर सुहेलवा वन्य जीव प्रभाग को 2906270 का लक्ष्य आवंटित किया गया है। बलरामपुर के अंतर्गत वन विभाग के कुल लक्ष्य 904830 में बलरामपुर पार्ट गोंडा का 857300 लक्ष्य शामिल है। बैठक में वन संरक्षक देवीपाटन वृत्त ए.के. शुक्ल ने बताया कि वर्ष 2020-21 में देवीपाटन वृत्त में कुल 8069545 गड्ढे वन विभाग के आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष खोदे गए हैं। जिसमें गोंडा में 2449000, बहराइच में 2138610, श्रावस्ती में 3431335 तथा बलरामपुर सुहेलवा वन्यजीव प्रभाग में 50600 गड्ढे वन विभाग के आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष खोदे गए हैं। आगामी 25 जून से पौधों की उठान शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि देवीपाटन मंडल के अंतर्गत कुल 104 नर्सरियां है। जिसमें गोंडा में 29, बहराइच में 32, श्रावस्ती में 36, तथा बलरामपुर में 7 नर्सरियां स्थापित है। इनमें 26710960 पौध उगान के लक्ष्य के सापेक्ष इस समय कुल 29398695 पौध उपलब्ध हैं। मंडल की 2881 ग्राम पंचायतों तथा 15 शहरी निकायों का माइक्रो प्लान तैयार किया गया है। तथा उनकी मांग के अनुसार पौधों की पर्याप्त उपलब्धता है। बैठक में डीएफओ गोंडा आर.के. त्रिपाठी सहित मंडल के सभी जनपदों के ए.सी.एफ तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

25 हजार का इनामिया बदमाश गिरफ्तार

संवाददाता। सुलतानपुर

जानलेवा हमला समेत अन्य मामले के वांछित अभियुक्त को लम्भुआ पुलिस ने धर दबोचा। अपराधी पर 25 हजार का इनाम भी घोषित था। गौरतलब हो कि लम्भुआ थाना क्षेत्र के खुनशेखपुर निवासी सुरजीत उर्फ सुजीत पुत्र गरूदीन को एसओ लम्भुआ वंशराज पाण्डेय ने रात्रि गश्त के दौरान गिरफ्तार कर लिया। बदमाश पर जानलेवा हमला समेत अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। जिसे पुलिस सरगर्मी से तलाश रही थी। पुलिस अधीक्षक ने बदमाश पर 25 हजार का इनाम भी घोषित कर रखा था। बदमाश के कब्जे से पुलिस ने तमंचा और कारतूस बरामद करने का दावा किया है।

रेडक्रास सोसाइटी ने दान किए 15 कूलर

गोंडा। सीएचसी कर्मियों को गर्मी को गर्मी के इस मौसम में अपनी डयूटी करने में कोई दिक्कत न होने पाए, इसके मद्देनजर रेडक्रॉस सोसाइटी ने 15 कूलर दान किया है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सीएचसी पर विद्युत आपूर्ति हेतु इनवर्टर दान में दिया जा चुका है। यह जानकारी देते हुए रेडक्रास सोसायटी के कोषाध्यक्ष डा0 राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार को सीएमओ डा0 मधु गैरोला को रेडक्रास सोसायटी के सचिव डा0 मलिक आलमगीर एवं रेडक्रास सोसायटी के सदस्य डॉ0 ओंकार पाठक ने रेडक्रॉस सोसाइटी की तरफ से 15 अदद कूलर उन्हें भेंट किया। इस मौके पर डॉ0 मधुसूदन सिंह, अनिल श्रीवास्तव, जसपाल सलूजा, अजय विक्रम सिंह सहित रेडक्रॉस सोसाइटी के तमाम पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे।

कोरोना काल: माफ की तीन महीने की फीस

संवाददाता। गोंडा

संपूर्ण विश्व सहित भारत देश में छाये कोविड-19 संकट के कारण लॉक डाउन की स्थिति में अधिकांश आर्थिक गतिविधियाँ धीमी पड़ गयी हैं। इस कोरोना महामारी की सबसे अधिक मार मध्यम वर्गीय परिवार पर पड़ी है। कोरोना महामारी के चलते आर्थिक संकट से जूझ रहे विद्यालय के अभिभावकों को बड़ी राहत देते हुए सुवन्स मिलेनियम पब्लिक ने तीन माह की पूरी फीस माफ करने का फैसला लिया है। यह जानकारी स्कूल के प्रबंधक एवं युवा सपा नेता सूरज सिंह ने विद्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों को दिया। इस दौरान विद्यालय प्रबंध तंत्र ने पत्रकारों को मास्क, हैंड सैनीटाइजर एवं अंग वस्त्र आदि देकर सम्मानित भी किया।उन्होंने बताया कि जब फीस माफ करने का प्रस्ताव विद्यालय के संरक्षक पूर्व कैबिनेट मंत्री विनोद कुमार सिंह उर्फ पंडित सिंह के समक्ष रखा तो उन्होंने इस प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि जनपद के लोग हमारे परिवार का हिस्सा हैं। अत: हमारे परिवार के लोग आर्थिक संकट से जूझ रहे हों तो यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी क्षमता अनुरूप उनकी अधिक से अधिक सहायता करें। इसके सापेक्ष प्रबंध तंत्र ने सभी 400 छात्र-छात्राओं की तीन माह (अप्रैल, मई व जून) की सम्पूर्ण फीस माफ कर दिया है।

निर्माणाधीन विकास कार्यों का औचक निरीक्षण

नगर पंचायत डलमऊ में हो रहे विभिन्न विकास कार्यों का जेई केसरी नाथ शास्त्री द्वारा किया गया कार्यों की गुणवत्ता को देख अवर अभियंता संतुष्ट दिखाई दिए. नगर पंचायत के अवर अभियंता ने अपने चिर परिचित अंदाज मे कार्य करने वाले ठेकेदारों को चेतावनी भी दिया कि कार्य की गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जाएगा व सही से कार्य नहीं किया गया तो विभागीय कार्यवाही की संस्तुति की जाएगी विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

केएनआई में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय 'वेबीनार' का संचालन

संवाददाता। सुल्तानपुर

कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान, में दो दिवसीय अर्न्तराष्ट्रीय वेबिनार का संचालन किया गया। प्रथम सत्र का शुभारंभ करते हुए संयोजक डॉ0 वीपी सिंह (अंग्रेजी विभागाध्यक्ष) ने पैनल में उपस्थित अतिथि वक्ताओं का स्वागत करते हुए विषय का प्रवर्तन किया।

उन्होंने वक्ताओं के समक्ष आज की ज्वलंत समस्या की भयावहत: का उल्लेख करते हुए इसके सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक पक्षों की ओर वक्ताओं और श्रोताओं का ध्यान आकर्षित किया। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि वक्ता बीआर अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के पूर्व कुलपति एवं अर्थशास्त्री प्रो. एनएमपी वर्मा ने कहा कि आने वाला समय 1930 की वैश्विक आर्थिक मंदी से भी भयंकर हो सकता है। प्रो. यशवंत सिंह (पूर्व प्राचार्य, केएनआई) ने कहा कि इस महामारी ने मानव जीवन के समक्ष सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक चुनौतियाँ प्रस्तुत की हैं। उनका समाधान हमें ही तलाशना है। बेवीनार में प्रो. रिपु सूदन सिंह, प्रो. रंजना सहगल, प्रो. डॉ. दीप कोइराला, प्रो. डॉ. ओपी सिंह, प्रो0 भूपेन्द्र विक्रम सिंह, प्रो0 आर0पी0 सिंह, प्रो0 योगेन्द्र सिंह, प्रो0 बलराम सिंह, प्रो0 साहब को प्रो. डॉ0 ओ0पी0 सिंह आदि ने सम्बोधित किया। राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 मनोज दीक्षित ने वेबीनार के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। संस्थान के प्राचार्य डॉ0 राधेश्याम सिंह ने अतिथि वक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापन किया और राष्ट्रगान के साथ इस दो दिवसीय अर्न्तराष्ट्रीय वेबिनार के औपचारिक समापन की घोषणा की।

कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन, प्रदेश अध्यक्ष की रिहाई की मांग

संवाददाता। सुलतानपुर

अपर जिलाधिकारी प्रशासन को ज्ञापन देते कांग्रेसी

प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू को तत्काल रिहा करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर दो सूत्रीय राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

जिला प्रशासन के प्रतिनिधि के रूप में आए अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्ष देव पांडेय को गए ज्ञापन में कांग्रेसियों ने कहा है कि कांग्रेस के पदाधिकारी प्रवासी यात्रियों की मदद करने में लगे हैं। उसी के तहत चल रहे लाक डाउन के दौरान प्रदेश सरकार से प्रवासियों को उनके घर पहुंचाने के लिए पार्टी हाईकमान ने 1000 बसों के संचालन की अनुमति मांगी थी लेकिन राज्य सरकार ने सहयोग करने के बजाए द्वेष भावना से प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू को गिरफ्तार किया है। उन्हें तत्काल रिहा किया जाए, साथ ही पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के विरुद्ध दर्ज मुकदमे को वापस लिया जाए। कांग्रेसियों ने इसी तरह कई बिंदुओं पर राष्ट्रपति का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मकसूद आलम, तेजबहादुर पाठक, विजय श्रीवास्तव, कंचन सिंह, नफीसा खातून, हाजी मो जमा खान, नफीस फारूखी, पवन मिश्र नन्हे, अमोल बाजपेयी, यु.कां.अ. सुब्रत सिंह सनी, तिवारी, हौसिला भीम, देवेन्द्र तिवारी, धर्मराज मिश्र, सलाऊदीन हाशमी, हसनैन आलम, बलराम तिवारी मनीष तिवारी, मो. कमर, इमरान आदि लोग शामिल रहे।

नामित सभासदों को शपथ दिलाई

संवाददाता। डलमऊ रायबरेली

नगर पंचायत में नामित सभासदों ने शपथ ग्रहण का आयोजन बेहद सादगी के बीच आयोजित किया गया महामारी जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों के साथ शासन द्वारा नामित सभासद के शपथ ग्रहण मे किसी बड़े आयोजन की रूपरेखा से दूर बेहद साधारण तरीके से नगर पंचायत के प्रांगण में सभी दसों वार्ड के सभासदों की उपस्थिति मे शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पूर्ण हुआ. जिले की सभी नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में नामित सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 1 जून से 3 जून तक किया जाना है। इसी क्रम में डलमऊ नगर पंचायत में बुधवार को नामित सभासद महेंद्र पटेल व सुधीर जायसवाल ने पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण कर कार्यभार ग्रहण किया।

डलमऊ नगर पंचायत के पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण समारोह की औपचारिक तैयारियों का शानदार नमूना पेश करते हुए इसे बेहद सीमित दायरे मे रेखांकित किया जिसकी प्रांगड़ मे उपस्थित लोगों ने काफी प्रशंसा की सरेनी विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने नामित सभासदों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई इस अवसर पर अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौर,अधिषासी अधिकारी अमित सिंह,प्रभारी निरीक्षक श्रीराम,शुभम् गौर,लिपिक सोहराब अली,विनीत त्रिवेदी कृष्णकांत यादव सहित सभी वार्डों के सभासद उपस्थिति रहे।

मजदूरों के अच्छे दिन लाने की मुहिम

संवाददाता। सुल्तानपुर

कैंप में मजदूरों का पंजीयन करवातीं भाजपा महिला जिलाध्यक्ष बबिता तिवारी

भाजपा महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष बबिता तिवारी मजदूरों के वर्तमान में सुनहरा भविष्य तराशने और तलाशने में जुटी हैं। मजदूरों और उनके परिवार का दिन सुनहरा हो, इसके लिए जो पहल की है वह आपने में बेमिसाल है। इस कवायद की सराहना गांव वालों ने की है।

भाजपा महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष बबिता तिवारी अपने पैतृक गांव के मजदूरों और उनके परिवारीजनों के दिन अच्छे कैसे आएंगे ? इसकी पहल सोहगौली से की। श्रम विभाग से पंजीयन कराने के लिए गांव में ही दो दिवसीय कैंप लगवाया। शिविर में पहुंचे श्रम विभाग के अधिकारियों ने मजदूरों का पंजीयन किया। दो दिन चले पंजीयन शिविर में करीब 260 मजदूरों का पंजीयन हुआ। श्रम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अभी जो श्रमिक पंजीयन से वंचित हैं, जल्द ही फिर से कैंप लगवा कर उनका पंजीयन किया जाएगा। भाजपा नेत्री बबिता तिवारी के इस पहल की गांव के मजदूरों समेत बुद्धिजीवियों ने सराहना की हैं कहा कि गांव के गरीब मजदूरों का जीवन बेहतर हो, इसके लिए सरकार की श्रमिक पंजीयन योजना को गांव के चौखट पर लाने में कामयाब रही। पंजीयन से मजदूरों के दिन तो बहुरेंगे ही साथ ही परिवारीजनों का भविष्य भी सुनहरा होगा। कैंप में विनय पाठक, अवधेश पाठक, लवकुश तिवारी शिवम पांडेय, विशाल जायसवाल, सुभाष पाठक, रामदुलार कोरी जी सत्यम शुक्ला आदि का सहयोग रहा।

पुलिस कर्मियों व पत्रकारों का अभिनन्दन

लालगंज रायबरेली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेस कार्य समिति सदस्य दिलीपयादव,वरिष्ठ नेता अनुराग पाण्डेय एवं भाजपा नेता डा0 अजय प्रकासमिश्रा,किसान मोर्चा उपाध्यक्ष संतोष सिंह,भाजपा नेता दीपप्रकास शुक्लाके द्वारा संयुक्त रूप से कोरोना संकट काल मे अपना जीवन दांव पर लगाकरकार्य करने वाले लालगंज इन्स्पेक्टर राज कुमार पाण्डेय व उनके साथी पुलिसकर्मियो एवं पत्रकार बंधुओ को माल्यार्पण व अंग वस्त्र से अभिनन्दन कियागया।अपने अभिनन्दन से गदगद पत्रकार बंधुओ और पुलिस कर्मियो ने भाजपानेताओ के प्रति साधुवाद ज्ञापित किया।अभिनन्दन समारोह के मौके पर बोलतेहुये भाजपा के वरिष्ठ नेता अनुराग पाण्डेय ने कहा कि संकट की घडी मे चाहेसरकारी कर्मचारी रहे हो या पत्रकार बंधु रहे हो सभी लोगो ने प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी के आहवान पर जनहित मे बढ चढकर कार्य किया।पूर्व जिलाध्यक्षदिलीप यादव ने कहा कि जहां पुलिस कर्मियो ने दिन रात मेहनत कर प्रवासीश्रमिको की सेवा करते हुये उनको घर पहुंचाने का कार्य किया ।

नहीं हो रही संक्रमित मरीजों के बुखार और ऑक्सीजन लेबल की नियमित जांच

● कमिश्नर के निरीक्षण में खुली व्यवस्था की पोल

●एल-1 हास्पिटल रूधौली, मुण्डेरवा का निरीक्षण कर जानी हकीकत, दिए निर्देश

संवाददाता। बस्ती

मण्डलायुक्त अनिल कुमार सागर ने एल-1 हास्पिटल जवाहर नवोदय विद्यालय रूधौली, सीएचसी मुण्डेरवा का निरीक्षण किया। कमरों, बरामदा, दीवार के सेनेटाईजेषन फर्श पर पोछा, वायलेट की सफाई, चादरों का बदलना, मरीजों के पास से निकले कूडे-कचरे का निस्तारण के बारे में भी जानकारी ली।

कोरोना संक्रमित मरीजों से बातचीत में पाया कि मरीजो की प्रतिदिन बुखार, आक्सीजन लेवल एवं अन्य प्रकार की जॉचे नियमित नही हो रही है। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक मरीज की सुबह-षाम बुखार, आक्सीजन एंव अन्य जॉचे की जाएं। डियूटी पर तैनात डाक्टर एवं पैरा मेडिकल स्टाफ8 घण्टे की डियूटी में मरीजो के साथ रहे। उनकी मानसिक एंव षारीरिक समस्याओं का निदान किया जाय। एक रजिस्टर मेन्टेन किया जाए जिसमें डाक्टर कितने बजे अन्दर गए और कितने बजे बाहर निकले उसका विवरण दर्ज किया जाए। जो डाक्टर एवं पैरा मेडिकल टीम 8 घण्टे के लिए तैनात किए गए है, वे पूरे समय पीपीई किट, मास्क एवं फेस कबर के साथ मरीजों की सेवा में उपलब्ध रहें।

दोपहर 12 बजे जवाहर नवोदय विद्यालय पहुॅचने पर पाया कि कोरोना वायरस संक्रमित मरीजो को भोजन का पैकेट सर्व किया जा रहा था। एक फोल्डिंग चारपाई पर पैकेट रखकर कमरे में ले जाया जा रहा था, लेकिन एक मरीज ने बताया कि यह केवल आज की व्यवस्था है। प्राय: लाईन लगवाकर खाना सबको दिया जाता है, जिससे सोषल डिस्टेन्सिंग का पालन नही होता है। इस पर उन्होंने निर्देष दिया कि प्रत्येक दिन भोजन मरीजों के कमरे में सर्व किया जाय। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देष दिया कि वे कोरोना मरीजों के इलाज में शासन द्वारा निर्धारित प्रोटोकाल का डाक्टरों से पालन कराये। इसमें किसी प्रकार की षिथिलता क्षम्य नही होगी। निर्देष दिया कि स्वस्थ होकर डिस्चार्ज होने पर भी व्यक्ति के सभी सामान घड़ी, बैग, बेल्ट, जूता, कपड़ा को भी अच्छी तरह सेनेटाईज कराएं। डीएम आषुतोष निरंजन ने निर्देष दिया कि प्रभारी चिकित्साधिकारी सभी मरीज का मोबाईल नम्बर लेकर एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाए। इलाज के दौरान जो भी जानकारी देनी होगी वह इस व्हाट्सएप ग्रुप पर दी जाएगी। सीएमओ डॉ. जेपी त्रिपाठी ने बताया कि रूधौली में कुल 103 कोरोना पॉजिटिव मरीज भर्ती है। जबकि मुण्डेरवा में कोरोना के कुल 19 मरीज भर्ती है। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी रूधौली नीरज प्रसाद पटेल, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सीके वर्मा, प्रभारी चिकित्साधिकारी मुण्डेरवा डॉ. धर्मेन्द्र चौधरी उपस्थित रहे।

पांच और नए कोरोना पॉजिटिव मिले, संख्या पहुंची 214

● अब तक छह कोरोना संक्रमितों की हो चुकी है मौत

बस्ती। जिले में दो दिन के भीतर 19 नए कोरोना संक्रमित पाए गए है। इसे मिलाकर जिले में कुल कोरोना संक्रमितों की संख्या 214 से पहुंच गई है। इनमें से छह कोरोना संक्रमितों की मौत हो चुकी है, जबकि 43 ठीक होने के बाद घरों के लिए रवाना किए जा चुके है। शेष बचे 165 कोरोना संक्रमितों का उपचार चल रहा है। मंगलवार को आई जांच रिपोर्ट में जहां 14 कोरोना संक्रमित पाए गए थे, वहीं बुधवार को 5 और नए मरीजों की जांच रिपोर्ट पाजिटिव आई। दो दिनो के भीतर मिले सभी कोरोना संक्रमित बाहर से आने के बाद क्वारंटीन किए गए थे। जांच रिपोर्ट पाजिटिव आने के बाद उन्हे कोरोना संक्रमितों के लिए बने एल-1 अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। जो मरीज कोरोना संक्रमित पाए गए है वे सभी बाहर से आए प्रवासी कामगार और उनके परिवार के सदस्य है। उनके स्वाब सेम्पल को लेकर बीआरडी मेडिकल कालेज जांच के लिए भेजा गया था, जहां से उनकी जांच रिपोर्ट पाजिटिव आई है।

डीएम ने थमाया कैली के सीएमएस सहित सात को नोटिस

बस्ती। डीएम आषुतोष निरंजन ने षासकीय कामों को सही तरीके से अंजाम न देने वाले कैली के सीएमएस डा. जीएम षुक्ल, सीएचसी रुधौली के अधीक्षक डा. अषोक कुमार चौधरी, पीएचसी बनकटी के अधीक्षक डा. धर्मेद्र, नगरपंचायत रुधौली के ईओ अविनाष सहित सात अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।कोविड-19 जैसी महामारी से बचाव के लिए ओपेक चिकित्सालय कैली को कोविड अस्पताल बनायागया। यहां पर एल-टू की सुविधा है। यहां पर गंभीर कोरोना संक्रमित मरीजों का इलाज चल रहा है। डा. जीएम षुक्ल को इसका नोडल बनाया गया। षासन की ओर से जब मरीजों से वार्ता की गई तो अनेक षिकायतें मिली। इस पर डीएम ने सीएमएस को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा है।

41 निजी अस्पतालों में होगी इमरजेंसी ओपीडी व आईपीडी

बस्ती। डीएम आषुतोष निरंजन ने बताया कि 41 निजी चिकित्सालयों को प्रोटोल कापालन करते हुए इमरजेंसी ओपीडी एवं आईपीडी करने की मंजूरी दी है। बताया कि अगर को चिकित्सालय प्रोटोकाल का उल्लघंन करते पाया गया तो उसकी सेवाएं रोक दी जाएगी। बताया कि इमरजेंसी मरीजों का इलाज पीपीई किट पहनकर ही किया जाएगा।

लखनऊ से गोरखपुर होगा 'सिक्स लेन', मिलेगी जाम से निजात

● पहले चरण में लखनऊ से अयोध्या तक के फोरलेन को सिक्स लेन में बदला जाएगा-पीडी एनएचएआई

●लखनऊ-गोरखपुर हाईवे पर प्रति मिनट 80 से 100 वाहन गुजरते

बस्ती। लखनऊ से अयोध्या गोरखपुर तक चार लेन की सड़क को छह लेन में बदलने की तैयारी चल रही है। एनएचएआई ने करीब 245 किलोमीटर सड़क की डीपीआर यानि 'डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट' तैयार की ली है। पहले चरण में लखनऊ से अयोध्या के बीच छह लेन बनाने का कार्य किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए एनएचएआई के परियोजना निदेशक एनएन गिरी ने बताया कि इससे बाराबंकी संतकबीरनगर सहित आसपास के लोगों को ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि लखनऊ से अयोध्या के बीच भीषण ट्रैफिक जाम रहता है। भविष्य में करीब 104 किमी. आउटर रिंग रोड बनने के बाद लखनउ-अयोध्या मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव और अधिक बढ़ जाता है। इस लिए लखनऊ से अयोध्या के बीच हाईवे को चार लेन से छह लेन किया जाएगा। बताया गया कि लखनऊ-गोरखपुर हाईवे पर प्रति मिनट 80-100 वाहन गुजरते हैं। तेज रफ्तार के कारण आए दिन हादसे भी हो जाते है।

श्रमिक स्पेशल ट्रेन में श्रमिकों को बांटे गये खाने के पैकेट व पानी

सोनभद्र। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोविड 19 जनित वैश्विक महामारी के चलते प्रभावित हुए विस्थापित श्रमिकों व अन्य निकटवर्ती जरूरतमन्द लोगों के लिए निरंतर खाद्य व अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध करा रही है। इसी क्रम में एनसीएल ने मंगलवार को सामाजिक निगमित दायित्व के तहत वाराणसी जंक्शन पर वाराणसी से मुंबई जा रही श्रमिक स्पेशल ट्रेन से घर वापस जा रहे श्रमिकों को 1500 खाने के पैकेट व पानी उपलब्ध कराये गये। गौरतलब है कि एनसीएल ने सोमवार को भी श्रमिक एक्सप्रेस से घर जा रहे श्रमिकों को सिंगरौली स्टेशन पर 1500 पैकेट खाना व पानी व प0 दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर 1500 पैकेट खाना व पानी उपलब्ध कराया था। ज्ञात हो कि वैश्विक महामारी के इस संकटकाल में एनसीएल सामाजिक निगमित दायित्व के तहत घर वापस जा रहे श्रमिकों के लिये सिंगरौली स्टेशन से गुजरने वाली 15 ट्रेन में कुल 22500 पैकेट खाना व पानी उपलब्ध करायेगी।

शांतिभंग के आरोप में पुलिस ने एक का किया चालान

बीजपुर/सोनभद्र। स्थानीय पुलिस ने मारपीट करने के आरोप में थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा नेमना के टोला धौरहवा निवासी सीताराम धईकार पुत्र हरिकेश धईकार को बुधवार को गिरफ्तार कर सी आर पी सी की धारा 151, 107 व 116 के तहत चालान की कार्रवाई की। पुलिस ने चालान किए गए आरोपी को अग्रीम कार्रवाई हेतु सम्बंधित न्यायालय में पेश किया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी ने पुरानी रंजीश को लेकर रिश्ते में लगने वाली भाभी मीना देवी के साथ मारपीट व गाली गलौज की थी। मीना देवी द्वारा दिए गए तहरीर के आधार पर पुलिस ने विवेचना उपरांत उक्त कार्रवाई की।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड से किया जाए आच्छादित

संवाददाता। सोनभद्र

देश व प्रदेश की सरकार लघु एवं सीमांत किसानों के आय को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सभी लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित किया जाय। बैंकर्स सर्विस एरिया का बहाना न बनायें, सकारात्मक रूख अपनाते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों का के0सी0सी0 मानक के अनुरूप बनायें और जरूरत के मुताबिक अलग से पशु पालन के लिए दो लाख रूपये तक का कर्ज भी दें। लापरहवाह बैंक मैनेजरों को चिन्हित किया जाय और जरूरत के मुताबिक कार्यवाही भी की जाय। उक्त निर्देश जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित करने सम्बन्धी समीक्षा बैठक में दियें। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद लीड बैंक प्रबन्धक से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सभी लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराये जाने क कैफ्मित तलब की और मानक के अनुरूप लक्ष्य पूरा न होने पर सोशल डिस्टेसिंग बनाये रखते हुए पात्रों के लम्बित प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि बैंकर्स निर्धारित प्रारूप 1 व 2 में सम्बन्धित प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पूरी तत्परता के साथ सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए 30 जून, 2020 प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सभी लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित किया जाय। बैठक में जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम के अलावा मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, लीड बैंक प्रबन्धक सूर्यदत्त संतोषी, उप निदेशक कृषि ए0के0 गुप्ता, जिला कृषि अधिकारी पीयूष राय, जिला पशु पालन अधिकारी डॉ0 ए0के0 श्रीवास्तव, डीडीएम नाबार्ड सहित बैंकर्स आदि मौजूद रहें।

विधायक ने भानपुर के 'एसडीएम' की प्रशासनिक क्षमता पर उठाए सवाल

●प्रभारी मंत्री को लिखा पत्र कहा, भ्रष्टाचार करने वालों को तहसील प्रषासन दे रहा है संरक्षण

●डीएम को प्रभारी मंत्री ने एसडीएम का तबादला करने पर विचार करने को लिखा पत्र

संवाददाता। बस्ती

रुधौली के विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने एक बार फिर एसडीएम भानपुर पर हमला बोला है। पिछली बार गेहूं खरीद में कालाबाजारी करने वालों का साथ देने का आरोप लगाते हुए विधायक जांच कराने की मांग कर चुके है। इसके लिए जांच कमेटी बनी हुई है। इस बार विधायक ने एसडीएम के प्रषासनिक क्षमता पर ही सवाल खड़ा करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री को पत्र लिखकर कहा कि तहसील प्रषासन उन अधिकारियों और कर्मचारियों को संरक्षण दे रहा है, जो भ्रष्टाचार में लिप्त है। इस लिए तहसील प्रषासन की जांच आवष्यक है ताकि सरकार की छवि खराब न हो और भ्रष्टाचार एवं भ्रष्टाचारियों पर अकुंष लग सके। इस पर प्रभारी मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ 'मोती सिंह' ने डीएम बस्ती को एसडीएम के आचरण की जांच करने और अन्यंत्र तबादला करने पर विचार करने को लिखा है। वहीं एसडीएम आषाराम कहतें हैं, कि वह किसी भी जांच का सामना करने के लिए तैयार है। हांलाकि विधायक ने तबादला करने की सिफारिष नहीं की, मगर क्षेत्र के लोग तो यही मान रहें है। प्रभारी मंत्री को लिखे पत्र में कहा गया है कि भानपुर तहसील प्रषासन द्वारा कोविड-19 के तहत घोर लापरवाही एवं मनमाने ढंग से कार्य किया जा रहा है। तहसील प्रषासन समाचार पत्रों में प्रकाषित गौषालाओं की खबर को संज्ञान में ही नहीं ले रहा है। अलबत्ता अपनी कमियों को छिपाने के लिए पत्रकारों के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज करा दे रहे है। कहा कि उनके संज्ञान में लाया गया कि तहसील प्रषासन द्वारा जातियता के आधार कार्य किया जा रहा है। मार्केटिगं गोदाम सल्टौआ और रामनगर में निकासी के समय कागजों में लेखपालों की ड्यूटी तो लगा दी गई, मगर एक भी दिन लेखपाल नहीं गए। जिसके चलते मनमाने तरीके से वितरण और घटतौली किया जारहा है। कहा कि तहसील प्रषासन की घोर लापरवाही के कारण भ्रष्टाचार कर रहे लोगों का मन बढ़ रहा है।

संतों ने मखौढ़ा में 'केंद्रीय वैदिक विश्वविद्यालय' के स्थापना की मांग की

● दशरथ महल के संत, अयोध्या के संत और पूर्वांचल विद्वत परिषद ने प्रेसिडेंट, पीएम, होम मिनिस्टर और सीएम को पत्र लिखा

बस्ती। अयोध्या के राजा दषरथ की पुत्रेष्टि यज्ञ स्थली मखौढ़ा धाम में 'बड़ी जगह दषरथ महल' के संत बिंदुद्याचार्य देवेंद्र प्रसादा चार्य, अयोध्या के ही संत कन्हैयादास और पूर्वांचल विद्वत परिषद के अध्यक्ष राजेंद्रनाथ तिवारी ने भारत के प्रेसिडेंट, पीएम, होम मिनिस्टर और सीएम को पत्र लिखकर उनसे केंद्रीय वैदिक विष्वविद्यालय की स्थापना करने की मांग की है। जिसमें दुनिया भर के धर्मो के तुलनात्मक अध्ययन का कार्य हो।लिखे गए पत्र में संतो ने कहा है कि यदि भगवान राम के जीवन में महर्षि वषिष्ठ एवं विष्वामित्र का योगदान नहीं होता तो राम के राम बनने की सफलता की कहानी कुछ और होती। अब जबकि न्यायालय ने भी राम मंदिर पर अपना निर्णय दे दिया है, और भारत सरकार 'राम सर्किट' की स्थापना भी कर दी है, और उस पर काम भी पुरु हो चुका है। ऐसी स्थित में अयोध्या के राजा दषरथ के पुत्र कामेक्षी की स्थली मखौढ़ा धाम जो अयोध्या के करीब हैं, पर वैष्विक धर्मो के तुलनात्मक अध्ययन के लिए केंद्रीय वैदिक विद्यालय की स्थापना होनी चाहिए। इस विष्वविद्यालय की स्थापना हो जाने के बाद पूरे विष्व में मखौढ़ाधाम को लोग जानने लगेगें, और जो वास्तविक विकास इस क्षेत्र का होना चाहिए वह भी हो जाएगा।

जरूरतमंद लोगों को वितरित किया जाए फेस कवर, सैनिटाइजर व साबुनः अजीत

संवाददाता। सोनभद्र

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के दिए गए कार्यक्रम के अनुसार जिला अध्यक्ष अजीत चौबे द्वारा सोनभद्र के मोर्चा के जिला अध्यक्षों को 04 जून से 10 जून तक मोर्चा व् अध्यक्षों द्वारा जिले भर में जरूरतमंद लोगों को फेस कवर ,सैनिटाइजर व हाथ धोने के लिए साबुन वितरण करने का कार्यक्रम किया जाएगा जिला अध्यक्ष श्री चौबे ने बताया कि कोविड-19 के बचाव के लिए सभी लोगों को फेस कवर लगाकर ही घर से बाहर निकलना है यदि आवश्यक कार्य ना हो तो सभी लोग घर से बाहर ना निकले समय समय पर घर में हाथ धोते रहें और आवश्यकतानुसार सैनिटाइजर का प्रयोग करते रहे एक तरफ पूरे विश्व में जहां कोविड-19 को लेकर दहशत है वही प्रधानमंत्री द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण से लगातार संघर्ष को बचाव के लिए दिन रात कड़ी मेहनत किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत सभी देशों की अपेक्षा भारत में मृत्यु दर कम है हम सभी को चाहिए कि जरूरतमंद लोगों को फेस कवर सैनिटाइजर का वितरण किया जाए इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विशाल पांडे किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष यादवेंद्र द्विवेदी महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष रंजना सिंह पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष अशोक मौर्या व अनुसूचित मोर्चा निवर्तमान जिला अध्यक्ष भाजपा जिला मंत्री सोनभद्र अजीत रावत बांटने की जिम्मेदारी सौंपी गई उक्त आशय की जानकारी जिला महामंत्री रामसुंदर निषाद द्वारा दिया गया।

नशे में धुत कार सवार ने एम्बुलेंस को मारी टक्कर

सोनभद्र। दुद्धी सी एच् सी पर तैनात एम्बुलेंस यूपी32 इजी1758 विंढमगंज की तरफ से मरीज छोड़ कर दुद्धी सी एच् सी को लौट रही थी तभी दुद्धी कोतवाली से सटे मछली गल्ली में एक कार यूपी65 एफटी1650 द्वारा पीछे से टक्कर मार दिया जिससे एम्बुलेंस छतिग्रस्त हो गई घटना के बाद उक्त गाड़ी के ड्राइवर से ज़ब एम्बुलेंस कर्मियों ने बात करने की कोशिश की तो उनके साथ कार ड्राइवर द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया। एम्बुलेंस कर्मियों ने बताया कि उक्त कार ड्राइवर नशे में धुत था। इसके उपरांत मौके पर पहुँची पुलिस ने उक्त कार व् चालक को पकड़ कर थाने ले गयी। वहीं एम्बुलेंस कर्मियों ने कोतवाली दुद्धी के समीप एम्बुलेंस लगा कर कार्रवाई की माँग पर अड़ गये। एम्बुलेंस कर्मियों द्वारा इसकी सूचना स्थानीय दुद्धी सीएचसी पर तैनात डॉक्टर को दे दिया जिसके बाद उन्होंने थाना इंचार्ज फोन कर घटना की सूचना देते हुये तहरीर भेज कर कार्रवाई की माँग की है।

आदिवासियों का उत्पीड़न नहीं रुका तो आन्दोलनः रामविचार

संवाददाता। सोनभद्र

जनजाति सुरक्षा मंच सोनभद्र का एक प्रतिनिधि मण्डल मंच के सयोजक रामविचार सिंह टेकाम के नेतृत्व में जनपद के जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से मिलकर नगांव के नाम पर पकरी गांव में हो रहे अवैध बालू खनन मृतक रामसुन्दर की हुई संधिग्ध मौत की मजिस्टेज्ट से जाच कराये जाने व अवैध तरीके किये गये मुकदमें को वापस किये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा। मांग को गम्भीरता से लेते हुये जनपद के जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने मजिस्ट्रेटी जांच हेतु उपजिलाधिकारी डा0 के एस पाण्डेय को नियुक्त कर दिया वहीं पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने सीओ सीटी राजकुमार तिवारी को जाचं सौप दी। मंच के संयोजक राविचार टेकाम ने कहां कि जिला प्रशासन ने अगर जनपद हो रहे आदिवासियों व बनवासियों का उत्पीड़न नही रोका तो आने वाले समय में एक बड़ा आन्दोलन होगा। इसकी ऑच संसद से लेकर सड़क तक दिखाई देगी। संगठन मंत्री शिव प्रसाद ने कहां की जनपद सोनभद्र जनजातीय बहुलता वाला जनपद है यही कारण है कि देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री यहां के समुचित विकास के लिये तत्पर है लेकिन कुछ सत्ता विरोधी ताकते जनपद में कार्य कर रही है। जो सुनियोजित षड़यंत्र कर देश व प्रदेश की सरकार को बदनाम करने का कार्य कर रही है। प्रतिनिधि मण्डल में राजन चौधरी, मनोज मिश्रा, दिलिप पाण्डेय के साथ ही ओबरा विधायक भी शमिल रहे।

कोविड1 9 कल आज और कल विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला

बीजपुर/सोनभद्र। एनटीपीसी की रिहंद स्टेशन में मेडिकल संबंधी जानकारी देने के उद्देश्य से बुधवार को परियोजना के कर्मचारी विकास केंद्र द्वारा ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कोरोना वायरस के इस महामारी के बीच जहाँ लोग लॉकडाउन में फंसे हैं वहीं उनमे अपने तथा अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर भी भय व्याप्त हो गया है इसी को ध्यान में रखते हुए ये कार्यशाला कर्मचारी विकास केंद्र द्वारा सूचना तथा प्रोधौगिकी विभाग के सहयोग से आयोजित की गयी। कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित, डॉ0 ए के ठाकुर ने उपस्थित अधिकारियों को कोरोना वायरस महामारी से सुरक्षा के बावत जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन के एस मूर्ति ने इस ज्ञान वर्धक तथा समयोपयोगी कार्यक्रम की सराहना की तथा कर्मचारियों के उत्साह को प्रसंशनीय बताया। कार्यक्रम का संचालन व संयोजन वरिष्ठ प्रबंधक ईडीसी रविन्द्र सिंह व धन्यवाद ज्ञापन संतोष विश्वकर्मा ने किया।

सृष्टि महिला समिति ने किया मच्छरदानी और बिस्कुट का वितरण

सोनभद्र। नॉर्दर्न कोल्फील्ड्स लिमिटेड के निगाही क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सृष्टि महिला समिति अपने आस पास के जरूरतमन्द लोगों में राहत सामग्री व दैनिक जीवन में उपयोग मे आने वाली अन्य वस्तुओं का वितरण करती रहती है। इसी क्रम में सृष्टि महिला समिति की सदस्याओं द्वारा, समिति की अध्यक्षा आभा द्विवेदी के मार्गदर्शन में बुधवार को ग्राम पंचायत गहिलरा के जरूरतमन्द परिवारों के बीच 100 नग मच्छरदानी का वितरण किया गया। यह कदम बरसात के मौसम में ग्रामीणों को मच्छरों व अन्य कीड़ों के काटने से फैलने वाली बीमारियों से बचाने केई उद्देश्य से उठाया गया। इस अवसर पर सभी लाभार्थियों को बिस्कुट का पैकेट भी प्रदान किया गये। इस दौरान कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए सभी को सोशल डिस्टेनिंसग के पालन, मुह को मास्क या गमछा से ढकने तथा बार बार हांथ धोने की सलाह दी गयी।

तंबाकू सेवन पर होगी कार्रवाईः सीएमओ

संवाददाता। मिर्जापुर

कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए हर दिन नए निर्देश जारी हो रहे हैं। इसी क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के परिसर में संक्रमण से बचने के लिए खास दिशा दृ निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत परिसर में तंबाकू का आदान.प्रदान अपराध माना जाएगा। साथ ही हर कर्मचारी को हर एक घंटे बाद साबुन से 40 सेकंड तक हाथ धोने की भी सलाह दी गई है।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि चिकित्सालय और जिलास्तरीय सामुदायिक ध्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कार्य प्रारम्भ हो गया है। इस दौरान कोविड.19 का संक्रमण बढ़ने की आंशका बनी रहेगी। इसलिए इस सम्बन्ध में प्रमुख सचिव अमित मोहन प्रसाद ने सभी जनपद के लिए खास दिशा निर्देश दिया है। सीएमओ ने बताया कि कार्यालय एवं चिकित्सालयों के प्रवेश द्वार एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नियमित रूप से एक . एक घण्टे के अन्तराल पर हाथ धोते रहे। परिसर में आने वाले अपने हाथों को अवश्य धुलें। साथ ही हर कमरे के बाहर साबुनध्सैनिटाइजर रखे जाएं। कार्यालयोंए स्वास्थ्य केन्द्रों और अस्पतालों में आने वाले लोगो की थर्मल स्क्रीनिंग की जाए। यदि आने वाले लोगों में किसी भी व्यक्ति को खासीए बुखार अथवा सांस फूलने आदि की कोई समस्या है तो उसका प्रवेश वर्जित कर दिया जाए। स्वास्थ्य केन्द्रों पर छुई जाने वाली वस्तुएं जैसे डोर नाब्सए गेटए कुंडी आदि को लगातार सैनेटाइजर करें। इसके अलावा कार्य में आने वाले औजारों व उपकरणों को यदि साझा किया जा रहा है तो उसकी भी बराबर सैनेटाइजर होना चाहिए।

ऐसे करें बचाव

यदि कोई मजदूर कार्यालय या आवासीय क्षेत्र में काम करें तो ध्यान रखें वहां सूर्य की रोशनी हो। सभी मजूदर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। कार्य करने वाले कर्मचारियोंध्मजदूरों को हमेशा मास्क या गमछा या दुपट्टा अवश्य प्रयोग करें। कार्य करने वाले कर्मचारी व स्वास्थ्य कर्मी किसी भी दशा में तंबाकू का आदान.प्रदान न करें और सार्वजनिक स्थल पर पान मसालाए पानए गुटखा का सेवन नही करना चाहिए। इसके अलावा थूकने का भी कार्य न हो। यदि स्वास्थ्य कर्मियों को किसी भी प्रकार छींकते व खांसते समय सभी को साफ रुमाल अथवा कुहना से मंह को अवश्य ढकें। अपने मुंह को बार.बार न छुंए। क्योंकि वायरस इन्ही रास्तों में शरीर में प्रवेश करने का काम करता है। फिर यदि किसी को बुखारए खांसी और ध्सांस लेने में कठिनाई हो रही है तो तुरन्त डाक्टर का परामर्श लेने का कार्य करें या हेल्पलाइन नंम्बर 1800.180.5145 पर सम्पर्क करना चाहिए। कार्यालयों व चिकित्सालयों में गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों को आने नही देना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति कोरोना पांजिटिव पाया जाता है तोउस मकान को पूरी तरह से 24 घंटे के लिये बन्द कर देना चाहिए।

शराब लदे कंटेनर के साथ पकड़े गए

ड्राइवर की हिरासत में मौत, मचा हड़कंप

संवाददाता। देवरिया

तस्करी करके बिहार ले जाई जा रही शराब से लदे कंटेनर के साथ पकड़े गए ड्राइवर की देवरिया में पुलिस हिरासत में मौत हो गई है। पुलिस का कहना है कि घेराबंदी करके कंटेनर को पकड़े जाने के दौरान ड्राइवर ने भागने की कोशिश की तो उसे दौड़ाकर पकड़ा गया। ड्राइवर शायद दिल का रोगी था। उसकी तबीयत बिगड़ गई। पुलिस ने आनन-फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई। इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया है। देवरिया की बनकटा पुलिस ने हरियाणा के रहने वाले ड्राइवर को प्रतापपुर-मैरवां मार्ग से शराब से भरे कंटेनर समेत पकड़ा था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मंगलवार की रात शराब से भरा कंटेनर बिहार जाने वाला है। इस सूचना पर पुलिस ने प्रतापपुर-मैरवां मार्ग पर सख्ती बढ़ा दी। देर रात एक कंटेनर उधर से आता हुआ दिखा तो पुलिस ने उसे रोक कर छानबीन शुरू की। कंटेनर में शराब की पेटियां भरी पड़ी थीं। मौका पाकर ड्राइवर ने भागने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने तलाशी अभियान चलाकर कुछ ग्रामीणों की मदद से बुधवार की भोर में ब्रह्मचारीटोला गांव के पास से एक गन्ने के खेत में छुपे ड्राइवर महेंद्र सिंह (उम्र 45 वर्ष) पुत्र बच्चन सिंह निवासी भोरखेड़ी थाना कोपाला, जिला रोहतक हरियाणा को दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार इसी दौरान महेन्द्र की तबीयत बिगड़ गई। वह तेज-तेज सांस लेने लगा। आनन-फानन में पुलिस उसे लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटा पहुंची। हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिसकर्मी उसे देवरिया ला ही रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। कस्टडी में ड्राइवर की मौत की खबर मिलते ही पूरे महकमे में हड़कंप मच गया। अधिकारियों के निर्देश पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही ड्राइवर के परिवारीजनों को मोबाइल पर सूचना दी गई। थानाध्यक्ष गोपाल प्रसाद का कहना है कि परिवारीजनों ने पुलिस को बताया कि ड्राइवर को पहले से हृदय सम्बन्धी बीमारी थी।

कंटेनर में थी 24 लाख की शराब

कंटेनर की जांच में 368 पेटी हरियाणा निर्मित ओसीसी माल्टा ब्रांड की देशी शराब पकड़ी गई। पुलिस के अनुसार बरामद की गई शराब करीब 24 लाख रुपए की है। तस्कर उसे ब्रह्मचारी टोला गांव के पास डंप कर बिहार भेजने की तैयारी में थे। इस मामले में पुलिस ने ड्राइवर महेंद्र सिंह के खिलाफ 60/63/72 एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने कंटेनर को भी जब्त कर लिया है।

मामले की जांच कराकर उचित कार्यवाही की जाएगी:डा. श्रीपति मिश्र, एसपी

एक जनपद एक उत्पाद योजना लागू

संवाददाता। देवरिया

उपायुक्त उद्योग केके अमर ने बताया है कि प्रदेश सरकार द्वारा एक जनपद एक उत्पाद योजना लागू की गयी है, जिसमें ट्रेडवार सजावटी उत्पाद, कढ़ाई बुनाई संबंधित उत्पाद एवं रेडीमेड गारमेन्ट के लाभार्थियों को प्रशिक्षण के द्वारा उनका कौशल वृद्धि किया जायेगा और प्रशिक्षण उपरान्त टूल किट भी वितरित किया जायेगा। उन्होने बताया है कि जनपद हेतु सजावटी उत्पाद, कढाई बुनाई संबंधित उत्पाद एवं रेडीमेड गारमेन्ट का चयन किया जाना है, जिसमें प्रत्येक व्यवसाय में 125-125 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण हेतु आनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 30 जून है। निर्धारित तिथि तक आवेदन पत्र कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र देवरिया में जमा किया जायेगा। आवेदन हेतु पात्रता निर्धारित की गयी है यथा- आवेदक जनपद का मूल निवासी हो, आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिये, आवेदक किसी योजना में लाभान्वित नही होनी चाहिये, परिवार का एक ही सदस्य योजना में पात्र होगा। योजना हेतु जाति एक मात्र आधार नही होगा, आवेदक को प्रधान तथा नगर पंचायतध्नगर पालिका के वार्ड द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार महिला और पुत्र की जान गई

ग्रामीणों ने ट्रक चालक को पकड़कर जमकर पीटा

संवाददाता। नियामताबाद(चन्दौली)

अलीनगर थाना क्षेत्र के गोधना झक्का की मड़ई के पास नेशनल हाईवे पर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार महिला व उसके पुत्र की मौत हो गई। जबकि बाइक चालक मामूली रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रामनगर थाना क्षेत्र के कुतुलपुर निवासी चंद्रजीत यादव की पत्नी 22 वर्षीया अनीता उर्फ रानी अपने सात माह के बीमार पुत्र अंकुश को लेकर बाइक से अपने मायके शहाबगंज थाना क्षेत्र के तियरा से रामनगर टेंगरा मोड़ स्थित एक निजी हॉस्पिटल में इलाज के लिए जा रही थी।

मोटरसाइकिल मृतिका के पति चंद्रजीत यादव का फुफेरा भाई अलीनगर थाना क्षेत्र के आलमपुर निवासी संदीप यादव चला रहा था। गोधना गांव की झक्का की मड़ई के समीप बाइक पहुंची ही थी कि बिहार के आरा से महाराष्ट्र के नागपुर चावल लादकर पीछे से जा रहे ट्रक की चपेट में बाइक आ गई। इससे अनीता व उसका पुत्र ट्रक के नीचे आ गए। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

वही बाइक चालक मामूली रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने ट्रक को मय चालक पकड़ लिया। साथ ही उसकी पिटाई भी कर दी।

जिससे उसका सर फट गया। वहीं घटना के बाद नेशनल हाईवे की एक लेन पर करीब दो किलोमीटर तक जाम लग गया। सूचना पर पहुंची अलीनगर पुलिस ने घायल चालक बलुआ थाना क्षेत्र के बैराठ निवासी यशवंत यादव को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस बाबत अलीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेशचंद्र तिवारी ने बताया कि ट्रक चालक को मय ट्रक पकड़ लिया गया है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

क्विक न्यूज

मारपीट में एक दर्जन से ज्यादा घायल

खीरों (रायबरेली) थाना क्षेत्र के पासिन का पुरवा मजरे दुकनहा मे मंगलवार की देर रात मारपीट हो गई । जिसमें दोनों पक्षो के दस पुरुषो व दो महिलाओ सहित एक दर्जन लोग घायल हो गए । दोनों पक्षो ने एक दूसरे के बिरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है पासिन का पुरवा मजरे दुकनहा निवासिनी श्रीमती श्यामकली व रघुनाथ खेड़ा मजरे मेडौली गाडुव निवासी राम बाबू पुत्र बुधई के मध्य शराब के नशे मे कहासुनी हो गई । जिसमे दोनों पक्षो मे जमकर लाठी डंडे चले । जिसमे एक पक्ष की श्यामकली, उनके पुत्र कन्हैया लाल, अमित, पुत्री गोमती के साथ शिव बहादुर, राजेन्द्र कुमार, रविशंकर, बिंदा प्रसाद व राजेश सहित नौ लोग घायल हो गए । वही दूसरे पक्ष के राम बाबू, सचिन ,व संजय सहित तीन लोग घायल हो गए । एक पक्ष के राम बाबू ने महरानीदीन व चतुरी पासी के तीन लड़को सहित कुल चार लोगो के बिरुद्ध शराब के नशे मे गाडुव के किनारे गाली गलौज के साथ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है । वही दूसरे पक्ष की श्यामकली ने रामबाबू, संजय, सचिन व अन्य अज्ञात लोगो के बिरुद्ध गाली गलौज कर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

अभ्यर्थियों को मास्क वितरण किया

रायबरेली। स्कूल मैनेजर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गौरव सिंह ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आए हुए अभ्यर्थियों को मास्क वितरित किया। श्री सिंह ने उपस्थित अभ्यर्थियों से कहा कि देश वैश्विक महामारी से जूझ रहा है, इस वक्त हम सबका कर्तव्य है कि हम संगठित होकर कोरोना को मात दें। श्री सिंह ने साफ-सफाई पर ध्यान देने की बात कही। उन्होनें कहा कि घरों के आस-पास गन्दगी एकत्र मत होने दें। हाथों का नियमित रूप से हैंडवाश व सेनेटाइजर के साफकरते रहें। सबसे महत्वपूर्ण है कि घर से बाहर निकलने पर चेहरे को मास्क अथवा गमछे की सहायता से ढके रहे। मास्क वितरण करने वालों में मुख्य रूप से रवि दीक्षित, अरविन्द श्रीवास्तव, शिवेन्द्र श्रीवास्तव, अनिमेष श्रीवास्तव, प्रभात श्रीवास्तव आदि लोग रहे।

बैंकों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं

देवरिया। देवरिया में कोरोना के खिलाफ जागरूकता बैंकों पर नही दिख रहा लोग सरकारी एडवाजरी को दर किनार कर दिया है। शारीरिक दूरी बनाने के लिए भारत सरकार से लेकर प्रदेश सरकार ने निर्देश दिए है, परन्तु लॉकडाउन 1 व 2 से ही जनपद के बैंको पर पालन हुआ । लेकिन अब जनता व बैक कर्मी भी इस पर कोई विशेष ध्यान नही दे रहे है। जिला प्रशासन ने कई बार बैंको को निर्देश दिया, परन्तु लगता है कि इनके ऊपर किसी के भी आदेश का असर नही है। बुधवार को शहर के अधा दर्जन बैंको पर लोगों की भीड़ देखने को मिला जहां न्यूकोलनी में , अंसारी रोड मालवीया रोड़ पर स्टेशन रोड पर बैंक की शाखा पर बिना किसी शारीरिक दूरी के लोग लाइन में खड़े हुए थे। कही पर भी बैंक के सिक्योरिटी गार्ड नही दिखे जो शारीरिक दूरी का पालन कराये।

बाइक की टक्कर से युवक की मौत

ऊंचाहार। गदागंज थाना के अन्तर्गत मकदूपुर निकट बाइक सवार शाहरूख खान (19 वर्ष) पुत्र मोहम्मद फारूख खान निवासी मकदूमपुर को एक दूसरे बाइक ने टक्कर मारकर फरार हो गया जिसमे युवक को घायलावस्था मे सीएचसी ऊंचाहार लाया गया जहां पर चिकित्सक ने उनको मृतक घोषित कर दिया है। उधर सूचना पर पहुची गदागंज पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजा।

प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर फेल : दिव्यांश

देवरिया। प्रदेश सरकार करोना व अपराध को कन्ट्रोल करने में फेल साबित हो रही है भाजपा सरकार में आए दिन लूट हत्या बलात्कार जैसी घटनाएं घटित हो रही हैं, गरीबों के ऊपर जुल्म व ज्यादती ज्यादा बढ़ता चला जा रहा है। युवा सपा नेता दिव्याश श्रीवास्तव ने कहा कि इस वक्त कोरोना जैसी महामारी से मौत का आंकड़ा भी बढ़ रहा है, वही संख्या ड़ेढ़ लाख के पार हो चुकी है,सड़क पर श्रमिक भूखे प्यासे भटक रहे हैं।

मशरूम उत्पादन को लेकर प्रवासी श्रमिकों का प्रशिक्षण शिविर शुरू

डुमरियागंज (सिद्धार्थ नगर) उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ग्राम विकास सिद्धार्थनगर के तत्वाधान में एवं जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार गठित स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं उनके परिवार में आए प्रवासी श्रमिकों का मशरूम उत्पादन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आरंभ कृषि विज्ञान केंद्र सोहना जनपद सिद्धार्थ नगर में प्रारंभ किया गया ।

प्रशिक्षण में कुल 32 प्रतिभागी एवं उनके परिवार के 13 प्रवासी श्रमिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ एलसी वर्मा ने मशरूम एक व्यवसाय है। उन्होने जोर देते हुए किसानों से मशरूम की खेती कर अपनी आजीविका बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित किया। केंद्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ प्रदीप कुमार फसल सुरक्षा ने मशरूम उत्पादन तकनीक में मशरूम के बारे में विस्तार से मशरूम स्पान कैसे तैयार किया जाता है उस में लगने वाली सामग्री उसके रखरखाव पर चर्चा किया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. डीपी सिंह ने मशरूम में पाए जाने वाले न्यूट्रिएंट्स और उपयोग के बारे में किसानों को बताया। प्रशिक्षण में डॉ एस के मिश्रा नीलम सिंह सूर्य प्रकाश सिंह ने भी मशरूम की खेती कर अपनी जगह जीविका बढ़ाने पर जोर दिया।

रोडवेज बसों में बढ़ने लगी यात्रियों की संख्या

देवरिया । पिछले तीन दिन से रोडवेज की बसे चल रही है प्रथम व द्वितीय दिन तो लोग कम दिखे लेकिन अब लोगों की भीड़ देखी जा रही है, लेनि यह प्रतिशत अभी भी काफी कम है । देवरिया डिपो के एआरएम ओम कुमार मिश्रा ने बताया कि जनता हित में शासन एवं विभाग के निर्णय के अनुसार उन रूटों पर बसों का संचालन किया गया है जहां 60 परसेंट से ज्यादा आमदनी देने वाले रूट है। सुबह से ही बसों में चलने वाली यात्रियों का थर्मल स्क्रीनिंग करते हुए मास्क का प्रयोग करने के लिए कहा गया है तथा यात्रियों के लिए सैनिटाइजर की व्यवस्था की गई है। बसों को भी सैनिटाइज करके यात्रियों को बैठाया जा रहा है। कोई यात्री बसों में खड़े होकर सफर नही करेगा।

कोर्ट का आदेश आने के बाद रुक गई शिक्षक भर्ती की काउंसिलिंग

मऊ। बेसिक शिक्षा विभाग में रिक्त 69 हजार शिक्षकों की गतिमान भर्ती प्रक्रिया के तहत बुधवार को अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग चल ही रही थी कि तभी हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने काउंसिलिंग रोके जाने का आदेश दे दिया। इस निर्णय की भनक लगते ही नियुक्ति-पत्र पाने की उम्मीद में आए शिक्षक भर्ती के सैकड़ों अभ्यर्थी निराश हो गए। आधिकारिक सूचना प्राप्त होते ही बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी त्रिपाठी ने काउंसिलिंग प्रक्रिया रोकने की घोषणा की। शिक्षक भर्ती के तहत जिले में दो दिनों तक काउंसिलिंग की जानी थी। पहले दिन बुधवार को महिला एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों को ही बुलाया गया था। परदहा बीआरसी में सुबह से ही अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। इस दौरान बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद शारीरिक दूरी का पालन बेअसर रहा। बीएसए ओपी त्रिपाठी को हाईकोर्ट के निर्णय की आधिकारिक सूचना प्राप्त हुइ। उन्होंने काउंसिलिंग रोककर इसकी जानकारी अभ्यर्थियों को दे दिया। जिले में लगभग 200 अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग होनी थी। इस दौरान 44 44 अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग के लिए खरीदा फार्म खरीदा था। साथ ही साथ 14 महिला अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग कराया। कोर्ट का आदेश आने के बाद काउसिलंग कराने आए अभ्यर्थियों के चेहरे पर काफी निराशा थी।

चिकित्सक समेत दस लोगों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव

संवाददाता। मऊ

मऊ जिले में लगातार कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसके तहत बुधवार को कुल 34 की रिपोर्ट आई। इसमें मुहम्मदाबाद के चिकित्सक सहित कुल 10 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले। वहीं जिले के चिरैयाकोट के महतवाना मुहल्ले में मां व दो बेटियों समेत एक ही परिवार के तीन सदस्य और एक जमीन अताउल्लाह में कुल चार केस पॉजिटिव मिले। इनके अलावा बड़रावं ब्लाक के करनपुर बड़राईं, मुहम्मदाबाद गोहना के कयामुद्दीनपुर तथा बरसवां टेकई में एक-एक तथा शहर के भटकुआं पट्टी मुहल्ले से दो लोगों की रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव आई है। बुधवार को एक साथ 10 केस आने

के बाद पूरे जनपद में हॉटस्पाट की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। आजमगढ़ में क्वारंटाइन चिरैयाकोट क्षेत्र के सिरसा गांव के युवक के भी जनपद में आ जाने से सभी पाजिटिव मरीजों की संख्या बढ़कर 50 जा पहुंची है। जिसमें एक की कोरोना से मौत हो चुकी है। पॉजिटिव मिले मरीजों को परदहां एल-1 अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। जिलाधिकारी ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने कोरोना पाजीटिव रिपोर्ट आने के बाद सर्तकता को लेकर सख्त निर्देश जारी किया है।

कोरोना का मरीज मिलने पर क्षेत्र में दहशत का माहौल

करनैलगंज (गोंडा)। तहसील क्षेत्र करनैलगंज के ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना की दहशत ने लोगों की जिंदगी थम सी गई है। क्षेत्र के ग्राम बड़ी मनिहारी में एक 29 वर्षीय युवक के कोरोना पॉजिटिव मिलने के बाद गांव में हड़कम्प मच गया है। पूरे गांव में जबरदस्त सन्नाटा छा गया है। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची तथा युवक के बारे में पूरा व्यौरा एकत्र किया। सीएचसी के अधीक्षक डा. सुरेश चंद्रा ने बताया कि युवक 26 मई को दिल्ली से आया था। दो दिन वह अपने गांव में रुका था। हालांकि किसी से मिलने जुलने की जानकारी नहीं हो पाई है। सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य टीम ने उसको गांव से लेकर उसको गोंडा आइसोलेशन में भेजा गया था। 28 मई को उसका सैम्पल लिया गया था। जिसकी मंगलवार को रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

काढ़ा पिएं, करें कोरोना से दो-दो हाथ

आयुष पद्धति से बढ़ायी जा सकती है शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता

संवाददाता। गाजीपुर

भारतीय आयुर्वेदिक चिकित्सा की सबसे पुरानी परंपरा में रोगों से लड़ने के लिए घरों के अंदर ही मौजूद आयुर्वेदिक वस्तुओं के उपयोग के बारे में बताया गया है। मौजूदा समय में कोरोना से बचने के लिए डाक्टर भी तरह.तरह के तरीकों को अपना रहे हैं। आयुर्वेद में भी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उपचार मौजूद हैं। उन्हीं में से एक प्रमुख है आयुष क्लाथ यानि काढ़ा।

कोरोना काल में यह सबसे अधिक फायदेमंद साबित हो रहा हैए बस जरूरी यह है कि इसमें उपयोग किए जाने वाले सामानों की मात्रा सही होनी चाहिए। इसके साथ ही च्यवनप्राश और गोल्डन मिल्क यानी हल्दी युक्त दूध भी कोरोना वायरस समेत तमाम स्वसन तंत्र संबंधित बीमारियों से लड़ने के लिए शरीर को मजबूत बनाने का कार्य करता है जो कि रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के चलते लोगों को घेर लेती है। क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डा. आनन्द विद्यार्थी का कहना है कि रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने के लिए आयुष क्लाथ को चार प्रमुख औषधीय जड़ी-बूटियों तुलसी की पत्ती, दाल-चीनी, सोंठ और कृष्ण मरीच (काली मिर्च) मिलाकर तैयार करना सबसे ज्यादा उपयुक्त है, जो हर घर में मौजूद है बस जरूरत है उसके बारे में सही जानकारी होने की है । डा. आनंद विद्यार्थी ने बताया कि इसको बनाने में तुलसी पत्ती का चार भागए दालचीनी दो भागए सोंठ का दो भाग और काली मिर्च का एक भाग होना सबसे उपयुक्त होता है। काढ़ा बनाने के लिए सबसे पहले सभी सूखी सामग्रियों का दरदरा पाउडर बना लें। इसके बाद 500 मिली लीटर साफ पानी में धीमी आंच पर उबालें।

आधा शेष रह जाने पर छान कर 50 मिलीलीटर की मात्रा चाय की तरह सुबह-शाम सेवन करें। इसमें नींबू व स्वाद के लिए गुड़ मिला सकते है। इसके अलावा सुबह एक चम्मच च्यवनप्राश का सेवन करना भी स्वास्थ्य के लिए अन्यन्त फयदेमंद होता है। मधुमेह रोगियों को शुगर फ्री च्यवनप्राश लिया जा सकता है। गोल्डन मिल्क 250 मिलीलीटर गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी पाउडर मिलाकर पीने से भी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाये रखने में मददगार साबित होता है। इस कोविड-19 के काल में हमें गुनगुना पानी ही पीना चाहिए।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार सहित तीन लोग घायल

शिवगढ़ (रायबरेली) शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बांदा . बहराइच हाईवे पर स्थित कुम्भी ग्राम पंचायत के रायबरेली-बाराबंकी बॉर्डर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिसकी चपेट में आकर दो युवती और एक युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया। घटना अपरान्ह करीब दो बजे की है। जानकारी के मुताबिक शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बांदा-बहराइच हाईवे पर हैदरगढ़ की ओर से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने कुम्भी बार्डर के पास बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दीए जिसमें बैंती गांव के रहने वाले एक ही परिवार के रबी 22ए ज्योति 20एशिवानी 20 सहित तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को किसी तरह समुदायिक स्वास्थ्य शिवगढ़ भेजा गया।

अब गाजीपुर में ही हो सकेगी कोरोना की जांच

संवाददाता। गाजीपुर

कोरोना की जांच आने वाले कुछ दिनों में जिले में ही संभव हो सकेगीए इसके साथ टीबी की भी जांच उसी मशीन के जरिये संभव हो सकेगी। ट्विन माड्यूल नॉट मशीन प्रदेश के 55 जनपदों में भेजे जाने की कवायद शुरू कर दी गयी है। अगले एक या दो दिन में जनपद के जिला अस्पताल मे यह मशीन स्थापित की जाएगी जिससे कोरोना संभावित मरीजों के साथ ही क्षय रोगियों की भी जांच आसानी से हो सकेगी। जिला क्षय रोग अधिकारी व एसीएमओ डा. केके वर्मा ने बताया कि क्षय रोगियों की जांच के लिए चार मशीनें चार ब्लॉकों भदौरा, कासिमाबाद, सैदपुर और जखनिया में स्थापित की जानी थींए लेकिन किन्ही कारणवश यह मशीन अब तक नहीं आ पाई थी। हालांकि अब शासन इस मशीन का नया वर्जन जनपद में भेज रहा है जिसे जिला अस्पताल में स्थापित किया जाएगा तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को इसकी कमान सौंपी जाएगी। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि इस मशीन को जिला अस्पताल में लगाए जाने के बाद कोविड-19 के मरीजों की जांच और उनकी रिपोर्ट आने में समय की काफी बचत होगी और जांच प्रक्रिया में तेजी आएगी।

इस मशीन से कोविड-19 के संभावित मरीजों की जांच जनपद में ही हो सकेगी और जो मरीज पॉजिटिव पाए जाएंगे उसकी रिपोर्ट वेरिफिकेशन के लिए वाराणसी स्थित बीएचयू भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मशीन के संचालन के लिए पांच जून को जिला अस्पताल में तैनात लैब टैकनीशियन का प्रशिक्षण भी कराया जाएगा ताकि इसका संचालन सही तरीके से किया जा सके।

हॉटस्पॉट गांव में बाहरी लोगों का प्रवेश वर्जित

सकलडीहा (चन्दौली)। स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के डेढ़गांव त्रिलोकीपुर गांव में मंगलवार को एक कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने पर बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी एके श्रीवास्तव ने गांव का निरीक्षण कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि गांव को सील कर हॉटस्पॉट घोषित कर बाहरी लोगों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है तथा पूरे गांव को सैनेटाइजेशन एवं साफ-सफाई ग्रामीणों के स्वास्थ परीक्षण के लिए तीन सदस्यीय चिकित्साकिय टीम लगाया गया है। वहीं वॉलेंटियर्स टीम को गांव में सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया है। ग्रामीणों को खाद्य सामग्री के लिए किराना एवं फल, दूध, सब्जी के दुकानों की सूची उपलब्ध कराया गया। करोना पॉजिटिव मरीज 28 मई को मुंबई महाराष्ट्र से आया हुआ था। जिसका सैंपल मंगलवार को पॉजिटिव आया अब तक सकलडीहा विकासखंड क्षेत्र में कुल पांच कोरोना पाँजटीव मरीज पाए गये।

विधवा पेंशन लंबित न रहे

संवाददाता। सिद्धार्थनगर

जिलाधिकारी दीपक मीणा ने विकास कार्यो के प्रगति की समीक्षा बैठक में कहा कि विधवा पेंशन किसी की लम्बित नहीं रहे। इसके अलावा उन्होने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लक्ष्य बढ़ाने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अम्बेडकर सभागार में सम्पन्न बैठक उन्होने सभी विभागों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की गई तथा सम्बन्धित विभागों को प्रगति बढ़ाए जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया। इसके साथ ही साथ सभी अधिकारियों को क्षेत्र में निरीक्षण करते समय निरीक्षण रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि धान के बीज का 90 प्रतिशत वितरण करा दिया गया है जनपद में खाद की कमी नही है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को गौशाला में

अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम दीपक मीणा

वर्नी कम्पोस्ट बनवाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को वृक्षारोपण का लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन योजना अन्तर्गत शौचालय निर्माण की प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष न पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को शौचालय निर्माण की प्रगति बढ़ाये जाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, गौशाला की समीक्षाए पंचायत भवनों के निर्माण की समीक्षाए शौचालय निर्माण की प्रगति एवं भुगतान, किसान सम्मान निधि, ड्रेस वितरणए छात्रवृत्ति योजना आदि की समीक्षा की गयी ।

मामूली विवाद में दो वर्गों में मारपीट, कई घायल

स्थिति संभालने के लिए कई थानों की पुलिस व पीएसी के जवान मौजूद

संवाददाता। चकिया (चन्दौली)

स्थानीय कोतवाली के मोहम्मदाबाद गांव सभा के शेरपुर गांव में दो वर्गों में हुई मारपीट के दौरान कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर कई थानों की पुलिस, पीएसी तथा वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए। इस संबंध में बताया गया कि शेरपुर निवासी दो वर्गों के लड़कों के बीच किसी बात को लेकर बात बढ़ गयी और शाम होते-होते मामला मारपीट में बदल गया। मामला इतना बढ़ गया कि दो तीन गाड़ियों को भी लोग क्षतिग्रस्त कर दिए। सूचना पर पहुंची भारी संख्या में पुलिस के लोगों ने रात में मामले को किसी तरह संभाला। सुबह होते ही एक पक्ष के कुछ लोगों ने चकिया इलिया मार्ग को जाम कर दिया, जिससे एक बार पुन: स्थिति गड़बड़ा गयी। जिसे देख पुलिस के लोगों ने मौके पर पहुंचकर जाम को हटाया और लोगों को तितर-बितर किया। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार एक पक्ष के लोग अपने संबंधित बाहरी लोगों को बुलाकर मारपीट की घटना को अंजाम दिए। जिस पर गुस्साए दूसरे पक्ष के स्थानीय लोगों में गहरा रोष व्याप्त हो गया जिससे पुलिस को मौके पर जाकर स्थिति को सम्भालना पड़ा। हमले में घायल दोनों पक्ष के लोगों का इलाज संयुक्त चिकित्सालय में किया गया। घटना में एक घायल की स्थिति गम्भीर बताई जा रही है। पुलिस ने इस घटना में नामजद आठ लोगों को पकड़ कर मुकदमा पंजीकृत किया है। मौके पर पुलिस व पीएसी के लोग मौजूद है।

सीडीओ ने सांगीपुर ब्लाक का किया औचक निरीक्षण

प्रतापगढ़। सीडीओ डा. अमित पाल शर्मा ने विकास खण्ड सांगीपुर कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रान्ट रजिस्टर का अवलोकन किया तो ग्रान्ट रजिस्टर पार्ट-3 माह फरवरी 2020 तक पूर्ण रहा, ग्रान्ट रजिस्टर पार्ट-1 व 2 में प्रविष्टि पूर्ण नही थी जिसके सम्बन्ध में लेखाकार वीरेन्द्र श्रीवास्तव के अस्थायी वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान एसबीएम, एलओबी प्रथम, द्वितीय एवं एनओएलबी के सम्बन्ध में कोई अभिलेख सहायक विकास अधिकारी पंचायत के पास उपलब्ध नही थे, इसी प्रकार राज्य वित्त आयोग एवं चौदहवें वित्त आयोग के अन्तर्गत व्यय धनराशि से सम्बन्धित अभिलेख एडीओ पंचायत नही उपलब्ध करा सके तथा शौचालय का अफ्रवल अवशेष पाया गया जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सहायक

विकास अधिकारी पंचायत का अस्थायी वेतनवृद्धि रोके जाने के निर्देश दिया। निरीक्षण के समय मनरेगा में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित कराये जाने हेतु एपीओ, कम्प्यूटर आपरेटर एवं लेखा सहायक मनरेगा व ग्राम पंचायत बरूआ, बूबूपुर, पूरेनरायनदास व सांगीपुर के ग्राम रोजगार सेवक को कारण बताओ नोटिस निर्गत की गयी। तकनीकी सहायक रमेश चन्द्र को कम स्टीमेट तैयार करने हेतु प्रतिकूल प्रविष्टि दी गयी। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि सहायक विकास अधिकारी सहकारिता के पास आनलाईन रिपोर्ट रही किन्तु अभिलेख नही उपलब्ध कराये गये जिसके सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी ने उन्हें कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया। स्थापना सम्बन्धी अभिलेखों में कतिपय कमियां पाये जाने पर गुदुन लाल वर्मा स्थापना लिपिक को चेतावनी निर्गत की गयी। विकास खण्ड कार्यालय में खण्ड विकास अधिकारी का नियंत्रण शिथिल पाये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि इस तरह की लापरवाही कदापि न बरती जाये नही तो कार्यवाही की जायेगी।

घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

सिद्धौर कोठी। थाना क्षेत्र के भानमऊ चौराहे पर 2 दिन पहले हुए ट्रैक्टर और बाइक की भिड़ंत पर एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई। मामले में पिता की तहरीर पर क्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।घटना कोठी थाना क्षेत्र के भानमऊ चौराहे की है। पुलिस ने बताया कि 2 दिन पूर्व भानमऊ चौराहे पर क्षेत्र के नया पुरवा मजरे आदमपुर भटपुरा गांव निवासी राजकुमार उम्र लगभग;32द्ध पुत्र जगतपाल चौराहे पर किसी कार्य हेतु बाइक से आया था। इसी दौरान ट्रैक्टर की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से परिजन उसे इलाज करा रहे थे ।बुधवार उसने दम तोड़ दिया।पुलिस ने बताया कि मृतक युवक के पिता जगत राम रावत की तहरीर पर क्षेत्र के अकनपुर गांव निवासी शैलेंद्र वर्मा पुत्र पहलाद वर्मा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें पावर ट्रैक्टर का जिक्र है।

बरतानिया हुकूमत की याद दिलाती है यूपी की सरकार: सिंघल

गौरीगंज, अमेठी। जिला कांग्रेस कमेटी अमेठी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की जनविरोधी व दमनकारी नीतियों से यह साबित होता है कि वर्तमान सरकार बरतानिया हुकूमत से भी बद्तर है। उप्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू की जमानत याचिका सेशन कोर्ट से खारिज कर दी गयी है। हमें न्यायपालिका में पूरा विश्वास और भरोसा है हमारे प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू को इंसाफ मिलेगा। अजय कुमार लल्लू जी की गैरकानूनी गिरफ्तारी के खिलाफ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी महा.अभियान चलाएगी। हम एक.एक गांव और एक एक गरीब मजदूर की झोपड़ी तक अपनी बात लेकर जाएंगे।लाखों जरूरतमंदों तक भोजन और राशन पहुंचाने वाले, हज़ारों मजदूरों को उनके घरों तक लाने वालेए गरीबों.मजदूरों के मददगार अजय कुमार लल्लू जी का आखिर अपराध क्या है यही कि उन्होंने करोना आपातकाल में लाखों.लाख जरूरतमंदों की मदद की प्रवासी मजदूरों को राहत मिले इसलिए बसों का बंदोबस्त किया। गरीब.मजदूर विरोधी योगी आदित्यनाथ की सरकार नहीं चाहती कि श्रमिक बहनों.भाईयों को राहत मिले। इस अवसर पर एमएलसी दीपक सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र मिश्र, डॉ. अरविंद चतुर्वेदी, जिला प्रवक्ता अनिल सिंह भी मौजूद रहे।

क्विक न्यूज

भूमि विवाद में सुलह के माहौल को पुलिस ने मांगा सहयोग

लालगंज, प्रतापगढ़। गांव मे बढ़ते भूमि विवादों पर नियंत्रण पाने के लिए पुलिस ने पंचायत प्रतिनिधियों का सहयोग भी जुटाने की मुहिम शुरू की है। बुधवार को कोतवाली परिसर मे प्रधानों की सोशल डिस्टेंसिंग के तहत भूमि विवाद को रोकने मे मदद को लेकर बैठक के जरिए खाकी ने मंथन किया। कोतवाल ने प्रधानों से कहा कि गांवो मे छोटे छोटे जमीनी विवादो के निस्तारण मे वह सुलह समझौते का माहौल बनाएं। विवाद बढने की स्थिति मे प्रधानों से कोतवाल ने एहतियातन समय से पुलिस को सूचना दिये जाने की भी बात कही है।।

किशोर पर गिरा बारजा, मौत

प्रतापगढ़। थाना बाघराय अंतर्गत ग्राम रामगढ़ बनोही में बारजा गिरने से एक किशोर की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामगढ़ बनोही निवासी कृपाशंकर तिवारी का 16 वर्षीय बेटा प्रिंस मंगलवार रात गर्मी अधिक होने के कारण घर के बाहर बारजे के नीचे चारपाई पर सो रहा था। बुधवार को भोर में अचानक बारजा भरभराकर उसके ऊपर गिरा तो उसकी चीख निकल गई। चीख सुनकर परिजन और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुॅच गये और काफी प्रयास के बाद ग्रामीणों ने मलबा हटाकर उसे बाहर निकाला तो उसकी सांसे थम चुकीं थी। मौत की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया।

सब्जी मण्डी से उड़ाई बाइक, केस

लालगंज, प्रतापगढ़। अज्ञात बदमाश ने नगर की सब्जी मण्डी से पीड़ित की बाइक उडा ली। तेलियानी गांव का रमेश सिंह जायसवाल घुइसरनाथ रोड पर व्यापारिक कारोबारी के तहत रहता है। बीती इक्कीस मई को सुबह साढे नौ बजे रमेश अस्थाई सब्जी मण्डी बाइक से गया था। सब्जी खरीदकर वह लौटा तो उसकी बाइक नदारद मिली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बुधवार को अज्ञात बदमाश के खिलाफबाइक चोरी का केस दर्ज किया है।

जिले में हुए 151 कोरोना पॉजिटिव मरीज

अमेठी। जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में रोजाना इजाफा होता जा रहा है। आज भी 09 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। जिससे जिले में अब तक पाए गए कुल 180 कोरोना पाजिटिव मामले मिले हैं।वर्तमान में 151 एक्टिव केस हैं। और इलाज उपरांत ठीक होकर डिस्जार्ज रोगियों की संख्या 29 है। आज स्थिति यह है कि प्रदेश में सर्वाधिक कोरोना पॉजिटिव मिलने वाले जिलों में अमेठी तीसरे स्थान पर पहुंच गया।

ज्येष्ठ माह के चौथे मंगल पर भंडारे का आयोजन

जगदीशपुर, अमेठी। जेष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल पर पंडित के पी त्रिपाठी स्मारक चिकित्सालय की ओर एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र वासियो व राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। जगदीशपुर विकास खण्ड के रानीगंज स्थिति पूरे लाला में पंडित के पी त्रिपाठी स्मारक चिकित्सालय की महिला चिकित्सक डॉ0 प्रज्ञा बाजपई ने भंडारे के दौरान कहा कि ऐसे आयोजन से जहाँ भेदभाव की खाई समाप्त होती है वही भूखे प्यासे राहगीरों की सहायता करना सबसे पुनीत का कार्य होता है कार्यक्रम की सुरूआत राम भक्त बजरंगबली का ध्यान कर किया गया भंडारे में सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए प्रसाद वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।साथ ही साथ सभी भक्तों को कोरोना महामारी के विषय में विस्तार से बताते हुए जागरूक कर सावधानी बरतने की सलाह दी । इस अवसर पर डॉ0 प्रदीप त्रिपाठी एप्रदीप सिंह थौरी, प्रधान प्रतिनिधि अजय त्रिपाठीए एम पी सिंहएजितेंद्र सिंह सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

असंद्रा थाना में विचित्र बच्चे का हुआ जन्म

सिद्धौर बाराबंकी। विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असन्द्रा पर बुधवार को एक प्रसव पीड़िता ने विचित्र बच्चे को जन्म दिया जन्म के करीब चार घंटे बाद बच्चे की मौत हो गई जबकि मां पूरी तरह से स्वस्थ हैं। सिद्धौर ब्लाक की ग्राम पंचायत गनेशी का पुरवा निवासी रीना पत्नी धर्मेंद्र कुमार को प्रसव पीड़ा के बाद परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असन्द्रा लेकर पहुंचे जहां रीना ने एक बिचित्र बच्चे को जन्म दिया। बच्चे को देखकर लोग आश्चर्य चकित हो गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असन्द्रा में तैनात ए एन एम सरिता ने बताया बच्चे के जन्म के करीब 4 घंटे बाद बच्चे की मौत हो गई जबकि मां पूरी तरह से स्वस्थ है।

शराब बनाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई

रामनगर बाराबंकी। पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर थाना रामनगर अंतर्गत 3 गांव में ताबड़तोड़ छापेमारी कर अवैध देसी कच्ची शराब बनाने व बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मौके पर 10 कुंतल से अधिक लहन नष्ट किया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने बताया कि क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक ओपी मिश्रा आदि के साथ एसएसआई रघुवीर सिंह संजय सिंह रोहित शुक्ला विश्व बंधु सहित दल बल के साथ ग्राम लालू का पुरवा मल्लाहनपुरवा व खुर्दा में धंधे में अबैध देशी कच्ची शराब लगे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। मौके से सभी लोग भाग निकले। वहां पर करीब अर्ध निर्मित 10 कुंतल से अधिक देसी शराब मिली। जिस को नष्ट किया गया । बनाने के उपकरण जप्त किए गए।

गैस सिलेंडर से लगी आग, घर का सामान राख

रामनगर बाराबंकी। गैस सिलेंडर से घर में लगी अचानक आग से घर का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत यह रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। थाना रामनगर के ग्राम महमूदपुर में विक्रम पुत्र नन्हा चौहान के घर में अचानक सिलेंडर में आग लग गई देखते ही देखते घर में रखा सामान जलने लगा। घर के लोग बाहर निकल कर शोरगुल किया । तभी अग्निशमन दल को सूचना दी गई। गांव वालों की मदद से फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।

सैनिटाइजर का छिड़काव

रामसनेहीघाट बाराबंकी। विकासखंड बनी कोडर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मेंडुवा के सभी गांव को सैनिटाइजर का छिड़काव कराया गया गांव के नापदान खड़ंजा एवं गांव के कच्चे रास्ते पर दवा का छिड़काव बहुत ही सुचारू रूप से किया गया जिसमें गांव के लोगों से अनुभव विश्रकर्मा ने अपील करते हुए गाँव के लोगो को प्रधानमंत्री के निंदिश का पालन करने की बात कहते हुए शोशलडिस्टेगं का पालन करने की बात कही हैं ।

करंट से मवेशी की मौत

सिद्धौर, बाराबंकी। विद्युत करंट लगने से एक भैंस की दर्दनाक मौत हो गई। घटना सिद्धौर विकास क्षेत्र के भिटौरा लखन गांव की हैए जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी प्रमोद कुमार रावत की भैंस एक पेड़ के पास बंधी थीएऔर वही पर लगे विद्युत पोल के स्टे में उतरे विद्युत करंट की चपेट में भैंस आ गईए जिससे उसकी मौत हो गई। उक्त जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पवन वर्मा ने बताया घटना के बारे में सिद्धौर पशु चिकित्सा अधिकारी ए व हल्का लेखपालए तथा विद्युत विभाग को सूचना दें आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत करा दिया गया है ।इस घटना से भैस स्वामी को काफी छत पहुंची है। पर गली मत यह रही की स्टे की चपेट में कोई ग्रामीण नहीं आया नहीं जा सकती थी उसकी भी जान।

एसडीएम के निर्देश पर बगैर मास्क चलने वालों से वसूला गया जुर्माना

संवाददाता। तिलोई, अमेठी

तिलोई तहसील के उपजिलाधिकारी सुनील कुमार त्रिवेदी लॉक डाउन का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के प्रति बहुत ही सख्त हो गए हैं। उन्होंने निर्धारित तिथि व तथा मास्क लगाकर न चलने वाले तथा दुकानों पर हैंडवाश एवं सेनीटाइजर न होने पर उनकी दुकानों को सील करने का अभियान शुरू कर दिया है। वहीं बगैर मास्क वह हेलमेट के गाड़ी चलाने वाले लगभग 15 लोगों को मोहनगंज चौराहे पर चालान करने का पुलिस को निर्देशित किया तो 25 लोगो से मास्क न लगा कर चलने का जुर्माना वसूला। जानकारी के मुताबिक एसडीएम सुनील कुमार त्रिवेदी ने आज मोहनगंज थाना क्षेत्र के तिलोईए रस्तामऊ व मोहनगंज का भ्रमण कर लाक डाउन की एडवाइजरी तथा जिलाधिकारी अमेठी अरुण कुमार के निर्देश के मुताबिक लगभग 10 दुकानों को निर्धारित तिथि व दिन तथा समय के बाद भी खुलती पाए जाने पर उन्हें सील करने की कार्यवाई की है। जिससे क्षेत्र में पूरी तरीके से दुकानदारों में हड़कंप मच गया है एसडीएम रुक रुक कर के महिलाओं पुरुषों को मास्क, रुमाल तथा गमछा से मुँह ढक के चलने की हिदायत दी प्रत्येक दुकानों पर जाकर के हैंडवाश, सैनिटाइजर का भी जायजा लिया जिससे दुकानदार पसीना पसीना नजर आए। मोहनगंज चौराहे पर एसडीएम के साथ प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ यादव भी पुलिस टीम के साथ लॉक डाउन का उल्लंघन करने वालों के प्रति गंभीर नजर आये। एसडीएम ने कहा है की वायरस की महामारी के बढ़ते हुए संक्रमण को रोकने के लिए एडवाइजरी का पालन बहुत ही जरूरी है जिसे आम नागरिकों को इसे हर हाल में करना पड़ेगा ।

तंजानिया में पुत्र की मौत स्मृति व सरकार से शव व परिवार लाने की लगाई गुहार

अमेठी। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के संसदीय क्षेत्र अमेठी के रहने वाले एक युवक की दक्षिण अफ्रीका के तंजानिया में मलेरिया बीमारी से मौत हो गई। युवक की मौत के बेटे के शव को वापस लाने के लिए बेबस पिता और परिजनों ने अमेठी सांसद स्मृति ईरानी को पत्र भेजकर पूरे मामले से अवगत कराते हुए बेटे के शव को वापस लाने की अपील की है । फ्लिहाल परिजनों को उम्मीद है कि इस लॉकडाउन के बाद भी स्मृति ईरानी और सरकार परिजनों की अपील को सुनेगी और उनके बेटे का शव जल्दी वापस अमेठी पहुंचेगा।

दक्षिण अफ्रीका के तंजानिया में खेल शिक्षक के रूप में तैनात स्थानीय ब्लॉक के गांव कोरारी गिरधरशाह निवासी युवक की बीमारी से मौत हो गई। मृतक के पिता ने अमेठी से सांसद और केंद्रीय मंत्री को पत्र भेजकर बेटे के शव के साथ बहू व पोते को स्वदेश लाने की गुहार लगाई है।

नाराज कार्ड धारकों ने दुकान के बाहर जमकर का नारेबाजी

त्रिवेदीगंज (बाराबंकी)। घटतौली व ज्यादा पैसा वसूले जाने से नाराज कार्ड धारकों ने दुकान के बाहर जमकर नारेबाजी की द्यपूर्ति निरीछक द्वारा कार्यवाही किये जाने के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुये द्यग्राम छंदरौली निवासी कार्ड धारक राममिलन, कमलेश, प्रेमकुमारी, कैलाश, बीरेन्द्र, संदीप, गुड्डी देबी, अजय कुमार, गयावती, शोभा देबी, दिनेश चन्द्र, अवधराम, सुरजीत, जितेन्द्र आदि का कहना है कि कोटेदार नवल किशोर साहू हरवक्त शराब के नशे में धुत रहता है द्यप्रति यूनिट आधा किलो राशन कम देता है व साढ़े तीन रुपया अधिक लेता है द्यमांगने पर पर्ची भी नहीं देता है। अंगूठा लगवा लेने के बाद राशन नहीं देता है द्यबिरोध करने पर पुलिस बुलाकर दबाव बनाता है।

महीने में सिर्फ तीन दिन ही राशन बांटता है द्ययदि कोई बाद में राशन लेने जाता है तो उसे गालियां देकर भगा देता है द्यग्रामीणों ने मामले की शिकायत पूर्ति निरीछक संजय कुमार से फोन पर करने की बात कही है द्यकार्यवाही के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुये द्य अन्त्योदय कार्ड धारकों को नहीं मिलता है राशन .कोटेदार की मनमानी के चलते यहां अन्त्योदय कार्डधारकों को भी राशन नही मिलता है द्यअन्त्योदय कार्डधारकों चमेली व कलावती का कहना है कि कोटेदार ने 6 महीने से राशन नहीं दिया है द्यशिकायत पर भी कोई सुनवाई नहीं होती है द्यइस सम्बन्ध में पूर्ति निरीछक संजय कुमार का कहना है कि जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

पशुओं को लादकर तस्करी के लिए ले जा रहे चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

रामसनेहीघाट बाराबंकी। डीसीएम में पशुओं को लादकर तस्करी के लिए जा रहे हैं डीसीएम चालक के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली रामसनेहीघाट के हल्का न02 दरोगा रामसरन पांडेय आज अपने सहयोगी हेड कास्टेबल बिष्णु तिवारी के साथ रोडगस्त पर थे तभी बेतरतीब लदे जानवरों को लेजा रही उपरोक्त वाहन पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया कितुं पुलिस ने सर्तकता दिखाते हुए वाहन चालक को हिरासत में लेकर मय वाहन कोतवाली लेजाकर मुकदमा दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि चालक डीसीएम में बेतरतीब तरीके से पशुओं को लादकर ले जा रहा था जो पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत आता है पुलिस ने चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

डीएम ने कोविड एलवन व गेहूं क्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण, लापरवाही पर दी सख्त चेतावनी

लालगंज, प्रतापगढ़। डीएम डा. रूपेश कुमार ने बुधवार को पूर्वान्ह अचानक नगर के कोविड एलवन हास्पिटल तथा खानापटटी के गेंहू क्रय केंद्र का निरीक्षण करने आ धमके। अस्पताल परिसर मे साफ सफाई ठीक न पाए जाने तथा गेहूं क्रय केंद्र पर खरीद मे कमी देख डीएम का पारा चढ़ गया। डीएम ने लापरवाही तथा शिथिलता को अक्षम्य ठहराते हुए मातहतो को डांट फ्टकार भी लगाई। डीएम के अचानक तहसील क्षेत्र मे पहुंचने से प्रशासनिक अमले मे हडकंप मच गया। ट्रामा सेंटर मे बनाए गए कोविड एलवन हास्पिटल मे डीएम ने चिकित्सीय प्रबन्धो का निरीक्षण किया। परिसर मे साफसफाई का प्रबन्ध समुचित न पाकर डीएम ने सीएमओ से नाराजगी जताई। जिलाधिकारी ने कोरोना संक्रमित मरीजो के डिस्चार्ज होने के बाद कोविड एलवन मे सेनिटराइजेशन को

और प्रभावी बनाए जाने को कहा। जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रशासन को विशेष परिस्थितियो मे संक्रमित मरीजो के यहां पहुंचने पर सेनिटराइजेशन प्रक्रिया जारी रहने तक वैकल्पिक प्रबन्ध बनाए रखने के भी कडे निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने संक्रमित मरीजों के लिए संचालित सीएचसी परिसर मे कम्युनिटी रसोई का भी निरीक्षण किया। पैरामेडिकल स्टाफ तथा मरीजो के खान पान मे समुचित सावधानी बरतें जाने की बात कही। इसके बाद डीएम ने परिसर मे निर्माणाधीन पचास बेड के महिला एवं बाल चिकित्सालय की प्रगति का भी जायजा लिया। अस्पताल मे निर्माण कार्य जारी देख डीएम संतुष्ट दिखे। डीएम ने अधीक्षक से रानीगंज कैथौला पीएचसी मे यहां से जुडे मरीजो के इलाज की व्यवस्था के बाबत भी जानकारी ली। इसके बाद डीएम खानापटटी स्थित गेंहू क्रय केंद्र पहुंचे। यहां डीएम ने खरीद होती देख संतोष जताया। गेहूं खरीद के लिए मशीन का भी डीएम ने अपने सामने तौल के जरिये सत्यापन कराया। जिलाधिकारी ने सगरा सुंदरपुर गेहूं क्रय केंद्र का भी निरीक्षण किया।

प्रमोद तिवारी ने राज्यपाल से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की रिहाई की मांग की

लालगंज, प्रतापगढ़। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू की गिरफ्तारी से नाराज कांग्रेस अब प्रदेश भर मे संघर्ष का महाअभियान चलाएगी। अभियान के तहत बुधवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी एवं सूबे की कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के संयुक्त नेतृत्व मे प्रदेश अध्यक्ष की गिरफ्तारी से क्षुब्ध कांग्रेस का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला। कांग्रेस की ओर से राज्यपाल को सौपे गये ज्ञापन मे सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना तथा प्रमोद तिवारी ने कहा है कि राजनैतिक द्वैष के कारण प्रदेश अध्यक्ष पर तथ्यहीन मुकदमा थोप कर हिरासत मे भेजे गये अजय लल्लू के विरूद्ध सरकार ने राजनीतिक शिष्टाचार परम्पराओं एवं मर्यादा के खिलाफआचरण किया है। मोना ने राज्यपाल से कहा कि कोरोना महामारी मे श्रमिको की पीड़ा को देखते हुए प्रियंका गांधी ने एक हजार बसों को देने की प्रदेश सरकार को पेशकश की। इन्हीं बसो को सरकार की अनुमति मिलने के बाद प्रदेश के अधिकारियो को सौपने के लिए विधायक अजय कुमार लल्लू के आगरा राजस्थान सीमा पहुंचने पर उन्हे जानबूझकर गिरफ्तार कर लिया गया। विधानमंडल मे कांग्रेस दल की नेता मोना ने राज्यपाल के समक्ष ज्ञापन के जरिए यह भी दावा पेश किया कि बारम्बार नियमानुसार प्रयास के बावजूद पार्टी विधानमंडल दल की नेता तक होने के बावजूद उन्हें प्रदेश अध्यक्ष से कारागार मे राजनीतिक मुलाकात भी किये जाने से भी वंचित किया जा रहा है। इधर वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने राज्यपाल से कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर तथ्यो से परे धाराएं मुकदमे मे लगाई गई है, इसीलिए आगरा से जमानत मिलते ही लखनऊ से भेजी गई पुलिस द्वारा अजय लल्लू को बलपूर्वक और अमानवीय ढंग से रात मे ही लखनऊ लाकर चुपके से मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। प्रमोद तिवारी ने राज्यपाल से विधायक के कानूनी अधिकार की भी रक्षा न होने पर पार्टी तथा प्रदेशवासियों की ओर से चिंता जताई है।

नामित सभासदों को एसडीएम ने दिलायी पद व गोपनीयता की शपथ

संवाददाता। बाराबंकी

सरकार द्वारा नामित सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह का सिलसिला जारी है इसी क्रम में आज नगर पंचायत बंकी में नामित सभासदों को उपजिलाधिकारी अभय कुमार पांडे ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई एवं उसका अनुसरण करने पर बल दिया स उन्होंने इस अवसर पर कहा कि क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं का निराकरण ही उनकी प्राथमिकता है इसी को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा उन्हें नामित किया गया है इसका विशेष तौर पर ख्याल रखा जाए। उन्होंने क्षेत्र के विकास कराए जाने पर भी बल दिया और कहा कि विकास कार्य ही शासन की पहली प्राथमिकता है समारोह अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि ठाकुर श्याम सिंह सहित समस्त निर्वाचित सभासद भी मौजूद रहे।

कोरोना संक्रमित दस मरीजों की रिपोर्ट आयी निगेटिव, हुए डिस्चार्ज

संवाददाता। लालगंज, प्रतापगढ़

कोरोना संक्रमित दस के दसों मरीजो के मंगलवार की देर रात निगेटिव रिर्पोट मिल जाने से बुधवार को स्थानीय प्रशासन व स्वास्थ्य महकमे ने राहत की सांस ली। सीएचसी अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता ने इन सभी की रिर्पोट एसआरएन द्वारा निगेटिव होने की पुष्टि की है। बुधवार की दोपहर बाद कोविड एलवन हास्पिटल से स्वस्थ पाए गए सभी मरीजो को लंच कराकर अफ्सरो ने घर भेजवाया।

नगर की सीएचसी कैम्पस मे ट्रामा सेंटर कोविड एलवन हास्पिटल मे जिले के विभिन्न अंचलो से कोरोना संक्रमित पाए गए दस मरीजो को यहां भर्ती किया गया था। कमिश्नर आर रमेश कुमार व डीएम डा. रूपेश कुमार ने भी कोविड एलवन अस्पताल पहुंचकर इन मरीजों के इलाज के प्रबन्धो का जायजा लिया था। वही पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा नियमित रूप से संक्रमितो के शुगर

तथा बीपी व बुखार का परीक्षण कर रिर्पोट सीएमओ के जरिए एसआरएन प्रयागराज भेजवायी जा रही थी।

मरीजो के घर जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड एलवन हास्पिटल व चिकित्सीय कक्ष का सेनिटराइजेशन भी कराया गया। वहीं मरीजो के इलाज मे तैनात किये गये पैरामेडिकल स्टाफ के डा. धर्मेन्द्र शुक्ला, डा. अखिलेश पटेल, डा. रामराज, डा. रोहित गौतम, डा. प्रवीण कामेश, डा. अरविंद सरोज व चिकित्सीय स्टाफ को दो दिनो के लिए सीएचसी कॉलोनी के आवास पर होम क्वारंटीन कराया गया है।

गरीबों के हक पर डाल रहा है ग्राम पंचायत रामपुर महासिंह का कोटेदार

रामनगर बाराबंकी। विकासखंड रामनगर के ग्राम पंचायत रामपुर महासिंह के कोटेदार रवि कुमार गरीबों के हक पर डाल रहा है । प्रति कार्ड धारक से 1 से 2 किलो राशन काटकर मनमानी कर रहा है। एतराज करने पर कार्ड धारकों से अभद्र व्यवहार करता है संवाददाता को जब ऐसी जानकारी मिली तो वितरण के समय गांव पहुंचा वहां पर लोगों ने बताया कि यह पहली बार नहीं हो रहा है जब से सस्ते गल्ले की सरकारी दुकान इस कोटेदार को मिली है । यह तभी से हम लोगो को कम खाद्यान कम दे रहा है पूर्ति विभाग की मिलीभगत से कोटेदार खाद्यान्न की कटौती करता है। जब इस कटौती के बारे में कोटेदार से बात की गए तो संवाददाता से लड़ाई झगड़ा पर उतारू हो गया इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक रामनगर प्रभात त्रिपाठी ने बताया कि कोटेदार से बात करके यथास्थिति जानकारी कर रहा हूं। पूर्ति विभाग ही खाद्यान्न की कालाबाजारी करने में लगा है तो जांच रिपोर्ट आख्या कैसी।

डीएम व एसपी ने किया मनरेगा कार्य स्थल व गोशाला का निरीक्षण

बहराइच। कोविड.19 को विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा संयुक्त राष्ट्र द्वारा महामारी घोषित किये जाने के सन्दर्भ में उत्पन्न विषम परिस्थितियों में प्रवासियों, श्रमिकों एवं कामगारों को शासन के निर्देश पर रोज़गार उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारण्टी अधिनियम (मनरेगा) कार्य कराये जा रहे हैं। मंगलवार को शाम डीएम शम्भु कुमार व पुलिस अधीक्षक ने सीडीओ के साथ ब्लाक फखरपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत अचैलिया के भ्रमण के दौरान तालाब खुदाई कार्य स्थल पर पहुॅच कर कराये जा रहे कार्यों का जायज़ा लेने के साथ.साथ कार्य स्थल पर मौजूद श्रमिकों का कुशलक्षेम भी जाना।

तालाब खुदाई कार्य स्थल के निरीक्षण के पूर्व डीएम ने ग्राम अचैलिया में मनरेगा योजना अन्तर्गत विकसित किये गये उद्यान तथा अस्थायी गो आश्रय स्थल का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। गो आश्रय स्थल के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि यहाॅ पर 648 पशु संरक्षित है। जिनके चारे के लिए डीएम की अपील पर प्रधान द्वारा 51 कुण्टल भूसा दान किया गया है। कुमार ने निर्देश दिया कि ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए पशुओं के लिए पानी व लू से बचाव के लिए माकूल बन्दोबस्त किये जायें। डीएम ने ग्राम पंचायत कुण्डासर में मनरेगा योजना अन्तर्गत कराये जा रहे सड़क पटाई कार्य का निरीक्षण किया।

डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्य स्थल पर श्रमिकों के लिए छाया व स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था के साथ.साथ कोविड.19 महामारी के दृष्टिगत सोशल डिस्टेंसिंग तथा अन्य सुरक्षात्मक प्रोटोकाल का पालन करते हुए शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार कार्य कराये जायें। सीडीओ, ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट प्रशिक्षु आईएएस, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त एनआरएलएम, खण्ड विकास अधिकारी फखरपुर तेजवन्त सिंह व कैसरगंज के रवि कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

कोरोना वॉरियर्स की भूमिका निभा रहीं महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य

संवाददाता। बहराइच

कोविड.19 के दृष्टिगत उत्पन्न विषम परिस्थितियों में कोरोना वायरस.19 के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत विकास खण्ड फखरपुर की ग्राम पंचायत अचैलिया में गठित राना प्रेरणा महिला स्वयं सहायता समूह हैण्डवाशए फिनायलए टॉयलेट क्लीनर का निर्माण कर वैश्विक महामारी के विरूद्ध महाभियान में योगदान कर रहा है। इसके अलावा जनपद में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत गठित 85 समूहों की 320 महिला सदस्यों द्वारा 45750 मास्क तैयार किये गये हैं।

मंगलवार को शाम डीएम व पुलिस अधीक्षक ने अन्य अधिकारियों के साथ ग्राम अचैलिया का भ्रमण कर राना प्रेरणा महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों हैण्डवाशए फिनायलए टॉयलेट क्लीनर इत्यादि का निरीक्षण किया। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह की मुखिया मुमुखशा जैन ने बताया कि उनके समूह में 11 महिला सदस्य शामिल हैं। समूह द्वारा हैण्डवाश, फिनायल, टॉयलेट क्लीनर के साथ.साथ सिटिज़न इंफर्मेशन बोर्ड (शिलालेख) का निर्माण भी किया जा रहा है।

समूह की मुखिया द्वारा यह भी बताया गया कि स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों की आपूर्ति क्षेत्रीय ऑगनबाड़ी केन्द्रों व पंचायत भवनों को की जाती है। जिससे प्रत्येक सदस्य को लगभग तीन.चार हज़ार रूपये प्रति माह की अतिरिक्त आय हो जाती है। मुखिया ने यह भी बताया कि समूह द्वारा निर्मित उत्पादों के लिए आईएसएणओण् प्रमाण.पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि 02 वर्ष पूर्व प्रारम्भ किये गये स्वयं सहायता समूह में सम्मिलित सभी महिला सदस्यों को अतिरिक्त आय हो जाने से उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार भी हुआ है।

जिलाधिकारी श्री कुमार ने स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित किये जा रहे उत्पादों की गुणवत्ताए पैकिंग इत्यादि का जायज़ा लेते हुए समूह के सदस्यों की हौसला अफज़ाई करते हुए विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि समूह के सदस्यों को हर संभव सहयोग प्रदान करें। सम्बन्धित अधिकारी इस बात का प्रयास करें कि समूह के उत्पादों की बिक्री का दायरा मात्र ऑगनबाड़ी व पंचायत भवन तक सीमित न रहे बल्कि प्राईवेट सेक्टर में भी उत्पाद अपनी पहचान बनाये। समूह की मुखिया ने डीएमए एसपीए सीडीओ व अन्य अधिकारियों को समूह द्वारा निर्मित उत्पादों का पैकेट भी भेंट किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द चैहान, ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट प्रशिक्षु आईएएस सूरज पटेलए परियोजना निदेशक डीआरडीए अनिल कुमार सिंह, उपायुक्त एनआरएलएम सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, खण्ड विकास अधिकारी फखरपुर तेजवन्त सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।